दैनिक अयोध्या टाइम्स

समस्या आपकी-आवाज हमारी

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष 7, अंक 139 पृष्ठ : 08, मूल्य : रु. 2.00, **मंगलवार 20 जुलाई 2021** (डाक पंजीयन संख्या: 272/2021-23)

प्रसारित : दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, एटा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, बरेली, पीलीभीत, बस्ती, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अम्बेडकर नगर, अमेठी, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, जालौन, ललितपुर, गाजियाबाद, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, मिर्जापुर। अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड।

महत्वपूर्ण खबरें

सिद्धू ने संभाली पंजाब कांग्रेस की कमान, भाजपा ने याद दिलाए पुराने वादे

पंजाब। क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस प्रमुख का कमान संभाल चुके हैं। अमरिंदर सिंह की नाराजगी के बावजूद भी आलाकमान की ओर से

उन्हें पंजाब कांग्रेस का प्रमुख बनाया गया। सिद्धू के साथ–साथ चार कार्यकारी अध्यक्ष के बनाए गए हैं। इन सबके बीच भाजपा ने सिद्धू की नियुक्ति को लेकर पहले प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद का कमान संभालते ही सिद्धू को उनके पुराने वादे याद दिलाए हैं। आरपी सिंह ने ट्वीट कर उम्मीद जताई कि पंजाब में कांग्रेस की कमान संभालने वाले सिद्धू अपने पुराने वादों को नहीं भुलेंगे। उन्होंने पंजाब कांग्रेस प्रमुख से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सरकार केबल, परिवहन और ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने सिद्धू को 2015 की बेअदबी मामले में भी न्याय दिलाने की मांग की।

बेटा मोदी सरकार में मंत्री, माता-पिता खेतों में करते हैं मजदूरी, ऐसा है उनका सादगी भरा जीवन

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिमंडल में दो सप्ताह पहले फेरबदल और विस्तार किया। इस दौरान 43 नए मंत्रियों ने शपथ ली। इसमें एक ऐसा नाम भी शामिल है जिनके माता–पिता आज भी सादिगी भरा जीवन व्यतीत कर रहे हैं और उन्होंने अपना कामकाज नहीं छोड़ा। देश में जहां एक तरह किसानों का मुद्दा गूंज रहा है वहीं दूसरी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री के माता–पिता खेतों में मेहनत कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष रहे एल मुरुगन की, जिन्हें मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली और उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया। इन दिनों 44 साल के एल मुरुगन अपने माता–पिता की सादगी की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। उनके माता–पिता को बेटे पर गर्व तो है लेकिन वो अपनी खुद को जिन्दगी सादगी के साथ जीने में यकीन करते हैं और वो जी भी रहे हैं।

किसानों ने किया संसद भवन के बाहर प्रदर्शन का ऐलान, दिल्ली पुलिस ने नहीं दी गयी इजाजत

नयी दिल्ली। कृषि कानून के विरोध में गाजीपुर बॉर्डर पर बैठे किसानों ने संसद भवन के बाहर मार्च का ऐलान किया है. किसानों ने कहा कि वे इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करेंगे. इसको लेकर किसानों ने अपनी पूरी तैयारी का खाका दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है. दिल्ली पुलिस भी लगातार किसानों को समझाने की कोशिश कर रही है, लेकिन किसान दिल्ली पुलिस की कोई भी बात मानने को तैयार नहीं है. वहीं विपक्ष भी किसी कानून को लेकर सदन में चर्चा की मांग कर रहा है. बता दें कि कृषि कानून के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करीब 40 किसानों के दल विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. हर दल से 5 किसान संसद मार्च के लिए जाएंगे, यानी कुल 200 किसान प्रतिदिन संसद मार्च में शामिल होंगे. भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने संसद मार्च में शामिल होने वाले प्रत्येक किसान का पूरा खाका तैयार किया है. हर किसान का आधार कार्ड से लेकर उनके सभी पहचान पत्र लिए गए हैं, ताकि जो भी किसान संसद मार्च के लिए जा रहे हैं उनकी पहचान की जा सके।

लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, सदन की कार्यवाही को करना पड़ा स्थगित

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/वरिष्ठ संवाददाता) नयी दिल्ली। केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सोमवार को उच्च सदन की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी सांसदों के हंगामे के चलते लोकसभा दोपहर 3.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई जबकि राज्यसभा आज दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित हो गई है। इससे पूर्व उच्च सदन की कार्यवाही को दिवंगत वर्तमान सदस्यों रघुनाथ महापात्र एवं राजीव सातव के सम्मान में एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया था।

एक बार के स्थगन के बाद जब पूर्वाह्न 12.24 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो सभापति एम वेंकैया नायडू ने मानसून सत्र के पहले दिन सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के चलते पिछले डेढ़ साल से देश की जनता अनिश्चितता के माहौल में जी रही है और किसी को भी यह नहीं पता कि यह कब तक चलेगा। उन्होंने

कहा कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर से मिली सीख और अनुभवों को लेकर तीसरी लहर की चुनौतियों का सामना करना जरूरी है। उपराष्ट्रपति के संबोधन के दौरान ही कुछ विपक्षी सदस्यों ने उनकी किसी बात पर आपत्ति करते हुए हंगामा आरंभ कर दिया लेकिन नायडू ने उन्हें शांत कराते हुए कि सदन की शुरुआत में सभापति का वक्तव्य एक परंपरा रही है। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में प्रवेश किया। सत्ताधारी दल के सदस्यों ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। हंगामे के बीच ही सभापति ने प्रधानमंत्री को अपनी मंत्रिपरिषद के नये सदस्यों का परिचय कराने को कहा। इसी बीच विपक्षी दलों के सदस्य आसन के निकट पहुंच गए और जोर से नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों को तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ नारेबाजी करते सुना गया। हंगामे के कारण प्रधानमंत्री अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय नहीं करा सके और उन्होंने नये मंत्रियों की सूची को सदन के पटल पर रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं ओबीसी, आदिवासी और दलित सांसद नये मंत्री बने हैं।

उन्होंने सवाल किया कि यह कौन सी मानसिकता है जिसमें महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, किसानों के बेटों के गौरव का सम्मान नहीं होने दिया जा रहा है। उन्होंने इसे "दलित–आदिवासी और महिला विरोधी मानसिकता" करार दिया। सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्ष के इस आचरण की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने सदन में पहले कभी ऐसा दृश्य नहीं देखा कि नये मंत्रियों का परिचय सदन से नहीं करवाया जा सका। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री के समय से चल रही इस परंपरा में बाधा पहुंचाना बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह व्यवहार देश के लोकतंत्र को "हानि" पहुंचायेगा। इसके बाद नायडू ने हंगामे के बीच ही आवश्यक दस्तावेजों को सदन के पटल पर रखवाया। उन्होंने सदस्यों से अपनी सीट पर वापस लौटने का आग्रह किया लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। हंगामा जारी देख सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले, राज्यसभा की कार्यवाही मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को दिवंगत वर्तमान सदस्यों रघुनाथ महापात्र एवं राजीव सातव के सम्मान में एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गयी।

राज्य मंत्री बनाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुख्य सचिव और सीएम के प्रमुख सचिव से बताते थे नजदीकियां

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/वरिष्ठ संवाददाता) लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में राज्यमंत्री और विभिन्न बोर्ड में सदस्य बनवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में आरोपी श्याम नारायण तिवारी और उनकी पत्नी, बेटे व बहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. पीड़ित का कहना है कि श्याम नारायण तिवारी और उनके परिवार के सदस्यों ने कई लोगों को राज्यमंत्री बनाने का झांसा देकर रुपए ऐठे हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पीड़ित कैसरबाग निवासी हरि बाबू चौहान ने बताया कि गोमतीनगर के नेहरू एनक्लेव में रहने वाले श्याम नारायण तिवारी ने उन्हें बाल विकास एवं पुष्टाहार का दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनवाने का झांसा दिया था. बकौल हरि बाबू चौहान उनके परिचित संजीव कुमार के जरिए श्याम नारायण तिवारी से मुलाकात हुई थी. श्याम नारायण तिवारी की पत्नी शशि तिवारी, बेटा मनीष, पीयूष और बहू ने उन्हें सरकार में मजबूत पकड़ होने की बात कही. श्याम नारायण ने कहा कि मुख्य सचिव से लेकर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव तक उनके करीबी हैं और अक्सर घर आते–जाते हैं. हरि बाबू चौहान को उन्होंने सरकार में अच्छा पद दिलाने का झांसा दिया. ठग श्याम नारायण तिवारी का कहना था कि वह उन्हें अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड में सदस्य बनवा सकता है लेकिन इसके लिए 50 लाख रुपये का खर्च आएगा. हरि बाबू चौहान उसके झांसे में आ गए और 50 लाख रुपया देने को तैयार हो गए. अक्टूबर 2019 में श्याम नारायण तिवारी ने हरि बाबू चौहान को मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव की मुहर लगा एक पत्र दिया जिसमें उन्हें अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड का सदस्य बनाए जाने की बात लिखी थी।

हालांकि, जब बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी हुई तो उनका नाम नहीं था. हरि बाबू चौहान ने विरोध किया तो श्याम नारायण ने उन्हें बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाने की पेशकश रखी. उसने मुख्य सचिव की मुहर लगा एक पत्र हरि बाबू को दिया. हालांकि हरि बाबू को राज्य मंत्री का पदभार भी नहीं मिला. उन्होंने शक होने पर पत्र की जांच कराई तो पता चला वह फर्जी था. मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के नकली हस्ताक्षर और मोहर लगाकर पत्र तैयार किया गया था. श्याम नारायण तिवारी की पोल खुलने पर हरि बाबू चौहान भड़क गए और उन्होंने अपना रुपया वापस मांगा. इस पर श्याम नारायण तिवारी और उनके परिवारी के लोगों ने रुपए लौटाने से साफ इंकार कर दिया और शिकायत करने पर धमकी भी दी. पीड़ित हरि बाबू चौहान का कहना है कि श्याम नारायण तिवारी और उनके परिवार के लोग इसी तरह से धोखाधड़ी करके रुपया ऐंठते हैं।

उत्तर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण कानूनए सियासत या जरूरत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण नीति के ऐलान के साथ ही पूरे देश में बवाल मचा हुआ है. किसी को सियासत प्रभावित होने का डर है तो किसी को सामाजिक समीकरण बिगड़ने का डर है और कुछ ऐसे भी हैं जो इस फैसले को प्रकृति के खिलाफ बगावत के तौर पर देख रहे हैं. भले ही ये आम धारणा है कि बढ़ती हुई आबादी और घटते हुए संसाधनों की समस्या के बीच यूपी सरकार की इस पहल पर विपक्ष के सवाल अपनी जगह हैं, लेकिन बीजेपी संगठन और राज्य सरकार में इस कानून को लेकर असहजता है. राज की बात ये है कि इस कानून को लागू करने में विपक्ष नहीं बल्कि अपनों की वजह से दुश्वारियां आना तय हैं. कानून को लेकर मुद्दों की और सवालों की कमी भी नहीं है. जितने लोग इस जनसंख्या नीति के समर्थन में हैं उससे कहीं ज्यादा विरोध में हैं और विरोध भी खांटी राजनीतिक वर्चस्व या भागीदार को लेकर. ऐसा नहीं है कि पहली बार ये कानून किसी राज्य में लागू हो रह है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो दो बच्चों से ज्यादा होने पर स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ने पर रोक है ही. मगर उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है और यहां जब कोई फैसला लिया जाता है तो उस पर सियासत भी बड़ी होती है तो.. राज की बात ये है कि यूपी में योगी सरकार के फैसले से पार्टी के बाहर से लेकर भीतर तक उहापोह की स्थिति बन गई है. भविष्य में बनने वाले हालतों का भय बहुतों को परेशान कर रहा है. खासतौर से उन्हें ज्यादा जिनके जीवन की लीक राजनीति से जुड़ी हुई है. राज की बात ये है कि उत्तर प्रदेश के 30 से ज्यादा जनप्रतिनिधियों, जिनमें विधायक और मंत्री भी हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है और जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंताओं को साझा किया है. दरअसल, अगर स्थानीय निकायों में धार्मिक और जातीय आधार पर गणित देखें तो 13 फीसद मुस्लिम और 12 फीसद सवर्ण प्रतिनिधि हैं।

बारात से लौट रही इनोवा पेड़ से टकराईए दुल्हे समेत 4 की दर्दनाक मौत, परिवार में कोहराम

कासगंज में दुखद सड़क हादसा हुआ. यहां बारात से लौट रही इनोवा के पेड़ से टकरा जाने और उसमे दूल्हे सहित 4 परिजनों की दर्दनाक मौत हो गई. इस हादसे का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने खुद संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए और शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की. सभी मृतकों के परिजनों को 2/2 लाख रुपये और घायलों को इलाज के लिए 50/50 हजार रुपये देने की घोषणा की है. साथ ही कासगंज के जिलाधिकारी सीपी सिंह और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सोनकर को घायलों का बेहतर इलाज करवाने और सभी कार्यवाही सम्मानजनक तरीके से पूर्ण करवाकर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के निर्देश दिए हैं. रविवार शाम कासगंज जनपद के सिढ़पुरा थाना क्षेत्र में बाजीतपुर गांव के पास गंजडुंडवारा सिढ़पुरा रोड पर बारात से दुल्हन को विदा करवाकर लौट रही इनोवा कार सड़क के किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई थी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए थे और कार सवार उसमे बुरी तरह से फंस गए थे. कार में कुल 7 वयस्क और 3 बच्चे सवार थे. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दूल्हा विजेंद्र शाक्य, दूल्हे के पिता होरीलाल शाक्य, बहनोई प्रवीन शाक्य और उनका परिजन कार के ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई।

बकरीद पर योगी सरकार ने जारी किया दिशा-निर्देश, एक साथ 50 लोगों के इकठ्ठा होने पर लगाई रोक

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/वरिष्ठ संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बकरीद के मद्देनजर अधिकारियों को बड़ा निर्देश दिया है। सीएम योगी ने कहा है कि बकरीद पर 50 से ज्यादा लोग एक जगह पर न जुटें। सीएम योगी ने दिशा–निर्देश जारी करते हुए कहा कि गोवंश, ऊंट और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न हो। कुर्बानी तय या निजी स्थलों पर ही की जाए। बकरीद के मौके पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। बकरीद के लिए नए दिशा निर्देश यूपी सरकार की तरफ से जारी किए गए हैं। इस दिशा निर्देश में कोरोना का खास ख्याल रखा गया है। साथ ही सारे कोरोना नियम को पालन करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि बकरीद का पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम द्वारा अल्लाह के प्रति अगाध प्रेम और त्याग की भावना को याद करते हुए मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार 21 जुलाई को मनाया जाएगा। बता दें कि यूपी के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कोरोना संक्रमण के कारण बकरीद की नमाज मोहल्ले की मस्जिदों में ही अदा करने की अपील की है। इसके अलावा लगातार दूसरे साल बकरीद पर ऊंटों की कुर्बानी नहीं की जाएगी, सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भाजपा का फैसला, राज्यसभा में सदन के उपनेता होंगे मुख्तार अब्बास नकवी

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/वरिष्ठ संवाददाता) नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भाजपा ने बड़ा फैसला करते हुए राज्यसभा में मुख्तार अब्बास नकवी को सदन का उपनेता बनाया है। पीयूष गोयल के नेता सदन बनने के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को यह जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले पीयूष गोयल राज्यसभा में सदन के उप नेता थे। थावरचंद गहलोत राज्यसभा में सदन के नेता थे। लेकिन गहलोत के राज्यपाल बनने के बाद पीयूष गोयल को सदन का नेता बनाया गया है। संसद का मानसून सत्र शुरू हुआ। दोनों सदनों में जमकर हंगामा हो रहा है। राज्यसभा की कार्यवाही 3रू00 बजे तक स्थगित की गई है। विपक्ष लगातार सरकार से महंगाई, कोरोना प्रबंधन, वैक्सीनेशन को लेकर सवाल कर रहा है। इसके अलावा आज फोन टैपिंग का भी मामला सामने आया है। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने नए मंत्रियों का परिचय करवाने के लिए पहुंचे थे। लेकिन विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

बीजेपी और आरएसएस को सता रहा है यूपी विधानसभा चुनाव में हार का डर : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में पराजय से आशंकित सत्तारूढ़ बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने श्साजिशी रणनीतिश बनाने के लिये हाल में चित्रकूट समेत कई जिलों में बैठकें की थीं. उन्होंने कहा कि जनता के सत्तारुढ़ बीजेपी सरकार के प्रति गहराते असंतोष से पार्टी शीर्ष नेतृत्व भलीभांति परिचित हो गया है. अखिलेश ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में उसके हाथ से सत्ता फिसलता देख हताश–निराश बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक माह में चित्रकूट, वृंदावन और लखनऊ में बैठकें हुई हैं. इन

बैठकों का एजेण्डा साजिशी रणनीति बनाना है ताकि किसानों और करोड़ों बेरोजगार नौजवानों से किए गए वादों को किसी तरह भुलाया जा सके और लोगों को बहकाने के लिए नये–नये तरीके ढूंढे जाएं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास अपनी उपलब्धि के नाम पर गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है और बीजेपी का मातृ संगठन यानी संघ इन हालात से चिंतित है और लगातार चिंतन–मनन में जुटा है।

पहले रद्द हुई परीक्षा, अब रोल नंबर के लिए परेशान हैं यूपी बोर्ड के 56 लाख स्टूडेंट्स

लखनऊ। यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं क्लास के नतीजे 25 जुलाई के करीब घोषित किये जाने की उम्मीद है. 56 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी होने में अब सिर्फ हफ्ते भर का ही वक्त बचा है, लेकिन ज्यादातर छात्रों को अभी तक अपना रोल नंबर तक पता नहीं चल सका है. यूपी बोर्ड की वेबसाइट में आ रही दिक्कतों के चलते रोल नंबरों की लिस्ट अब स्कूलों को भी भेजे जाने का फैसला लिया गया है. जो स्टूडेंट बोर्ड की वेबसाइट से अपना रोल नंबर नहीं ढूंढ पा रहे हैं, वह अपने स्कूल से इस बारे में जानकारी ले सकते हैं. हालांकि ऑफिसियल वेबसाइट पर रोल नंबर ठीक तरीके से मुहैया न करा पाने की वजह से यूपी बोर्ड की जमकर किरकिरी भी हो रही है. सवाल यह उठ रहे हैं कि जब रोल नंबर मुहैया कराने में बोर्ड की ऑफिसियल वेबसाइट दगा दे जा रही है तो हफ्ते भर बाद रिजल्ट जारी होने पर 56 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स अपनी मार्कशीट इस पर कैसे देख पाएंगे।

जिलाधिकारी ने वैक्सीनशन, गोल्डन कार्ड की समीक्षा, दिये निर्देश

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/ वरिष्ठ संवाददाता) कानपुर देहात। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कोविड–19, गोल्डन कार्ड, वैक्सीनेशन आदि के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। इस बैठक में डा0 जतारया द्वारा बताया गया कि आज जनपद में 9800 वैक्सीन उपलब्ध है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वैक्सीन की सम्पूर्ण डोज आज नागरिकों को पूरी तरीके से लग जाये। वहीं डा0 जतारया द्वारा बताया गया कि 18 से 44 वर्ष के कुल 82440 नागरिकों प्रथम डोज अभी तक दिया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि ऑक्सीजन प्लान्ट लगाये जाने का कार्य जनपद में तेजी से किया जा रहा है इसे शीघ्र ही पूरा किया जायेगा। वहीं जिलाधिकारी को गोल्डन कार्ड बाने जाने की जानकारी देते हुए डा0 सुखलाल ने बताया कि जनपद में कल 101 गोल्डन कार्ड बनाये गये है तथा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इसमें बीएलई किसी प्रकार का कोई सहयोग नही कर रहे है, जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी बीएलई इसमें लापरवाही कर रहे, या उचित सहयोग नही दे रहे है उन्हें कड़ा से कड़ा दण्ड दिया जायेगा। आज यह भी बताया गयाकि जनपद में कुल 6 एक्टिव केस है, पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवकी नन्दन लावनिया ने बताया कि जनपद में कुल 99.4 प्रतिशत गौवंशों की ईयर टैगिंग हो चुकी है। वहीं जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा चलाये जा रही पशु सहभागिता योजना के तहत जो लक्ष्य दिया है उसे पूर्ण करे, कुल मिलाकर इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य यही था कि जनपद के लोगों को कोरोना के दुष्प्रभावों से बचाया जाये, सुरक्षित किया जाये, इनके भरण पोषण की समुचित व्यवस्था किया जाये, जिससे जनपद के नागरिक, सुखी और खुशहाल बने। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब हाल, सीएमओ डा0 एके सिंह, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण व चिकित्सक उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास कार्यो की समीक्षा, दिये निर्देश

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/ वरिष्ठ संवाददाता) कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजन किया गया। इस बैठक में मनरेगा के कार्यो, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सामुदायिक शौचालय आदि कार्यो की समीक्षा की गयी। इस बैठक में मनरेगा के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास खण्ड में मनरेगा के कार्यो में प्रगति लाये जहां कही भी कमियां है उसे दूर करें। वहीं सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मजदूरों को 100 दिन के कार्यो को मनरेगा के तहत कार्य दिया जाये तथा जहां इसमें लापरवाही की जा रही है उसमें सुधार लाये। वहीं उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लाक के अन्तर्गत दो आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल बनाये जाने तथा सार्वजनिक स्थानों में बाउड्रीबाल, प्रत्येक बड़ी ग्राम पंचायत में एक गांव बाजार के लिए स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करे जिससे कि कार्य कराया जा सके। वहीं उन्होंने कहा कि जहां समूहों का गठन नही हुआ है वहां प्रत्येक दशा में समूह का गठन करा ले, वहीं डीसी ने बताया कि शौचालय 588 बनने थे जिसमें 577 शौचालय बनाये जा चुके है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां अभी शौचालय नही बने है उसे शीघ्र बनवा ले।

वहीं जियो टैगिंग की समीक्षा करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य जियो टैगिंग में पीछे है उसे शीघ्र पूरा करें, तथा अभी वृक्षारोपण का कार्य किया गया है उसमें भी जीओ टैगिंग कर कैप्चर एप में अपलोड करना है इसमें प्रत्येक दशा में सभी सम्बन्धित अधिकारी जियो टैगिंग करा लें। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थी को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना उपलब्ध कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य जनपद में विकास के चल रहे उसमें प्रगति लाये तथा जो कार्य आधे अधूरे पड़े है उसे शीघ्र पूरा किया जाये। बैठक में मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पीडी दिनेश यादव, डीसी मनरेगा हरीशचन्द्र, सभी खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

खराब वेंटिलेटर के कारण बच्चे की मौत के विरोध में राज्यपाल महोदय को ज्ञापन

- खराब वेंटिलेटरों को बदलने की माँग

दैनिक अयोध्या टाइम्स वरिष्ठ सवांददाता अजय तिवारी कानपुर। शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर दक्षिण के अध्यक्ष डा. शैलेन्द्र दीक्षित ने उत्तर प्रदेश की खराब चिकित्सकीय सुविधाओं की तरफ ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से आज एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय को भेजा है, ज्ञापन में डा. शैलेन्द्र दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री केयर फण्ड से कानपुर में सप्लाई हुए खराब वेंटिलेटर पर इलाज के दौरान हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग के पी आई सी यू में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार आत्म मुग्ध होकर कोरोना से बचाव के प्रबंधन के लिए एक दूसरे की पीठ ठोंक रही हैं। डा. दीक्षित ने कहा कि यदि समय रहते ऐसे चिकित्सकीय कुप्रबंधन को सही ना किया गया और पूरे देश में प्रधानमंत्री केयर फण्ड से खरीदे गए खाराब चिकित्सकीय उपकरणों को जल्द से जल्द न बदला गया तो प्रदेश ही नहीं पूरे देश में कोरोना की तीसरी लहर के दौरान मौत का ताण्डव होगा और सरकारें सिर्फ घड़ियाली आँसू बहाएंगी।डा. दीक्षित ने मांग की कि प्रधानमंत्री केयर फण्ड से आपूर्ति हुए ऐसे खराब उपकरणों की जाँच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन भेजने वालों में प्रमुख रूप से सुशील द्विवेदी, विनोद सिंह, डा.आर के जगत, अमित मिश्रा, विवेक सिंह, बिन्नू रावत, सौरभ पाल, महेन्द्र बाजपेई, बृजेश

गुप्ता, हर्षित सिंह, मारुत शर्मा, भूपेन्द्र भदौरिया, मोनू शर्मा आदि लोग शामिल थे।

प्रमुख एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक

कानपुर नगर। श्री आलोक तिवारी, जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में जनपद में त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन–2021 के उपरान्त क्षेत्र पंचायतों का संघटन, नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत, प्रमुख एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक बुलाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश/ आदेश निर्गत किये गये हैं। तत्कम में उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम–1961 की धारा–6 के अधीन जनपद के नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायतों को संघटित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुख एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (अध्यक्ष या प्रमुख आदि के पद की शपथ) नियमावली 1994 के अनुसार 'दिनांक 20 जुलाई 2021 को पूर्वान्ह 1100 बजे एवं अपरान्ह 200 बजे (विकास खण्डों में सुविधानुसार 02 पालियों में) कराये जाने एवं उसी दिवस क्षेत्र, पंचायत की प्रथम बैठक' आहुत किये जाने की कार्यवाही किये जाने के क्रम में सन्दर्भित अधिनियम एवं शासनादेश में दी गई व्यवस्थानुसार दिये गये निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिचित किये जाने के उद्देश्य से निम्नांकित परगना अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को उनके विकास खण्ड के सम्मुख अंकित विकास खण्ड का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। उन्होंने बताया है कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जिसमें परगनाधिकारी सदर को कल्याणपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी को बिधनू, परगनाधिकारी नर्वल को सरसौल, परगनाधिकारी घाटमपुर को घाटमपुर, जिला विकास अधिकारी को पतारा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को भीतरगांव, परगनाधिकारी बिल्हौर को बिल्हौर, सहायक निबन्धक, सहकारी समितियां को ककवन, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को शिवराजपुर तथा जिला उद्यान अधिकारी को चौबेपुर विकास खण्ड का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उन्होंने सम्बन्धित उपरोक्त अधिकारियों को उक्त सन्दर्भित शासनादेश में उल्लिखित निर्देशों का सम्यक रूप से अध्ययन कर लें। नामित नोडल अधिकारीगण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए शासनादेश में उल्लिखित निर्देशों का समयबद्ध ढंग से अनुपालन कराये जाने हेतु उत्तरदायी बनाये गये है।'

उन्होंने बताया है कि नवनिर्वाचित प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत, सदस्यों को दिनांक 20 जुलाई, 2021 को शपथ ग्रहण एवं क्षेत्र पंचायत, की प्रथम बैठक उसी दिवस उक्त आदेशों के अनुरूप सम्पन्न करायी जायेगी। निर्गत अधिसूचना के अनुसार नवनिर्वाचित प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत, सदस्यों व अन्य नामित जनप्रतिनिधिगणों को ससमय शपथ ग्रहण के सम्बन्ध में सूचित किये जाने एवं समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी का होगा।' कार्यक्रम में समय–समय पर निर्गत कोविड प्रोटोकाल सम्बन्धी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने का उत्तरदायित्व नामित नोडल अधिकारीगण एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी का होगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक, दिये निर्देश

कानपुर देहात। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी, इस बैठक में तम्बाकू और उसके दुष्प्रभावों को जिला सलाहकार निधि बाजपेई ने विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तम्बाकू उत्पाद का किसी भी रूप में प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, भारत में प्रतिवर्ष अनुमानित 7 से 9 लाख लोग तम्बाकू जनित रोगों से मर जाते है, यह रोग सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, चिलम पाइप, पान मसाला के प्रयोग से पनपते है, उन्होंने कहा कि हमें मिलकर जनपद को तम्बाकू मुक्त करना है, इसके लिए सात सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया गया है, इस कमेटी में जिलाधिकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदस्य, मुख्य चिकित्सक अधिकारी संयोजक सदस्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, सदस्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सदस्य, मुख्य खाद्य निरीक्षक सदस्य है। उन्होंने तम्बाकू निषेध नियंत्रण अधिनियम की धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धारायें तम्बाकू पर सम्पूर्ण नियंत्रण की बात करती है, जैसे धारा 4– सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान निषेध की बात करती है, जिसके अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर जहां सामान्य जनता का आना जाना है वहां पर पूरी तरीके से तम्बाकू निषेध को लागू किया गया है, इसमें यह भी बताया गया कि सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान निषेध का उल्लंघन करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना किया जायेगा, इसी तरह धारा 5– सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिषेध लगाता है, अर्थात फिल्म एवं टीवी जैसे माध्यमों पर तम्बाकू पदार्थो का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नही किया जायेगा, विज्ञापन करने पर पहले अपराध पर दो वर्ष की सजा, या एक हजार तक का जुर्माना, या दोनो हो सकते है, दोबारा या उसके बाद अपराध करने पर पांच वर्ष तक की सजा, या पांच हजार तक का जुर्माना हो सकता है, इसी तरह धारा 6– 18 वर्ष के कम आयु के अवयस्क व्यक्ति को तथा विशिष्ट क्षेत्र में सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू के विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाता है, इसी तरह धारा 7– सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पादों के व्यापार और वाणिज्य तथा उनके उत्पादन और वितरण पर नियंत्रण लगाता है। जिलाधिकारी ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज के जिम्मेदार नागरिकों, संस्थानों, व्यवसायिक, धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक व युवा संगठनों की जिम्मेदारी है कि वह अपने आस पास इस कानून का उल्लंघन करने वालों को समझायें और आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी पुलिस अधिकारी से भी सम्पर्क करें, उन्होंने आगे कहा कि इस जहर को जनपद से पूरी तरह से समाप्त करना है, इसमें हर एक नागरिक का योगदान जरूरी है, साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस सम्बन्ध में अपनी जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब हाल, सीएमओ डा0 एके सिंह, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण व चिकित्सक उपस्थित रहे।

आईआईटी कानपुर का दावा- कोरोना की तीसरी लहर होगी कम खतरनाक, अक्टूबर-नवंबर तक आने की संभावना

कानपुर। कोरोना वायरस की दूसरी लहर ने लोगों को कभी नहीं भूलने वाले जख्म दिए हैं. उस भयावह मंजर को याद कर लोग आज भी सहम जाते हैं. लोगों ने आंखों के सामने अपनों की सांसों को उखड़ते हुए देखा था. इस बीच आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ने राहत देने वाली खबर दी है. आईआईटी के प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने गणितीय विश्लेषण श्सूत्रश के आधार पर दावा किया है कि तीसरी लहर दूसरी लहर से कम घातक होगी. उन्होंने तीसरी लहर के अक्टूबर–नवबंर के बीच आने की संभावना जताई है. आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि तीसरी लहर के आकलन के लिए हमने पिछले एक महीने में अपने मॉडल के जरिए काफी गणना की है. इसमें यह निकल कर सामने आया है कि तीसरी लहर इतनी प्रभावशाली नहीं है, जितनी दूसरी लहर थी. इसमें हमने तीन सेनेरियों बनाए हैं. यदि कोई नया वेरिएंट अगस्त के अंत तक आ जाता है, जो डेल्टा वेरिएंट से भी ज्यादा तेजी से फैलने वाला है तो तीसरी लहर अक्टूबर–नवंबर के समय में आएगी. तीसरी लहर पहली लहर के बराबर होगी. प्रोफेसर ने बताया कि भारत में डेल्टा वेरिएंट की वजह से तीसरी लहर आएगी, इसकी संभावना कम लग रही है. यदि भारत मे कोई नया वेरिएंट आता है, जो डेल्टा वेरिएंट से भी ज्यादा तेजी से फैलने वाला हो, तब कुछ हद तक आने की संभावना है. अपनी गणना में हमने दो बातों का ध्यान रखा है. पहला यह कजो लोग संक्रमित होकर ठीक हो चुके हैं. उनमें से कुछ लोगों की इम्युनिटी समाप्त हो जाती है. पिछली साल की कई स्टडी में निकलकर सामने आया है. 5 से 20 फीसदी लोगों की इम्युनिटी खत्म हो जाती है. जिसकी वजह से दोबारा संक्रमित होने की संभावना होती है।

संक्षिप्त समाचार

नेशनल हाईवे का काम शुरू होने के कारण हुआ जलभराव

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता सुनील शुक्ला कानपुर, शिवराजपुर। विकास खण्ड शिवराजपुर क्षेत्र के आज रात हुई तेज बारिश के कारण प्राथमिक विद्यालय मानपुर में हुआ जलभराव अध्यापकों को निकलने में हो रही परेशानी और अभी तक नही हुई जल निकास की कोई सुविधा नेशनल हाईवे का काम शुरू होने के कारण हुआ जलभराव से परेशान अध्यापकों ने ईंट रखकर बनाया रास्ता जो पानी अभी तक भरा है इस बारिश से किसानों का भी हुआ भारी नुकसान। नेशनल हाईवे का काम शुरू हो के कारण क्षेत्र में हो रहा है लोगों को भारी नुकसान।

20 करोड़ की सरकारी जमीन पर कब्जे की जांच पूरी

कानपुर। गंगापुर स्वर्ण जयंती बिहार के रंग फैक्ट्री चौराहे के पास ग्राम समाज की जमीन पर भूमाफिया कर रहे थे कब्जा। केडीए तीन सदस्यीय टीम ने जांच पूरी की। जांच रिपोर्ट में केडीए की योजना की जमीन निकली। भूमाफिया नूरा कुश्ती का खेल से कर रहे थे कब्जा। बताया जा रहा है कि इस खेल के पीछे बसपा नेता बबलू शुक्ला शुभम दुबे है। अब केडीए सचिव करेंगे कार्रवाई। बड़ा सवाल है कि जब जमीन पर कब्जा हो रहा था तो जिम्मेदार अफसरों ने कार्रवाई क्यों नहीं की। अब पोल खुल गई है तो कब गिराया जाएगा अवैध निर्माण। कमिश्नर के पास भी शिकायत पहुंची।

ई0वी0एम0 वेयरहाउस प्रांगण में बने नवीन भवन में स्थानांतरित

कानपुर नगर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कमल किशोर ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालय कानपुर नगर जो कलेक्ट्रेट कानपुर नगर के परिसर में स्थापित था, वह सरसैया घाट चौराहा, सिविल लाइन कानपुर नगर में स्थित ई0वी0एम0 वेयरहाउस प्रांगण में बने नवीन भवन में स्थानांतरित हो चुका है। निर्वाचन संबंधी पत्राचार आदि जिला निर्वाचन कार्यालय, कानपुर नगर के नवीनतम पते पर करने का कष्ट करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना ने साबिर खान के जीवन में लाई खुशहाली

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/ वरिष्ठ संवाददाता) कानपुर देहात। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह नारा है कि ''सबका साथ, सबका विकास'', इस नारे के दृष्टिगत ही प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशलता पूर्वक प्रदेश के हर वर्ग को सहायता एवं सुविधा पहुंचाने के प्रयास किये है। इसीक्रम में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद कानपुर देहात में सरकार की इस योजना को पटल पर लाते हुए हासिए पर रह रहे नागरिकों को लगातार मदद पहुंचायी जा रही है, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीबों को रहने हेतु मकान उपलब्ध कराया है। इसीक्रम में यह कहानी डेरापुर तहसील क्षेत्र के परौंख गांव के साबिर खान पुत्र बसीर खान की है, जो अपने सम्पूर्ण परिवार के साथ झोपड़ी में निवास करता था, इसके चार बच्चे है, परिवार बड़ा होने के कारण और सिर पर छत न होने के कारण स्वरूप इसको अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामाना करना पड़ता था, परन्तु सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत इसको आवास का लाभ मिला और इस लाभ के तहत उसका सम्पूर्ण परिवार झोपड़ी से निकलकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किये गये मकान का लाभ ले रहा है, सरकार के इस जन हितैषी प्रयास के तहत आज साबिर खान और उसका परिवार सुरक्षित महसूस कर रहा है, ''उसने कहा कि सरकार की इस योजना से मैं और मेरा पूरा परिवार अत्यन्त प्रसन्न है,'' मदद के लिए मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिह को कोटि–कोटि धन्यवाद। इस तरह सरकार अपने नागरिकों के जीवन के मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कर उनको सुखी और समृद्धि बना रही है।

जेम पोर्टल से नरेगा व मनरेगा कर्मियों की भर्ती का किया विरोध,मानदेय बढ़ाया जाए : परिषद अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रदेश प्रभारी संजय द्विवेदी कानपुर। विकास भवन में मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर उपायुक्त एके सिंह को ज्ञापन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन को प्रबल संस्तुति के साथ उच्चाधिकारियों को प्रेषित किए जाने का आश्वासन डिप्टी कमिश्नर मनरेगा ने दिया।परिषद अध्यक्ष ने प्रमुख मांगे मानदेय वृद्धि एचआर

पाल्सी महिला मेड नियुक्ति पर रोक और जेम पोर्टल ना लागू करने के लिए मांग मुख्य रूप से की गई।इस मौके पर मनरेगा महासंघ अध्यक्ष दीप सिंह ,एपीओ देवाशीष उपाध्याय,परिषद उपाध्यक्ष संतोष तिवारी,सर्वेश कुमार,प्रभात त्रिपाठी,अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित,महामंत्री महेंद्र सिंह जितेन सिंह,राजेश राम,विनोद गौतम सील सचान रामदास,हरी प्रताप अंशु चौरसिया संदीप पाल,अनिल कुमार,दीपा सोनकर शेखर चंदेल,अनिल कुमार उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त समाचार

ग्रामीण आबादी को बैकिंग से जोड़ने के लिये ही हुआ था बैंकों का राष्ट्रीयकरण : नकवी

लखीमपुर–खीरी। भारत की ग्रामीण आबादी को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आज ही के दिन बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। इंदिरा गांधी का विचार था कि बैंकिंग प्रणाली को इस तरह बनाना चाहिए कि उसका फायदा ग्रामीण आबादी तथा वंचित तबकों को मिल सके। उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता/पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। श्री नकवी ने कहा कि आज ही के दिन 19 जुलाई 1969 को 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण एक ऐतिहासिक फैसला साबित हुआ और हम ग्रामीण क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने में कामयाब हुए। उन्होंने आगे

कहा कि आज मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए जिस तरह से सरकारी बैंकों, बीमा कंपनियों एवं अन्य सरकारी कंपनियों का निजीकरण कर रही है, उससे देश की अर्थव्यवस्था के साथ ही आम लोगों के हितों के लिए भी नुकसानदेह है। कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सारी सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है। साथ ही श्री नकवी ने यह भी कहा कि गलत आर्थिक नीति ना देश के हित में है और ना ही जनता के हित में है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि देश एवं देश के नागरिकों के हितों की खातिर आने वाले वर्षों में देश में फिर राष्ट्रीयकरण की नीति अपनानी होगी।

डीएम ने क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को बांटे नियुक्तिपत्र

- सीएम के वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े नवनियुक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी

लखीमपुर–खीरी। सोमवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं विकास अधिकारियों व 26 व्यायाम प्रशिक्षकों को वर्चुअल नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम

आयोजित हुआ। इस वर्चुअल कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल से जिले के दो नव चयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शैलेश मिश्रा व अजय कुमार गुप्ता, डीएम डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया, सीडीओ अरविंद सिंह व जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रबोध कुमार की मौजूदगी में वर्चुअल जुड़े। इस कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुचितापूर्ण व पारदर्शी व्यवस्था के तहत चयनित व नवनियुक्त सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं विकास अधिकारियों व व्यायाम प्रशिक्षकों को युवा कल्याण विभाग का अंग बनने पर बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। सरकार नियुक्ति पत्र देकर आपकी प्रतिभा का सम्मान कर रही हैं। आप सभी का दायित्व है कि पूरी ऊर्जा, क्षमता एवं रचनात्मकता के साथ ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाएं। वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत डीएम डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया व सीडीओ अरविंद सिंह ने जिले के दोनों नव चयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शैलेश मिश्रा, अजय कुमार गुप्ता को नियुक्ति–पत्र प्रदान किए।

व्यवस्थाओं को पूर्णमनोयोग से अनुपालन करने तथा इसका प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश निर्गत

कानपुर नगर। अपर जिलाधिकारी, श्री अतुल कुमार ने अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन, गृह–पुलिस अनुभाग के निर्देशों के क्रम में बताया है कि अधिकांश गंभीर अपराधों के अभियुकत अभियोजन साक्षियों को विभिन्न रूप से डरा धमकाकर या प्रलोभन देकर या अन्य प्रकार से प्रभावित करके दोषमुक्त हो जाते हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव न्याय प्रशासन एवं राज्यों की कानून व्यवस्था पर पडता है, इसी संदर्भ में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (क्रिमिनल) संख्या–156/2016 महेन्द्र चावला व अन्य बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य से दिनांक 05 दिसम्बर, 2018 को निर्णय पारित किया गया है इस निर्णय के अनुपालन में शासनादेश दिनांक 24 जनवरी, 2019 के क्रम में "साक्षी सुरक्षा योजना 2018" की व्यवस्थाओं को पूर्णमनोयोग से अनुपालन करने तथा इसका प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश निर्गत किये गये। उन्होंने बताया है कि उक्त मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के क्रम में भारत सरकार, गृह मंत्रालय के शासनादेश दिनांक 22 फरवरी, 2019 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपराधिक वादों में साक्षियों की सुरक्षा के संबंध में निर्णय दिनांक 05 दिसम्बर, 2018 का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक को दिये गये तथा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा विटनेश प्रोटेक्शन स्कीम, 2018 को लागू किये जाने तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करके साक्षी सुरक्षा योजना को लागू करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को निर्गत किये गये हैं।

"साक्षी सुरक्षा योजना 2018" के परिच्छेद–12 में सभी राज्यों को इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने का प्राविधान किया गया। इस योजना के अन्तर्गत साक्षियों को सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु तथा साक्षियों को सुरक्षा लिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का तथ्य भी प्रचारितध्प्रसारित किया जायें, ताकि साक्षियों को इस योजना का लाभ मिल सकें। उन्होंने "साक्षी सुरक्षा योजना 2018" का व्यापक प्रचार–प्रसार प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया है। जिससे कि इस योजना के अन्तर्गत संबंधित साक्षी अपने थाने के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते हुये सुरक्षा लिये जाने की कार्यवाही करते हुये इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके।

एजेंट ने ग्रामीणों से ठगे 3 लाख 58 हजार

- पीड़ितों ने एसपी को प्रार्थना–पत्र देकर लगाई गुहार

लखीमपुर–खीरी। शहर में एक बार फिर एक कम्पनी के एजेंट द्वारा भोले–भाले ग्रामीणों से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ठगी करने वाले एजेंट के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम ककरपिट्टा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने मेहनत मजदूरी करके किसी तरह बचत करके अपना रुपया पीएसीएल लिमिटेड व करमभूमि के एजेंट सुग्रीव पुत्र दयाराम निवासी ग्राम ककरपिट्टा थाना फूलबेहड़ के पास जमा किया था। उन्होंने बताया कि एजेंट सुग्रीव हर महीने पैसा लेता था, तथा उनका बीमा का पैसा 2014 में ही पूरा हो गया, तब से वह लोग अपना पैसा पाने के लिये एजेंट के घर के चक्कर लगा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंट ने तो पहले पैसा देने में आना–काना की, लेकिन अब वह पैसा मांगने पर जान–माल की धमकी देकर अपने घर से भगा देता है। पीड़ितों ने यह भी बताया कि सात साल हो जाने के बावजूद उन्हें बीमे की धनराशि नहीं मिल पायी है। बता दें कि एजेंट सुग्रीव ने रामकली पत्नी बांकेलाल से 65 हजार रुपये, प्रमोद पुत्र डालचन्द से 17 हजार रुपये, विनोद पुत्र पलटू से 20,500 रुपये, खुशीराम पुत्र बरातीलाल से 41,100 रुपये, महेश कुमार पुत्र प्रीतम लाल से 30,800 रुपये, दाताराम पुत्र खेमकरन से 40 हजार, गुडिया देवी पत्नी प्रीतम से 23,100 रुपये, जय पाल पुत्र प्रीतम से 30,800 रुपये, मनोहर लाल पुत्र पुनई से 15 हजार रुपये, ओमप्रकाश पुत्र धनपत से 20 हजार रुपये जमा कराये है। ठगी का शिकार हुए ग्रामीणों ने एसपी से मामले की जांच करवाकर उनकी गाढ़ी कमाई को वापस दिलाये जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर राजेश, महेश कुमार, दाताराम, ओमप्रकाश, खुशीराम, जयपाल, प्रमोद कुमार, मनोहर, विनोद आदि लोगों के हस्ताक्षर है।

किशोरी ने लगाया नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

- पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा

लखीमपुर–खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के अन्तर्गत एक किशोरी ने गांव के दो लोगों पर जबरन घर में घुस कर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया है, वहीं एक नामजद तथा एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बीती रात्रि घर की छत पर सोया हुआ था, जबकि उसकी 16 वर्षीया पुत्री नीचे कमरे में सोई हुई थी। रात्रि में गांव निवासी वारिश पुत्र मुबारक व इसका साथी दोनों दीवार फांद कर घर में घुस आये और उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने लगे। लड़की के द्वारा चिल्लाने की कोशिश करने पर उक्त दोनों युवकों ने उसके मुंह व हाथ बांध दिया और पड़ोस स्थित वारिश के बग्गर में लेकर चले गये। जहां उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम होने पर उक्त वहशी दरिन्दों ने उसे नशे की गोली खिला दी। जिसके बाद दोनों ने उसकी पुत्री के साथ दरिन्दगी की। पीड़िता के पिता ने बताया कि जब वह रात्रि में पुत्री के कमरे में न मिलने पर उसे ढूंढना शुरू किया, तब उनकी लड़की वारिश के कमरे में सामने टीम में बेहोशी की हालत में मिली। उनकी पुत्री को लगभग चार बजे सुबह होश आया तो उसने अपने साथ हुई दरिन्दगी की जानकारी उन्हें दी। इधर पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर उसे मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया है। वहीं आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पसगवां संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया गया है।

अपने ही घर में नमाज अदा कर मनायें त्यौहार : एसडीएम

- एसडीएम की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

लखीमपुर–खीरी। कोतवाली मोहम्मदी परिसर में उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बकरीद व कांवड़ यात्रा के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में आए लोगों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने कहा कि कोविड गाइड लाइन के अंतर्गत सभी त्यौहार मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग बकरीद की नमाज अपने–अपने घरों में ही अता करें। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के संबंध में प्रशासन की गाइडलाइन का उल्लेख

करते हुए एसडीएम स्वाति शुक्ला ने कहा कि कांवड़ यात्रा इस बार नहीं निकलेगी, जो लोग सामूहिक रूप से कांवड़ यात्रा का आयोजन करते हैं, उन्हें निर्देशित किया जा रहा है कि इस बार कांवड़ यात्रा न निकाले। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति गाइडलाइन का उल्लंघन करके त्यौहार ना मनाएं, प्रशासन की पूरी नजर रहेगी। उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद को आदेशित करते हुए कहा कि त्यौहार के दिन सभी मंदिर और मस्जिदों के बाहर सफाई व्यवस्था व चूना आदि डलवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बकरीद के दिन आवारा पशु सूअर आदि को प्रतिबंधित किया जाए, जिससे त्यौहार मनाने वाले किसी शख्स को कोई परेशानी ना हो। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बिजली की आपूर्ति अबाधित रूप से जारी रखी जाए। बैठक को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद मुबीन खान, रवि शुक्ला, मोहम्मद अब्बास नकवी, पेश इमाम जमा मस्जिद असजद सिद्दीकी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंह, हरविंदर सिंह, शिवम राठौर, मोहम्मद शाहिद सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरों के गैंग का सदस्य

लखीमपुर–खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों के बाद पुलिस की पकड़ से दूर शातिर चोरों को पकड़ने के लिए सोमवार को चलाए गए अभियान में पुलिस ने चोरों के गैंग के एक सदस्य को पकड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। शातिर चोर को पकड़ने के बाद पूछताछ के दौरान उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी हासिल कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र में गैंग बनाकर चोरी करने के साथ–साथ नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दे रहे शातिर चोरों के खिलाफ सोमवार को थाना पुलिस द्वारा चलाये गए अभियान में चोरों के गैंग के एक शातिर चोर जियालाल पुत्र रंगीलाल निवासी बेंती पूरब को पकड़ने में कामयाबी हासिल कर गिरोह के अन्य चोरों की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने पकड़े गए चोर को जेल भेज दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी,

सिपाही धीरेन्द्र पाल सिंह, वर्सच कुमार व अमित राठी मौजूद रहे।

बिजली समस्याओं को लेकर किसानों ने की पंचायत

- 18 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

अनुराग दीक्षित

मैगलगंज–खीरी। भारतीय किसान यूनियन अवध के बैनर तले हजारों किसानों ने औरंगाबाद पावर हाउस के प्रांगण में बिजली समस्याओं को लेकर की किसान पंचायत की। किसानों ने 18 सूत्रीय ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, सहायक अभियंता विद्युत विभाग व कोतवाल मैगलगंज को सौपा। पंचायत को सम्बोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि औरंगाबाद, मुबारकपुर, बरबर, चुरईपुरवा आदि विद्युत उपखंडों से जुड़े गांवों में सरकार के कागजों पर 18 घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही हैं। जर्जर हो चुके सिस्टम की वजह से गांवों को बमुश्किल 4 से 5 घण्टे बिजली की आपूर्ति हो पाना बड़ी बात है। उन्होंने ने कहा कि गांव के गरीब परिवारों को परिवार का पेट पालना मुश्किल हो रहा है, लेकिन बिजली विभाग लापरवाह और नकारा सिस्टम की वजह से गरीबों के बिजली के बिल 25 से 30 हजार रुपये तक आ रहे है, जिस कारण लोग परेशान है। कार्यक्रम में पहुंचे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला श्यामू के किसानों के दर्द को साझा करते हुए कहा कि पावर हाउस में बैठे अधिकारी किसी भी कनेक्शन धारकों की समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने विन्दुबार पंचायत में बैठे अधिकरियों को समस्याओं से अवगत कराते हुए कड़े तेवरों में कहा कि क्षेत्र में जर्जर तारों के कारण किसानों की मौते हुई है लेकिन लापरवाह विद्युत विभाग ने आजतक हाल भी नहीं पूछा। धरना प्रदर्शन में पहुंचे संगठन के प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह चौहान ने मुबारक पुर, औरंगाबाद, बरबर पावर हाउस पर तैनात अवर अभियंता के द्वारा पावर हाउस को शराब का अड्डा बना देने का आरोप लगाया है। किसान नेता राहुल मिश्रा ने कहा कि पिछले माह संगठन के द्वारा किसानों की जायज मांगों को लेकर जतनगंज पुल पर गोमती नदी में ऐतिहासिक जल सत्याग्रह किया गया, लेकिन खीरी प्रशासन के लापरवाह कार्यशैली आजतक सुधि नहीं ली।

जिसको लेकर जल्द उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हजारों किसानो के धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष शाहाबाद राहुल मिश्रा, तहसील अध्यक्ष लखनऊ मंडल मीडिया प्रभारी हिमांशु दीक्षित, महोली हरिहर मास्टर, तहसील अध्यक्ष मोहम्मदी मोहन तिवारी, तहसील अध्यक्ष मितौली अमित शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष मितौली रामौतार राठौर, ब्लाक अध्यक्ष बेहजम रवि तिवारी, कुम्भी ब्लाक अध्यक्ष अनिल स्वामी, प्रधान संजय कश्यप, प्रधान बालगोविंद राठौर, सौरभ तिवारी, अतुल मिश्रा, प्रवीण सिंह, हेमराज वर्मा, गुरबिंदर सिंह, बेनीपाल आदि तमाम किसान नेता व किसान मौजूद रहे।

दबंगों ने महिला को पीटा, घायल

लखीमपुर–खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर में रविवार को सायं नाबदान में बरसाती पानी निकलने से नाराज दबंगों ने घर में घुसकर अकेली महिला पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर में रविवार को सायं करीब सात बजे सहाय के घर पड़ोस में बने नाबदान में बरसाती पानी निकलने से नाराज गांव के ही बंसी, हरीश पुत्र बंसी, उमेश पुत्र बंसी ने सहाय के घर में मौजूद उसकी पत्नी गीता (25) को घर मे घुसकर पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान गीता का पति सहाय खेतों में गया हुआ था।

पांच ब्लाकों में हुआ ग्राम प्रधानों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

- निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिया नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को वर्चुअल प्रशिक्षण
- डीपीआरओ ने लिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा, देखी व्यवस्थाएं

लखीमपुर–खीरी। सोमवार को जिले के पांच ब्लाकों में लखीमपुर, बेहजम, मितौली, बिजुआ व फूलबेहड़ में 20–20 ग्राम प्रधानों के समूहों में कोविड गाइडलाइन अनुपालन करते हुए शासन स्तर से नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का वर्चुअल उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

इस वर्चुअल उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पंचायती राज निदेशालय लखनऊ के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, पंचायती राज अधिनियम की बारीकियां, डोंगल से पीएफएमएस भुगतान आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित किया।

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने विकास खंड लखीमपुर के ग्राम आधा चाट, विकासखंड बेहजम की ग्राम गोरिया व विकासखंड मितौली के ढकिया कुस्तोल में प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीपीआरओ ने बताया कि आज लखीमपुर के 05, बेहजम 04, मितौली 04, बिजुआ 04 व फूलबेहड़ 04 चयनित पंचायत भवन में 20–20 के समूहों में प्रशिक्षण प्रदान किया। वही 22 जुलाई व 23 जुलाई को 05–05 विकास खंडों में ग्राम प्रधानों को समूहों में विभाजित कर कोविड–19 का अनुपालन करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को करेंगे लालजी टंडन प्रतिमा का अनावरण

राम कृपाल सिंह (संरक्षक/वरिष्ठ संवाददाता) लखनऊ। लखनऊ के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर बुधवार 21 जुलाई को लखनऊ पहुंच रहे हैं। लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया की रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 जुलाई को प्रातः 10:35 बजे लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे उसके बाद वहां से हजरतगंज के लिए प्रस्थान करेंगे जहां मल्टी लेवल पार्किंग, हजरतगंज के सामने स्थापित स्वर्गीय लालजी टंडन , पूर्व राज्यपाल मध्य प्रदेश एवं बिहार, की प्रतिमा का प्रातः 11:00 अनावरण करेंगे। अनावरण कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 12:00 बजे वहां से प्रस्थान कर 12:15 बजे संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एस.जी.पी.जी.आई) पहुंच कर वहां भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश,कल्याण सिंह जी से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी लेंगे। पीजीआई से अपराह्न 12:40 बजे सीधे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराहन 1:00 बजे दिल्ली के लिए रवाना हों जाएंगे।

आगामी त्योहारों को सकुशल निपटाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस हुई सक्रिय

रईस दैनिक अयोध्या टाइम्स लखनऊ। आगामी त्योहारों को सकुशल निपटाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस हुई सक्रिय । कोरोना अभी थमा जरूर है पर इसको हल्के में लेना खुद के साथ बड़ी नाइंसाफी हो सकती है इसलिए त्योहारों को जरूर मनाएं पर कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन भी करें यही आपके और आपके परिवार व समाज के लिए बेहतर होगा ऐसी ही कई अहम जानकारियां आज लखनऊ पुलिस द्वारा लोगो को दी गईं।आपको बता दें कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर रखते हुए ठाकुरगंज थाने में पीस कमेटी की एक मीटिंग सम्पन्न हुई जिस मीटिंग में प्रशासनिक अधिकारी के साथ क्षेत्र के तमाम समाजसेवी सदस्य ,पार्षद गण व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद थे।इस मीटिंग में एसीपी चौक आई पी सिंह ने कोरोना की गाइडला इन को मद्देनजर रखते हुए सभी से त्यौहार मनाने की अपील की और कहा कि इस कोरोना काल मे जो नियम बनाये गए हैं उसका सख्ती से पालन हो ये हम सब की जिम्मेदारी है।मीटिंग में एसीपी चौक आई पी सिंह के साथ इंस्पेक्टर ठाकुरगंज व समस्त चौकी इंचार्ज व एसपीओ थाना ठाकुरगंज अनिल गुप्ता के साथ नागरिक सुरक्षा से अजय मालवीय,मोहम्मद शफीक, कल्बे मोहसिन,हर्षित टंडन और भैया लाल गौतम भी मौजूद थे।

सम्पादकीय....

बुद्ध को समझना आसान नहीं

बुद्ध को लाईट ऑफ एशिया कहा जाता है। यदि फाह्यान, ह्वेनसांग जैसे बौध्द यात्री भारत न आये होते तो आप जान ही नहीं पाते कि भारत में भी कोई बुद्ध की समृद्ध सभ्यता रही और यदि अंग्रेज भारत न आते तो आप नालंदा जैसी विश्व विख्यात यूनिवर्सिटी को नहीं ढूंढ पाते जहां कभी विश्वभर के विद्यार्थी पढ़ने आते थे और उसी की बदौलत भारत को विश्वगुरु का तमगा मिला। भारत के प्रधानमंत्री जब विदेशों में जाते हैं तो वे कहते हैं कि मैं बुद्ध के देश से आया हूँ। मेरे देश ने दुनिया को बुद्ध दिया है युद्ध नहीं। शांति और प्रेम के सन्देश के साथ पैदल चलकर आज बुद्ध लगभग 56 से अधिक देशों में पहुंचे जबकि हथियार बन्द भगवान सीमाओं को न लांघ सके विचारणीय बात है न? बुद्ध ने भारत को शिथिल नहीं

बनाया बल्कि विश्व को जाग्रत किया। बुद्ध की सभ्यता आज भी जमीन के नीचे दफन है जिसके सबूत हर जगह पर मिलते हैं लेकिन बाकी बड़ी सभ्यताएं केवल किताबों में मिलेंगी हकीकत में कभी नहीं मिल पायेगी। विज्ञान और चेतना से इनको डर लगता है क्योंकि जबतक तकनीक व तर्कशक्ति कमजोर होगी तबतक मिथ्यायें विराजमान रहेगी। स्थापित सभ्यता जमीन के नीचे 7 फीट तक मिलेंगी, बुद्ध की सभ्यता 27 फीट से नीचे है। यह सभ्यता समाप्त किसने की वह बहस बहुत लंबी है लेकिन इतना समझ लीजिये कि सिंधुघाटी, मोहनजोदड़ो, राखीगढ़ी, नालंदा, तक्षशिला आदि तक यदि विज्ञान कभी पहुंच गया तो किताबी सभ्यता भरभरा कर गिर पड़ेगी। यह सब रहस्य ही बना रहे इसीलिये जरूरी है इंसान को अवलोकनकर्ता नहीं बल्कि अनुसरणकर्ता बनाया जाय। वह भावनात्मक हो तथ्यात्मक नहीं। वह प्रचारक हो, विचारक नहीं। ओशो ने ठीक ही कहा था कि दुनिया में सबकुछ पचाया जा सकता है लेकिन बुद्ध को पचाना असम्भव है। बुद्ध सबसे पहले आडम्बर और कल्पनाओं की ओढ़ी हुई चादर छीन लेते हैं उसके बाद इंसान दूसरों की नग्नता नहीं पहले खुद को देखता है। बुद्ध कभी भी बुद्धूओं को समझ नहीं आ सकते हैं। बुद्ध ईश्वरीय व धार्मिक विचारधाओं तथा लड़ाइयों से बहुत दूर हैं। बुद्ध को केवल जाग्रत चेतना से समझा जा सकता है।

प्रफुल्ल सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

तू डाल-डाल मैं पात-पात

साहब टेढ़े लोगों के लिए सीधे–सादे कपड़े पहनकर जायेंगे तो वे हमारा कचूमर बना देंगे। वैसे भी हमें ऐसे कपड़ों में जाने की क्या जरूरत है? यूनिफार्म में चलते हैं। लोगों में रौब बना रहेगा। कांस्टेबल ने कहा। यही तो मुश्किल है। यह यूनिफार्म डराने के लिए इतना बदनाम हो चुका है कि भरोसे का परिंदा इसके आसपास फटकने से भी डरता है। चोर–उचक्के इतने अडवांस हो गए हैं कि उन्हीं के चलते बड़ी–बड़ी कंपनियाँ फेस डिटेक्टर, थंबप्रिंट एनेबल तकनीकों से लैस डिवाइस बनाने लगे हैं। अब ऐसे में उन्हें पकड़ना रिश्वत खाने जितना आसान नहीं है। इसीलिए सरकार ने आदेश दिया है कि सभी चोर–उचक्कों, अपराधियों, गुंडे मवालियों के घरों की जियो टैगिंग करें। उन्हें

भनक न लगे इसलिए सादे कपड़े में जाना होगा। सब इंस्पेक्टर ने कहा। लगता है सरकार का दिमाग खराब हो गया है। भला इन अपराधियों का कोई घर होता है, जो इन्हें जियो टैगिंग कर गूगल मैप्स की सहायता से पकड़ लेंगे? वे अपराधी हैं! अपराधी! उनके यहाँ हमारी तरह भर्ती में देरी नहीं होती। हमारे यहाँ तो चुनावों से ठीक पहले भर्ती की जाती है, जिससे बेरोजगारों में यह विश्वास बना रहे कि भौंकने वाले कुत्ते भी कभी–कभी काट लेते हैं। उनका नेटवर्क जेट स्पीड की तरह काम करता है। और एक हम हैं जो नेटवर्क की स्पीड तो दूर अभी भी बाबा आदम के जमाने के तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। हम जब तक सोचते हैं, वे तब तक करके दिखला देते हैं। हमारी कथनी बोलती है और उनकी करनी। विधानसभा में हमारे नाम पर लाखो–करोड़ों का बजट पारित कर दिया जाता है। जमीन तक पहुँचते–पहुँचते और नेताओं के पेट से होते हुए वही बजट शून्य बनकर हमें पराजित करने के लिए बड़ा सा ठेंगा दिखाने हमारे सामने खड़ा हो जाता है। यहाँ तो हर भर्ती संवैधानिक नियमों का हवाला देते हुए आरक्षण के आधार पर किया जाता है। उनके यहाँ भर्ती केवल काबिलियत के आधार पर होती है। यही कारण है कि आए दिन अनगिनत चोर–उचक्के हमारी आँखों में धूल झोंककर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। अब आप ही बताइए कि ऐसे में जियो टैगिंग करने का क्या फायदा होगा? पिछले कई वर्षों से प्रमोशन की आस लगाए बैठे निराशावादी कांस्टेबल ने कहा। इतना भी निराश होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है कि जियो टैगिंग करने के बाद हालात बदल जायें। पहले से ज्यादा अपराधियों को पकड़ने में सुविधा हो जाये। इतना कहते हुए सब इंस्पेक्टर इलाके के सबसे बड़े गुंडे के घर पहुँचे। खुद को स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बताकर घर में बैठने के बारे में सोच ही रहे थे कि गुंडे ने कहा दृ नमस्ते सब इंस्पेक्टर साहब! आपका नाम रामलाल, उम्र चौवालीस साल, रंग सांवला, कद 6 फुट 3 इंच, अब तक चार बार ट्रांसफर हो चुका है और यहाँ जियो टैगिंग करने के लिए आए हैं। सब इंस्पेक्टर का मुँह खुला का खुला रह गया। वह कुछ पूछता कि गुंडा बोल उठा दृ आपने जैसे ही घर की घंटी बजाई, वहाँ लगा फेस डिटेक्टर विथ एडवांस टेक्नॉलॉजी ने आपका सारा चिट्ठा मुझे बता दिया। जहाँ तक जियो टैगिंग का सवाल है, तो आपको बता दूँ कि टैग उन्हें किया जाता है जो एक जगह टिकते हैं। हम तो आँखों में खटकते हैं। इसीलिए भटकते हैं। वैसे हमने सभी पुलिस थानों, चौराहों पर लगे सिग्नलों और सीसीटीवी कैमरा लगे स्थलों की जियो टैगिंग कर ली है। हमें पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी है। वह क्या है न कि हम चोर–उचक्कों में एकता कूट–कूट कर भरी होती है। एक ईमानदार दूसरे ईमानदार को बचाए न बचाए लेकिन एक बेईमान दूसरे बेईमान को जरूर बचा लेता है।

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

लड़का बिकता है

सदियों से समाज पुरुष प्रधान रहा है इतिहास में सिर्फ एक उदाहरण जरूर है जब उस दौर में मुखिया पुरुष न होकर महिला होती थीं वह दौर था हड़प्पा मोहन जोदड़ो वाला । इसके अलावा हर युग मे नारी को अत्याचार सहन करने पड़े हैं नारी की अपेक्षा पुरुष का जमाना रहा है । दहेज का अभिशाप तो कई जगह हमने देखा है। व्ही शांताराम की फिल्म दहेज में लड़कीं का पिता अपना महल बेंचकर बहुत से मजदूरों के सर पर, घोड़े–गाड़ी आदि में दहेज पूरे शहर से घुमाता हुआ अपनी बेटी की ससुराल जाता है जहां दहेज के दांनव उसकी बेटी को खा चुका होते है ।

आज भी हमारे समाज में पैसों से लड़का बिकता है क्योंकि दहेज बिना कमाई के मिलने वाली धन दौलत है जिसके लिए माता–पिता को अपने ईमान , धर्म, कर्तव्य और अपने बेटे को भी बैचना होता है । यह दहेज वही है जो कभी उपहार, आभूषण तो कभी अपनी शानो शौकत दूसरों की नजरों में हैसियत को बताने के लिए दिया जाता है और लिया भी जाता है । जितना लेने वाला समाज में दोषी है उतना ही दहेज देने वाला भी है, क्योंकि देने वाला ही लेने वाले के प्रति धन दौलत और निशुल्क मिलने वाले उपहार को अधिकार के रूप में मन में लालसा जगाता है जो धीरे–धीरे बढ़ती जाती है और एक दिन जब यह उपहार नहीं मिलता है तो फिर एक बेटी जलती है, मरती है, फांसी पर लटकती है या फिर ट्रेनों के सामने कटती है और मूक बनकर और लालच का चश्मा लगा कर समाज के लोग चुपचाप दो दिन गड़याली आंसू बहा कर फिर वही काम करने लगते है। भारत में जब अंग्रेजों का शासन था उस समय भी दहेज दिया जाता था जिसका उद्देश्य था कि शादी के बाद महिलाएं पिता द्वारा दी गई धन दौलत पर निर्भर रह कर अपने ससुराल के परिवार में सुख समृद्धि के साथ जीवन यापन कर सकें जो धीरे–धीरे आगे बढ़ती गई और आज वह एक अभिशाप के रूप में प्रथा का काम करने लगी और अधिकार के रूप में उसे लोग स्वीकार करने लगे और धीरे–धीरे दहेज न मिलने के कारण महिलाओं की बलि चढ़ाई जाने लगीं दहेज के विष के अभिशाप से भारत में हर दिन 21 महिलाएं की मौत होती है अर्थात् देश मे औसतन हर एक घंटे में एक महिला दहेज संबंधी कारणों से मौत का शिकार होती है और वर्ष 2007 से 2011 के बीच इस प्रकार के मामलों में काफी वृद्धि देखी गई है ।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि विभिन्न राज्यों से वर्ष 2012 में दहेज में हत्या के करीब 8,753 मामले सामने आएं यहां यह भी समझना होगा कि दहेज लेने वाला जितना दोषी है उतना ही देने वाला भी दोषी है क्योंकि किसी भी प्रथा को बढ़ाने के लिए कहीं ना कहीं समाज के कई लोगों का सहयोग रहता है । यदि दहेज से हमें बचना है तो सबसे पहले हमें जो देने वाले लोग है जिनका मन दहेज देने की इच्छा से जुड़ा होता है उन्हें इससे रोकना होगा कि मैं अपनी बेटी की शादी में कोई दहेज रूपी वस्तुएं ना दूंगा ना किसी से लूंगां यह भी हमारे समाज की एक विडंबना है की जो जितना पढ़ा लिखा होता है उतनी उसकी दहेज की मांग होती है जो जितने बड़े पद पर और जमीन जायदाद वाला होता है उसको इतनी अधिक धन दौलत दहेज में दी जाती है । यदि हम इस अभिशाप से बचना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि बेटियां सुरक्षित रहें तो हमें यह प्रण लेना होगा कि ना हम देंगे ना लेंगे और जहां लेनदेन होगा ऐसी शादी में हम ना शामिल होंगे , तभी हमारे समाज में बदलाव लाया जा सकता है ।

जहां धन दौलत में लड़का बिकता है।।
वहां कैसे अच्छा समाज बन सकता है।।
यदि बचाना है हमें अपनी बेटियों को तो ।
न दो वहां बेटी जो ईमान को छलता है।।

प्रमोद कुमार चौहान
मध्य प्रदेश

अंतरिक्ष पर्यटन - धरती के पार अंतरिक्ष की सैर करने का सपना मानव ने हकीकत में बदल दिया

हम आदि जुगादि काल से ही अनेक वाक्यों और जुमलों को सुनते आ रहे हैं कि, आसमान से तारे तोड़कर ला दूंगा,आसमान को झुका दूंगा,चल गगन में उड़ चलें, पंछी बनूं उड़ती चलूं मस्त गगन में, आसमान मे माननीय कालोनियां बनेगी वहां प्लाट लेकर घर बनाएंगे, इत्यादि अनेक प्रकार की बातों को हम अपनी दिनचर्या में सुनते आ रहे हैं जो जुमलोंऔर सपना देखने के तुल्य है। परंतु आध्यात्मिकता में कहते हैं ना कि!!! ब्रह्मांड में 84 करोड़ जीवोंमें मानवही सभसे शक्तिमान और बुद्धिमान जीव है।आज सच साबित होने लगा है! क्योंकि आसमान पर पर्यटन की सच्चाई को तेजी से आगे बढ़ते हम देख रहे हैं। परंतु मानव कितना भी कर ले,कुदरत के आगे बौना ही रहेगा,यह सबसे साफ सुथरी सच्चाई है...। साथियों बात अगर हम अंतरिक्ष में भारत के जाने की करें तो, विंग कमांडर राकेश शर्मा वो पहले भारतीय हैं जिसने अंतरिक्ष में पैर रखा था। अप्रैल 1984 को जब वह अंतरिक्ष में पहुंचे तो उनके साथ ही भारत का नाम भी दुनिया के नक्शे में एक नई वजह से चमकने लगा था। विंग कमांडर राकेश का उस यात्रा को 37 साल पूरे हो गए हैं।

अभी तकवो पहले भारतीय हैं जिनका रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सका है। हालांकि भारतीय मूल के कुछ यात्री अंतरिक्ष जरूर पहुंचे हैं लेकिन वो भारतीय नागरिक नहीं थे। इसी कॉन्फ्रेंस के दौरान तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा था, अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? इसके जवाब में विंग कमांडर राकेश ने कहा था, सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा,वाह! क्या बात है! बहुत ही शानदार! उनका यह जवाब आज भी एक एतिहासिक जवाब माना जाता है...। साथियों बात अगर हम वर्तमान समय की करें तो, ज्यादातर लोगों के लिए अंतरिक्ष की सैर एक ऐसे सपने के जैसा है, जो कभी भी पूरा नहीं हो सकता। 28 अप्रैल 2001 को डेनिस टीटो को पहला अंतरिक्ष पर्यटक होने का गौरव हासिल हुआ। लेकिन अब दुनिया के दो बड़े कारोबारी आमेजन के जेफ बेजोस और प्राइवेट स्पेस एजेंसी वर्जिन गैलेक्टिक के संस्थापक सर रिचर्ड ब्रैनसन केबीच अंतरिक्ष पर्यटन को लेकर होड़ लग गई है...। साथियों बात अगर हम अंतरिक्ष में पर्यटन कीकरे तो जहां रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक और जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ऑरिजिनपर्यटकों को अंतरिक्ष के छोर तक का सफर कराना चाहती है, वहीं विलियम ई बोइंग द्वारा स्थापित कंपनी 'बोइंग' और इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स नासा के सहयोग से बनाए गए स्पेस कैप्सूलों में टूरिस्टोंको इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर ले जाना चाहती है। 2023 तक स्पेसएक्स पैसे लेकर लोगों को चाँद की सैर कराना चाहती है। नासा ने भी पर्यटन के उद्देश्य से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2021–22 तक खोलने का निर्णय किया है...। साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के अंतरिक्ष में जाने की करें तो दिनांक 11 जुलाई 2021 को, सिरिशा अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली भारतीय मूल की तीसरी और चौथी भारतवंशी होंगी जिन्होंने अंतरिक्ष में उड़ान भरी है। भारतीय मूल की एरोनॉटिकल इंजीनियर 34 वर्षीय सिरिशा बांदला ने अंतरिक्ष की उड़ान भरी है, न्यू मैक्सिको से अंतरिक्ष की यात्रा करने के लिए बांदला वर्जिन गैलेक्टिक के अंतरिक्ष यान टू यूनिटी में ब्रैनसन और चार अन्य लोगों के साथ रवाना हुईं थीं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में जन्मी बांदला अमेरिका के ह्यूस्टन में पलीं–बढ़ी हैं। न्यू मैक्सिको से अंतरिक्ष यान की उड़ान में ब्रैनसन (70) के साथ पांच और लोग करीब 53 मील की ऊंचाई (88 किलोमीटर) पर अंतरिक्ष के छोर पर पहुंचे। वहां तीन से चार मिनट तक भार हीनता महसूस करने और धरती का नजारा देखने के बाद वापस लौट आए जिसे हम सभ ने 11 जुलाई 2021 को सभी टीवी चौनलों पर देखें।कहा जा रहा है कि अगले साल तक वर्जिन की अमेरिका में कॉमर्शियल स्पेस ट्रैवल की शुरुआत करने की योजना है, जिसके तहत लोगों से पैसे लेकर अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी और यदि ऐसा होता है तो इस उपलब्धि को पाने के लिए अरबपति मुंहमांगा पैसा खर्च करने में कोई गुरेज नहीं करेंगे क्योंकि रोमांच के साथ ये उन लोगों के लिए एक ग्लोबल प्रतिष्ठा का सवाल है। अभी बेजोस की अंतरिक्ष यात्रा भी 20 जुलाई 2021 को प्रस्तावित है।आर्टिकल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चौनलों का सहयोग लिया गया है...। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो,पहले मानवरहित मिशन को दिसंबर 2020 और दूसरे मानवरहित मिशन को जून 2021 में भेजने की योजना बनाई गई थी। इसके बाद गगनयान के तहत दिसंबर 2021 में मानव को पहली बार अंतरिक्ष में भेजने की योजना बनाई गई थी लेकिन कोरोना संकट के चलते यह मिशन प्रभावित हुआ है।

हम उम्मीद करते हैं कि 2022–23 में यह लक्ष्य जरूर हासिल कर लेंगे। अतः उपरोक्त पूरे विवरण का अगर हम अध्ययन कर का विश्लेषण करें तो हम देखेंगे के अंतरिक्ष पर्यटन धरती के पार अंतरिक्ष की सैर करने का सपना मानव ने हकीकत ने बदल दिया है और ब्रह्मांड की सृष्टि में मानव सभसे शक्तिमान जीव है परंतु कुदरत के आगे हमेशा बना ही रहेगा।

–संकलनकर्ता– कर विशेषज्ञ एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

आधुनिक गुरु चेला के बीच देश के समस्याओं पर बातचीत

देश में महामारी के प्रभाव के चलते सारा शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर पहुंच गया है इसको देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर देश में गरीब बच्चों को पढ़ा लिखा कर गुणवान बनाने के लिए ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था की गई है। आप हम सभी जानते हैं आज के विकसित भारत में गरीबों के पास घर है या नहीं उनके यहां लैपटॉप और स्मार्टफोन की कोई कमी नहीं उसी लैपटॉप और स्मार्टफोन के सहायता से कुछ बच्चे ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर रहे थे इसी दौरान एक होनहार चेला और गुणवान गुरुजी के बीच वार्तालाप हो रही है उनके बीच क्या बातें हुई आइए हम सभी देखते हैं ऑनलाइन क्लास में एक छात्र अपने शिक्षक से पूछा.

चेलाः–गुरुजी ई महंगाई रामायण वाले हनुमान जी के पूंछ की क्यों बढ़ रही है ?

गुरूजीः–क्योंकि सत्ताधारियों के धर्म खतरे में है।

चेलाः–गुरुजी निजीकरण से हमारे देश और समाज को क्या– क्या फायदे हैं ?

गुरूजीः–इससे देश में राष्ट्रभक्ति और सामाज में समरसता पैदा होती है।

चेलाः–गुरुजी काला धन कहां कहां पैदा होता है?

गुरूजीः–जो पार्टी विपक्ष में होती है उसके यहां और उसके समर्थकों के पास।

चेलाः–गुरुजी भ्रष्टाचार किस जीव का नाम है और यह कहां पैदा होता है?

गुरूजीः–भ्रष्टाचार दोपाया जीव है ।

जो शासन प्रशासन और सरकारी कार्यालयों में पैदा होता है।इन लोगों को गांधी जी बहुत प्रिय हैं बिना गांधीजी के आदान प्रदान किए ये लोग कोई भी काम का शुभारंभ नहीं करते।

चेलाः–गुरुजी देश में बेरोजगारी क्यों बढ रही है?

गुरूजीः–अभी तक हमारे देश में एक समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने के कारण।

चेलाः–देश में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त इतना मजबूत क्यों है की देश के नेताओं और बड़े ओहदेदारों को अपने बच्चों के नर्सरी की पढ़ाई और खुद के दांत दर्द दिखाने के लिए भी विदेश जाना पड़ता है?

गुरूजीः–तीन तलाक और बुर्का प्रथा रहने के कारण।

चेलाः–कश्मीर में बेचने के लिए अब कोई जगह बची है क्या?

गुरूजीः–नहीं वह देश के दलित, वंचित,गरीब,पिछड़े लोगों के बीच बांट दिया गया,वे लोग वहां फैक्ट्रियां के साथ साथ अलीशान घर मकान और होटल बना रहे हैं।

चेलाः–देश को जनसंख्या नियंत्रण कानून की एकाएक आवश्यकता क्यों आ पड़ी ?

गुरूजीः–दो बच्चे के सिद्धांत लागू होते हैं देश के बेरोजगार नौजवानों को पकड़ पकड़ कर सरकारी नौकरी दिया जाए और देश से बेरोजगारी का कलंक धोया जा सके।

चेलाः–एक तरफ सब्सिडी बंद कर दूसरी ओर मुफ्तखोरी क्यों बढ़ाया जा रहा है?

गुरूजीः–सब्सिडी से देश का खजाना खाली हो रहा था जबकि मुफ्त खोरी देश का खजाना इतना भर गया है कि विकास दर के अनुमान लगाने वाली संस्थाएं भी सांस ले रही हैं। यही नहीं मुफ्तखोरी सत्ता के प्रति अव्वल दर्जे के अंधभक्त पैदा करता है जोकि अंधराष्ट्रवाद का बुनियादी तत्व है।

चेलाः–देश में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था क्यों है?

गुरूजीः–ताकि देश में अमीरी और गरीबी को समाप्त कर कंगाली लाया जा सके।

चेलाः–देश के किसान धरने पर क्यों बैठे हैं?

गुरूजीः–उन्हें हमारे दुश्मन देशों ने भड़काया है कि नए कृषि कानून से उन्हें इतना अमीर बना दिया जाएगा कि वे भारत छोड़कर विदेश में बसने लगेंगे। बस वे विदेश जाने के डर से ऐसा कर रहे हैं।

चेलाः–गुरुजी वैसे तो देश में समस्याओं की सूखा पड़ गई है जिस पर विपक्ष सवाल क्यों नहीं उठाती?

गुरुजीः– तुमको क्या लगता है विपक्षी निठल्ले हैं? ऐसा बिल्कुल भी नहीं है वे शाकाहारी हो गए हैं। वे सत्तर साल खाकर अभी हज यात्रा पर हैं।जब वहां से लौटेंगे तब सवाल उठाएंगे! वैसे भी भारत के पक्ष और विपक्ष में बहुत गहरी भाईचारा है,तब ना अपने सुख सुविधाओं की बारी आती है तो मेज थपथपा कर देश का कल्याण कर देते हैं।

चेलाः–गुरुजी अंतिम सवाल राम मंदिर बनने से क्या लाभ होगा?

गुरूजीः–देश के एक बहुत बड़े तबके को घंटी बजाने के साथ साथ अपना समय और धन लुटाने का जन्मसिद्ध अधिकार युग युगांतर तक बना रहेगा। जब टन टन घंटी बाजे गा तब न दन–दन गरीबी,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,अफसरशाही,बाबूगरी भागेगा।

चेलाः–आप धन्य हैं गुरुजी!आपने मेरे मन की सारी शंकाओं का समाधान बता कर तथा अपने मन के सारे गुबार निकालकर मुझे कृतार्थ किया।

गुरूजीः–तुम भी धन्य हो चेला जो आज के समय में पैदा हुए अन्यथा सत्तर साल,सत्तर साल करते–करते तुम्हारा सत्तर साल आ जाता और तुम निठल्ले सड़क पर घूमते फिरते राष्ट्रवादी राग छेड़ते रहते।

गुरु–चेला के बीच चल रहे वार्तालाप सुनकर ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर रहे अन्य शिक्षार्थी और शिक्षार्थियों को गाइड कर रहे उनके अभिभावक अपने–अपने माथा पकड़ कर बैठ गए क्या होगा इस देश का सोचने लगे!...

गुस्ताखी माफ राजनीति साफ

गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम
औरंगाबाद बिहार

संक्षिप्त समाचार

मौका देख चौका मारने की फिराक में प्रधान व सेक्रेटरी ने की सांठगांठ

समूह की महिलाओं द्वारा भर्ती में फेरबदल करने का लगा गंभीर आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 यह मामला विजयीपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा खेमकरनपुर बसई का है जुलाई– ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी से सांठगांठ कर सर्वजनिक सौचालय व मनरेगा मेट मे नियुक्त समूह की महिलाओं को फेरबदल करने में निभा रहे अपनी अहम भूमिका। मौका देख चौका मारने की फिराक में प्रधान व सेक्रेटरी ने की सांठगांठ। फायदा लेने की पूर्ण की तैयारी।

ग्राम सभा खेमकरनपुर बसई में 3 वर्ष से भुइया बाबा महिला स्वयं सहायता समूह बैंक ऑफ बड़ौदा टेनी से संचालित हो रहा। इस समूह की महिलाओं को सर्वजनिक सौचालय व मनरेगा मेट के पद की पूर्व में नियुक्त कर लिस्ट में नाम शामिल किए जा चुके थे नियम व शर्तों के अनुसार आवेदक कर्ता किसी समूह की सदस्य होना चाहिए और गरीब आर्थिक होनी चाहिए। प्रार्थिनी सुनीता देवी निवासी खेमकरनपुर बसई सभी अर्हतों को पूर्ण करती है इसलिए पूर्व में उन्हें सफाई कर्मी के पद पर न्यूक्ति दी गई थी।

लेकिन मौका देख चौका मारने की फिराक में वर्तमान प्रधान व सेक्रेटरी से सांठगांठ कर फायदा लेने की पूर्ण तैयारी में अनीता देवी पत्नी अरविंद कुमार पुत्र रामगोपाल (लेखपाल) जोकि वर्तमान समय में किसी भी समूह की सदस्या नहीं है का नाम सामिल किया गया है।

प्रार्थिनी सुनीता देवी ने भुईया बाबा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा नियुक्त में गड़बड़ी करने के संबंध में विकास खंड अधिकारी गोपीनाथ पाठक जी से लिखित शिकायत पत्र देकर पूर्व में नियुक्त की गई महिलाओं नियुक्त करने की मांग की और गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की विकास खंड अधिकारी गोपीनाथ पाठक जी द्वारा सही जांच करा कर और न्याय दिलाने व दोषी पर कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस द्वारा पत्रकार रईसउद्दीन के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर पत्रकारों ने जताई नाराजगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– आज जिला पत्रकार संघ/एसो की एक आवश्यक बैठक संघ कार्यालय में अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस बैठक में पत्रकार उत्पीड़न को लेकर चर्चा की हुई। इस बैठक में मान्यता प्राप्त पत्रकार रईस उद्दीन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया और मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी न किए जाने पर नाराजगी जताई गई। ज्ञात हो कि 13 जुलाई की रात्रि करीब 10 बजे मान्यता प्राप्त पत्रकार रईसउद्दीन पर हुए प्राणघातक हमले दौरान उन्हें गम्भीर चोंटें आई थी और एक पैर की दोनों हड्डियां टूट गई थी कोतवाली पुलिस ने नामजद व अज्ञात सहित कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया

था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी बात को लेकर आज पत्रकार एसोसियेसन की बैठक हुई।

बैठक में लिए गए निर्णय के तहत पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रहलाद सिंह को सौंपकर पत्रकार रईस उद्दीन पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी किए जाने के साथ ही अन्य पत्रकारों के उत्पीड़न के मामलों को भी प्रमुखता से उठाया। अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि २२ जुलाई तक कार्यवाई ना की गई तो २३ जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर तमाम पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महायोजना 2031 की बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई –फतेहपुर महायोजना 2031 विनिमित क्षेत्र की बैठक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फतेहपुर जनपद के विनिमित क्षेत्र का विकास कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य कराया जाए, जिले के संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर अपने–अपने विभाग का डाटा आई0एस0पी0आर0 पंचकुला फार्म को उपलब्ध कराए जिससे की विनिमित क्षेत्र का समय

से मास्टर प्लान बनाया जा सके । इसके लिए जनपद के अधिकारी आपस मे समन्वय कर हर बिंदु को जांच परख कर ही डाटा उपलब्ध कराए, जिससे कि विनिमित क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए । उन्होंने निर्देशित किया कि मास्टर प्लान बनाने वाली फर्म जिले के संबंधित अधिकारी से आपस मे समन्वय बनाते हुए समय से मास्टर प्लान तैयार करे, जिससे की आने वाले समय मे हर प्रकार से विनिमित क्षेत्र में फतेहपुर का विकास हो सके । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जोगेन्द्र सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पीओ डूडा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद फतेहपुर मीरा सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

हथगाम व्यापार मण्डल की नई कमेटी का हुआ गठन, राजेश गुप्त बने अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई – उ.प्र. व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हथगाम नगर इकाई का चुनाव बड़ी ही शांति ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप पधारे संगठन के प्रदेश मंत्री शिवचन्द्र शुक्ल। प्रदेश मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आप सभी को अवगत होगा कि हमारे हथगाम कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष संजय साहू जी का कोरोना के कारण आकस्मिक निधन हो गया था, जिसकी वजह से नए अध्यक्ष का चुनाव होना था,पर नगर के सभी व्यापारियों की सहमति पर सम्पूर्ण कमेटी का नया चुनाव हुआ क्योंकि कुछ लोग निष्क्रिय हो गए थे, जिन्हें पद मुक्त भी किया गया।सहमति बनी की सक्रिय व्यक्ति को ही पद पर जिम्मेदारी सौंपी जाए,जिस पर यह तय हुआ कि सर्वसम्मति कमेटी का नया चुनाव हो,जहां पर सर्वसम्मति से चुनाव के अध्यक्ष पद पर राजेश गुप्ता की तापजोशी की गई व महामंत्री पद पर एक बार पुनः राजेश यादव का चयन किया गया।साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आकाश साहू,उपाध्यक्ष पद पर मुन्नालाल चौरसिया, मेवालाल मौर्य,दयाराम, नंदकिशोर साहू,मंत्री पद पर अच्छन भाई,

बब्लू सोनी,रामजी दीक्षित, सलीम भाई, कमल नयन साहू,कोषाध्यक्ष पद पर एक बार पुनः अनिल शुक्ल चुने गए,जबकि संगठन मंत्री पद पर

क्रमशः लाल जी कश्यप,मो.मतीन,दिलीप कुमार,सर्वेश गुप्ता, मदन गुप्ता, का चयन हुआ,व मीडिया प्रभारी पद पर राकेश चन्द्र साहू जी चुने गए।वहीं युवा अध्यक्ष पद अनुराग अग्रहरी की तापजोशी हुई तो महामंत्री पद पर राजू तिवारी का पुनः चयन हुआ, युवा अध्यक्ष को आदेशित किया गया है कि 15 दिन के अंदर आप अपनी कमेटी की घोषणा करें।प्रदेश प्रभारी शिवचन्द्र शुक्ल ने आए हुए हथगाम नगर के सभी व्यापारियों के प्रति दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने जो इतना खुशनमा माहौल में शांतिमय ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने में अपना अहम योगदान दिया है, उसके लिए मैं आप सभी का सदैव आभारी रहूंगा,आप सभी को जब भी मेरी आवश्यक ता महसूस हो आप तुरंत सन्देश देना मैं आपलोगों के साथ आपकी हर समस्या व आपके हर दुःख सुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा।इस दौरान उनके साथ खागा व्यापार मंडल के संरक्षक कमलेश बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ शुक्ल,मंत्री मनोज शुक्ल,युवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ल, मौजूद रहें।

श्रमिक उत्थान हेतु उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने सहायक श्रम अधिकारी से की मुलाकात

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने प्रतिनिधि मण्डल के साथ श्रमिक उत्थान की दिशा में बातचीत करने श्रम विभाग पहुँचे।

नवनियुक्त सहायक श्रम अधिकारी सुमित कुमार जी से मुलाकात की।

स्वागत अभिनन्दन उपरान्त श्रमिको के उत्थान की जानकारी के साथ श्रमिकों के उत्थान में सहयोग करने की घोषणा की, उन्होंने जानकारी दी कि 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु के श्रमिक जिनकी मासिक आय पन्द्रह हजार रुपये से कम है पांच वर्ष में 60 रुपये पंजीयन शुल्क जमा करके 5 लाख तक का फ्री मेडिकल इलाज व 2 लाख रुपये का जीवन बीमा प्राप्त कर सकेंगे।

सहायक श्रम अधिकारी श्री सुमित कुमार जी के सहयोग से उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश श्रमिक कल्याण योजना के अन्तर्गत दिनांक 27 जुलाई दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 4 बजे शाम तक आई टी आई रोड यूसुफ क्लब के बगल फतेहपुर में श्रमिक कल्याण योजना शिविर का आयोजन कर रहा है, पात्र श्रमिक, आधार कार्ड, फोटो, नये व पुराने राशनकार्ड, बैंक खाता, की छायाप्रति, व मोबाइल नंबर देकर पंजीयन कराते योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही श्रमविभाग की अन्य योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन दाखिल कर सकेंगे, बैठक में सहायक श्रम अधिकारी श्री सुमित कुमार, वृक्ष कुमार गोविन्द, उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, युवा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी युवा जिला महामंत्री अशरफ अली सहित विभागीय सहयोगी उपस्थित रहे।

अंतर्जनपदीय वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने दिखाये अपने तेवर, उनकी अपराधों व अपराधियों पर नजर जम चुकी है क्योंकि उनके निर्देश में व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बिन्दकी पुलिस, एसओजी प्रभारी व उनकी टीम व थाना जाफरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने जोनिहा में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अंतर्राजीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के चार सदस्यों को चोरी की दो मोटर साइकिलों और चार देशी बम के साथ जोनिहा चौराहे से सुबह लगभग चार बजे पकड़ा। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर एक अन्य वाहन चोर शंकर निवासी कोरसम को पुलिस ने पकड़ा। चोरों की निशानदेही पर उनके कब्जे से और अठारह चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। वाहन चोरों ने पूछताछ के दौरान बताया कि विभिन्न स्थानों और दिल्ली से मोटरसाइकिल चोरी की थी। मोटरसाइकिलो के आगे पीछे धोखा देने के लिए नंबर प्लेटों को बदल दिया है और इनको

बेचने के लिए आए हुए थे । इन अभियुक्तों ने अपना गिरोह बनाकर लाभ के लिए मोटरसाइकिल की चोरी करके और नंबर प्लेट को बदलकर बेच देते थे। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया की लल्लू सोनकर पुत्र रामचरन और धर्मेंद्र पुत्र राधेश्याम का अपराधिक इतिहास रहा है । तीन अन्य अभियुक्तों का कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नही पाया गया हैं। उन्होनें टीम को पंद्रह हजार रुपए पुरुस्कार की घोषणा की। बिंदकी कोतवाल रवींद्र श्रीवास्तव और एसओजी प्रभारी विनोद मिश्रा के साथ उनकी टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया।

भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा भुजपुर गांव का बारातशाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स।

(बिवाँर) हमीरपुर। देश और प्रदेश की सरकार गांव के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।सरकारी बजट में लाखों करोड़ों रुपए गांव के विकास के लिए भेजे जाते है ताकि गांव का समुचित विकास कराया जा सके और गांव को विकास की धारा से जोड़ा जा सकें मगर गांव का विकास कराने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है वो अपनी जेब भरने में लगें है।ये अधिकारी गांव का विकास दिखाकर अपना विकास जरूर कर रहें हैं।ताजा मामला हमीरपुर जनपद के मुस्करा ब्लॉक अन्तर्गत आने वाले गांव भुजपुर का है ।

जहाँ पर बना नवीन बारातशाला भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया है।लाखों रुपयों की लागत से बनने वाला बारातशाला अभी पूरा बना भी नहीं है और महज चंद महीनों में ही दरारें पड़ गई है। एक तरफ से बारातशाला की छत भी धस गई हैं।हालात यह हैं कि वह कभी भी गिर सकता है और जिसमें कई लोगों की जाने भी जा सकती हैं।इस वजह से इस गांव के लोग बारातशाला में बारात नहीं रुका रहे है।ग्रामीणों की माने तो यह बारातशाला तीन वर्ष पहले बनना था गांव के सचिव और ग्राम प्रधान ने बारातशाला के रुपये निकाल कर हजम कर लिए थें जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की तब जिलाधिकारी के आदेश पर इसे आनन फानन में बनवाया गया । मगर फिर भी मानक के विपरीत बनाने के कारण इसकी दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई हैं और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं इसलिए बारातियों के लिए बनाई गई बारातशाला में आजतक एक भी बारात नहीं रुकी है।मगर सरकारी धन का जिस तरीके से बंदरबांट हुआ उसमें ग्राम प्रधान व सचिव के अलावा कई अधिकारी भी सम्मिलित होगें।बारातशाला बनाने में हुई धांधली में कौन कौन अधिकारी शामिल है यह जाँच का विषय है।अब सवाल यह कि बारातियों के रुकने के लिए बनवाई गई बारातशाला में अगर बारात रुकती है और कोई बड़ी दुर्घटना होती हैं तो उस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा।

गाजीपुर पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 15800 रू0 सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– थाना क्षेत्र गाजीपुर में चंचल सिंह पुत्र मलखान सिंह के मकान के सामने सड़क पर कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे थे इस सम्बन्ध में मौके पर दबिश देकर सभी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत 1. मोबिन पुत्र मजीद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी गाजीपुर मस्जिद के पास थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, 2.अंकित सोनी पुत्र स्व0 राधेलाल सोनी उम्र करीब 30 वर्ष नि0सुनार मोहल्ला कस्बा व थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, 3. कल्याण सिंह पुत्र स्व0 सत्य नारायण सिंह उम्र करीब 45 वर्ष निवासी कस्बा व थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, 4. अन्नू सोनी पुत्र कल्लू सोनी उम्र करीब 43 वर्ष निवासी कस्बा व थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, 5.चंचल सिंह पुत्र मलखान सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी कस्बा व थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर के विरूद्ध सुसंगत धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी को दौरान मौके से 52 अदद ताश के पत्ते व 15800/– रूपये भी बरामद किये गये।

विश्व हिन्दू परिषद ने की पुस्तक बैंक की शुरूआत

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के नेतृत्व में आज विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विजय शंकर जी के आवास 54 कृष्ण बिहारी नगर में पुस्तक बैंक खोला गया जिसका उद्देश्य गरीब हिन्दू बिना किताब के पढ़ने से वंचित न रह जाये प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले गरीब हिन्दू बच्चों को निशुल्क कंपटीशन की तैयारी की बुक निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी संचालन कर रहे हरी राजपूत ने बताया पुरानी बुक को रद्दी में ना बेचे बजरंगदल के बुक बैंक में दान करे जिससे किसी के उपयोग में आ सके विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विजय शंकर जी ने बताया बुक बैंक संगढ़न द्वारा पूरे देश मे खोला गया जिसका उद्देश्य सार्थक हो रहा है जिले स्तर

के बाद प्रखंड स्तर तक बुक बैंक खोलने की बजरंगदल की योजना है जिसमें सतीश शिवहरे विजय शंकर हिमांशु हरी राजपूत जीतू हरायण शानू सिंह मिंटू सोनी प्रशांत पुरवार विष्णु कसेरा रुद्र कश्यप अनुराधा श्रीवास्तव माया सिंह आदि रहे आनन्द तिवारी विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल फतेहपुर।

प्रधान हेमलता पटेल की ग्राम सभा सुजानपुर गाँव में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

स्थानीय लोगों में दिखा उत्साह, बढ़ चढ़ कर लोगों ने लगवाया कोविड सुरक्षा टीका

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई– ब्लॉक बहुआ के सुजानपुर में कैम्प लगवाकर प्रधान हेमलता पटेल ने ग्राम वासियों को कोविड–19 से बचाव को लेकर टीकाकरण शिविर का आयोजन कराया।

टीकाकरण शिविर में 18 वर्ष के युवाओं को लगभग 110 युवाओं को कोविड–19 का टीका लिया। साथ ही 45 वर्ष के 40 लोगों को टीका लगाए गए। टीकाकरण टीम में सीएचओ बहुआ पीएचसी कमल सिंह, एएनएम निर्मला देवी, आंगनबाडी रामदुलारी देवी, आशा बहू रश्मी पटेल और प्रेम कुमारी, सम्मिलित रहीं। वही इस टीकाकरण शिविर को सफल बनाने में ग्राम प्रधान हेमलता पटेल के साथ ग्राम पंचायत के मेंबर एवं स्थानीय ग्राम वासी निर्भय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, जैकी पटेल, मुकुल पटेल, सत्यम गोपाल, दीपक पटेल, शुभम, सीमा, रंजना, सुमन, प्रीती आदि मौजूद रहीं। लोगों ने बढ़ चढ़ कर इस कोविड टीकाकरण अभियान में हिस्सा लेकर टीका लगवाया ।

उत्तराखंड में एक हफ्ते और बढ़ा कोरोना कर्फ्यू, जानें- क्या रहेंगी पाबंदियां?

उत्तराखंड। उत्तराखंड में मंगलवार से कुछ और रियायतों के साथ कोविड कर्फ्यू एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है. साथ ही कुछ छूट भी दी गई हैं. प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता सुबोध उनियाल ने कहा कि अब उत्तराखंड के अंदर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए लोगों को कोविड की निगेटिव आरटी–पीसीआर या रैपिड एंटीजन जांच रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

मिशन रोजगार के तहत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर 19 जुलाई – मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयन /चयनित। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल 508 अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षक को मा0 मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से नियुक्ति पत्र वितरित किये ।

इस क्रम में जनपद फतेहपुर के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में मा0 खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री श्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 कारागार लोक सेवा प्रबंधन राज्यमंत्री श्री जय कुमार सिंह जैकी, मा0 विधायक बिन्दकी श्री करण सिंह पटेल, जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने संयुक्त रुप से 05 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियो(उदयभान, भास्कर सिंह, सतीश कुमार, देवासिका एवं किरन वर्मा)को नियुक्ति पत्र वितरित किये और सौरभ आर्या, आदित्य कुमार को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए ।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल 508 अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षको को चयन के उपरांत नियुक्ति पत्र दिए गए । प्रदेश के जनपदों में जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए । उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए विकास दल विभाग की अहम भूमिका होती है जिसमे पीआरडी को समान दिवसों व विभिन्न पर्वो में नागरिकों की सुविधा के लिए तैनात किए जाते है । हर व्यक्ति की अपनी क्षमता है परंतु इनको मार्गदर्शन देना होगा । सरकार ने 04 वर्ष में विभाग में सुधार करने का प्रयास किया है । 5500 युवा मंगल दल महिला/पुरूष का गठन किया गया है । प्रदेश में ग्राम पंचायत बोर्डो का गठन किया गया है पूरे प्रदेश में दिनाँक 20.07.2021 को नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों का शपथ समारोह होगा । उन्होंने कहा कि चयन की प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ हुई है और युवाओं को चयनित करके गांवों में भेजा जा रहा है के द्वारा खेलकूद व रचनात्मक कार्यो को बढ़ावा देंगे । कोरोना महामारी के दृष्टिगत बड़ा कार्यक्रम न करके वर्चुअल सम्पन्न किया गया है । निवेश 01 करोड़ 61 लाख क्षमता के अनुसार किया गया है 60 लाख स्वरोजगार दिए गए है । उन्होंने कहा कि युवा कल्याण विभाग गांव में रहने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। युवा मंगल दल द्वारा कार्य किये जा रहे है प्रत्येक राजस्व ग्राम तक पहुचाने का कार्य किया जा रहा है, के अलावा

स्वच्छता, रोजगार से जोड़ा जाए तभी ग्रामीण स्वराज्य की कल्पना साकार होगी । उन्होंने कहा कि केन्द्र/प्रदेश सरकार की योजनाएं चल रही है उन्हें समाज के अंतिम पायदान में खड़े आखरी व्यक्ति तक पहुचाये तभी पं0 दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार होगा होगा और प्रदेश आत्म निर्भर हो सकेगा । इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे ।

नव नियुक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों एवं व्यायाम शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए जाने हेतु आयोजित हुआ वर्चुअल कार्यक्रम

- इस कार्यक्रम द्वारा कुल 534 चयनित क्षेत्रीय युवा अधिकारियों एव व्यायाम प्रशिक्षको को आज दिया गया नियुक्ति प्त्र
- जनपद से चयनित 5 क्षेत्रीय युवा अधिकारियों को डीएम, एसपी, बरहज विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि के द्वारा दिया गया नियुक्ति पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया प्रवीण मिश्र

देवरिया। ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके माध्यम से पीआरडी जवानों, युवक एवं महिला मंगल दल एवं ग्रामीण युवाओं को खेलकूद के क्षेत्र में विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। उक्त विचार प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त किए। वे मिशन रोजगार के तहत 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी तथा सभी व्यायाम प्रशिक्षक अपने प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद की प्रतिभाओं को निकालेंगे तथा उन्हें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों का सामान्य दिनों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी योगदान रहता है। उनकी कठिन सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनका मानदेय बढ़ाया गया है। पिछले 4 वर्षों में युवा कल्याण एवं खेल के क्षेत्र में काफी सुधार का प्रयास किया गया है।

मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया खेलो अभियान के तहत 55000 मंगल दल को खेल सामग्री प्रदान की गई है। एक लाख से अधिक राजस्व गांव में खेल के मैदान, मिनी स्टेडियम तथा ओपन जिम की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित करके इस योग्य बनाया जाए ताकि वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में 05 युवा कल्याण अधिकारियों एवं व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेश के युवा कल्याण एवं खेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उपेंद्र तिवारी ने सभी का स्वागत किया तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। इस अवसर पर विभ्राट चंद्र कौशिक, प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। देवरिया जनपद में एनआईसी में जिलाधिकारी जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र, बरहज विधायक सुरेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने 05 चयनित युवा कल्याण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, जिला युवा कल्याण अधिकारीध्एसडीएम अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी सहित युवा कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में अरुण कुमार सिंह, विवेक गोड, अशोक चौबे, प्रियंका राय तथा सुनील कुमार गुप्ता जो इस जनपद से क्षेत्रीय प्रादेशिक युवा कल्याण अधिकारी पद पर चयनित हुए है, प्रमाणपत्र पाने वालो में सम्मिलित रहे। इन नव चयनितों को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, बरहज विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि के द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी तथा अपनी सेवाभाव से विभाग को गौरवान्वित व ऊचाईंयों पर ले जाने की अपेक्षा की गयी।

स्वयसेवकों ने किया पौधरोपण

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में हुआ यह कार्य
- चकरा उपाध्याय, मानुबरवा, शुक्लपुरा, तिलौली आदि गांवों में हुआ पौधरोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया प्रवीण मिश्र

बरहज,सलेमपुर,देवरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग के द्वारा विकास खण्ड भागलपुर क्षेत्र के चकरा उपाध्याय, मानुबरवा, शुक्लपुरा, भैदवा, तिलौली, टिकर, करौंदी,भोसिमपुर,पड़री गुर्राव, महंगी संग्राम गांव में जिले के लघु व सघन वन आयाम प्रमुख कुंदन कुमार चौबे के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पीपल, पाकड़, बरगद, नीम व बेल के सौ पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। चौबे ने कहा कि जल, वन एवं वायु पर्यावरण के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। इनका आपसी संतुलन जब भी बिगड़ेगा प्रकृति की नाराजगी बढेगी और इसका कोप भाजन सभी प्राणी को बनना पड़ेगा। कभी अति गर्मी, कभी अति वर्षण, कभी भूकम्प, कभी चक्रवात, कभी आंधी आदि जैसी आपदाओं का सामना मानव को करना पड़ेगा। ऐसे में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी को जागरूक हो आगे आना होगा तथा जल, वन व वायु को सुरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधों का लगाना ही नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा भी आवश्यक है। इसलिए पौधरोपण के बाद उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाना चाहिए ताकि वह रोपित पौध पेड़ बन सके। इस दौरान प्रमुख रूप से कुनाल उपाध्याय, अनन्त उपाध्याय, कौशल चौबे, आशुतोष उपाध्याय, छोटू शर्मा, अनुराग चौबे, आयुष उपाध्याय, राम केशवर उपाध्याय, अनुज चौबे, पियुष उपाध्याय मौजूद रहे।

21 सूत्री मांगों के समर्थन में शिक्षको ने किये 10 लाख ट्वीट

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

फफूंद,औरैया। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एक ही छत के नीचे काम करने वाले शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक रसोईया विशेष शिक्षक व नद कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के शिक्षकों विभाग की उत्पीड़नात्मक कार्यशैली से त्रस्त हैं शिक्षकों की पुरानी पेंशन छीन ली गई, प्रधानाध्यापकों के सवा लाख पद समाप्त कर दिए गए। पिछले 5 वर्षों से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है ,शिक्षामित्रों को शिक्षक से हटाकर फिर शिक्षामित्र बना दिया, अनुदेशकों का मानदेय 17000 से घटाकर 7000 कर दिया परिषदीय विद्यालयों के विशेष शिक्षक व रसोइया आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद इन समस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, पिछले डेढ़ साल से एस्मा लगा कर शिक्षक और कर्मचारियों के आंदोलन को कुचला जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एक ही छत के नीचे कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षामित्र , अनुदेशक, विशेष शिक्षक, रसोईया, कस्तूरबा गांधी के विद्यालयों के शिक्षको की 21 सूत्री मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन शिक्षा महानिदेशक को भेजा है। 1 महीने में इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो लखनऊ में बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदेशभर के शिक्षकों ने आंदोलन के प्रथम चरण में ट्विटर पर #Justice4Our 21Deman के हैश टैग अभियान चलाकर 10 लाख ट्वीट कर आंदोलन का शंखनाद किया । संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि यदि शीघ्र 21 सूत्री मांगों पर विचार नहीं किया गया,तो प्रदेश कार्य समिति के पदाधिकारी महा शिक्षा निदेशक कार्यालय पर धरना देने को बाध्य होंगे।ट्विटर अभियान प्रदेश के महामंत्री संजय सिंह कोषाध्यक्ष शिवा शंकर पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी संयुक्त महामंत्री यादव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। औरैया जनपद में भी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व अन्य शिक्षकों ने 21 सूत्री मांगों के समर्थन में जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, मंत्री अरविंद राजपूत ,कोषाध्यक्ष अशोक भास्कर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील यादव ,निर्मल पांडे, अनिल यादव ,ज्योति पाल ,कमलेश चतुर्वेदी आदि के नेतृत्व में 20000 ट्वीट कर आंदोलन का शंखनाद किया।

पत्रकार की पत्नी ने कोरोना वैक्सीन की ली पहली डोज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- कस्बे के कंचौसी मार्ग पर स्थित पी, एच,सी, अस्पताल में लगवाया कोरोना का टीका
- कोरोना का टीका लगवा ने से वायरस के फैलने का अंदेशा रहता है कम

फफूंद,औरैया। सोमवार को नगर के कंचौसी मार्ग पर स्थित महिला अस्पताल में कोरोना वैक्सीन टीकाकरण अभियान में लगातार तेजी देखी गई ।

वहीं लोगो में टीका करण कराने के लिए भारी उत्साह के साथ होड़ दिखाई पड़ी वहीं टीका करण अभियान के अंतर्गत कस्बे के कंचौसी मार्ग चौबे के तालाब के निकट स्थित महिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता की देख रेख में कोरोना टीका करण कराया जा रहा है।

कोरोना टीकाकरण करवाने के लिए नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी पत्रकार विमल कुमार पांडेय की पत्नी प्रतिमा पाण्डेय ने पी, एच, सी,पहुंच कर उत्साह पूर्वक कोरॉना वैक्सीन की पहली डोज लगवाई कोरोना टीका लगवाने के बाद प्रतिमा। पाण्डेय ने बताया कि इस टीके के लगवाने से कई फायदे हैं इस कोरोना महामारी के दौर में टीका लगवाने से वायरस के फैलने की क्षमता कमजोर पड़ जाती जिससे आस पड़ोस के लोगों में कोरोना फैलने का खतरा कम रहता है इस वैक्सीन के लगवाने से कोई परेशानी नहीं है ।

बल्कि यह एक सुरक्षित और कारगर दवा है इस वैक्सीन के लगवाने से में बिल्कुल ठीक व स्वस्थ हूं इसलिए सभी लोग टीकाकरण के लिए आगे आएं और कोरोना का टीका अवश्य लंगवाए इस मौके पर फार्मासिस्ट दीपक कुमार, एन,एम,एस, शिवेंद्र सिंह चौहान, प्राथमिक स्वास्थ्य सहायक, अवनीश कुमार, सी, एच,ओ, अंकिता पाल,ए, एन, एम, गुड्डी देवी , सी एच,ओ,छाया पाल, सफाई कर्मी सोनू कुमार आदि सहित पी, एच, सी,का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

महात्मा गांधी ग्रामीण राष्ट्रीय शिक्षा परिषद द्वारा प्रवक्ता डॉ विजय कुमार को बर्चुल मोड़ में किया जाएगा सम्मनित

अजीतमल,औरैया। सभी सम्मानित निजी महाविद्यालयों के हेड ऑफ डिपार्टमेंट को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23 जुलाई 2021 को महात्मा गांधी ग्रामीण राष्ट्रीय शिक्षा परिषद द्वारा जनपद औरैया के डायट प्रवक्ता डॉ विजय कुमार को जिलाधिकारी औरैया के द्वारा वर्चुअल मोड में सम्मानित किया जाएगा आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन मोड में कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कष्ट करें आपका बहुत आभार होगा क्योंकि जनपद औरैया के द्वारा जो कार्य किया गया है उसके बारे में जनपद के लोगों तक जानकारी पहुंचना अत्यंत आवश्यक है इस कार्यक्रम में जुड़ना सभी सुनिश्चित करें।

कुरबानी मजहब ए इस्लाम में इबादत और सुन्नत ए इब्राहीमी के साथ-साथ सुन्नत ए मुहम्मदी भी है : काजी ए शहर औरैया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- कोरोना गाइडलाइंस का पालन करने और बंद जगहों पर कुर्बानी करने की अपील की

फफूंद,औरैया। काजी ए शहर औरैया सैयद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती ने कुरबानी की फजीलत व अहमियत से अवगत कराते हुए कहा कि कुरबानी इस्लाम की निशानी और सुन्नत ए इब्राहीमी होने के साथ साथ सुन्नते मुहम्मदी भी है। इसीलिए ये कुरबानी अल्लाह तआला के यहां बहुत महत्व रखती है। कुरबानी के दिनों में प्रसन्नता पूर्वक कुरबानी करने और कुरबानी के लिए रुपए खर्च करने से ज्यादा कोई भी चीज अल्लाह तआला के यहां प्रिय और पसंद नहीं, कुरबानी कयामत के दिन नरक में जाने से बचाएगी । इस के साथ –साथ उन्होंने ये भी बताया कि कुरबानी का जानवर कयामत के दिन अपने बाल, सींगों और खुरों के साथ आकर पुल सिरात को पार कराने में सहायता करेगा, इतना ही नहीं कुरबानी के जानवर के हर बाल के बदले नेकी लिखी जाती है इस लिए हर उस शख्स (स्त्री व पुरुष) पर जो मुसलमान, मुकीम (स्थाई निवासी), बालिग, आजाद होने के साथ –साथ मालिक ए निसाब(धनवान) भी हो उस पर कुरबानी वाजिब है। अपने बयान को जारी रखते हुए उन्होंने बताया कि अगर ऐसा शख्स कुरबानी नहीं करता है तो हदीस में ऐसे शख्स के लिए कहा गया है कि वोह ईदगाह के करीब ना आए(अर्थात ईद की खुशियां न मनाये)। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हर उस शख्स को इस इबादत को अदा करना चाहिए जिसमें उपरोक्त सभी शर्तें पाई जाती हों ताकि वह अल्लाह व रसूल की नाराजगी से बचते हुए उन की रजामंदी हासिल करे।

काजी ए शहर औरैया सैय्यद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती ने देश के हालात और देश वासियों का खास खयाल रखते हुए कहा कि सरकार की कोरोना गाइड लाइंस का पालन करें और साथ ही इस शुभ अवसर पर कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे देशवासियों को किसी भी प्रकार की पीड़ा और ठेस पहुंचे, अंत में उन्होंने कहा कि सड़कों,आम रास्तों और मैदानों में कुरबानी ना करें बल्कि आड़ वाली जगह या चहार दीवारी में करें, लोगों की भीड़ भाड़ बिल्कुल इकट्ठा ना होने दें, सामूहिक कुरबानी ना करें, जानवर की कुरबानी करने के तुरंत बाद उसके मलवे को बस्ती से दूर किसी उचित स्थान पर गड्ढा खोद कर दफन करदें, और कुरबानी वाली जगह की तुरंत साफ सफाई कराएं, इस बात का मुख्य खयाल रखें कि कुरबानी से संबंधित कोई भी फोटो और वीडियो बिल्कुल ना बनाएं और सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचें। उन्हों ने तमाम मुसलमानों से इन बातों पर अमल करने की अपील की है।साथ ही ईद की इस खुशी के मौके पर गरीबों का ख्याल रखते हुए तमाम मुसलमानों से कहा कि अपनी कुरबानी के तीन हिस्से करें एक हिस्सा गरीब बेसहारा लोगों, दूसरा अपने अजीजों तथा तीसरा हिस्सा अपने घर पर रखें।

कार्यालय ग्राम पंचायत गाढ़ा विकास खंड बनकटा देवरिया

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत गाढ़ा विकास खण्ड बनकटा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/14 वा, 15 वा, 16 वा, 17 वा, वित्त तथा अन्य योजनाएं जिसमें धनराशि प्राप्त है अथवा प्राप्त होना संभावित है कि वर्ष 2021–22 में स्वीकृत कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक्स, सदा बालूमोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पेंट, वायरिंग समान, पत्थर साइन बोर्ड, लोहा साइन बोर्ड, ह्युम पाइप, स्ट्रीट सोलर लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, एस ओ बी ब्रिक्स आदि हैंडपंप इंडिया मार्का–2 से संबंधित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27.07.2021 को अपरान्ह दो बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाल सकता है जो उसी दिन शाम 03बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। नियम व शर्तें–4 जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा सूचित किया जाएगा। 2–वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा। ३–ग्राम पंचायत द्वारा निविदादाताओ की उपस्थिति में निर्धारित तिथि व स्थान पर टेंडर खोला जाएगा। 4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के अंतर्गत कार्यस्थल पर अपने साधन से करना होगा। 5–सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश पर ही की जाएगी। 6– नियम व शर्तें निविदा फार्म में वर्णित हैं। 7–टेंडर निरस्त करने का अधिकार ग्रा. पं. सचिव के पास सुरक्षित है।

राम प्रसाद
ग्राम प्रधान, गाढ़ा, देवरिया

रजनीश कुमार
सचिव, गाढ़ा, देवरिया

संक्षिप्त समाचार

वैक्सीन टीका लगवाने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपार रानी युवाओं की काफी भीड़ प्रतिदिन लग रही है लंबी लाइन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता भाटपार रानी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए दिन वैक्सीन टीका लगाने प्रतिदिन लंबी लाइन लग रही है लोगों में जागरूकता बढ़ती जा रही हैं युवा वर्ग पूर्ण रूप से वैक्सीन का टीका लगवा रहे हैं लेकिन कुछ लोग काफी भीड़ के चलते वैक्सीन का टीका लगवाने में असमर्थ हो जा रहे हैं।

अब प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होगा थाना समाधान दिवस

- कोविड–19 के प्रोटोकाल का अनुपालन की होगी अनिवार्यता

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया प्रवीण मिश्र

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने शासन के निर्गत पत्र के हवाले से बताया है कि अब थाना समाधान दिवस प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को कोविड–19 के प्रोटोकाल के अनुपालन के साथ आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने इस परिप्रेक्ष्य में कहा है कि थाना दिवस/समाधान दिवस में प्राप्त जन सामान्य की समस्याओं का 5 दिन में प्रत्येक दशा में निस्तारण किया जाना होगा एवं जनपद स्तर पर थाना दिवस की समीक्षा हेतु नामित नोडल एएसपी स्तर के अधिकारी करेगें तथा पूर्व थाना दिवस में समस्याओं के निस्तारण की सूचना जन सामान्य को देने के भी व्यवस्था करना होगा। थाना दिवस ऐसी खुली जगह पर आयोजित की जाए, जहां पर आवेदकों को सोशल डिस्टेसिंग के साथ पालन करते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो। आयोजन के पूर्व सैनेटाइजेशन का कार्य अवश्य कराया जाए। आवेदकों द्वारा मास्क एवं सैनेटाइजर का प्रयोग अनिवार्य रुप से की जाएगी। आवेदकों को शासन द्वारा कोविड–19 महामारी को रोकने हेतु निर्गत आदेशों से हेल्प डेस्क स्थापित कर यह भी बताया जाए कि मास्क का उपयोग न किए जाने पर दण्ड का प्राविधान है। प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग की जाए। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी एवं आवेदक में कोविड–19 के लक्षण पाए जाने पर सीएमओधजिला चिकित्सालय को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने शासन के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में जनपद में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुपालन के साथ आयोजित कराए जाने का निर्देश दिए है। उन्होने कहा है कि आने वाले जन फरियादों की सुनवायी पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए उसका निस्तारण भी अनिवार्य रुप से सुनिश्चित हो, इस पर विशेष रुप से ध्यान दिए जाए।

टाउनहाल आडिटोरियम में डीएम के निर्देशानुसार आयोजित हुआ सीएससी संचालकों की कार्यशाला

- सभी को शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के दिए गए सख्त निर्देश
- एक सप्ताह में शून्य प्रगति वाले सीएससी संचालकों का लाइसेन्स निरस्त किए जाने हेतु किया गया आगाह

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया प्रवीण मिश्र

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन के निर्देशानुसार टाउनहाल आडिटोरियम में आयुष्मान कार्ड को बनाये जाने में और तेजी लाए जाने के लिए सीएससी संचालकों की एक कार्यशाला अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होने सभी संचालकों को निर्देश दिया कि वे प्रमुखता के साथ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं तथा उन्होने आगाह भी किया कि एक सप्ताह में जिस किसी सीएससी केन्द्र द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाएं जाने की शून्य स्थिति पायी जाएगी, तो उसके लाइसेन्स निरस्त कर दिए जायेगें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यन्त महत्वकांक्षी एवं जरुरतमंदो के स्वास्थ्य, इलाज आदि के लिए उपयोगी योजना है, इससे वे अपनी बीमारियों का निःशुल्क इलाज करा सकेगें। ऐसे पुनित कार्यो में मानवीय दृष्टिकोण एवं नैतिक कर्तव्य बोध का परिचय देते हुए अधिक से अधिक लाभार्थी परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाएं और जनपद को इस योजना में गौरवमयी प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी भागीदारी निभाए। उन्होने यह भी कहा कि यदि कोई कठिनायी आए तो डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डा राकेश पाण्डेय, अमरदीप श्रीवास्तव, आशीष सिंह तथा सीएससी मैनेजर अभिमन्यू शर्मा, गौरव पाण्डेय, लोकेश कुमार आदि के संज्ञान में लाएं और उसका समाधान कराते हुए कार्ड को अधिकाधिक रुप में बनाएं, जिससे जनपद की लक्ष्यपूर्ति शतप्रतिशत हो सके। इस दौरान सीएससी के विभिन्न कार्यदायित्वों के प्रबंधकों एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोआर्डिनेटर द्वारा तकनीकी जानकारियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। आयुष्मान कार्ड बनाने में के0वाई०सी० के समय निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्यं : सबसे पहले पात्र लाभार्थी की के0वाई०सी० करें, जिनका नाम आयुष्मान लिस्ट में हो। जिस व्यक्ति का के0वाई०सी० हो रहा है उसका नाम पी०एम० व सी0एम0 लेटरध् राशन कार्ड और आधार कार्ड में सही होना चाहिए। गोल्डेन कार्ड की के0वाई०सी० करते समय सही डाक्यूमेन्ट जैसे–पी०एम० लेटरध् राशन कार्ड ही अपलोग करें। प्लास्टिक कार्ड कतई अपलोड न करे। जिस लाभार्थी की के0वाई०सी० किया जा रहा है उसका नाम पीएम सेंटर या राशन कार्ड में होना चाहिए। पात्रता के अन्तर्गत लाभार्थी का नाम 2011 की सेक सूची में होना अनिवार्य है।

संक्षिप्त समाचार

महोबा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा/कारतूस सहित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

महोबा ब्यूरो मोहम्मद सरफराज। एसपी के निर्देश में चलाये जा रहे अवैध शस्त्रो की बरामदगी व शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 कोतवाली महोबा बलराम सिंह द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर अभियुक्त 1. रवि

कुमार प्रजापति पुत्र गनपत उम्र 18 वर्ष, नि0 मो0 बन्धानवार्ड थाना कोतवाली जनपद महोबा 2. शिवम चौरसिया पुत्र विजय चौरसिया उम्र करीब 19 वर्ष, नि0 मो0 इमलीबरा थाना कोतवाली जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया । जामा तलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस 12 बोर बरामद किया गया । जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 327/21 व 328/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगणो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों तथा व्यायाम प्रशिक्षकों को दिये गये नियुक्ति

कानपुर देहात 19 जुलाई 2021

मिशन रोजगार निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित युवा

कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग में 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। एनआईसी कलेक्ट्रेट कानपुर देहात में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व अकबरपुर रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा जनपद कानपुर देहात के ग्राम नसीरपुर की बंदना, रायपुर के निधि पाण्डेय, यूपीएसआईडीसी जैनपुर के आशुतोष मिश्रा, पटेल नगर अमरौधा के नफीस अहमद को नियुक्ति पत्र दिया गया तथा 2 लोग अनुपस्थित रहे, इस मौके पर इस मौके पर पीओ सत्येंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने तमंचे के साथ एक अभियुक्तको किया गिरफ्तार

बबेरु/बांदा। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान के मार्गदर्शन एवं बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी सियाराम के

कुशल पर्यवेक्षण में बिसंडा थाना प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। रात में गश्त के दौरान अभियुक्त राजेंद्र उर्फ बुल्लू पुत्र राम खेला वन निवासी मिलाथू थाना बिसंडा के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तमंचा बरामद व कारतूस के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ बिसंडा थाने पर धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह उप निरीक्षक धनंजय सरोज कांस्टेबल नीरज मौजूद रहे।

केडमिक काउन्सिल की बैठक में विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुआ विचार

बांदा। सोमवार को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एकेडमिक काउन्सिल की 22वीं बैठक माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस

विश्वविद्यालय, के कुलसचिव डा0 एस0के0 सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एकेडमिक काउन्सिल की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के द्वितीय सेमेस्टर की शैक्षणिक गतिविधियो जैसे– आनलाइन कक्षाओं की प्रगति आख्या, ऑनलाइन परीक्षाओं के आयोजन की रणनीति, इम्प्रूवमेन्ट परीक्षाओं के आयोजन की तिथियों एवं प्रारूप पर विस्तृत चर्चा कर रूप रेखा का निर्धारण किया गया। बैठक में इस सत्र में कोविड–19 महामारी के कारण उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार इस शैक्षणिक सत्र में भी ऑनलाइन परीक्षायें आयोजित की जायेगीं जिसके परीक्षा के लिए प्रश्न–पत्रों एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्रारूप एवं अंकों के निर्धारण पर भी एकेडमिक काउन्सिल द्वारा निर्णय लिया गया। शासन के द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020–21 के द्वितीय सेमेस्टर का शैक्षणिक कलेण्डर भी जारी किया गया। चारो महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, सह अधिष्ठाताओं के द्वारा उनके महाविद्यालयों में चल रहे शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गयी।

हार-जीत की बाजी लगा रहे दर्जनभर जुआरी गिरफ्तार

बबेरू थाना पुलिस ने की कार्यवाही

बबेरु/बांदा। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान के मार्गदर्शन एवं बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी सियाराम के कुशल पर्यवेक्षण में बिसंडा थाना

प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में गस्त किया जा रहा था। तभी हार और जीत की बाजी लगाते हुए 12 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 52 पत्ते की ताश गड्डी 3020 व जमा तलाशी में 720 बरामद की गई है। जिनमें अभियुक्त अरविंद सिंह ,राजकुमार, संदीप वर्मा ,दीपू वर्मा ,चुन्नू वर्मा, संतराम, देवी सिंह, चंद्र भवन हासिन, दीपक वर्मा, रामचंद्र, मनोज कुमार, इन सभी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वही गिरफ्तार करने वाली टीम में नरेंद्र प्रताप थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक सत्यवेद्र सिंह , हेडकांस्टेबल प्रेम सागर मौर्य, कांस्टेबल राहुल राजपूत, सूर्यांश, हेमंत, आशीष, राजू, आदर्श आदि मौजूद रहे।

सीएचसी जसपुरा की धांधली के खिलाफ आप का प्रदर्शन

☒ सीएमओ को ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग

☒ बांदा। सोमवार को आम आदमी पार्टी बांदा द्वारा जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डाक्टर संदीप पटेल की मनमानी व अनैतिक कार्यों की वजह से जसपुरा ब्लाक की ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने चंदवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से बिना किसी शासनादेश के डाक्टर को हटा लेने व फर्जी अंकपत्र के आधार पर एक सुपरवाइजर को नौकरी कराने के संबंध में मुख्यचिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए करवाई न होने की स्थिति में आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन व अनशन को बाध्य होगी । इस मौके पर

आप प्रदेश उपाधयक्षध्प्रभारी बुंदेलखंड (किसान प्रकोष्ठ) पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले आप छात्र विंग प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह कछवाह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (यूथ विंग) योगराज सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य महेश प्रताप सिंह चंदेल किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गजराज सिंह राजपूत वाचस्पति मिश्रा आदि साथी मौजूद रहे।

आकाशीय बिजली गिरने से किसान सहित दो मवेशियों की मौत

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ओरनध्बांदा। बिसंडा थाना अंतर्गत अंतर्गत सिंहपुर के परसितपुर निवासी गुलाब यादव 50 पुत्र शिव प्रसाद आज सोमवार दोपहर खेतों अपने मवेशी लेकर खेतों में चराने गया था की अचानक हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली के चपेट में आकर गुलाब यादव तथा उसकी एक भैंस एवं गाय की घटना स्थल पर मौत हो गई। पास में जानवर चरा रहे किसानों ने परिजनों को सूचना दी सूचना परिजनों के घटनास्थल पहुंचने पर देखते ही कोहराम मच गया।ज्ञात हो कि मृतक के पास एक लड़का तथा पांच लड़कियां हैं सभी अविवाहित है। पत्नी संतोषा सहित परिजनों का घटना के बाद से रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पास 2 एकड़ खेती थी जिसमें खेती करके परिवार पालता था। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों की सूचना पर पर घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार कमलेश कुमार एवं हल्का लेखपाल जगदीश पटेल तथा ग्राम प्रधान राममिलन शिवहरे ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक मदद दिलाए जाने का भरोसा दिया।

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग नव चयनित व्यायाम प्रशिक्षक तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं विकास दल अधिकारियों की नियुक्ति पत्र

कानपुर नगर दिनांक 19 जुलाई, 2021 । श्रीमती आरती जायसवाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग नव चयनित व्यायाम प्रशिक्षक तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं विकास दल अधिकारियों की नियुक्ति पत्र के ऑन लाइन वितरण कार्यक्रम के दौरान जनपद कानपुर नगर के एन0आई0 सी0 में मा0 मन्त्री जी श्रीमती नीलिमा कटियार जी, मा0 विधायक बिल्हौर श्री भगवती सागर जी, मा0 विधायक घाटमपुर श्री उपेन्द्र पासवान जी, तथा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री महेन्द्र कुमार द्वारा अपने कर कमलों से जनपद के नव चयनित 13 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले अधिकारियों में श्री प्रकाश सिंह कुशवाहा, श्रीमती शिवा तिवारी, आशीष कुमार हिमेन्द्र गौतम, राहुल वर्मा, अनुराग, नैनशी कौशल , पायल कुमारी, अपूर्वा सिंह, अस्मिता सिंह, अंशिता श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार रहे।

जिला युवा कल्याण एवं प्रा0 वि0 द0 अधिकारी श्रीमती आरती जायसवाल द्वारा बताया गया कि पूरे प्रदेश में 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षक चयनित हुए है । जिसमें जनपद कानपुर नगर के 9 रिक्त पदों के सापेक्ष 07 पदों पर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0 वि0 द0 अधिकारी एंव 01 रिक्त पद पर व्यायाम प्रशिक्षक की नियुक्ति हुई है। मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा एवं आमंत्रित जनपद प्रतिनिधियों द्वारा नव चयनित अधिकारियों को बधाई दी गयी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु रोजगार, खेलकूद एवं युवक व महिला मंगल दलो के माध्यम से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाये दी गयी।

आरएसएस की बैठक में विनविहार कार्यक्रम की चर्चा

बबेरू/बांदा। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के तत्वाधान में वनविहार कार्यक्रम बाकल की जोगनी माता के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता संजय सिंह जिला कार्यवाह रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजय ने अपने उदबोधन में कहा कि वन विहार कार्यक्रम जुलाई माह में संघ के स्वयंसेवकों की सक्रियता के लिए आयोजित होते है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक आबादी से बाहर प्राकृतिक वातावरण में स्वयं भोजन बनाते है स स्वयंसेवक खेल, शारीरिक कार्यक्रम, गीत सुभाषित अमृत वचन के द्वारा समूह में सामूहिक कार्यक्रम करते व गुरु पूर्णिमा से लेकर आगामी सत्र की योजना के बारे में चर्चा करते है स स्वयंसेवक संघ की भारत माता की जय बोलते व उसके लिए कार्य करते है स संघ की शाखा स्वयं की साधना स्थली व व्यक्ति निर्माण का केन्द्र है। संघ नित्य शाखा के माध्यम से स्वयंसेवको को संस्कारित करता है व समाज मे राष्ट्रीय भाव उत्पन्न हो इसके लिए कार्य करता है स इस मौके पर अकित शिवहरे, चौयरमैन विजयपाल सिह, विजय

विक्रम, सुधीर कुशवाहा, चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, वेदमित्र, अंकित पटेल, अभय सोनी, अमरनाथ प्रजापति, अशोक शिवहरे, सत्येन्द्र अग्निहोत्री, आशीष आदि रहें।

झमाझम बारिश खुशगवार हुआ मौसम, कई इलाकों में जलभराव ने बढ़ाई दुश्वारी

☒ बांदा। रविवार और सोमवार को मानसून की झमाझम बारिश हुई। तकरीबन आधे घंटे की झमाझम बारिश से शहर पानी–पानी हो गया। शहर के लोहिया पुल, अलीगंज आदि इलाकों में गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। लोगों को परेशानी जरूरी हुई, अलबत्ता गर्मी से राहत मिलने पर लोग गदगद नजर आए। लोगों ने कहा कि नगर पालिका की ओर से नाले और नालियों की सफाई में महज खानापूरी की गई है।

तकरीबन एक सप्ताह से जबरदस्त गर्मी से जूझ रहे

लोगों को उस वक्त राहत मिली जब इंद्रदेव मेहरबान हो गए और शाम तकरीबन पांच बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का दौर चला। बूंदाबांदी के दौरान लोग अपने घरों से बाहर निकले और बारिश का आनंद लेते रहे। झमाझम बारिश के चलते शहर की डीसीडीएफ गली, स्वराज कालोनी की गली नंबर दो और तीन एक तरह से तालाब बन गईं। कई बाइक सवार इन गलियों में पानी की वजह से गिरकर चोटहिल हो गए। आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के जीआईसी ग्राउंड में भी तकरीबन दो फिट तक पानी भरा नजर आया। जलभराव से लोगों को दिक्कत जरूर हुई, लेकिन गर्मी से राहत मिलने पर लोगों के चेहरे खिले नजर आए। जबरदस्त बारिश की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी निचले इलाकों में बसे लोगों को उठानी पड़ी। वहां लोगों के घरों में पानी घुस गया। इस वजह से लोग बाल्टियों के सहारे घरों में घुसा पानी बाहर फेंकते नजर आए। गौरतलब हो कि नगर पालिका द्वारा नाला और नाली सफाई अभियान में लापरवाही की गई है, इसी वजह से जरा सी बारिश हो जाने पर नाले और नालियां उफना जाती हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जसपुरा में रविववार को तमंचे से चली गोली 16 वर्षीय किशोरी को लगी, मौत

ब्यूरो पुष्पेन्द्र कुमार,

जसपुरा में रविववार को तमंचे से चली गोली 16 वर्षीय किशोरी के पेट में जा लगी। लहूलुहान हालत में पहले उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर देख यहां के डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया था। कानपुर में उसकी मौत हो गई।

जसपुरा थानाक्षेत्र के झझरीपुरवा निवासी उदयवीर की बेटी प्रिंयाशी (16) रविवार सुबह करीब आठ बजे अपने कमरे में थी, तभी उसके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिजन कमरे की ओर दौड़े। प्रिंयाशी लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पास में तमंचा पड़ा था। गोली उसके पेट को चीरते हुए बाहर निकल गई थी। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख कानपुर रेफर कर दिया था। शाम को कानपुर में उसकी मौत हो गई। वहीं, किशोरी को गोली लगने के बाबत घरवालों ने कोई भी जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया। जसपुरा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तमंचे को कब्जे में लिया गया है। गोली किशोरी को कैसे लगी। इसकी जांच की जा रही है। किशोरी गंभीर थी। इस वजह से कोई पूछताछ नहीं हो सकी। मामला संदिग्ध लग रहा है।थाना प्रभारी ने दावा करते हुए बताया कि गोली किशोरी को सुबह लगी थी। उसे काफी देर बात सीएचसी ले जाया गया। देर होने के कारण उसकी हालत काफी नाजुक हो चुकी थी। वहीं, बताया जा रहा है कि सुबह घर पर मां, बहन और बहनोई ही घर पर थे।

सीटीआई से नौरैया खेड़ा तक जाने वाली नहर को पक्का कराने के सम्बन्ध में सीएम को प्रतिवेदन

आज गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नौरायया खेड़ा से सीटीआई तक जाने वाली कच्ची नहर को पक्का कराने के संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से उनके लखनऊ आवास 5 कालिदास मार्ग में मिलकर उनको एक प्रतिवेदन सौंपा ।

विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मा मुख्यमंत्री जी से कहा कि, किसी समय कानपुर शहर के काफी दूर एवं बाहरी भाग से निकलने वाली एवं वर्तमान में शहर के फैलाव के बाद, शहर के बीचों बीच से निकलने वाली, आज भी कच्ची नहर के बार–बार कट जाने (ओवर फ्लो) से, जान माल के भारी नुकसान की दहशत, बराबर जनता में बनी रहती है व भारी नुकसान भी होता है। तथा

उक्त नहर के पानी का, कच्ची झोपड़ियों के अन्दर घुस जाने से गरीब–बच्चों, बुजुर्ग, महिलाये विभिन्न प्रकार की भीषण बिमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। जिसके कारण कई बार मजबूर गरीबों की जान भी चली जाती है।

विधायक ने कहा कि, उक्त नहर के माध्यम से कानपुर से लगभग 150 से 200 कि.मी. दूर तक के, फतेहपुर, जहानाबाद, घाटमपुर आदि जिलों के किसानों को सिचाई के लिये टेल तक पानी पहुँचता है। इसलिये नहर में पानी का तेज बहाव, बराबर रहता है। उक्त नहर के दोनो तरफ घनी बस्तियों में 50 हजार से ज्यादा गरीब लोग निवास करते है। यह नहर नौरैय्या खेड़ा से सी.टी.आई. चौराहा होते हुये जाती है। और बार–बार ओवर फ्लो होती है। जिसके कारण प्रत्येक 2–4 महीनों में एक बार कट कर भीषण पानी से जलमग्न हो जाने के कारण, लोगों (आम जनता) में बराबर दहशत बनी रहती है।

विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मा. मुख्यमंत्री जी से निवेदन करते हुये कहा कि, रीवर फ्रन्ट के तर्ज पर इस नहर को भी पक्की कर, हरियाली एवं मार्गप्रकाश, दोनों तरफ चकर टाइल्स की सड़क देकर, एक अनूठा कानपुर के एतिहासिक स्थल का निर्माण, जनहित में कराने की कृपा करें

और, विधायक ने उक्त नहर को नमामि गंगे योजना या स्मार्टसिटि योजना या अन्य किसी योजना में, रीवर फ्रन्ट की तर्ज पर बनवाने का आग्रह किया। जिससे कानपुर के इतिहास में, कानपुर वासियों के लिये एक अनूठा तोहफा होगा। और साथ ही, गरीब दहशत जदा जनता को, जान–माल के नुकसान से भी चिन्ता मुक्त करेगा।

रामा नन्द पाठक
सीनियर रिपोर्टर

जनपद के चयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को नियुक्तिपत्र किया वितरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों एवं 26 व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में संपन्न हुआ। लखनऊ में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इन चयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियो एवं व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस कार्यक्रम का जनपद हमीरपुर में एनआईसी के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण देखा गया तथा इस मौके पर जनपद के 3 चयनित युवक कल्याण अधिकारियों में से बिवांर के अमर सिंह, धनौरी, राठ के शिव शंकर व सदर विधायक युवराज सिंह एवं राठ विधायका मनीषा अनुरागी द्वारा एनआईसी में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त रुप से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इन दो चयनित अभ्यर्थियों के अलावा भरुवा सुमेरपुर की चयनित महिला अभ्यर्थी प्रतिभा को लखनऊ में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इस प्रकार जनपद में कुल 03 व्यक्तियों का चयन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पद पर हुआ है। जिन्हें आज नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है।

इस मौके पर सदर विधायक एवं राठ विधायक ने कहा कि अब गांव में युवक मंगल दलों से युवाओं को जोड़ने में तेजी आएगी तथा खेल को प्रोत्साहन मिलेगा। कहा कि खेल के क्षेत्र में अब प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा गांव का हर युवा को खेल से जोड़ने में सहूलियत मिलेगी।

इसके अलावा विभाग के अन्य कार्यों में तेजी आएगी। कहा की वर्तमान प्रदेश सरकार सभी प्रकार की भर्तियां निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से की जा रही है। मिशन रोजगार के तहत अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरी दी जा रही है।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी विकास मौजूद रहे।

थाना अमेठी पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.07.2021 को उ0नि0 सोहनलाल थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछितध्वारण्टी व देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 128/21 धारा 323,506,308,147,148 भादवि में वांछित अभियुक्त अतुल यादव पुत्र स्व0 बलराम यादव नि0 मन्धर पट्टी थाना व जनपद अमेठी को अन्तु बाईपास रोड़ से समय 10रू30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना अमेठी द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

देव बोस बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष-फूल माला पहना कर हुआ स्वागत

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। समाजवादी पार्टी मे संघर्षो के दम पर युवाओं के प्रेणा स्त्रोत झूंसी निवासी देव बोस को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन के बाद मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया।देव बोस के मनोनयन पर सैकड़ो युवाओं ने बधाई दी।देव बोस ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के उपाध्यक्ष बनने के उपरान्त डॉ राम मनोहर लोहिया व बाबू जवाहर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष का और व्यापक तरीके से विरोध करने और सड़को पर उतर कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर आन्दोलन खड़ा करने की बात कही।देव बोस ने राष्ट्रीय नेत्रित्व के प्रति आभार भी जताया।बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव,महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन,रामवृक्ष सिंह यादव,बासूदेव देव यादव,डॉ मान सिंह यादव,रविन्द्र यादव,सै०मो० अस्करी,मो०शारिक,देवी पटेल,रोहित यादव,बच्चा पासी,आबिद अली,औन जैदी,पंकज पाण्डेय,इरशाद हुसैन,पिंकू तिवारी,शान्तनू तिवारी,प्रदीप यादव आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

डीम्ड यूनिवर्सिटी प्रयागराज के डॉ आफताब आलम बने सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार प्रयागराज के दरियाबाद निवासी डॉ आफताब आलम (प्रोफेसर डीम्ड यूनिवर्सिटी इलाहाबाद एग्रीकल्चर नैनी) को समाजवादी शिक्षक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया।लखनऊ प्रदेश कार्यालय मे शिक्षक सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक मे शिक्षक सभा के राष्ट्रीय महासचिव कुल्दीप यादव ने राष्ट्रीय नेत्रित्व के अनुमोदन के उपरान्त नियुक्ति पत्र सौंप कर बधाई दी।डॉ आफताब आलम को शिक्षक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रयागराज के सपाईयों ने जहाँ डॉ आफताब आलम को बधाई दी वहीं उनके मनोनय पर खुशी जताते हुए राष्ट्रीय नेत्रित्व के प्रति आभार भी जताया।बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव,महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन,विधान परिषद सदस्य बासूदेव यादव,डॉ मान सिंह यादव, रामवृक्ष यादव,मो०शारिक, सै०मो०अस्करी,मशहद अली खाँ,औन जैदी,शिव यादव,देव बोस,बच्चा पासी,देवी सिंह पटेल आदि नेताओं ने बधाई देते हुए डॉ आफताब आलम के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शिवाजी नगर मॉडल शाप फायरिंग मामले में तीन नामजद गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में की थी फायरिंग

रायबरेली ब्यूरो। बीते दिन थाना मिल एरिया क्षेत्र में मॉडल शाप के पास हुई फायरिंग की घटना में वांछित तीन नामजद आरोपियों को मिल एरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि अनूप कुमार पुत्र सुरेश चंद्र यादव निवासी गांव पूरे बड़जोर मजरे बैतोरा थाना डीह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अनूप कुमार, मोहम्मद अनीस पुत्र रईस निवासी बड़ा घोसियाना थाना कोतवाली नगर तथा बबलू घोसी पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी नया पुरवा थाना कोतवाली नगर साथ मे शिवजी नगर स्थित मॉडल शाप पर एसी रिपेयरिंग का पैसा लेने गए थे तभी वहां सूर्यप्रताप यादव उर्फ रिंकू पुत्र रामबहादुर यादव निवासी पूरे कंवली मजरे पीठाई थाना डीह व उसके साथी रविन्द्र प्रताप यादव उर्फ लारा पुत्र रामबहादुर यादव निवासी पूरे कंवली मजरे पीठाई, राहुल पाल पुत्र शिवशंकर पाल निवासी गड़रिया का पुरवा थाना मिल एरिया, मनोज कुमार पुत्र रामकुमार यादव निवासी हिमांचल का पुरवा मजरे रामपुर जमालपुर थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी ने अपने दो अन्य अज्ञात साथियों संग मिलकर पुरानी रंजिश में हमला बोल दिया। घटना में रविन्द्र प्रताप यादव ने अनीस के सिर पर बीयर की बोतल मार दी जिससे अनीस का सर फुट गया। उसके बाद सूर्यप्रताप उर्फ रिंकू ने अनीस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया जिसकी बुलेट अनीस की गर्दन में लगी। शोर शराबा होने पर सूर्यप्रताप और उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

तहरीर मिलने पर मिल एरिया पुलिस ने धारा 147, 307,323,352,504,506 के अंतर्गत मुकदमा कायम करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को थाना मिल एरिया , एसओजी और सर्विलांस की टीमो के संयुक्त प्रयास से सुल्तानपुर रोड पर दाउदनगर से सूर्यप्रताप यादव उर्फ रिंकू, राहुल पाल

तथा अभिषेक तिवारी को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त सूर्यप्रताप यादव थाना डीह का हिस्ट्रीशीटर है जिसके पास से गिरफ्तारी के समय एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए है जबकि राहुल पाल के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त एक अपाचे व एक पल्सर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। सभी को घटना से संबंधित मुकदमे में जेल भेज दिया गया है।

देव चेरिटेबल ट्रस्ट वा अमर उजाला ने लगाया ब्लड डुनेशन कैम्प

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। देव चेरिटेबल ट्रस्ट वा अमर उजाला के तत्वावधान में इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन चौरिटेबल ब्लड बैंक सिविल लाइंस में आज ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया सुबह 11 बजे से ही लोगो ब्लड दान करने के लिए आने लगे सबसे पहले देव चेरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक श्रीमती अवंतिका टंडन ने अपना खून दान कर इस कैम्प का उदघाटन किया ।

उसके बाद अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मण्डल की महामंत्री श्रीमती पल्लवी अरोड़ा,विक्की टंडन , दीपेश सिंह, राहुल सिंह, लकी श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, पीयूष तिवारी,अमित कुमार, राहुल श्रीवास्तव, सुभम वर्मा, पंकज चौधरी ने ब्लड दान किया। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रमेश केशरवानी ने कहा कि जिस तरह से अवंतिका टंडन जी समाज सेवा कर रही है हम सभी को उनका साथ देना चाहिए ।और ब्लड दान करने से किसी की जान बचाई जा सकती हैं इस लिए इस कैम्प में लोगो को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इलाहाबाद न्यूज रिपोर्ट क्लब के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी ने इस तरह के कैम्प को संजीवनी कैम्प

का नाम दिया और आयोजको की प्रसंसा भी किया । इस आयोजन में यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा , डॉक्टर निकुंज अग्रवाल, ए एन एच ए के सचिव डॉ पीयूष दीक्षित दीक्षित ब्लड बैंक के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर एनके अग्रवाल , ANHA के अध्यक्ष डॉ अवनीश सक्सेना वा डॉ चेतना कपूर, डॉ एच एस सूर्यवंशी, सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अमित कुमार सिंह और बबलू, उपाध्यक्ष रागनी चंदेल नूपुर अग्रवाल,सविता सेठ,देव हीरा नगर सचिव युवा उद्योग व्यापार मंडल आदि लोग मौजूद रहे ।

जिला स्तरीय आगामी त्यौहारों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से कुर्बानी रहेगा प्रतिबंध

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। ईदुज्जुहा एवं बकरीद पर्व तथा आने वाले रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ईदुज्जुहा एवं बकरीद पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण व भाई चारे के साथ मनाया जाए, जनपद में भाईचारे का गौरवशाली इतिहास रहा है, अतः इसको कायम रखा जाए। कहा कि कोविड–19 की संभावित तीसरी लहर के दृष्टिगत लोगों द्वारा आत्म–अनुशासन के साथ विशेष सतर्कता रखी जाय तथा कोविड–19 के प्रोटोकॉल फेसमास्क व 02 गज की दूरी का पालन अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि बकरीद त्यौहार के दिन को कोविड से बचाव के दृष्टिगत मस्जिदों में कम से कम लोगों के साथ सामूहिक नमाज अदा की जाए, लोगों द्वारा घरों में ही नमाज अदा करने का प्रयास किया जाए। कहा कि मस्जिदों में एक ग्रुप में अधिकतम 5 लोग ही नमाज पढ़ेंगे। कहा कि खुले में, सार्वजनिक स्थलो पर तथा सामूहिक रूप से कुर्बानी प्रतिबंधित रहेगी। कहा कि कुर्बानी घरों में ही बंद स्थान पर की जाए। कुर्बानी के पश्चात उसके कचरे का समुचित ढंग से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाजार में दुकानों आदि पर कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। कहीं भी भीड़ भाड़ नहीं एकत्र होनी चाहिए, कोविड–19 के प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा प्रवर्तनीय कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार में पेयजल एवं विद्युत की आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए इसके लिए कमियां पहले से ही दुरुस्त कर ली जाएं, विद्युत फाल्ट को तत्काल ठीक करने के लिए टीम गठित कर ली जाए तथा ढीले तारों को दुरुस्त कर लिया जाए। कहा कि किसी कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर पेयजल की कोई समस्या ना हो, इसके लिए जल संस्थान व जल निगम द्वारा जनरेटरध वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में टैंकर की भी व्यवस्था रखी जाए। कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में संयुक्त टीम लगाकर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। पुलिस अधीक्षक श्री एनके सिंह ने कहा कि पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर विशेष तौर पर रहेगी तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मंदिर व मस्जिद के

आसपास नियमित रूप से सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जाए। कहा कि कोविड–19 संक्रमण को रोकने के दृष्टिगत कहीं पर भी भीड़ भाड़ नहीं होनी चाहिए। कोविड–19 के प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक , ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर संजय कुमार मीणा ,समस्त एसडीएम, समस्त थाना प्रभारी, अध्यक्ष नगर पंचायत सुमेरपुर आनंदी प्रसाद पालीवाल, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत, पीस कमेटी के अन्य सदस्य, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं प्रबुद्ध व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षकों के नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम का ऑनलाइन किया शुभारंभ

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के पद पर जनपद अमेठी से चयनित एक अभ्यर्थी को डीएम व सीडीओ ने दिया नियुक्ति पत्र

अमेठी। मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों तथा 26 व्यायाम प्रशिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आज मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। कार्यक्रम के उपरांत जनपद अमेठी से चयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अरविंद कुमार बाजपेई को जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार व मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नियुक्ति पत्र दिया एवं उन्हें बधाई दी।

नवनियुक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को डीएम ने दिया नियुक्तिपत्र

बांदा। सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से नव चयनित 26 व्यायाम प्रशिक्षक, 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द.

अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सीएम आवास से वर्चुअल रूप में प्रदान किया गया। वहीं इस मौके पर जिलाधिकारी आननद कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में स्थित एनआईसी भवन में नव नियुक्त पांच क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सीडीओ सुधीर कुमार, बृजेन्द्र कुमार जिला युवा कल्याध अधिकारी आदि मौजूद रहे।

गुजैनी आई ब्लॉक में सीवर का गंदा पानी सड़कों पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रदेश प्रभारी संजय द्विवेदी कानपुर। जन जागृति मंच के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता विनोद मिश्र ने बताया कि गुजैनी आई ब्लॉक मैं सीवर लाइन जाम होने के कारण सीवर का गंदा एवं बदबूदार पानी सड़क पर भरा हुआ है जिसे मंझा कर घर जाना मजबूरी है ऊपर से हुई बारिश ने कोढ़ में खाज की कहावत को चरितार्थ कर दिया है विनोद मिश्र ने बताया शायद प्राइमरी स्कूल के समीप स्थित चेंबर के आसपास सीवर लाइन जाम है जिस वजह से लोगों को बेहद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने जलकल महाप्रबंधक से तत्काल आई ब्लॉक गुजैनी के सीवर लाइन साफ कराने का अनुरोध किया है।

चोरी के माल समेत दो चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

रायबरेली ब्यूरो। थाना बछरावां पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र से दो चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जिनके पास से चोरी किया हुआ लोहे का जंगला और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार बछरावां थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कस्बा चौराहा पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से चोरी का एक लोहे का जंगला बरामद हुआ है। अभियुक्तों

के पास से हीरो कंपनी की एक मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स संख्या यूपी33बीएल6208 भी बरामद हुई है जिसे मोटरवाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम दीपक पुत्र रामलखन कोरी निवासी ओमनगर मजरे विशुनपुर थाना बछरावां तथा अभिषेक पुत्र शिवकुमार चौधरी निवासी बाँधटोला वार्ड नं 10 बछरावां है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को संबंधित मुकदमे में जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक श्रीबाबू तथा आरक्षी कैलाश सिंह व लवकुश यादव शामिल रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, असम, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड के सभी जिलों में
विज्ञापन प्रतिनिधि, बुकिंग सेंटर, जिला ब्यूरो, जिला प्रभारी, मण्डल प्रभारी एवं स्टेट प्रभारी बनने के लिए सम्पर्क करें
एस.के. तिवारी, सह संपादक, मो.: 9026569867
बृजेश मौर्या, प्रधान संपादक, मो.: 9918523251

निवेदन
आप अपनी या अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लिखकर भेजें या मिलें हम आपकी समस्या को लेकर श्रीमान से लेकर माननीय तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे और समस्या का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे।
-संपादक

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा।
-संपादक

राम कृपाल सिंह
संरक्षक/वरि. मुख्य संवाददाता उत्तर प्रदेश
दैनिक अयोध्या टाइम्स
मोबाइल
9956096265
9559987001

अयोध्या टाइम्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित संपादक: अनवेश सिंह
आर.एन.आई.नं.: यूपीएचआईएन 2015/67284
E-mail:dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.in
dainikayodhyatimes.page
डाक पंजीयन सं.: 72/2018–2020
मो.: 9918523251

संक्षिप्त समाचार

जागरूकता रथ द्वारा सरकार की योजनाओं सहित आमजनमानस को कोविड टीकाकरण, भूजल संरक्षण को किया गया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित जागरूकता रथ द्वारा आज जनपद के नगर पालिका बलरामपुर, ग्राम कोईलिहा, कलवारी, खारगूपुर, खगईजोत, बनकटवा खुर्द सहित आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनमानस को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ–साथ एवं कोविड टीकाकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,भूगर्भ जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया।

मौसम के चलते संक्रामक बीमारियों ने पैर पसारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर)पल पल बदल रहे मौसम के चलते संक्रामक बीमारियों ने पैर पसार लिया है पिछले एक सप्ताह से मौसम परिवर्तन के कारण जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। क्षेत्र के सीएचसी व प्राइवेट अस्पतालों में सैकड़ों मरीज वायरल फीवर खांसी जुकाम के पहुंच रहे हैं। जिसमें बच्चे सबसे अधिक बीमार हो रहे हैं मौसम के उतार चढ़ाव के कारण मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जुलाई माह में जैसे जैसे मौसम अपना लुक बदल रहा है वैसे वैसे सर्दी जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं।स्वास्थ अधीक्षक डा0चन्द्र प्रकाश सिंह का कहना है कि मौसम के उतार चढ़ाव के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ रही है ऐसे में बचाव करना चाहिए तथा कटे गले फलों का सेवन कदापि न करें और न ही बासी भोजन इस्तेमाल करें।

डुमरियागंज मार्ग से शाहजहानी को जाने वाली बदहाल सड़क

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर)नगर क्षेत्र की कई सड़कें ऐसी हैं,जिन पर जरा सी चूक होते ही राहगीर जगह जगह गड्ढे की वजह से आये दिन दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं, बारिश में परेशानी और बढ़ जाती है। इसके बावजूद इन सड़कों की खस्ताहाल स्थिति को देखने वाला कोई नहीं है। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

डुमरियागंज मार्ग से छिपिया को जोड़ने वाली सड़क जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है आलम यह है कि इस सड़क पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। इसी तरह हासिमपारा से नगवा नंदौरी जाने वाली सड़क पर बने गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से सड़क से बाइक सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यही हाल बलरामपुर मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला तक जाने वाली सड़क का है सड़कों पर अनगिनत गड्ढे बने हैं जिसके चलते एंबुलेंस में मरीजों को हिचकोले खाते हुए अस्पताल तक जाना पड़ता है। बदहाल सड़कों को ठीक कराने की दिशा में न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही जनप्रतिनिधि। सड़क की मरम्मत को लेकर क्षेत्र के समाजसेवी उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन, लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराते आ रहे हैं। फिर भी समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है।

कमर तोड़ मंहगाई से थाली का स्वाद बिगड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर) बरसात होते ही सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे इस कमर तोड़ मंहगाई से थाली का स्वाद बिगड़ गया है।आलम यह हो गया है कि गरीब मजदूर बेरोजगार व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सब्जी की व्यवस्था करने में पसीने छूट रहे हैं।

खुले बाजार में आलू को सदाबहार सब्जी के नाम से जाना जाता है बाकी अन्य पत्तेदार सब्जियां किचन की व्यवस्था बिगाड़ दी है।इस मंहगाई पर आज तक किसी जिम्मेदार ने अंकुश लगाना मुनासिब नहीं समझा। जिससे खुले बाजार में मंहगाई सुरसा की तरह मुंह फैलाए गरीबों की खून पसीने की कमाई को निगलती जा रही है। जिसका लाभ कोरोना काल में सामानों की आवाजाही न होने का ककहरा पढ़ कर विभिन्न तरह के व्यवसाय करने वाले व्यापारी उठा रहे हैं। जिससे आज मंहगाई आसमान छू रही है जैसा कि खुले बाजार में कम उत्पादन दिखाकर पत्तेदार सब्जियों में भिंडी 40रुपये करेला 60, नेनुआ 40,उरई 60,बोड़ा 60,गोभी 80, परवल 60 रुपए किलो बिक रहे हैं। एकाएक सब्जियों के मूल्य में आई उछाल ने गरीबों की थाली का जायका बिगाड़ दिया है।

अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं में छात्रावास एवं भवन निर्माण के लिये प्रस्ताव आमंत्रित

रिपोर्ट अवनीश कुमार सहारनपुर सहारनपुर, दिनांक 19 जुलाई, 2021

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट इन माइनरिटी इन्स्टीट्यूशन (आईडीएमआई) योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं में छात्रावास एवं भवन निर्माण के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री भरत लाल गोंड ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि जनपद में संचालित अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान जो इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट इन माइनरिटी इन्स्टीट्यूशन (आईडीएमआई) योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के अच्छुक हो अपना प्रस्ताव जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 21 जुलाई 2021 तक उपलब्ध करा दें। योजना से सम्बन्धित गाईडलाइन वेबसाइट ीजजचेरूण्मकनबंजपवदण्हवअण्पद पर उपलब्ध है। उन्होने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में पात्र लाभार्थियों को राशन ले जाने के लिए बैग भी मिलेगा

रिपोर्ट अवनीश कुमार सहारनपुर सहारनपुर, दिनांक 19 जुलाई, 2021

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत प्रदेश सरकार के द्वारा पात्र लाभार्थियों को राशन के साथ राशन ले जाने के लिए बैग भी दिया जायेगा। इस बैग की आपूर्ति खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से करायी जायेगी।

अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल ने आज इस आशय के निर्देश जारी किये। जारी आदेश में कहा है कि जनपद के प्रत्येक सरकारी राशन की दुकान से जनपद के प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में प्रत्येक लाभार्थी को बैग वितरित किया जाये।

श्री नवनीत सहगल ने जारी आदेश में कहा है कि जिलाधिकारी स्वयं अथवा किसी अपर जिलाधिकारी को इस कार्य का नोडल अधिकारी नामित करें, जो प्रत्येक दिन बैग की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में वास्तविक स्थिति से शासन को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

बकरा ईद को लेकर जमालपुर गाँव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया

रिपोर्ट संदीप कुमार ब्यूरो सहारनपुर। थाना जनकपुरी के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर चौकी उप निरीक्षक ओमेंनद्र मलिक ने की शांति समिति की बैठक। शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाये बकरा ईद का त्यौहार। बकरा ईद को लेकर जमालपुर गाँव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया।

जिसमें उन्होंने कहा कि आने वाले बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्वक तरीके मनाया जाये और गोकसी पर लगाम लगायी जाए यदि कोई भी व्यक्ति गौकसी करता हुआ या कानून का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके ऊपर रासुका लगायी जायेगी ओर सोसल डिस्टेंस का पालन किया जाना चाहिए और ईद की नमाज अपने अपने घरों में ही पढ़े अपने त्यौहार को शांति से मनाने की अपील की इस दौरान ग्राम प्रधान पृथ्वी गाँव के जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के विजय कुमार उर्फ बबलू नेता राष्ट्रीय सचिव बने

करहल। राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट की वर्चुअल मीटिंग गतदिनों राष्ट्रीय

अध्यक्ष अटल बिहारी बजाज के नेतृत्व में की गई। बैठक उपरांत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बजाज द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी में करहल नगर के निवासी विजय कुमार उर्फ बबलू नेता को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। उक्त नीति से संगठन के कार्यकर्ताओं मैं हर्ष व्याप्त है

सर्वार्थ सेवा संस्थान के द्वारा बैठक किया गया

ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर– सर्वार्थ सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड उतरौला के ग्राम बड़हरा कोट मै जल जीवन मिशन हर घर जल पर खुली बैठक का आयोजन किया गया बैठक में जल के विषय पर विशेष चर्चा की गई हमें जल का कम से कम उपयोग करना चाहिए कभी भी जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर गांव में पानी टंकी लगवाया जाएगा इस अवसर पर ग्राम प्रधान इकबाल जी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई जिसमें भूजल सप्ताह के बारे मै जानकारी दी गई साथ ग्राम वाशियो को सपथ दिलाया

गया बैठक मै ग्राम कार्य योजना के विषय पर चर्चा किया गया बैठक मै देवेश जी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मनीष गुप्ता टीम लीडर कॉर्डिनेटर सुनील दीपनारायण कमलजीत बीडीसी ग्राम प्रंचायत सदस्य महिला पुरष मौजूद रहे।

प्यारेपुर-बेलनापारा सम्पर्क मार्ग ध्वस्त होने की कगार पर, जिम्मेदार मौन

दैनिक आयोध्या टाइम्स

कैसरगंज बहराइच। जरवल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलना पारा में लगा खड़ंजा काफी वर्षा होने के कारण ध्वस्त होने के कगार पर है जिसके चलते आने जाने वाले ग्रामीणो व राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित है ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान सलमान अंसारी को कई बार इस रास्ते के संबंध में अवगत करवाया जा चुका है परंतु उनके द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया। और आज यह रास्ता पूरी तरह से ध्वस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है जिससे हम लोगों को आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुमताज अहमद पुत्र मेराज अहमद, मोहम्मद आलम पुत्र फैजुल खान, इस्लामुद्दीन पुत्र तसीम,

अफसर पुत्र कदीर ने बताया कि इससे पूर्व ग्राम प्रधान नईम खान के कार्यकाल में खड़ंजा निर्माण कराया गया था।

जिसके बाद से अभी तक कोई दुरुस्ती करण ना होने के कारण यह रास्ता जलमग्न हो गया है। और अगर यही स्थिति बनी रहेगी तो हम सभी लोग तहसील मुख्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे।

संचारी रोग नियंत्रण व जागरूकता अभियान आयोजित

दैनिक आयोध्या टाइम्स

कैसरगंज(बहराइच) नगर पंचायत जरवल के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन समिति द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष्या तस्लीम बानो और अधिशासी अधिकारी देव कुमार की अध्यक्षता में तथा जिला कोऑर्डिनेट, स्वच्छ भारत मिशन लोकेश कुमार की उपस्थिति में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से हमारे नगर के सभी वार्डों को स्वच्छ एवं साफ–सुथरा एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।इस अभियान के दौरान जरवल नगर पंचायत के सभी वार्डों में साफ–सफाई एवं बीमारियों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जरवल नगर पंचायत अध्यक्ष्या तस्लीम बानो और अधिशासी अधिकारी ने अभियान को सफल बनाने तथा कोविड–19, संचारी रोग, दिमागी बुखार व क्षय रोग की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ भी ली।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में नेहरु युवा टीम के साथ एनडीआरएफ के कमांडर सुरेश कुमार ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी

बहराइच जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्वतंत्रता संग्राम भवन नेहरू युवा टीम बहराइच के साथ एनडीआरएफ

टीम के कमांडर स्पेक्टर सुरेश कुमार ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए चलाया जागरूकता अभियान, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए कर्मचारियों को तरह–तरह के तरीके सिखाए। एनडीआरएफ टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। इसी क्रम में आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार स्वतंत्रता संग्राम भवन में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए नेहरू युवा टीम की जिला कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा पांडे के साथ बाढ़ व दैवीय आपदा से निपटने के लिए सभी कर्मचारियों को किया जागरूक और पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधारोपण कर कर्मचारियों को दिया संदेश, कि पौधारोपण कर ऑक्सीजन को पूरा किया जा सकता है। कमांडर सुरेश कुमार ने सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। इस मौके पर हवलदार परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह, आरक्षी पिंकू, मुकेश, सरभ कुमार, नितिन मौजूद रहे।

नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठावें - श्री बृजराज साहनी

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती।

जनपद श्रावस्ती ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनकपुर विकास खण्ड सिरसिया जनपद श्रावस्ती में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नाबार्ड बलरामपुर श्री बृजराज साहनी द्वारा संस्था कार्यालय का भ्रमण किया एवं नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारें में जानकारी दिया और कहा कि नाबार्ड महिलाओं, किसानों आदि को रोजगार परक प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाने का कार्य करना ही उद्देश्य है। कार्यक्रम में ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के बारें में बताया इस कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक विजय प्रताप सिंह,कार्यालय प्रभारी खुशीराम वर्मा, बाल संरक्षण एवं महिला विकास कार्यक्रम समन्वयक प्रेम बाबू गिरि,

फिल्ड क्वार्डीनेटर आशमा बेगम,फिल्ड क्वार्डीनेटर खेमराज कसौधन, मनीष कुमार कसौधन, अमरेश कुमार चौधरी, मो०असलम, महिमा कसौधन, सुषमा कसौधन,रीमा देवी, शिवम् कसौधन, नीलम वर्मा, पूनम वर्मा, ललिता चौधरी,प्रियंका आर्या, वीरसेन वर्मा, पूजा कसौधन आदि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

'तेज बारिश के कारण बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी बाल बाल बचे वाहन सवार'

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। बहराइच जिले के राजी चौराहा से जा रहे बोलेरो में मोहम्मद हाशिम मोहम्मद सगीर शाहबान टेलर शहर ए आलम मोहम्मद शहजाद मंसूर अहमद मोहम्मद इमरान रविवार को राजी चौराहा से जा रहे थे देवा शरीफ रास्ते में तेज बरसात के चलते बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी जिससे एक बड़ा खतरा होने की संभावना थी।

लेकिन किसी को कोई जान माल की हानि नहीं पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग सकुशल सुरक्षित गाड़ी से निकल आए ।

20 जुलाई को होगा प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण

शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (अध्यक्ष या प्रमुख आदि के पद की शपथ) नियमावली 1994 के अनुसार नवनिर्वाचित प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की गई है। शपथ ग्रहण विकासखंड मुख्यालय पर संपन्न होगा। इसी दिन क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक के भी कराई जाएगी।

जिलाधिकारी श्रुति द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियों को प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

नवनिर्वाचित प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड वार मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। विकासखंड बलरामपुर में उपजिलाधिकारी बलरामपुर, विकासखंड हरैया सतघरवा में जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकासखंड तुलसीपुर में उपजिलाधिकारी तुलसीपुर, विकासखंड गैसड़ी में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विकासखंड पचपेड़वा में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकासखंड श्रीदत्तगंज में जिला युवा कल्याण अधिकारी, विकासखंड उतरौला में उपजिलाधिकारी उतरौला, विकासखंड गैंडास बुजुर्ग में अपर उप जिलाधिकारी बलरामपुर, विकास खंड रेहरा बाजार में जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नामित अधिकारी क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर पहुंचकर शपथ कार्यक्रम को सकुशल कराना निश्चित करेंगे।

जनपद के किसान भाई उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु करें आवेदन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

☒ राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आम रोपण,अमरूद रोपड़ पर दिया जाएगा पचास प्रतिशत की सब्सिडी

बलरामपुर! जिला उद्यान अधिकारी लाल बहादुर मौर्य ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, अनुसूचित जातिध् जनजाति औद्यनिक विकास योजना, हर्बल गार्डन योजना का लाभ लेने ूकइज. नचीवतजपबनसजनतम.पद पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषकों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आम रोपण पर पचास प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी इसके लिए 150 कृषक के चयन का लक्ष्य दिया गया है। अमरूद रोपण पर पचास प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी, जिसके लिए पांच कृषक के चयन का लक्ष्य दिया गया है। केला रोपण पर चालीस प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी, इसके लिए 100 कृषक के चयन का लक्ष्य दिया गया है। प्याज के रोपण पर 100: की सब्सिडी दी जाएगी इसके लिए 5 किसानों का लक्ष्य दिया गया है। पपीता रोपण पर 50: की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 20 किसान का लक्ष्य दिया गया है।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उप घटक पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन के तहत ड्रिप सिस्टम एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिस्टम पर कृषक को 80प्र. से 90प्र. तक अनुदान दिया जाएगा।

हर्बल गार्डन योजना के तहत शतावर एवं सर्पगंधा की खेती पर कृषक को अनुदान दिया जाएगा।

उतरौला से आसाम राज्य को जोड़ने वाला रसूलाबाद तक राजमार्ग जगह-जगह टूटकर गड्ढे में तब्दील

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

पांच वर्ष पूर्व बना उतरौला से आसाम राज्य को जोड़ने वाला रसूलाबाद तक राजमार्ग जगह–जगह टूटकर गड्ढे में तब्दील हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों का मार्ग पर चलना दुश्वार हो गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग ैभ् 26 पर रसूलाबाद, महुवाबाजर जनपद बलरामपुर में टूटी सड़क बुरी तरीके से गड्ढे में तब्दील हो गई है।जनपद के भीतर बीस किलोमीटर में दर्जनों गड्ढे हो गए है। तत्काल प्रभाव से गड्ढे का मरम्मत कराने की आवश्यकता है।

तत्कालीन सपा सरकार में SH 26 पीलीभीत, बस्ती राज्यमार्ग बनाया गया था। कार्यदाई संस्था एवं लोक निर्माण विभाग की मिलीभगत से सड़क मानक विहीन बनाया गया। जो दर्जनों जगह पे गड्ढे में तब्दील हो गया। उतरौला से रसूलाबाद तक राज्यमार्ग पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है।

इस मार्ग से अधिकारियों व सत्ताधारी नेताओं की गाड़ियों का आवागमन भी रहता है। बावजूद इसके इस तरफ किसी अधिकारी या जन प्रतिनिधि की नजर नहीं पड़ती है।

लोक निर्माण विभाग इन गड्ढों को बंद करने के लिए केवल गिट्टी डालकर आंख बंद कर लेता है। जरा सी चूक होने पर दुर्घटना हो जाती है। बांक भवानी, महुआ बाजार, रसूलाबाद चिरकुटिया, पिड़िया गांव के पास कई स्थानों पर सड़क धंस गई है।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी का कहना है कि तत्कालीन सपा सरकार ने इस सड़क को आवागमन आसान बनाने के लिए मार्ग का निर्माण कराया था। जिससे कम समय में लोग यात्रा कर सकें, लेकिन सड़क जगह–जगह खराब हो जाने से लोगों को दिक्कत हो रही है।

श्री चौधरी ने सड़क निर्माण में हुई धांधली की जांच कर कार्रदाई संस्था एवं लोक निर्माण कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने एवं सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिएमुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री व जिलाधिकारी बलरामपुर ट्वीट कर मांग की है।

सरकार बनते ही दस लाख रोजगार देगी समाजवादी पार्टी : तिलक यादव

युवाओं और महिलाओं को जोडने का काम करुंगा :रामप्रताप सिंह

☒ यूथ बिग्रेड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा द्वारा रामप्रताप सिंह को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। रामप्रताप सिंह को यूथ बिग्रेड में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन नि. जिलाध्यक्ष तिलक यादव के नेतृत्व में और यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इंजी. ह्वदेश यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर रामप्रताप सिंह का स्वागत किया। सम्मान समारोह के दौरान नि.जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के संपूर्ण विकास और जन–जन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विश्वास रखती है, ताकि प्रदेश की जनता खुशहाल हो। उन्होंने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर अब विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मैदान में होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षित युवा, जिन्होंने उच्च शिक्षा तो ग्रहण कर ली, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें रोजगार नहीं दे सकी, इसके लिए प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही पहला कार्य प्रदेश के दस लाख रोजगार दिये जायेंगे, जिसमें मैरिट के आधार पर चार लाख पुलिस कांस्टेबिलों की भर्ती की जायेगी। साथ ही एक करोड़ महिलाओं को 1500 रुपये मासिक पेंशन के अलावा प्रदेशवासियों को 300 यूनिट बिजली बिल्कुल फ्री मुहैया करायी जायेगी, जिससे की मध्यम और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को राहत मिल सकेगी।

नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामप्रताप सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अभूतपूर्व विजय दिलाने के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक, तहसील और गांव स्तर पर जाकर लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया जायेगा। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को जोडने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जीतू सरदार, महासचिव कृष्णस्वरूप निरंजन, जिला प्रवक्ता खुशालचंद्र साहू, नगर अध्यक्ष राजेश जैन, विधानसभा अध्यक्ष अमरसिंह यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष अहरिया, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इंजी.ह्वदेश यादव, लोहिया वाहिनी पूर्व जिलाध्यक्ष शिवम मिश्रा, अमिताभ खरे, शहरोज खान, शिवम तिवारी, चारु सतभैया, विवेक जैन, कैफी, शाकिब, नरेश, सचिन, यादवेंद्र देवरान, सुरेंद्र जगारा, राजेन्द्र, नरेंद्र, शाहिल, शैलेंद्र, जावेद, सहदेव, नीलू, रविकांत, शरीफ, जाहिद, नवीन, मुस्ताक, बिटटू, अनूप, अरविन्द, वाहिद, राजेश, मानसिंह मड़ावरा, विशाल आदि उपस्थित रहे।

भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकना है तो सपा ही है अकेला विकल्प

सपा विधायक संजय गर्ग ने दिलाई दर्जनों लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता

रिपोर्ट सतीश कुमार सहारनपुर

सहारनपुर–जैसे ही विधानसभा चुनाव 2022 नजदीक आ चला है वैसे ही सहारनपुर की राजनीति में हलचल होती दिखाई देने लगी है। आज नगर विधायक संजय गर्ग द्वारा लक्खी गेट फेंसी मार्केट में भाजपा के वार्ड नं 58 के वार्ड अध्यक्ष मुंशी अमित कुमार ने भाजपा छोड़कर अपने साथियों श्रवण गर्ग, अमित कुमार, अनुज अग्रवाल, दीपक वर्मा,रितेश गुप्ता, अमित जैन, उमेश माहेश्वरी, राकेश भारद्वाज, मुकेश माहेश्वरी,धर्मपाल वर्मा, जगन्नाथ बंगाली, राकेश माहेश्वरी, नितिन ठाकुर,लक्ष्य गुप्ता, प्रदीप शर्मा, वैभव खुराना, सुशील कुमार, श्रवण गर्ग, अतुल जैन, सुरीन अग्रवाल, आशु सैनी, गौतम वर्मा आदि सहित दर्जनों लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई,तथा बदर उर जमा, वशीउर जमा, अदनान, अजीम, अफजल, वसीम राणा और अजहर खान आदि ने कांग्रेस छोडकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली।कार्यकर्म की अध्यक्षता श्री जगमोहन वर्मा जी ने की।

इस मौके पर नगर विधायक संजय गर्ग ने समाजवादी पार्टी ग्रहण करने आए सभी साथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने सभी समाज के लोगों को सम्मान देने का काम किया है उन्होने कहा कि छात्र, नौजवान, मजदूर ,किसान और व्यापारी सभी कमरतोड़ महंगाई एवं बेरोजगारी से परेशान होकर भाजपा को हराना चाहते हैं।भाजपा राज में हर परिवार की आमदनी घटी है और खर्च बढ़ा है।समाजवादी पार्टी समता और समानता के साथ विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। नौजवानों के पास नौकरी और रोजगार नहीं है। प्रदेश में विकास

परियोजनाएं ठप्प हैं। भाजपा के पास नफरत के अलावा और कोई एजेण्डा नहीं है।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मो० आजम शाह, विनय जिंदल, पं रामकुमार तिवारी, पं ब्रिजेश तिवारी, राजीव जैन, मुस्तकीम राणा, काशिफ अल्वी, मो० उमर, पारस नौटियाल आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने सड़क पर रोप दी धान की फसल, सड़क पर हो रहे जलभराव से परेशान ग्रामीण

संवादाता मोतीपुर बहराइच।

बारिश के मौसम में किसान खेतों में धान की रोपाई करते हुए तो दिखाई देंगे, लेकिन बहराइच के मोतीपुर तहसील के रमपुरवा के ग्रामीणों ने जो किया, जानकर हैरान रह जाएंगे. यहां ग्रामीणों ने सड़क पर रोपाई की. सड़क का मरम्मत कार्य न होने से ग्रामीण आक्रोशित नजर आए। सड़क न बनने के विरोध में ग्रामीण अनोखे तरीके से विरोध जता रहे हैं. ग्रामीणों ने ऐलान किया है, कि यदि उनकी सुनवाई नहीं हुई, तो विरोध प्रर्दशन तेज किया जायेगा

बहराइच की मोतीपुर तहसील के रमपुरवा मटेहि में सड़क मार्ग पर जुटे ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से विरोध किया. दलदल बनी सड़क पर ग्रामीणों ने धान की रोपाई की. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत को लेकर वे मांग करते आ रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों व प्रधान द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही है.

किसानों ने बताया कि बारिश के मौसम में हालात बेहद खराब हो जाते हैं. दलदल बनी सड़क से गुजरना मुश्किल होता है. आए दिन हादसे होते रहते हैं, इसे लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों और प्रधान से शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन कोई भी अधिकारी व प्रधान सुनने को तैयार नहीं है इस दौरान समाजसेवी अमित साहनी, पप्पू साहनी ,पं

पुलिस की गिरफ्त में आया वांछित अभियुक्त

रिपोर्ट संदीप कुमार ब्यूरो सहारनपुर गागलहेडी सहारनपुर ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गागलहेडी थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक गंभीर सिंह ,कॉन्स्टेबल कौशल कुमार, कॉन्स्टेबल रविंद्र कुमार ने दहेज अधिनियम व कई मुख्य धाराओं में फरार अभियुक्त फरीद पुत्र शहीद निवासी रज्जूपुर थाना देवबंद जनपद सहारनपुर को उसके घर से ही गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर कई संगीन धाराओं के मुकदमे दर्ज

हैं और 3/4 मुस्लिम महिला विवाह पर सुरक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 के अंतर्गत वांछित चल रहा था। और काफी दिनों से पुलिस इसकी खोजबीन कर रही थी जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जरेरा के पंचायत घर मे प्रभारी और नोडल अधिकारी ने दी 18 ग्राम प्रधानों को आनलाइन ट्रेनिंग

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत जरेरा के पंचायत घर पर आज माननीय पंचायत राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी व पंचायत मंत्री किजल सिंह व एसके सिंह मंडलीय उपनिदेशक ने एल ऐ डी स्किन के ऑनलाइन के माध्यम से सभी प्रधानों ट्रेनिंग कराई।

जिसमें नोडल अधिकारी ईश्वर चंद यादव सहायक नोडल अधिकारी यस पाल सिंह आनद प्रकाश गजेंद्र यादव ने 18 ग्राम प्रधानों को दो सत्रों के बारे में संबोधित किया ।

वहीं प्रथम सत्र में प्रधानों के कर्तव्य

अधिकारों को अवगत कराया तथा द्वितीय सत्र में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को अवगत कराया। तथा ऑनलाइन में के माध्यम से नोडल अधिकारी ईश्वर चंद यादव ने सभी तकनीकी जानकारी प्राप्त कराई।

उत्तर प्रदेश दैनिक अयोध्या टाइम्स परिवार की ओर से सभी देशवासियों को ईद अल अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं व मुबारकबाद पेश करते हैं

(रिपोर्ट फिरोज खान) जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली दिनांक 19.07.2021 को प्राप्त जानकारी के अनुसार ईद अल अजहा क्यों मनाई जाती है ईद अल अजहा जिसका मतलब कुर्बानी की ईद इस्लाम धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए यह एक खास त्यौहार है । यह त्योहार पाक (पवित्र) महीने रमजान के 70 दिन बाद मनाया जाता है । इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत इब्राहिम के बेटे हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे ।तो अल्लाह ने उनके बेटे की कुर्बानी ना देने का हुक्म भेजा इसका दूसरा नाम –ईद ए– कुर्बा भी है जिसका मतलब बलिदान की भावना कुर्बा– का मतलब नजदीक या बहुत पास रहने वाले को कहते हैं मतलब इस मौके पर अल्लाह इंसान के बहुत करीब हो जाता है मुसलमानों की पाक (पवित्र) किताब कुरान में भी लिखा है हमने तुम्हें होज–ए– कौसा दिया है जिसमें अपने अल्लाह के रास्ते के लिए नमाज पढ़ो और कुर्बानी करो ।ईद अल अजहा का त्योहार हिजरी के आखिरी महीने जु– अल– हजजा मैं मनाया जाता है

पूरी दुनिया के मुसलमान इस महीने में मक्का (सऊदी अरब) इकट्ठे होकर हज मनाते हैं ईद अल अजहा भी इसी दिन मनाई जाती है ईद अल अजहा मुस्लिम पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम को अल्लाह की तरफ से हुकम आया कि वे अपने

बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें यह इब्राहिम अलेह सलाम के लिए इम्तिहान था जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मोहब्बत और दूसरी तरफ अल्लाह का हुक्म लेकिन अल्लाह का हुक्म ठुकराना अपने धर्म की तोहीन करने के समान था जो इब्राहीम अलैहिस्सलाम को कभी भी कबूल नहीं था इसलिए हजरत इब्राहिम अलेह सलाम ने अल्लाह का हुक्म पूरा करने का फैसला लिया और अपने बेटे की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए जैसे ही इब्राहिम अलेह सलाम छूरी लेकर अपने बेटे को कुर्बानी करने लगे वैसे ही अल्लाह का हुक्म हुआ फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने बिजली की तेजी की तरह आकर बच्चे की जगह दुंबा (भेड़ का बच्चा) रख दिया जिससे बच्चे की जान बच गई और इस त्यौहार की शुरुआत हुई है ।

टीम हिन्दूध्मुस्लिम एकता की ओर से ईद-उल -अजहा त्योहार के मद्देनजर शांति व सहयोग की अपील

☒ टीम हिन्दू/मुस्लिम एकता ट्रस्ट ने सभी देशवासियो से विनम्र अपील कि स और कहा कि देशवासियों ईद –उल –अजहा का त्योहार शान्ति व प्रेम से मनाए और क्षेत्र की कायम गंगा–जमुनी तहजीब को संजोए रखने के साथ–साथ आपसी सहयोग व कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करे।

जलालाबाद,शामली,/रिपोर्ट फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

जनपद शामली के कस्बा थाना भवन में ईद–उल–अजहा के त्योहार को सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ साथ आम जनता के सहयोग की भी बेहद जरूरत है ताकि निर्विघ्न रूप से त्योहार सम्पन्न हो सके।

कोई भी त्योहार बिना जनसहयोग के पूर्ण नहीं हो सकता अतः किसी भी आयोजनध्कार्यक्रम की सकुशल सम्पन्नता के लिए पुलिस प्रशासन के साथ साथ जनसहयोग नितान्त आवश्यक है। इसी लिए आप सभी से अपील की जाती कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह त्यौहार आपसी सहयोग व व्यवस्था से मनाएं किसी

भी स्थिति में अपनी मर्यादा का उल्लंघन ना करें और आपसी भाईचारे का संदेश दें जिससे कि पूर्व की भांति यह त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जा सके और एक बात का खास ख्याल रखे – कुर्बानी को खुलेआम ना करे और कुर्बानी की खाल और हड्डियों को सार्वजनिक स्थानों पर ना फेंके ,कुर्बानी की विडियो आदि ना बनाए, प्रतिबन्धित पशुओ की कुर्बानी से बचें – कोई भी ऐसा कार्य ना करे जिससे किसी दूसरे की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुँचे!!!!!

मीटिंग में अध्यक्ष– इमरान राजा ,अंकित गौतम, उपाध्यक्ष रविन्द्र जाटव, महासचिव मेहरान अहमद , जिलाध्यक्ष राव तकी असलम, डॉक्टर राव तौहीद हसन, इन्तजार सभासद, आदि लोगो ने अपने विचार रखे। प्रोग्राम में पूरी टीम मौजूद रही व कुछ नये पदाधिकारी भी बनाये गये।

कंप्यूटर की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखी नगदी व दस्तावेज चोरी

चान्दपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी ।चांदपुर, फीना रोड स्थित संगीता कंप्यूटर नामक दुकान का शटर तोड़कर चोर दुकान में रखी नगदी व दस्तावेज चुरा कर ले गए। नगर के मोहल्ला सरायरफी फीना रोड निवासी मोहम्मद मोहसिन पुत्र इसरार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह फीना रोड पर संगीता कंप्यूटर के नाम से एचडीएफसी मिनी बैंक चलाता है। बीती शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था ।सोमवार की सुबह होने पर उसने दुकान पर आकर देखा तो

उसे दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। पीडित ने बताया कि चोर दुकान के भीतर से करीब 48हजार रूपये की नकदी तथा कुछ दस्तावेज चुरा कर ले गए है। पीड़ित ने चोरी की घटना की तहरीर पुलिस को देकर चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

20 जुलाई से 24 जुलाई तक पूर्ण राजकीय कार्य बहिष्कार कर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा : देवकुमार

यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सदस्यों ने दिया धरना

रिपोर्ट संदीप कुमार ब्यूरो सहारनपुर सहारनपुर यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद शाखा सहारनपुर द्वारा शासनादेश के विपरीत उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के मिनिस्टीरियल स्वास्थ्य कर्मियों के 2817 लिपिकों के सापेक्ष 1772 स्वास्थ्य लिपिकों के निदेशक प्रशासन द्वारा स्थानांतरण किए जाने पर प्रदेश के स्वास्थ्य लिपिकों ने आज से राजकीय कार्यों का बहिष्कार कर राजकीय कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है जिसके क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय टीवी हॉस्पिटल एसबीआई जिला चिकित्सालय अपर निदेशक कार्यालय महिला चिकित्सालय समेत जनपद भर के स्वास्थ्य लिपिकों ने राजकीय कार्यो से विरत रहकर संघ भवन पर धरना देकर निदेशक प्रशासन के खिलाफ गंभीर रोष व्यक्त कर स्थानांतरण को तुरंत रोके जाने की मांग की है एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देव कुमार ने कहा कि निदेशक प्रशासन के द्वारा शासनादेश में उल्लेखित 20: से अधिक कार्मिक ओके शासन की मंशा के विपरीत स्थानांतरण किए हैं जबकि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा समस्त संवर्ग के सामान्य स्थानांतरण से मुक्त रखे जाने के निर्देश दिए थे परंतु निदेशक प्रशासन राजा गणपति आर ने शासनादेश को ताक पर रखकर प्रशासनिक अनियमितता के साथ–साथ महिलाओं कर्मियों के भी 500 किलोमीटर से लेकर 12 सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थानांतरित कर दिया गया है जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । मेडिकल हेल्थ एसोसिएशन की जिला मंत्री आर एम नायर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रांति अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह एवं प्रदेश महासचिव कुंवर अधिवेशन सक्सेना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों ने स्थानांतरण निरस्त होने तक आज से जनपद में आंदोलन चलाए जाने का अप्रिय निर्णय लिया है आंदोलन के प्रथम चरण में आज प्रातः 10रू00 बजे से राजकीय कार्यो से विरत रहकर संघ भवन पर धरना देकर प्रदर्शन किया गया 20 जुलाई से 24 जुलाई तक पूर्ण राजकीय कार्य बहिष्कार कर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा तथा मांगने मांगे जाने पर 26 जुलाई को निदेशक व शासन चिकित्सा स्वास्थ्य का लखनऊ पहुंचकर उनके कार्यालय का घेराव कर धरना दिया जाएगा और उसी दिन मान्य

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को उनके कार्यालय लो क भवन तक पैदल मार्च करके ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर यह शोषण के प्रांतीय सांस्कृतिक सचिव एवं राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री शशि कुमार सैनी ने कहा कि जनपद सहारनपुर से 25 स्वास्थ्य मिनिस्टीरियल कर्मियों के दूरस्थ मंडलों में स्थानांतरण किए गए हैं जिनमें जनपद की 8 महिला कर्मचारी भी शामिल रहे।

प्रतिबंधित पशुओं की बलि न देने की अपील चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार त्यागी मंडी कोतवाली

मंडी कोतवाली क्षेत्र के चौकी शाह बेलोल इंचार्ज जितेंद्र कुमार त्यागी की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है बकरा ईद पर ईदगाह में नहीं होगी नमाज

रिपोर्ट संदीप कुमार ब्यूरो सहारनपुर मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा पर्व बकरा ईद (21)जुलाई 2021 को मनाई जाएगी. इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग बकरा ईद की नमाज बड़ी ईदगाह पर पढ़ते हैं लेकिन कोविड–19 की तीसरी लहर की सतर्कता बरतने को 'लेकर नमाज पढ़ने पर बड़ा फैसला लिया गया है इस बार नमाज ईदगाह पर नहीं होगी।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार कोविड–19 प्रोटोकॉल के तहत नमाज मैं अधिकतम 50 लोगों के साथ मस्जिद में नमाज पढ़ा जा सकता है उन्होंने कहा कि नमाज अगर ईदगाहों में हुई तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन 'होना नामुमकिन हो जाएगा जिस वजह से बकरा ईद की नमाज ईदगाहों में होने पर रोक लगा दी गई है ।

मुस्लिम भाइयों से निवेदन है कुर्बानी के लिए प्रतिबंधित जानवरों का इस्तेमाल न करें।

किसी भी किस्म के विवाद से बचने के लिए इसी सद्भाव पर अमल किया जाना चाहिए प्रशासन को इत्तिला देना बराबर संपर्क में और सामाजिक विश्वास में रहना उचित होगा. कोविड संक्रमण के मद्देनजर कुर्बानी के फौरन बाद खून और अन्य अपशिष्ट को जमीन में गहरे दफन कर देना सही रहेगा. ताकी आप और आपका परिवार किसी भी संक्रमण के खतरे से सुरक्षित रहे और अच्छी तरह से पर्व मनाए किसी भी तरह की अफरा–तफरी ना मचाए सोशल डिस्टेंस का पालन करें और अपने आसपास मैं रहने वालों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए अपने परिवार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं।

उत्तर प्रदेश पुलिस सुरक्षा आपकी,संकल्प हमारा मंडी

कोतवाली क्षेत्र चौकी शाह बेलोल प्रभारी जितेंद्र कुमार त्यागी

'ईद उल अजहा के लिए मुफ्ती अबरार बेहट वी का मुस्लिम समाज के लिए संदेश'

रिपोर्ट अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर उत्तर प्रदेश आज दिनांक 18 जुलाई 2021 को कस्बा बेहट की मोमिन मस्जिद ईदगाह कॉलोनी कस्बा बेहट में ईद उल अजहा के ताल्लुक से एक प्रोग्राम मुनाकिद होवा जिसमें मुफ्ती अबरार साहब ने खिताब किया दोरा ने खिताब कुर्बानी के मकसद पर रोशनी डालते हुए कहां दीन के लिए कुर्बानी फिदाकारी जज्बे जा निसारी से खुद को आ रास्ता करना यह कुर्बानी का असल मकसद है सिर्फ जानवर को जिबाह करने और जमीन को खून से रंगीन कर देने का नाम कुर्बानी नहीं है बल के अपने तमाम जज्बात खाही शात तमन्ना

ओं के फना कर देने का नाम कुर्बानी है मां सिवल्ला और गैर की मोहब्बत से दिल को खाली कर देने का नाम कुर्बानी है चंद हजार रुपए का जानवर तो आपने कुर्बान कर दिया मगर क्या इस्लाम के लिए जान व माल की हर कुर्बानी देने के लिए भी खुद को तैयार कर लिया दोराने खिताब कहा कुरबानी हर आकिल बालिग मुसलमान मुकीम साहिबे निसाब के जिम्मे वाजिब है हुजूर का फरमान है जो शख्स हिम्मत के बावजूद भी कुर्बानी ना करें वह हमारी ईद गाह में ना आए अम्मा ईशा फरमाती है हुजूर ने फरमायाइन्ने आदम ने कुर्बानी के दिन कोई ऐसा अमल नहीं किया जो अल्लाह के नजदीक खून बहाने से ज्यादा पसंदीदा हो और कयामत के दिन वह जानवर अपने सिंगो बालों और खोरो के साथ आएगा और कुर्बानी का खून जमीन पर गिर ने से पहले कुबूल हो जाता है लिहाजा तुम खुश दिल् से कुर्बानी किया करो इस मौके पर कारी उस्मान अंजुम ने साफ–सफाई और हुकूमत की गाइड लाइन पर अमल करने की शक्ति से हिदायत की है और कहां सरकार के जो भी निर्देश होंगे हम सब उन निर्देशों का शक्ति के साथ पालन करेंगे जो सरकार की गाइडलाइंस होगी उसका पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा हम सब अपने समाज से गुजारिश करते हैं यह जो हमारा ईद उल फितर का त्योहार है इसका पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए गंदगी व साफ–सफाई का विशेष रुप से ध्यान रखें और कोई ऐसा काम ना करें जिससे पूरे समाज की बदनामी हो और करी मोहम्मद अरशद साहब कासमी इमाम वे खतीब मोमिन मस्जिद की दुआ पर मजलिस का एख्तिताम हुआ जिसमें कसीर तादाद में अहले मेहल्ला और मुसल्लियन मौजूद थे।

हज और ईद उल अजहा, खुदा की इतायत

(रिपोर्ट फिरोज खान) जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली प्राप्त जानकारी के अनुसार आज्ञा पालन, समर्पण,कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर जिशान काजमी हज दर हकीकत , खुदा के सामने उस सर जमीन में हाजिर होकर, जहां नबियो, रसूलों और नेक लोगों ने हाजिर होकर अपने ईश, आज्ञा पालन, का एतराफ किया।अपने आज्ञा पालन का प्रण, और इन स्थानों में खड़े होकर, खुदा के सम्मुख अपने गुनाहों पापो से तौबा करना और अपने पालनकर्ता अल्लाह प्रभु का मानना है ताकि वह हमारी और उन्मुख होने के लिए हर समय तैयार रहे।यह करुणा, दया,ओर रहमत का विशाल सागर है। यही कारण है कि पैगंबर इस्लाम मोहम्मद (स0 व 0) ने फरमाया कि हज और उमरा गुनाहों से इस तरह साफ कर देता है जिस तरह भट्टी लोहे सोने चांदी के मैल खोर को साफ कर देती है। जो मोमिन इस दिन को यानी अरफे के दिन एहराम की हालत में गुजारता है। उसका सूरज डूबता है तो उसकी गुनाह को लेकर डूबता है । हजरत आयशा रजि0 से रिवायत है कि मोहम्मद स0व0 ने यह शुभ सूचना दी है कि अरफे के दिन अल्लाह अपने बंदों से करीब होकर जलवागार होता है।और अपने बंदों पर फरिश्तों के सामने फक्र करता है। और कहता है कि उन्होंने मांगा हमने कुबूल किया। बहुत सी ऐसी हदीसे हैं जिनमें निष्ठा पूर्ण हज अदा करने वालों को रहमत और मगफिरत (मोक्ष– मुक्ति) की शुभ सूचना सुनाई गई है ।तमाम शुभ सूचनाओं से साबित होता है कि दर हकीकत, तौबा और इनाबत(पश्चाताप, प्रायश्चित) है ।तवाफ में , सफा पहाड़ पर, मुजदलफा में,अराफात में, मीना में,दीगर मकामात में हर जगह जो दुआएं मांगी जाती हैं,उनका बड़ा हिस्सा तौबा और इस्तगफार का होता है। यद्यपि तौबा से हर जगह गुनाह माफ होते हैं। इसलिए काबा और अरफात की कोई शर्त नहीं लेकिन हज के प्रतीक स्थल, और अनुष्ठान अपने विभिन्न प्रभावों के कारण जो यहां के सिवा अन्य जगह उपलब्ध नहीं है ।सच्ची तौबा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करते हैं । जहां,हजरत,आदम,अलैहिस्सलाम और हजरत अम्मा हव्वा अलैहि 0 ने अपने गुनाहों की माफी की दुआ की थी।हजरत इब्राहिम अलै0 ने अपने और अपनी औलाद के लिए दुआएं मांगी । जहां हजरत हुद अलैहि0, और हजरत सवालेह अलैहि 0 ने अपनीकौम की तबाही के बाद अपनी पनाह ढूंढी। जहां हजरत मोहम्मद स 0व0 ने खड़े होकर अपनी और अपनी उम्मत के लिए दुआएं मांगी। कहीं स्थल, कहीं प्रतीक ,और दुआओ के वही अरकान, हम गुनाहगारों की दुआएं, व मगफिरत के लिए कितने अनुकूल हैं। जहां नबियो पर बरकते,और रहमते नाजिल हुई ।वह माहौल,वह फिजा,वी तमाम गुनहगारों का एक जगह जमा होकर, दुआ,समर्पण,कदम कदम आध्यात्मिक आलोकन,दुआओं और उसके असरात,इसके कुबूल होने का बेहतरीन अवसर है। पत्थर से पत्थर दिल भी इन हालात, और अवलोकनो के बीच मोम बनने को तैयार हो जाते हैं ।और इंसान इस अब्रे करम (करुणा वर्षा) की छींटों से स्येराब हो जाता है ।जो अल्लाह के नेक बंदो पर अर्शे इलाही से बरसता है। मानव मनोविज्ञान यह है, और दैनिक अनुभव इसका साक्षी है कि इंसान अपनी जिंदगी में किसी व्यापक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए हमेशा जिंदगी के किसी मोड़ और सीमा रेखा की तलाश करता है ।जहां पहुंचकर उसकी पिछली और आइंदा जिंदगी के दो विशिष्ट हिस्से पैदा हो जाए। इसलिए लोग अपने परिवर्तन के लिए जाड़ा गर्मी बरसात का इंतजार करते हैं ।बहुत से लोग शादी के या संतान प्राप्ति के बाद या शिक्षा ग्रहण के बाद, किसी सर्विस या किसी बड़ी कामयाबी या किसी खास और यात्रा के बाद या किसी के मुरीद शिष्य हो जाने के बाद बदल जाते हैं ,परिवर्तित हो जाते हैं ।या अपने को बदल लेने पर समर्थ हो जाते हैं ।क्योंकि यह उनकी जिंदगी की महत्वपूर्ण घटनाएं उनकी अगली और पिछली जिंदगी में विभेद रेखा डाल देती है। जहां से इधर या उधर मुड़ जाना संभव हो जाता है । हज, दर हकीकत इसी तरह इंसानी जिंदगी की पिछली और आगामी जिंदगी के बीच एक सीमा रेखा का काम देती है ।सुधार एवं परिवर्तन की और अपनी जिंदगी के बदल देने का अवसर प्रदान करता है। जीवन का बीता अध्याय होकर उसका नवीन अध्याय खुल जाता है ।बल्कि यू कहना चाहिए वह इसके बाद नए आमालध् कर्मों के लिए नए सिरे से पैदा होता है। इसीलिए पैगंबर मोहम्मद सल्लम ने फरमाया जिसने खुदा के लिए हज किया और उसमें वासना पूर्ति नहीं की और ना कोई गुनाह किया तो वह ऐसा होकर लौटता है जैसे उस दिन था जिस दिन उसकी मां ने उसे जन्म दिया अर्थात एक नया जीवन शुरु करता है ।जिसमें दीन, व दुनिया दोनों जहां की भलाईयां जमा और दोनों की कामयाबिया शामिल होगी।

इब्राहिमी मिल्लत की असल बुनियाद कुर्बानी थी और यही कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहि0 की पैगंबराना और

रूहानी जिंदगी की विशेषता थी। और इसी परीक्षा में पूरा उतरने के कारण वे और उनकी औलाद हर किस्म की नेमतों और बरकतों से मालामाल की गई। लेकिन यह कुर्बानी क्या थी यह महज खून और गोश्त की कुर्बानी ना थी बल्कि रूह और दिल की कुर्बानी यह अपने प्रियतम को (अल्लाह को) समर्पित कर देना था। यह अल्लाह की इतायत आज्ञा पालन भक्ति समर्पण कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर था यह समर्पण शुक्र व सब्र की वह परीक्षा थी जिसे पूरा किए बगैर दुनिया की पेशवाई और आखिरत की नेकी नही मिल सकती यह बाप का अपने इकलौते बेटे के खून से जमीन को रंगीन कर देना न था बल्कि खुदा के सामने अपनी तमाम मोहब्बतो तमाम भावनाओ इच्छाओं अभिलाषाओं की कुर्बानी बलिदान करना और खुदा के हुक्म के सामने अपने हर किस्म के इरादे और मर्जी को खत्म कर देना था। वास्तव में यही है कि हज ओर ईद उल जुहा खुदा की इतायत आज्ञा पालन समर्पण कामिल बंदगी का बेमिसाल मंजर आलमे इंसान के ता कयामत तक के लिए एक सबक है।

प्रस्तुति जिशान काजमी जलालाबाद शामली उत्तर प्रदेश

लगातार तीसरी बार छात्रसभा की कमान सेतू यादव के हाथ में विद्यार्थियों को अधिक संख्या में सपा से जोडना लक्ष्य : सेतू यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

ललितपुर। एमएलसी स्नातक चुनाव में ललितपुर क्षेत्र के स्नातक मतदाताओं के पास जाकर उन्हें समाजवादी पार्टी की विचारधारा से जोड़कर सपा प्रत्याशी रहे डा. मानसिंह यादव के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने में सफल रहे सत्येन्द्र सिंह यादव सेतू के पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखकर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने

समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव की प्रबल संस्तुति पद लगातार तीसरी बार छात्रसभा का ललितपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। सेतू यादव के लगातार तीसरी बार समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जहां एक ओर विद्यार्थियों, शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है तो वहीं दूसरी ओर पार्टी पदाधिकारियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। इस दौरान छात्रसभा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह यादव सेतू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विचारधारा को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाते हुये अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोडने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सपा प्रदेश अध्यक्ष व छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के छात्रसभा संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया जायेगा। इस दौरान महासचिव निजाम शाह ने उन्हें फूलमाला पहनाते हुये मिष्ठान खिलाकर स्वागत सम्मान किया। गौरतलब है कि कोरोना संकट काल में सेतू यादव द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद की गयी तो वहीं वह सदैव विद्यार्थियों की समस्याओं को मुखर आवाज प्रदान करते नजर आते हैं।

संक्षिप्त समाचार

मजलिस इत्तेहाद उल उम्मत के अध्यक्ष मौलाना तकी असलम डरेक्टर मदरसा अरबिया तसहीहुल कुरान वक्फ अशरफ कालोनी थानाभवन में ईद -उल -अजहा त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की

जलालाबाद,शामली,/ रिपोर्ट फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। जनपद शामली के कस्बा थाना भवन में मजलिस इत्तेहाद उल उम्मत के अध्यक्ष मौलाना तकी असलम ने आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक में क्षेत्रवासियों के देशवासियों से त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की हैं।देशवासियो व क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील कि और कहा कि ईद –उल –अजहा का त्योहार शान्ति व प्रेम से मनाए। और कहा कि सभी लोग आगामी त्यौहारों पर साफ सफाई का ध्यान विशेष ध्यान रखें।ईद –उल –अजहा पर किसी भी तरह का कोई अवशेष खुले में ना फेंके।

किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी ना करें सरकार की गाइड लाइन का पूर्ण रुप से पालन करें। सभी लोग करो ना गाइडलाइन का पालन करें। कोई भी ऐसा कार्य ना करे जिससे किसी दूसरे की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुँचे।इसी लिए आप सभी से अपील की जाती कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह त्यौहार आपसी सहयोग व व्यवस्था से मनाएं किसी भी स्थिति में अपनी मर्यादा का उल्लंघन ना करें और आपसी भाईचारे का संदेश दें जिससे कि पूर्व की भांति यह त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जा सके।मीटिंग में उपस्थित रहे, हाजी अमीर अहमद, इमरान राजा,अंकित गौतम, गुलजार फौजी, मिस्त्री वकील, मोहसिन राणा,जावेद राणा,राव उसामा,जमाल,नफीस,कारी उमेर,हाजी जमील,दानिश मानसूरी आदि लोग उपस्थित रहे।

पोस्ट आफिस के डाक बचत खातों के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन

जलालाबाद,शामली/रिपोर्ट फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

भारत डाक विभाग जनपद शामली कस्बा जलालाबाद के पोस्ट ऑफिस कार्यालय के प्रांगण में पोस्ट ऑफिस के डाक बचत खातों के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। खातेदारों के ग्रामीणों को डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे बचत खातों की बीमा पॉलिसी व अन्य जानकारी देते हुए, प्रवर अधीक्षक

डाक मुजफ्फरनगर विजेंद्र पाल ने सुकन्या धन योजना, पी.पी.एफ, बच्चों के लिए बचत ब्रांड, वृद्ध के लिए एक मुस्त पेंशन योजना, अटल पेंशन आदि विभिन्न प्रकार की बचत खातों की जानकारी दी। 19 व 20 जुलाई को एक विशेष बचत के बारे में बताया तथा उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा पोस्ट ऑफिस में खाता खोलने के लिए प्रेरित किया। विचार गोष्ठी में गंदेवडा, दखोडी, बलवाखेड़ी, हसनपुर लुहारी, बिरालसी, दूधली, नागल, पीपलहेड़ा, हरड फतेहपुर, नोजल, कैलसीकारपुर आधे दर्जन भर गांवों के डाक उपभोक्ता ग्राहक मौजूद रहे तथा डाक विभाग के इंस्पेक्टर अमरपाल, पोस्टमास्टर शिवचरण, रविंद्र कुमार, डी.पी.एम कृष्णपाल, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे।

साधन सहकारी समिति के माध्यम से भंडारण कक्ष का खाद, बीज भंडारण के लिए शिलान्यास किया गया

जलालाबाद,शामली/रिपोर्ट फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

जनपद शामली जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम अंबेहटा याकूबपुर में साधन सहकारी समिति के माध्यम से भंडारण कक्ष का खाद, बीज भंडारण के लिए शिलान्यास किया गया। भंडारण कक्ष के निर्माण से समिति से जुड़े किसानों को खाद व बीज की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों ने भंडारण कक्ष के शिलान्यास पर खुशी व्यक्त की है।

साधन सहकारी समिति अंबेहटा याकूबपुर ने किसानों के लिए खाद, बीज के भंडारण के लिए भंडारण कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया था। आत्मनिर्भर भारत योजना अंतर्गत सोमवार में गांव अंबेहटा याकूबपुर में 20 लाख की लागत से भंडारण कक्ष, कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजवीर सिंह ,पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह, एडीसीओ कामायनी सिंगल ने संयुक्त रूप से किया। साधन सहकारी समिति के पास वर्तमान में खाद,बीज के लिए अपना निजी भंडारण कक्ष नहीं है। जलालाबाद में हाईवे किनारे पर स्थित किराया के भंडारण कक्ष में खाद, बीज का भंडारण किया जा रहा है। समिति को प्रतिमाह किराया में धन देना पड़ रहा है। समिति से जुड़े किसानों की काफी समय से अपनी निजी भूमि में भंडारण कक्ष व कार्यालय निर्माण कराने की मांग चली आ रही थी। वर्तमान बोर्ड ने प्रस्ताव कर इस मांग को पूरा किया है। सुभाष चंद्र ,बैंक शाखा प्रबंधक अनुज कुमार ,सभापति राम भूल सिंह ,सचिव ठाकुर धर्मपाल सिंह, सचिन ,शालू राणा, ग्राम प्रधान पति संजीव राणा, अन्य भूमि प

संक्षिप्त समाचार

6600 रुपए नगद, एक जोड़ी कुंडल व एक मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट दैनिक अयोध्या टाइम्स पीलीभीत

पीलीभीत के थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत

मुकदमा अपराध संख्या 445/2021 धारा 457 380 411 भादवि का सफल अनावरण करते हुए दो नफर अभियुक्त 1. मेवाराम उर्फ नन्काई पुत्र रामसागर 2. मिथलेश पुत्र प्रेमराज निवासीगण ग्राम सिमरिया ता अजीत पुर बिल्हा थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त गणों के कब्जे से चोरी में प्रयोग किया गया एक लोहे का सब्बल व चोरी गए 6600 रुपए नगद, एक जोड़ी कुंडल व एक मोबाइल एमआई एंड्राइड बरामद करते हुए अभियुक्तगणों का चालान न्यायालय किया गया।

फरियादी की नहीं हो रही सुनवाई लगा रहा थाने के चक्कर

☒ राजेश कुमार ने मीडिया कर्मियों से लगाई गुहार कर रहा न्याय की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच जिले के हरदी थाना क्षेत्र के शुक्लन पुरवा ग्राम सभा लखना पुर में राजेश कुमार का एक्सीडेंट हो गया था उसके प्रकरण में थाना अध्यक्ष हरदी को तहरीर दी थी उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई दोबारा फिर राजेश कुमार द्वारा तहरीर दी गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है राजेश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहां है विगत कई दिनों से हम थाने के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ब्लाक प्रमुख व बीडीसी का शपथ ग्रहण 20 जुलाई को

दैनिक आयोध्या टाइम्स बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट डॉ दिनेश चन्द्र ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन–2021 के उपरान्त क्षेत्र पंचायतों का संगठन, नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक 20 जुलाई 2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे एवं अपरान्ह 02:00 बजे विकास खण्ड मुख्यायल पर आयोजित की गयी है।

उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण कराने हेतु विकास खण्डवार अधिकारी नामित किये गये है। विकास खण्ड चित्तौरा के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पयागपुर के लिए उपजिलाधिकारी पयागपुर, विशेश्वरगंज के लिए जिला गन्नाधिकारी, हुजूरपुर के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी, तजवापुर के लिए जिला विकास अधिकारी, महसी के लिए परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जरवल के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कैसरगंज के लिए उपजिलाधिकारी कैसरगंज, फखरपुर के लिए जिला कृषि अधिकारी, रिसिया के लिए परियोजना अधिकारी डूडा, बलहा के लिए उप जिलाधिकारी नानपारा, शिवपुर के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मिहींपुरवा के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा(मोतीपुर) तथा नवाबगंज के लिए उप निदेशक कृषि को नामित किया गया है। नामित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि शपथ ग्रहण उ.प्र. क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (अध्यक्ष या प्रमुख आदि के पद शपथ) नियमावली 1994 के अनुसार सुनिश्चित करायेंगे। क्षेत्र पंचायत का सदस्य प्रथम बार सदस्य के रूप में अपना पद ग्रहण करने के पहले प्रमुख और उसकी अनुपस्थित में खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष प्रशिष्ट में दिये गये प्रपत्र में प्रतिज्ञान करेंगा और उसपर अपना हस्ताक्षर करेगा। क्षेत्र पंचायत प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण के दौरान कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

बेटियों को अभिशाप नहीं अभिमान के रूप में समझे : सचिव

दैनिक आयोध्या टाइम्स बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शिखा यादव की अध्यक्षता में तहसील सभागार बहराइच में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती यादव, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, तहसीलदार राज कुमार बैठा सहित तहसील व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे। शिविर में सचिव श्रीमती यादव ने उपस्थित जन सामान्य को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं विषय पर जागरूक करते हुए बताया कि बेटियों को अभिशाप नहीं अभिमान के रूप में समझा जाय। बेटियों के विवाह की चिन्ता न कर बेटियों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दें ताकि बेटियां भी आत्मनिर्भर बन सके। माता–पिता या संरक्षक के लिए 06–14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अवसर प्रदान करने, महिलाओं के अधिकार, महिला आरक्षण, महिला छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, गर्भावस्था के दौरान भ्रूण लिंग की जांच, गर्भपात जैसे गैर कानूनी अपराध एवं उससे सम्बन्धित कानून के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों हेतु महिला कमीशन तथा 1090 हेल्प लाइन नम्बर, यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्यों के विषय में भी जन सामान्य को जागरूक किया गया। साथ ही 11 सितम्बर 2021 को आयोजित होने वाले आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान दिवानी न्यायालय एवं तहसीलों में सुलह–समझौता के आधार पर त्वरित निस्तारण होने वाले मामलों के बारे में भी बताया गया। यह भी बताया गया कि जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान की जाती है। उप जिलाधिकारी श्री गंगवार द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि अपने आस–पास यदि भ्रूण हत्या, महिला उत्पीड़न, लिंग, धर्म, रंगरूप किसी प्रकार का भेद–भाव हो रहा है तो आप उसके विरुद्ध आवाज उठाये और सम्बन्धित विभाग में जाकर शिकायत कर समाज में रोल माडल बने। उन्होंने लोगों को कोविड–19 से बचाव एवं रोकथाम हेतु दो गज की दूरी, मास्क का प्रयोग करने तथा समय–समय

पर साबुन से हाथ धोने हेतु भी जागरूक किया। तहसीलदार सदर श्री बैठा द्वारा बताया गया कि भारत के संविधान में पुरूष व महिला सभी को समानता का अधिकार है। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में परिवार सिर्फ बेटें ही नहीं बेटियां भी चला सकती है। श्री बैठा ने वर्तमान में तहसील द्वारा चलाये जा रहे वरासत अभियान, कृषक बीमा योजना, विधवा पेंशन योजना तथा तहसील सदर में स्थापित महिला सशक्तिकरण हेल्प डेस्क के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

जिले एवं व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रशासन से मिलेगा व्यापार मंडल

पीलीभीत। आज पीलीभीत की जनसमस्याओं पर चर्चा करने और संगठन की गतिविधियों को और गति देने की दृष्टि से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की जिला कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी की अध्यक्षता में पीलीभीत के एक होटल में संपन्न हुई। जिसमें जनपद में व्यापारियों के प्रशासनिक उत्पीड़न कोरोना काल मे आर्थिक रूप से टूट चुके व्यापारियों की लॉक डाउन अवधि के बिजली पानी के बिल माफी, व्यापारियों पर बाकी कर्ज को चुकाने हेतु समय सीमा में वृद्धि, कोरोना काल में लॉक डाउन अवधि के ब्याज के माफी, बिजली कटौती की समस्या समेत जिले की कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करके उनके निस्तारण हेतु अधिकारियों से जल्द मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला संरक्षक प्रकाशवीर , जिला चेयरमैन अनिल महेंद्र , पंकज अग्रवाल , प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल , युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल , तुषार अग्रवाल , कपिल अग्रवाल , अतुल जैसवाल, संजय गुप्ता , प्रियांश अग्रवाल , हर्षित अग्निहोत्री , पंकज शर्मा , संदीप सक्सेना ,सुलभ गंगवार सहित पीलीभीत जनपद के प्रमुख व्यापारी नेता सम्मिलित थे।

इंजीनियर अविनाश साहू जी ने सप्ताहिक की मीटिंग की अपने आवास पर

दैनिक आयोध्या टाइम्स

जनपद बहराइच। सप्ताहिक मीटिंग मा. इंजीनियर अविनाश साहू जी के निवास स्थान पर हुआ। इसका नेतृत्व नगर अध्यक्ष अंकित साहू, जिला महासचिव शनि साहू नगर महासचिव अभिषेक साहू एवं शोएब ने किया जिसमें कई पदाधिकारी मौजूद रहे सभी लोगों ने अपना दल एस एवं इंजीनियर अविनाश साहू जी के प्रचार प्रसार के लिए पूरा तन मन धन से समर्पित रहने की बात कही।मीटिंग में बूथ लेवल की चर्चा हुई जिसमें कई पदाधिकारियों को बूथ कमेटी के गठन की जिम्मेदारियां दी गई हैं सभी को एक लक्ष्य और समय सीमा दिया गया है । ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार के लिए भी

पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं जिससे नगर के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रचार प्रसार हो पाएगा । इस मीटिंग में सुमित साहू और आसिफ सलमान ने सदस्यता ग्रहण किया। अन्य पदाधिकारी राकेश साहू, अखिलेश साहू, अनुराग मिश्रा ,प्रवीण वाजपेई ,आजाद, राजा ,सुमित साहू, रामशरण पाठक, आकाश गुप्ता, आसिफ सलमान ,इमरान ,अरविंद साहू, फिरोज ,अब्दुल्ला अन्य मौजूद रहे।

बैंक ने बतायी नेटवर्क की समस्या, इधर अपनी कमाई के हिस्से से वंचित है उपभोक्ता दोषी कौन

अमित पाठक पयागपुर। भूपगंज बाजार में स्थित आर्यावर्त बैंक की शाखा पयागपुर का नेटवर्क तीन दिनों से खराब है, जिससे बैंक आने वाले उपभोक्ताओं का लेनदेन नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद भी बैंक कर्मचारी कुछ नहीं कर रहे हैं। न उनकी सुन रहे है। ऐसे में किसी की तबियत खराब है या किसी के घर कोई कार्यक्रम है तो उसे निराशा हाथ लग रही है। नेटवर्क फेल हो जाने के कारण उपभोक्ताओं को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। सोमवार को बैंक पहुंचे उपभोक्ता जाफर अवनीश, सुनील , अज्जू , शिवम विकास आदि ने बताया कि बैंक में नेटवर्क न होने से एकएक रूपए की समस्या हो गईं है।खातेदार मायूस लौट रहे हैं, लेकिन बैंक अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उपभोक्ता तीन दिनों से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन लेनदेन नहीं हो पा रहा है। पेशे शिक्षक आलोक शुक्ल का कहना है कि उच्च शिक्षा में अध्ययन रत बेटे की फीस जमा करनी है बैंकिग व्यवस्था ठप होने से बिलंब हो रहाहै।इस मामले में शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि नेटवर्क की समस्या तीन दिनों से बनी हुई है। उच्चाधिकारियों को सूचित कर व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की गई है। बी सेट व लीस लाइन नेटवर्क की गड़बड़ी के कारण समस्या हुई जिसके जल्द ठीक होने की उम्मीद है।

सदर लम्बरदार ने माँ मेघासन मंदिर में नारियल फल व प्रसादी भेंट की

☒ बारिश के साथ आपदा से लोगों की सुरक्षा की माँगी मनौती

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

ललितपुर। हिन्दू संस्कृति के अनुसार पंचांग के माह अषाढ़ में बारिश होने से जहां आमजन को भीषण गर्मी से निजात मिलती है तो वहीं नवीन संवतसर में किसानों को भी खरीफ की फसल के लिए शुभ माना जाता है। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की एक वर्ष से मार झेलते हुये लोगों को इस वर्ष अषाढ़ के माह में बारिश न होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अषाढ़ माह को निकलने में भले ही कुछ दिन शेष बचे हैं, लेकिन किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें साफ–साफ देखी जा सकती हैं। बुन्देलखण्ड के ललितपुर में पुरानी परंपरा जो कि कई वर्षों से चली आ रही है। शहर के सदर लम्बरदार हाई–वे किनारे स्थित माँ मेघासन माता मंदिर जाकर जनकल्याण की भावना को लेकर पूजन करने पहुंचते हैं और वहां माँ को फल, प्रसाद अर्पित करते हुये बारिश की कामना करते हैं, जिससे साथ ही बारिश होती है। इसी क्रम

को आगे बढ़ाते हुये सदर लम्बरदार अभय चौबे ग्राम प्रधान रघुनाथपुरा ने परिवार व श्रद्धालुओं के साथ गाजे–बाजे ले जाकर माँ मेघासन माता मंदिर पहुंच कर नारियल फल व प्रसादी भेंट की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ जिले में बारिश होने के साथ आपदाओं से लोगों की सुरक्षा करने की अर्जी लगायी। दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं की भावना के साथ बीते दो दिनों से जिले में बारिश भी हो रही है। इस दौरान सुमित अग्रवाल, दीपक जैन, विनोद मिश्रा, विकास सोनी, रोशन कुशवाहा, कल्लू सतौरा, फूलचंद, राकेश, राजेश, निक्की, सुनील, अमित, आकाश, राजीव आदि सैकड़ों की संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को बिजली विभाग के खिलाफ ज्ञापन

रामपुर। व्यापार मंडल की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को बिजली विभाग के खिलाफ ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि अंधाधुंध कटौती से व्यापारी वर्ग एवं आम जनता दोनों वर्तमान में बेहाल हैं। जिससे समस्त व्यापार, लघु उद्योग धंधे, आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पहले से ही कोराना की दो दो लहरों से अर्थव्यवस्था व व्यापार पूरी तरह से चौपट हो गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश में बिजली की घरेलू दरें व व्यवसायिक व औद्योगिक बिजली दरें औसतन दूसरे प्रदेशों की तुलना में अत्यधिक ज्यादा है व साथ ही बिलो में भारी धनराशि के फिक्स चार्जेस भी जोड़ कर लगातार आ रहे हैं जिस पर विराम लगाया जाना अति आवश्यक है। उत्तर प्रदेश की बिजली दरों व फिक्स चार्जेस का भारी अनुपात में घटना अति आवश्यक है।

बिजली दरें ज्यादा होने से व विद्युत कटौती होने से, उत्तर प्रदेश का व्यापार

भी अन्य प्रदेशों शिफ्ट हो रहा है इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग की गई। कि जनहित में अति शीघ्र बिजली कटौती पर विराम लगाते हुए बिजली यूनिट दरों एवं फिक्स चार्जेस में न्यूनतम दरें करी जाए।

इस अवसर पर इस अवसर पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, राज बहादुर यादव, आनंद प्रकाश शर्मा, विजय अग्रवाल, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, मेराज हुसैन, सरदार मनजीत सिंह सिंपल, सरदार सतपाल सिंह टीटू, अली खान, जीशान अहमद, शाहिद अली, नजमी खान, शेबु खान, प्रमोद रस्तोगी, राजेंद्र सैनी, वकार इंजीनियर आदि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारीरू–अमित कुमार गुप्ता उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रेस नोट जारी।

प्यार में हारी युवती ने नहर में लगा दी मौत की छलांग, हरे राम के पहुंचने पर हुआ चमत्कार

ब्यूरो रिपोर्ट दैनिक अयोध्या टाइम्स पीलीभीत

प्रकृति भी प्यार की परीक्षा खूब लेती है, लेकिन राह–ए–मोहब्बत पर जो डटे रह गए उन्हें मंजिल मिल ही जाती है। कभी–कभी नसीब साथ न देने पर कई यातना झेलनी पड़ती हैं। कहते हैं जीवन साथी और सच्चा प्यार जिंदगी में हर कोई चाहता है। कुछ को संयोग से मिल जाता है तो कभी मोहब्बत की इस डगर में बहुत कुछ गंवाना पड़ता है। इश्क अंधा होता है, ये कहावत चरितार्थ साबित हुई। अजब प्रेम की गजब कहानी का एक किस्सा और सामने आया है। पूरनपुर कोतवाली की घुंघचाई क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती का पड़ोस में रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों एक साथ रहकर संग जीने मरने के सपने भी देख चुके हैं। इश्क की दास्तां से मोहल्ले के अलावा गांव के लोग भी अनभिज्ञ नहीं हैं। प्रेमी को लेकर हुए अनबन के बाद युवती चुपके से घर छोड़कर निकल गई। काम धंधा में व्यस्त परिवार के लोगों को उसके जाने की भनक नहीं लग सकी। प्यार में असफल युवती ने गांव के समीप बहने वाली हरदोई ब्रांच नहर पुल पर खड़े होकर मौत की छलांग लगा दी। तेज बहाव होने पर युवती नहर में बहती हुई जा रही थी। अचानक उधर से गुजर रहे राहगीरों की नजर उस पर पड़ी। इस पर पड़ोस के गांव के रहने वाले हरेराम यादव ने युवती को बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। भनक लगने के बाद युवती के प्रेमी के अलावा परिजन भी मौके पर पहुंच

गए। नहर पटरी पर ही उसको लिटाकर प्राथमिक उपचार किया गया। युवती की हालत ठीक होने के बाद परिजन उसे लेकर घर पहुंचे। मामला काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

व्यापार मंडल में मनोनयन की परंपरा समाप्त

रामपुर। व्यापार मंडल में मनोनयन की परंपरा समाप्त। चुनाव में जो निर्वाचित होंगे पदाधिकारी वे ही संभालेंगे जिम्मेदारी। रामपुर को गौरव प्राप्त शैलेन्द्र शर्मा संभालेंगे प्रांतीय चुनाव आयोग की कमान, होंगे प्रांतीय मुख्य चुनाव अधिकारी। 1 अगस्त को ललितपुर में प्रांतीय आम सभा। प्रांतीय त्रयवर्षिक निर्वाचन 7 व 8 सितंबर को वृन्दावन में आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मुकुंद मिश्रा जी का प्रदेश का दौरा करते हुए रामपुर आये। उपरोक्त संदर्भ में आज रामपुर आए जिनका रामपुर व्यापार मंडल की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मीटिंग रेडियंस पार्क में हुई जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मुकुंद मिश्रा जी और प्रांतीय महामंत्री श्री राजेंद्र गुप्ता जी शामिल हुए जिसमें व्यापार मंडल की तरफ से उनका भव्य स्वागत किया गया रामपुर कार्गो ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और बीड़ी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन तथा अनाज मंडी गल्ला एसोसिएशन की तरफ से भी उनका स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार

मंडल के तहसीलों स्वार, टांडा, शाहबाद के कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा जी ने बोलते हुए कहा व्यापार मंडल में अब मनोनयन की परंपरा समाप्त हो गई है अब चुनाव से पदाधिकारी तय होंगे। जो चुना जाएगा उसको दी जाएगी जिम्मेदारी.. और प्रांतीय निर्वाचन के सर्वेसर्वा श्री शैलेन्द्र शर्मा होंगे उन्हीं की देख रेख में निश्चित कार्यक्रम अनुसार चुनाव सम्पन्न होएंगे। उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा प्रांतीय गठन में अभूतपूर्व योग्यता व कुशलता रखते हैं तथा पिछले छह त्रैवार्षिक चुनाव इन्हीं की देखरेख में सम्पन्न हुये हैं। व्यापारी समाज के लिए समर्पित हमारा संगठन हर समय आपके साथ खड़ा है किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। बीडी उद्योग की तकलीफों की ओर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से वार्ता कर हल कराया जाएगा। ट्रांसपोर्टरों की समस्या का समाधान भी प्रांतीय स्तर से कराया जाएगा और रामपुर में महायोजना में ट्रांसपोर्ट नगर का निश्चित प्रावधान कराया जाएगा।दाल स्टॉक लिमिट कानून को उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थगित कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार ने उसको दोबारा से लगा दिया जिसका हम विरोध करते हैं हमने 6 तारीख को पहले भी प्रदेश में गल्ला मंडी अनाज मंडी नवीन मंडियाँ बंद कराई थी अभी दो दिन पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर 16 जुलाई को 7000 मंडियां और 12000 दाल मिले बंद करवाई थी। दलहन पर स्टॉक लिमिट से कुछ हासिल नहीं होने वाला है ।

एमएसपी.उेच.से नीचे दलहन का भाव चल रहे हैं अब भाव में 25: की कमी आ चुकी है गलत नीतियों के कारण एक बार बफर के रूप में रखा स्टाक समाप्त हो गया तो फिर भाव अनियंत्रित हो जाएंगे इसलिए स्टॉक लिमिट के आदेश को तुरंत वापस लिया जाना ही उचित होगा अगर सरकार ने इस को वापस नहीं लिया तो हम बराबर विरोध और संघर्ष करते रहेंगे मीटिंग में मौजूद व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा जी जिला महामंत्री शाहिद शमसी जी नगर अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खां जगन्नाथ चावला प्रदीप खंडेलवाल हारिस शमसी बिलाल शमसी इमरान सलीम उज्जैर, रूशी जमाल साउद शमसी,हरीश अरोड़ा, सरदार गुरजीत सिंह,चंद्र प्रकाश रस्तोगी राम गुप्ता मोहसिन खान शाकिव शमसी,अजय अग्रवाल, महेश गुप्ता, हाजी जलीस, राजकुमार सक्सेना, मुस्तकीम बाबू, वसीम अहमद, फहीम, नाजिम, नसीमुद्दीन समेतअन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सेवा निर्वित शिक्षकों को सम्मानित कर दी गई भावपूर्ण बिदाई

दैनिक आयोध्या टाइम्स बहराइच। सोमवार ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया आयोजन के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की सुरवात की मंच संचालन शिक्षक व कवि सन्तोष सिंन्ह ने किया।इस मौके पर आए विशिष्ट अतिथि अजय कुमार गुप्ता बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच ने अपने ने कहा शिक्षको द्वारा दिए गए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता इनका सम्मान जितना किया जाए कम है। अमित कुमार श्रीवास्तव खंड शिक्षा अधिकारी हुजूरपुर उपेंद्र त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर बृजलाल वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्ति किए और सेवा निर्वित शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह अर्पित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री संतोषी राणा खण्ड शिक्षा अधिकारी फखरपुर ने की और बताया इनकी कमी हमेशा हम सभी को खलेगी इनके द्वारा दिए गए योगदान को हमेसा याद रखा जायेगा। फखरपुर ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से सेवा निर्वित हुए शिक्षक कमलेश कुमार पांडे मदन गोपाल वर्मा हरिहर प्रसाद त्रिवेदी सुरेंद्र नाथ पांडे को शाल व श्री राम चरित मानस पुस्तक देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई इस मौके पर शिक्षा जगत से जुड़ी विभिन टीम टीचर्स सेल्फ केयर टीम फखरपुर अटेवा पेंशन बचाओ मंच शाखा फखरपुर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल संघ फखरपुर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फखरपुर के पदाधिकारि घनश्याम मिश्रा व शिक्षक सुरेंद्र प्रकाश गौड़ ने अपने तरफ से समृति चिन्ह भेंट किए।इस मौके पर शिक्षक बिलाल अंसारी जनक राज सिंह मधुलिका चौधरी,स्तन कुमार सिंह अवधेस झा बाबूलाल ,निजामुद्दीन, प्रवेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

साउद्दी अरब भेजने के नाम पर वसूले एक लाख तीस हजार

दैनिक आयोध्या टाइम्स बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के सरफुद्दीन पुत्र फखरूददीन ग्राम परसेन्डी थाना फखरपुर निवासी है। विपक्षी मोहम्मद अहमद पुत्र रमजान अली निवासी ग्राम कुडासपारा थाना फखरपुर का ही निवासी हैं जो विदेश में काम करने के लिए वीजा दिलाने का काम करने का दावा करते हैं। पीड़ित सरफुद्दीन को सऊदी भेजकर काम दिलाने का भरोसा दिलाया था। अप्रैल 2019 में विपक्षी ने इस काम के लिए प्रार्थी से कुल एक लाख 30 हजार (130,000ध्) रूपये की मांग की थी। प्रार्थी ने नौकरी के वास्ते दो बीघा खेत गिरवी रखकर व कुछ रकम ब्याज पर लेकर विपक्षी को पूरे रूपये दे दिए। इसके बाद प्रार्थी उसी महीने में सऊदी गया था। लेकिन वहां प्रार्थी का वादे के मुताबिक काम नहीं मिला। इस पर एजेंट ने फोन कर वापस आ जाने को कहा। यह भी कहा कि काम नहीं मिला है तो पैसा वापस दे दिया जाएगा। इस पर प्रार्थी वापस लौट आया और रूपयों के बावत मिलने पर विपक्षी ने प्रार्थी को 50 हजार रूपये का एचडीएफसी बैंक खाता संख्या 50200037329134 का चेक काटकर दे दिया। कहा कि बाकी रूपये कुछ दिनों में दे दूंगा। परन्तु जब प्रार्थी चेक बैंक में जमा कराने जा रहा था तो विपक्षी ने फोन कर बताया कि अभी खाते में पैसे नहीं हैं दो चार दिन में इंतजाम करके दे दूंगा। इसके बाद लॉकडाउन लग गया।एजेंट पैसे आज कल में दे देने की बात कह कर मामला टालता रहा है।

दो साल का समय बीतने के बाद भी प्रार्थी को अब तक कोई पैसा वापस नहीं किया। प्रार्थी द्वारा काफी प्रयास कर कहने पर एजेंट ने दिनांक 01 जुलाई 2021 गुरूवार को पारले चीनी मिल के पास आकर पैसा ले जाने के लिए बुलाया था। वहीं जब प्रार्थी एजेंट के बताए समय पर पैसा लेने पहुंचा तो मौके पर विपक्षी मोहम्मद अहमद चार पहिया गाडी में थे साथ मे मौजूद चार पांच अन्य लड़को के साथ मौजूद थे जो कि हाकी, डंडा आदि लेकर प्रार्थी को पैसा मांगने पर जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया। गाली गलौच करते हुए एजेंट ने कहा कि दोबारा पैसा मांगने मत आना। नही तो इसी 50 हजार रूपये से एक्सीडेंट करवाकर मार देंगे।जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक बहराइच, सहित थाने पर दी।पीड़ित ने बताया कि विपक्षी काफी दबंग किस्म का व्यक्ति है जो कभी भी कोई घटना कारित करा सकता है। अब देखना ये है क्या पीड़ित को मिलेगा इंसाफ या फिर न्याय के लिए दरदर भटकता रहेगा।

भाकियू के नेताओं ने चार सूत्रीय मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

दैनिक आयोध्या टाइम्स

बहराइच। भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के जिलाध्यक्ष धरम चन्द्र (महेश) के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के संबंध में तथा किसानों पर उत्पीड़न के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बहराइच नगर मजिस्ट्रेट को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। किसान नेता श्री महेश ने कहा कि रिसिया विकासखंड व जरवल विकासखंड के तमाम मूलभूत आवश्यकताओं को भी हमने मांग पत्र के माध्यम से निवेदन किया है।

कि इन सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। नहीं तो भारी संख्या में किसानों के साथ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। तथा पिछले आठ महीनें से किसान देश के विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर हैं जो अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। तीनों काले कृषि कानूनों को वापस लेने की बात कह रहे हैं। सरकार उनकी जायज मांगों को अनदेखी कर रही है। भाकियू जनशक्ति के युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव रजीउद्दीन बच्छन ने मीडिया कर्मियों को अवगत कराते हुए कहा कि डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर, खाद यूरिया, के दामों में बढ़ोतरी करके तथा सब्सिडी खत्म

करके जिस तरीके से देश के किसानों को सरकार खत्म करना चाहती है। उसके इस रवैया के खिलाफ किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर कैलाश नाथ पांडे युवा जिलाध्यक्ष, राजेश कुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, पूरन गोस्वामी जिला संरक्षक, जगराम तहसील अध्यक्ष नानपारा, इकबाल बहादुर तिवारी जिला उपाध्यक्ष आदि कार्यकर्ता किसान उपस्थित रहे।

दो महिला तस्करो को किया गिरफ्तार

शोहरतगढ़, जिला –सिद्धार्थनगर (उ०प्र०) को अवैध रूप से नेपाल से भारत नेपाली शराब 160 शीशी की तस्करी करते समय गिरफ्तार किया। जब्त किये गए शराब के साथ दोनों महिला तस्करो को भी पुलिस थाना– शोहरतगढ़ ,जिला– सिद्धार्थनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया । जब्ती के दौरान सीमा चौकी खुनुवा की संयुक्त पार्टी मे उपनिरीक्षक डब्लू० लासु ,मुख्यध्आरक्षी सरवन चौधरी, आरक्षी– दिनेश ,महिला आरक्षी बबिता कुमारी,रेखा व चौकी प्रभारी खुनुवा सभाशंकर यादव, आरक्षी अनुराग तिवारी शामिल रहे ।

खुनुवा शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। 43 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा व पुलिस चौकी खुनुवा के जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 556ध्1(54) के पास नेपाल – भारत सीमा पर दो महिला तस्कर जिसका को जिनका नाम सरिता पत्नी महेंद्र गांव– गड़ाकुल, थाना– शोहरतगढ़, जिला– सिद्धार्थनगर उर्मिला पत्नी सुभाष, गांव– नीबी दोहनी,थाना–

सहज जनसेवा केंद्र का उद्घाटन

रविन्द्र कुमार संवाददाता अयोध्या टाइम्स देवरिया। रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के रामलक्षन चौराहे पर सोमवार के सहज जनसेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सहारा इंडिया मिनी ब्रान्च रामलक्षन के प्रबन्धक श्री प्रमोद कुमार निषाद जी ने फिता काटकर किए।इस दौरान उन्होंने कहा कि नजदीक में सहज जनसेवा केंद्र खुलने से यहां के लोगों को आसानी से काम हो जाएगा।लोगों को तहसील का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा और साथ साथ समय का भी बचत होगा।सहज जनसेवा केंद्र संचालक दीपक कुमार निषाद जी ने बताए कि यहां दस रुपय से एक लाख रुपए तक का ई स्टैम्प आसानी से मिल जाएगा।जाति प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,पैन कार्ड, रेलवे टिकट,हवाई जहाज टिकट, आधार कार्ड से किसी भी बैंक से पैसा जमा निकासी आदि सेवाएं प्रदान की जाएंगी।इस दौरान रामलक्षन व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार,प्रमोद कुमार निषाद राजू कुमार निषाद,दीपक कुमार निषाद,आशीष जायसवाल,सूरज जायसवाल, रविन्द्र कुमार निषाद,राजा साहनी,संदीप यादव,अरविंद कुमार निषाद,विवेक कुमार निषाद,राजू यादव,परवीन गिरी,मुकेश कुमार निषाद,मनीष कुमार निषाद,सुधीर कुमार निषाद,अमरीश कुमार निषाद,लालू यादव,शैलेश कुमार निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

डॉ श्यामा प्रसाद की 120-वीं जन्म दिवस के अवसर पर रुड़की मेयर ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता को किया सम्मानित

रिपोर्ट समद साबरी ब्यूरो चीफ जिला हरिद्वार उत्तराखंड दैनिक अयोध्या टाइम्स रुड़की मेयर गौरव गोयल पहुंचे पूर्व विधायक सुरेश चंद्र जैन के आवास पर स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंटकर किया सम्मानित बता दे जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120–वीं जन्म दिवस के अवसर पर नगर में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने के क्रम में मेयर गौरव गोयल ने भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश चंद जैन के आवास पर पहुंच उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल आदि भेंटकर सम्मानित किया मेयर गौरव गोयल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं तथा रुड़की नगर में भाजपा से कई दशकों से जुड़े अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद हैं जिन्होंने पार्टी को अपना खून पसीना देकर सींचा है जिला महामंत्री आदेश सैनी,भाजपा के पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा व प्रवीण संधू ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान केवल भाजपा ही करती है मेयर गौरव गोयल ले नगर में सैकड़ों वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को जो सम्मान दिया है वह अनुकरणीय है तथा इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल एवं मान सम्मान बढ़ा है इस अवसर वरुण जैन,संजीव त्यागी,सुनीता गोस्वामी आदि अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तरांखण्ड की सीमा में घुसने वाले कांवड़ियों पर होगा मुकदमा दर्ज-तैयारियों को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक

रिपोर्ट समद साबरी ब्यूरो चीफ जिला हरिद्वार उत्तराखंड दैनिक अयोध्या टाइम्स राज्य सरकार ने लिया फैसला इस साल की कावड़ यात्रा रद्द बता दे कोरोना महामारी की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार द्वारा इस साल भी कांवड़ यात्रा को रद्द कर दिया गया है साथ ही यूपी सरकार ने भी कांवड़ मेले को स्थगित करने का फैसला ले लिया है ताकि देश को कोरोना महामारी की तीसरी लहर से बचाया जा सके इसलिए कांवड़ मेले को लेकर रुड़की के मंगलौर में दिनांक 18/07/2021 को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों द्वारा एक मीटिंग की गई मीटिंग में दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों द्वारा कावड़ियों को आने से रोकने के लिए विचार विमर्श किया गया है यदि कोई कावड़िया कांवड़ मेले के दौरान उत्तराखंड में प्रवेश करने का प्रयास करता है। तो उसके खिलाफ कोरोना महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा मंगलौर कोतवाली निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि सोशल मीडियम के द्वारा भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है । कि उत्तराखंड में कावड़ मेला स्थगित हो गया है इसलिए कोई भी कावड़िया जल लेने हरिद्वार ना आए ऐसे में कोरोना संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों का कोई भी व्यक्ति पालन नही करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल मैं लाई जाएगी इस दौरान मंगलौर सीओ पंकज गैरोला.रुड़की सीओ बहादुर सिंह चौहान, देवबंद सीओ अशोक सोलंकी, मंगलौर कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह बिष्ट, नारसन चौकी प्रभारी लोकपाल परमार, लखनौता चौकी प्रभारी संजय नेगी, कोतवाल देवबंद अशोक सोलंकी कोतवाल नागल देव सिंह रावत,एस ओ रविंद्र कुमार, मौजूद रहे।

आज 20 जुलाई को प्रमुख क्षेत्र पंचायतों का शपथ ग्रहण संबंधित विकास खण्डों में होगा सम्पन्न

☒ इसके लिए नामित किए गए है नोडल अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया

''देवरिया । आज 20 जुलाई को प्रमुख क्षेत्र पंचायतों का शपथ ग्रहण संबंधित विकास खण्डों में सम्पन्न होगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने विकास खण्डवार उप जिलाधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है, जो शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सम्पन्न करायेगें। शपथ ग्रहण के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य होगा। शपथ ग्रहण के तय समय व नोडल अधिकारी के पूर्ण विवरण सहित उक्त जानकारी जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने देते हुए बताया कि बैतालपुर के लिए उप जिलाधिकारी अरुण कुमार, बनकटा उप जिलाधिकारी भाटपाररानी, बरहज उप जिलाधिकारी बरहज, भागलपुर ओम प्रकाश बरनवाल उपजिलाधिकारी, भलुअनी उप जिलाधिकारी बरहज, भटनी ओम प्रकाश बरनवाल उप जिलाधिकारी, भाटपाररानी उप जिलाधिकारी भाटपाररानी, देवरिया सदर अरुण कुमार उप जिलाधिकारी, देसही देवरिया सुनील सिंह उप जिलाधिकारी, गौरी बाजार उप जिलाधिकारी रुद्रपुर, लार उप जिलाधिकारी सलेमपुर, पथरदेवा उप जिलाधिकारी देवरिया सदर, रामपुर कारखाना सुनील सिंह उप जिलाधिकारी, रुद्रपुर उप जिलाधिकारी रुद्रपुर, सलेमपुर उप जिलाधिकारी सलेमपुर एवं तरकुलवां के लिए उप जिलाधिकारी देवरिया सदर को शपथ ग्रहण के लिये नामित किया गया है। ब्लाक वार शपथ ग्रहण के तय कार्यक्रम अनुसार बैतालपुर, बरहज, भागलपुर, भाटपाररानी, देसही देवरिया, रुद्रपुर, सलेमपुर एवं तरकुलवां में शपथ ग्रहण का समय पूर्वान्ह 11 बजे निर्धारित है। बनकटा, भलुअनी, भटनी, देवरिया सदर, गौरी बाजार, लार, पथरदेवा एवं रामपुर कारखाना में अपरान्ह 2 बजे शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2021-22 हेतु की गयी समय-सारणी निर्गत

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव पत्रकार भटनी

☒ निर्गत समय–सारणी पोर्टल पर है उपलब्ध

देवरिया जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु समय–सारणी निर्गत कर दी गयी है, जो `बीवसंतीपच.नच.हवअ. पद पोर्टल पर भी प्रदर्शित करा दी गयी है। प्रदेश में स्थित नवीन मान्यता प्राप्त संस्थायें जो छात्रवृत्ति पोर्टल पर नाम जोड़ने एवं अन्य कार्यवाही से वंचित रह गये है। वे संस्थायें इस पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते है। आनलाइन आवेदन करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक से हार्ड कापी एवं आनलाइन डाटा अग्रसारित कराकर जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, परीक्षा संस्था से सम्बद्धता, संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रमों का नाम, अवधि, स्वीकृत सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णाक एफिलिएटिंग एजेन्सीध् विश्वविद्यालय आदि का विवरण अपडेट करने तथा मास्टर डाटा में अंकित किये गये विवरण तथा अपलोड किये गये अभिलेखों का सत्यापन सम्बन्धित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ध् प्राचार्य तथा संस्था द्वारा नामित छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से पूर्वदशम हेतु 20 जुलाई से 12 अगस्त एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु 10 अगस्त तक प्रत्येक दशा में कोर्स मास्टर में समस्त औपचाकिताएं पूर्ण कर डिजीटली लॉक कर लें। छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन करने लिए पूर्वदशम हेतु 23 जुलाई एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु 20 जुलाई से करने हेतु जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त छात्र / संस्था द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है।

इस समय सारणी के समयावधि के अन्तर्गत वार्षिक परीक्षाफल अथवा सेमेस्टर होने की दशा में दोनों सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी ध्उत्तीर्ण रु प्रोन्नत होने पर ही छात्र अपने पूर्व आवेदन पत्र का नवीनीकरण कर सकेगें। छात्रध्छात्रा के आधार प्रमाणीकरण एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओ०टी०पी०को अंकित करने पर ही आवेदन टेम्परेरी लाक किया जा सकेगा। संस्था द्वारा छात्र का आवेदन आनलाइन अग्रसारित करते समय छात्र का गत वर्ष की परीक्षा (सेमेस्टर होने की दशा में दोनो सेमेस्टर के अंकों को जोड़ते हुए) का प्राप्तांक एवं पूर्णाक भरना अनिवार्य होगा। उन्होने जनपद के समस्त छात्रध्छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि वे उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

डीएम की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

सिद्धार्थनगर। ईदु–उल जुहा (बकरीद) त्यौहार को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने एवं जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी सीताराम गुप्ता व अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत की उपस्थिति में पीस कमेटी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए जनप्रतिनिधियोंध् संभ्रान्त नागरिको, उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षों व जनपद स्तरीय अधिकारियों को बकरीद त्यौहार को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु समस्त थानाध्यक्षों द्वारा आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठकों के लिए जिलाधिकारी द्वारा प्रंशसा की गयी। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि छोटी से छोटी बातों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। नगरपालिकाध्नगर पंचायत के अधि अधिकारी सुनिश्चित कर ले कि ईदगाहध्मस्जिदों के आस–पास साफ–सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा दिया जाये। ईदु–उल जुहा की नमाज जिन जिन मस्जिदों में अदा की जाती है उसके आस–पास कोई भी अवारा पशु न घूमने पाये, जिससे बकरीद की नमाज पढ़ने वाले मुस्लिम भाइयों को कोई भी असुविधा न होने पायें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बकरीद का त्यौहार मनाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ईदु–उल जुहा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने अधि अभि विद्युत को निर्देश दिया कि नमाज अदा करने के समय बिजली की आपूर्ति बनी रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा चालू रहनी चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है उसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए हम किसी स्तर से कोई भी कमी नही

रखेंगे। कहा कि ईदु–उल जुहा का त्यौहार एक दूसरे से मिलने का त्यौहार है। सारे गिले शिकवे दूर करके एक दूसरे से गले मिलना चाहिए। हिन्दू हो या मुस्लिम हो दोनो को ऊपर वाले ने एक समान बनाकर भेजा है। समाज में मात्र एक प्रतिषत लोग गलत धारणा रखते हुए गलत सोचतें है। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के दूर–दराज से आये हुए संभ्रात नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि गलत प्रवृत्ति के लोगों को किनारा करके आपस में प्रेम भाव से ईदु–उल जुहा का त्यौहार मनाये।

कार्यक्रम का संचालन अपर जिलाधिकारी सीताराम गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, एवं संभ्रान्त नागरिकों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, अपर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सन्दीप चौधरी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, जेए रामकेवल, एवं संभ्रान्त नागरिकों की उपस्थिति रही।

युवाओं के बल पर 2022 में वापसी करेगी सपा

सोनू कुमार यादव मण्डल ब्यूरो अयोध्या टाइम्स

गोरखपुर। विधानसभा क्षेत्र चौरी चौरा मैं समाजवादी पार्टी के यूवजन सभा की समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवजनसभा के प्रदेश सचिव शिवांगी द्विवेदी भारत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में युवजन सभा के जिला अध्यक्ष राहुल यादव एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुन्नी लाल यादव उपस्थित रहे बैठक में पार्टी को मजबूत करने व 2022 में सरकार बनाने पर चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राहुल यादव ने कहा कि युवाओं पर पार्टी नेतृत्व बहुत ज्यादा भरोसा है युवा ही 2022 में सपा की सरकार बनाकर माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है।बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुन्नी लाल यादव ने कहा कि चौरी चौरा समाजवादियों का गढ़ रहा है यहां पर कई बार समाजवादी झंडा मजबूत होकर अपना विधायक बनाया है 2022 में चौरी चौरा से समाजवादी पार्टी का विधायक उत्तर प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण होगा मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव शिवांगी द्विवेदी भारत ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहां की युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी जी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए सपा सरकार बनाने के लिए युवा कमर कस कर तैयार है युवा अनुशासन में रह कर पार्टी के नीति रिति को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी बने कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष नरसिंह यादव नौशाद अहमद रतन द्विवेदी रंजीत मौर्य गोपाल यादव रंजीत यादव सोनू सुनील गुप्ता मनीष विश्वकर्मा सुदर्शन निषाद गुड्डू गिरजेश सिंह वसीम अहमद गुलाब यादव डब्लू अंगद यादव आदि उपस्थित रहे।

संचारी रोग से बचाव हेतु रुबरु हुए केवी इंटर कालेज के छात्र

- कोविड प्रोटोकाल के तहत ऑनलाइन हुआ कार्यक्रम

अमित पाठक पयागपुर

पयागपुर। कोरोना प्रोटोकाल के चलते कौशलेन्द्र विक्रम इंटर कालेज पयागपुर के छात्रों को ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पयागपुर बीपीएम अनुपम शुक्ला ने कहा कि बरसात के मौसम में जल जनित बीमारियाँ पाँव पसारने लगती हैं। ऐसे में घर के आस–पास साफ सफाई, मच्छरों से बचने के उपाय और शुद्ध पेय जल को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

कौशलेन्द्र विक्रम इंटर कालेज के नोडल शिक्षक अरुण शर्मा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने कई सवाल भी किए । छात्रा अर्चिता त्रिपाठी ने नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान और नशा छोड़ने के उपाय के बारे में सवाल किया। वहीं छात्र भाषकर तिवारी ने गैर संचारी रोगों के बारे में जानकारी ली । जिसके बारे में छात्रों को विस्तार से बताया गया ।

इस मौके पर बीपीएम अनुपम शुक्ला ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए सूअर को आबादी से दूर रखा जाए तथा चूहे व छछूंदर को घर में ना आने दिया जाए क्योंकि यह सभी वह कारक हैं जिनसे संचारी रोग जैसे दिमागी बुखार, स्क्रब टायफस, चिकनगुनिया, मलेरिया, डेंगू जैसी



खतरनाक बीमारियां फैलती हैं । इन बीमारियों से सबसे ज्यादा प्रभावित जन्म से 15 वर्ष के बच्चे होते हैं। गंभीरता की स्थिति में बच्चे दिमागी बुखार के कारण दिव्याङ्ग भी हो सकते हैं । उन्होने छात्रों को बताया कि कोरोना संक्रमण सहित अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ हाथ,शुद्ध पेय जल , मास्क का प्रयोग , शारीरिक दूरी को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है । साथ ही उन्होने बताया कि परिवार के सभी 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए। इस मौके पर अर्चिता त्रिपाठी, भास्कर तिवारी,दुर्गेश सिंह सहित अन्य छात्र छात्राएं जुड़े रहे। इन बातों का ध्यान रखिये कि छत या घर के आस पास खाली वर्तन , पुराने टायर, टूटे बर्तन , मिट्टी के घड़े आदि नष्ट कर दें , बाहर निकलते समय हमेशा मास्क का प्रयोग करें , हाथों को साबुन पानी से धुलते रहें ,घरों के आस–पास पानी का जमाव न होने दें, पीने के लिए हमेशा इंडिया मार्का नल का ही प्रयोग करें ,मच्छरदानी का प्रयोग करें ।

संक्षिप्त समाचार

बघे के कटान को लेकर मंडलायुक्त से मिले मुन्नीलाल यादव सौपा ज्ञापन

सोनू कुमार यादव मण्डल मण्डल ब्यूरो अयोध्या टाइम्स

गोरखपुर।विधानसभा क्षेत्र चौरी चौरा के समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुन्नीलाल यादव मंडलायुक्त से मिलकर छितहरी थुन्ही बांध पाथ जो विकासखंड ब्रह्मपुर में गोपलापुर राप्ती नदी के

कटान को तत्काल रोकथाम करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

श्री यादव ने बताया कि विकासखंड ब्रह्मपुर का दोआबा क्षेत्र राप्ती गोर्रा नदी के तट बंधो पर बसा 52 गांव सदैव बाढ़ की विभीषिका का शिकार रहता है । इस वर्ष छितहरी थुन्ही बांध पाथ पर गोपलापुर पर राप्ती नदी का कटान तेजी से होने से कछार आंचल के लोगों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है इस कटान को लेकर समाजवादी पार्टी ने कई कई बार उप जिलाधिकारी चौरी चौरा को ज्ञापन दिया जिसके क्रम में सिंचाई विभाग द्वारा बचाव कार्य प्रारंभ किया गया किन्तु 2 दिन की लगातार बारिश बचाव कार्य का कोई मतलब नहीं रहने दिया आज उक्त कटान के सम्बध में मंडलायुक्त श्री रवि कुमार एनजी से अवगत करा कर की तत्काल कटान रोक जाय। जिस पर चीफ बाढ़ खंड से उन्होंने तत्काल कटान रोकने हेतु निर्देशित किया है।

फतेहाबाद में ब्लॉक प्रमुख तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज ,तैयारियां पूरी

फतेहाबाद ।फतेहाबाद में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख तथा क्षेत्र पंचायत समस्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार 20 जुलाई को खंड विकास कार्यालय फतेहाबाद पर आयोजित किया गया है ।इसके लिए खंड विकास कार्यालय पर मंच बनाए जाने की तैयारियां कर की जा रही हैं खंड विकास अधिकारी मंगल यादव ने तैयारियों का जायजा लिया खंड विकास अधिकारी मंगल यादव के अनुसार 20 जुलाई को प्रातः 11रू00 बजे उप जिलाधिकारी फतेहाबाद द्वारा नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख प्रियंका गुर्जर को शपथ दिलवाई जाएगी। इसके बाद दोपहर 12रू00 से 2रू00 के बीच क्षेत्र के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलवाई जाएगी ।इस दौरान खंड विकास कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया है ।जिसके लिए व्यवस्था की जा रही हैं ।इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी हर्षवर्धन प्रशांत, राहुल परिहार ,धर्मवीर, हनीफ मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

गुप्त नवरात्रि के अवसर पर शतचंडी यज्ञ का आयोजन संपन्न

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद के ग्राम स्वाहा स्थित प्रख्यात देवी मंदिर पर शतचंडी यज्ञ का समापन किया गया । इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन राजराजेश्वरी केला देवी माता मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद क्षेत्र के प्रख्यात स्वारा देवी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के अवसर पर 8 दिन तक यज्ञ का आयोजन किया गया ।इस दौरान रविवार को पूर्णाहुति दी गई ।तथा सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। आचार्य व्यास पंडित ओंकार वशिष्ठ ,यज्ञआचार्य पंडित लक्ष्मण स्वरूप शास्त्री, ट्रस्ट के संस्थापक पंडित शांति स्वरूप शास्त्री, प्रदीप पंडित, माधव कृष्ण शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन करवाया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

टेंट लगाते समय करंट से युवक की मौत, ग्रामीणों मे विद्युत विभाग के विरुद्ध आक्रोश

- पिडित ने इत्तफाक घटना की दी तहरीर

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद।थाना डौकी क्षेत्र मे एक स्वागत समारोह के लिए लगाये जा रहे पंडाल का लोहे का पाइप छू जाने से आये विद्युत करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त हो गया।विधायक से मोबाइल फोन पर हुई वार्ता के बाद लोगों का गुस्सा शांत हो सका।

सोमवार को डौकी के गांव कुंई कुमरगढ मे ब्लाक प्रमुख बरौली अहीर और बिचपुरी के साथ साथ विधायक हेमलता दिवाकर कुशवाहा का स्वागत कार्यक्रम ग्रामीणों ने रखा था।इसी स्वागत समारोह के लिए पंडाल लगाई जा रही थी।दोपहर लगभग 12रू15 बजे 18वर्षीय नीरज पुत्र श्रीकृष्ण निवासी नगला केशों पंडाल अपने पिता श्रीकृष्ण और भाई बीरेंद्र के साथ लगा रहे थे।पंडाल लगाते समय लोहे के लटक रहे बिजली के तारों से छू जाने के कारण बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।और पुलिस को शव नहीं उठने दिया।लोगों का आरोप था कि विद्युत विभाग ने बिजली के तारों मे जाल क्यों नहीं लगाया।अगर जाल लगा होता तो यह घटना नहीं होती।विधायक हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने मोबाइल फोन पर लोगों को समझा कर शांत कराया।इसके बाद ही शव को शवविच्छेदन गृह आगरा भिजवाया जा सका।वहीं मृतक के पिता ने थाना डौकी मे इत्तेफाक घटना होने की तहरीर दी गई है।

सवारियों से भरा टेंपो पलटा , एक की मौत

दैनिक अयोध्या अयोध्या टाइम्स संवाददाता रूबी शर्मा

पिनाहट द्य सोमवार को यात्रियों से भरा टेम्पो के सामने अचानक गाय आ गई अनियंत्रित होकर टेम्पो पलट गया द्य चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए । एकत्रित ग्रामीणों ने घायलों को समुदायक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहा इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव बीच का पुरा में एक टेम्पो के सामने अचानक से एक गाय आ गई । अनियंत्रित होकर टेम्पो पलट गया । जिसमें रामदास उम्र करीब 60 वर्ष थाना मनसुख पुरा क्षेत्र के गांव ओध का रहने वाला है । जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई । यात्री की मौत की सूचना परिवार जनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।

वहीं इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी का कहना है पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली है

- समाजसेवा और चिकित्सा के लिए मिला सम्मान

बहराइच। जी.एम. हॉस्पिटल, कैसरगंज के निदेशक डॉ. योगेश प्रताप

सिंह को चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कोरोना संक्रमण के दौर में जिस प्रकार उन्होंने कैसरगंज क्षेत्र में सक्रिय रहकर समय पर लोगों को सही सलाह और चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं वह प्रशंसनीय है। उनके जन्मदिवस पर उनके सामाजिक कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और किसान पी.जी. कॉलेज, बहराइच के मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सत्यभूषण सिंह, नजबुद्दीन कोटेदार,ऐनुल हक, बरखुरद्वारापुर के शिव और हनुमान मंदिर के प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता, पत्रकार शिव कुमार गुप्ता व गोविंद गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात टेपों ने मारी टक्कर बाइक सवार युवक की हालत गंभीर

राम गोपाल वर्मा जिला संवाददाता फर्रूखाबाद

कायमगंज फर्रूखाबाद। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललई निवासी 21 वर्षीय आकाश पुत्र राजकुमार तथा उसका साथी श्याम सिंह आज सुबह किसी काम से कायमगंज आया हुआ था। जब यह लोग अपना काम निपटा कर घर वापस जा रहे थे तभी रास्ते में ग्राम रुटौल के पास उनकी बाइक में सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो अज्ञात ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मौका पाकर टेंपो चालक घटनास्थल से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक उसका उपचार जारी था।

बीमार युवती ने खाया जहर आत्महत्या करने का प्रयास हालत गंभीर

राम गोपाल वर्मा जिला संवाददाता फर्रूखाबाद

कायमगंज। बीमार चल रही युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया। बताया गया है कि नगर के नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी महेश चंद्र की पुत्री रजनी काल्पनिक नाम उम्र लगभग 20 वर्ष काफी समय से बीमार चल रही थी उसका इलाज कानपुर से हो रहा है। युवती ने आज पता नहीं क्या सोच कर जहरीली दवा खा ली। जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद युवती को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया है लेकिन पर जाने समाचार लिखे जाने तक उसे लेकर नहीं गए थे।

शैलेंद्र श्रीवास बने समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रविकांत गौतम उरई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा0 रामकरन निर्मल ने जालौन जिले के उरई के नया रामनगर निवासी और डीबीसी कॉलेज के पूर्व छात्रनेता को प्रदेश सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी नियुक्त किये जाने से जालौन जिले के समाजवादी लोहिया वाहिनी की जिला कमेटी में खुशी की लहर दौड़ गई और समाजवादी लोहिया वाहिनी जालौन की जिला कमेटी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी और समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकरन निर्मल जी को हार्दिक धन्यवाद दिया।

लोकसभा में लंबित विधेयक पारित किये जाने की मांग सहित 6 सूत्रीय मांग पत्र राष्ट्रपति को भेजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रविकांत गौतम उरई,जालौन। बहुजन सशक्तिकरण संघ एवं साथी संगठनों के तत्वाधान में नीट परीक्षा में पिछड़े वर्गों को 27: आरक्षण दिए जाने एवं वर्ष 2021 की जनगणना में पिछड़े वर्गों की जाति गणना किये जाने एससी एसटी को प्रमोशन में आरक्षण देने हेतु लोकसभा में लंबित विधेयक पारित किएये जाने की मांग सहित 6 सूत्रीय मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट सौंपा। इस अवसर पर सुंदर सिंह शास्त्री प्रदेश महासचिव, भागवतीचरण पांचाल जिला प्रभारी जगत नारायण प्रवेश निरंजन प्रेम कुमार कुशवाहा ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया नीट परीक्षा में पिछड़े वर्गों को पर्याप्त आरक्षण न देकर यह सरकार उनके संवैधानिक हको पर कुठाराघात कर रही है। मौके पर उपस्थित रहे सुंदर सिंह शास्त्री भगवती पांचाल किशन बाबू आनंद कुमार अजय चौधरी मानिक चंद्र बाबू साधना सिंह सुनील दत्त चौधरी राम कुमार राय प्रेम कुमार कुशवाहा गुड़िया देवी गगन कुसुम लता चौधरी भूरी देवी सिद्धार्थ गौतम यथार्थ गौतम अजय वीर श्री नारायण राज नारायण दिलीप कुमार राम अवतार दिनेश कुमार प्रवेश निरंजन अमन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये डीएम ने एल ई डी वैन को दी हरी झंडी

- योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों तक किया जाए : जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार मिश्र

देवेश कटियार दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार मिश्र द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आयी 02 एल0ई0डी0 वैन का

कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से चलचित्र दर्पण द्वारा व्यक्तियों में जागरूकता एवं जानकारी लाना इसका मुख्य उद्देश्य है, इसके माध्यम से कोविड टीकाकरण, गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण, उत्तर प्रदेश स्मार्ट प्रदेश एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शासन द्वारा किस प्रकार जनता को दिया जा रहा है एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी सभी दूरगामी क्षेत्रों में आवासित व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु एल0ई0डी0 वैन एक माह तक विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यापक प्रचार प्रसार करेंगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि एल0ई0डी0 वैन नियमित रूप से निर्धारित स्थलों पर संचालित की जाएं। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री हरिराम, जिला सूचना अधिकारी श्री शीलेन्द्र कुमार शर्मा सहित सूचना विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

खम्भे से लटक रहे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शैलेंद्र मिश्रा तम्बौर सीतापुर

बेहटा सीतापुर। थाना क्षेत्र तंबौर देहात मजरा डल्लापुरवा में बिजली के खम्भे से लटक रहे तार में उतर रहे करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई ।परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है ।सोमवार शाम तीन बजे डल्लापुरवा निवासी नन्हू 15 पुत्र राजू खेत की तरफ जा रहा था तभी गाँव के पूरब हनुमान मंदिर के पास लगे खम्भे से टूटकर लटक रहे तार की चपेट में आ गया ग्रामीणों ने उसे बड़ी मशक्कत से छुड़ाया उसे तुरन्त समुदातिक स्वास्थ्य तंबौर लाया गया जहाँ डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिय। राजू पुत्र प्रभू चौहान ने बिजली विभाग के खिलाफ तहरीर दी है ।थानाध्यक्ष ओपी रॉय ने बताया कि तहरीर मिली है शव को कब्जे में लेकर पीएम के जिला मुख्यालय भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

विकासखण्ड चौबेपुर में नवनिर्वाचित प्रधानों के दायित्व एवं अधिकारों की जानकारी हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर। कोविड गाइडलाइन के अनुपालन हेतु भीड़ जमा होने से बचने के लिए तीन अलग अलग जगहों पर लगभग 20–20 प्रतिभागियों के साथ सत्र का आयोजन किया गया। विकासखण्ड मुख्यालय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी द्वारा,कुर्मीखेड़ा में सहायक विकास अधिकारी(सहकारिता) द्वारा एवं अमलीहा में सहायक विकास अधिकारी(पेइ)द्वारा की गई।

मण्डलयीय उपनिदेशक के संक्षिप्त सम्बोधन के बाद मा० मुख्यमंत्री जी ने जूम ऐप्प के माध्यम से प्रधानगणों से जुड़कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानगणों को,ग्राम पंचायत के संगठन, इसके कार्यों एवम अधिकारों, स्वच्छ भारत मिशन,ग्राम पंचायत विकास योजना,कायाकल्प योजना आदि के विषय मे जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। मध्यान्ह भोजन एवम जलपान की व्यवस्था विकासखण्ड द्वारा करायी गई,अंत मे सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) श्री सुरेश निगम ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

मशहूर गीतकार गोपालदास नीरज जी की तृतीय पुण्यतिथि मनायी गयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

इकदिल,इटावा। मशहूर गीतकार पद्मश्री गोपालदास नीरज जी की तृतीय पुण्यतिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान इकदिल में किया गया । जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट ने की तथा संचालन कृष्ण आधुनिक ने किया । गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों ने श्री नीरज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्दांजलि दी । इस मौके पर हरदीप सक्सेना ने नीरज जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि नीरज जी गीतों की दुनिया में कदम रख कर देश ही नही अपितु विदेशों में भी ख्याति प्राप्त की । अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी डॉ. सम्राट ने कहा कि नीरज जी को इकदिल से विशेष लगाव था वह जब भी इकदिल आते थे पुरानी यादें ताजा कर जाते थे। संचालन कर रहे कृष्ण आधुनिक ने कहा कि नीरज जी के इकदिल के होने पर गर्व हैं उन्होंने इकदिल का नाम रोशन किया है । इस मौके पर देवेन्द्र गुप्ता, अभिषेक सक्सेना, सुयश तिवारी, मोहित सक्सेना आदि उपस्थित रहें।

जाम में फस कर बेहाल हो रहे लोग, जिम्मेदार मौन

- भीड़ के कारण कोविड 19 का नियम सोशल डिस्टेंसिंग हो रहा तार– तार

राम गोपाल वर्मा जिला संवाददाता फर्रूखाबाद। कायमगंज नगर सीमा के अंतर्गत आए दिन टीपी चौराहे से शिवाजी मूर्ति तक मुख्य चौराहे से पुरानी गल्ला मंडी एवं बजरिया मार्केट से लेकर श्यामा गेट तक वही मुख्य चौराहे से गंगा दरवाजे तक तो जाम लगता ही चला आ रहा था। अब तहसील रोड पर स्थित बड़ी मस्जिद से लेकर मुंसिफ कोर्ट व तहसील अस्पताल के सामने से होकर निकलने वाले प्रमुख व्यस्त मार्ग पर भी हर दिन जाम की जलालत आम आदमी को उठानी पड़ रही है । यह स्थान इसलिए और अधिक महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील माना जाता है । क्योंकि यहां आसपास एवं आमने–सामने मुंसिफ कोर्ट, तहसील कार्यालय, एसडीएम कोर्ट ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व एक निजी प्रबंधन वाला स्कूल तथा कुछ आगे चलकर थोड़ी ही दूर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन और उसके ठीक सामने दूरसंचार निगम लिमिटेड का भवन तथा कार्यालय यह सभी स्थित है ।जरूरतमंद लोग मुंसिफ कोर्ट, तहसील तथा अस्पताल आने को मजबूर होते हैं। स्वाभाविक है कि इस कारण यह मार्ग प्रमुख और व्यस्त मार्गों में आता है । किंतु इस मार्ग पर स्थित दुकानों के आगे तक लगा सामान जहां मार्ग को सकरा बना रहा है। वही ई–रिक्शे भी जाम का मुख्य कारण बनते जा रहे हैं । इससे भी अधिक विडंबना पूर्ण स्थित तो यह है कि नो एंट्री के बावजूद भी पूरे दिन भारी वाहन, ट्रैक्टर ट्रालियों के आने जाने पर भी कोई रोक नहीं है। नो एंट्री में भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकते व अन्य व्यवस्था के लिए तहसील पुलिया पुलगालिव , सीपी तिराहे पर तथा टीपी चौराहे जैसे स्थानों पर पुलिस के जवानों का पहरा रहता है। लेकिन फिर भी इन वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं है । आज भी बड़ी मस्जिद से लेकर नगर पालिका गेट तक ,कई घंटों तक, भयंकर जाम की जलालत लोगों को झेलनी पड़ी । इसका कारण भी रोज की तरह बर्ती जाने वाली लापरवाही ही नजर आ रही थी। इस जाम के कारण लोग एक दूसरे से सटकर चलने को मजबूर हो रहे थे। जिससे कोविड–19 प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही थी। यह कोई एक दिन का मामला नहीं है। यहां तो आए दिन हर रोज कोविड–19 का नियम, सोशल डिस्टेंसिंग तार–तार होता हुआ बड़ी ही आसानी और बेशर्मी के साथ देखा जाता है। फिर भी न जाने क्यों नगर पालिका प्रशासन सहित अन्य वास्तविक जिम्मेदार मौन क्यों हैं।

पहली बार की बरसात में ही प्राथमिक विद्यालय मानपुर बना टापू

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर

- सरकार की महत्वाकांक्षी कायाकल्प योजना का खुलेआम लग रहा पलीता

कानपुर देहात। स्वच्छता अभियान व कायाकल्प योजना के विपरीत व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण वारिश के चलते केवल एक ही झटके में पोल खोल कर रख दी, अर्थात जहां शिवराजपुर विकास खंड प्राथमिक विद्यालय मानपुर टापू नुमा नजारा पेश करने लगा, बताना है कि विकास खंड शिवराजपुर ग्राम सभा मानपुर की प्राथमिक विद्यालय के परिसर में विकास व स्वच्छता का दंभ भरने वाले लोगों की एक ही झटके में बारिश में खोल कर रख दी पोल और अध्यापकों व अभिवावकों को उस टापू नुमा जल भराव से गुजरकर कक्षों में प्रवेश करने पर मजबूर हो पड़ गया, मालूम हो कि योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कायाकल्प योजना का धरातलीय नजारा जमीनी स्तर पर कुछ और ही देखने को मिल रहा है, जहां कागजी कोरम पूरा करने के सिवाय कुछ नहीं शेष बच रहा है, विभागीय सम्वंधित अधिकारी व कर्मचारियों की कार्यशैलियो व लापरवाहियों का खेल भी सामने नजर आने लगा है, जहां आज विद्यालय ही बन गया एक टापू नुमा नजारा पेश करता है, ऐसा तो मात्र एक उदाहरण ही मानपुर पेश करता है यदि वास्तविकता में देखा जाए तो ऐसे ही तहसील क्षेत्र में आधा सैकड़ा से अधिक विद्यालयों में कायाकल्प योजना मात्र कागजी कोरम का घोड़ा दौड़ा दौड़ा कर पूरा करते हुए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा इति श्री कर ली गई है।

सरकार की 4 वर्ष की उपलब्धियों की किताबें बेचने का झूठा आरोप, सोशल मीडिया पर लगाया गया- अपर जिला सूचना अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

जनपद औरैया के अपर जिला सूचना अधिकारी ने सरकार के 4 साल की उपलब्धियों की किताबें कबाड़ की दुकान पर बेच दी हैं। उपरोक्त खबर में लगाए गए आरोप असत्य व निराधार हैं। प्रायरू जिला सूचना कार्यालय मे आने वाले आम जनमानस को वर्तमान सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका वितरित की जाती है। एक सप्ताह पहले कार्यालय में 8–10 युवक आए थे जिन्होंने अपने को समाज सेवा से जुडा हुआ बताया था। उन्होंने कार्यालय में रखी सरकार की 4 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका को देखा और पढा, पढ़ने के बाद उन्होने कहा कि कुछ पुस्तकें हमें दे दीजिए ।हम इसे अपने गाँव में लोगों को दे देंगे, जिससे कि सरकार के द्वारा किये गये अच्छे कार्यों को जनता जान सकेगी। इस पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा किताबों के प्रचार प्रसार हेतु जनहित में सभी युवकों को दो –दो बंडल दे दिए। 14 जुलाई को तकरीबन 03 बजे के आस पास सूचना प्राप्त हुई कि कार्यालय के कुछ दूरी पर स्थित एक कबाड़ की दुकान पर सरकार के 4 वर्ष की उपलब्धियों वाली किताबें कुछ युवक दुकान पर बेच गये थे। जब सूचना विभाग को सूचना मिली । और सूचना मिलते ही संज्ञान लेते हुए, तत्काल उस कबाड़ की दुकान पर पहुच कर उन सभी किताबों को ऑटो में रखवा कर कार्यालय में भिजवा दी एवं कबाड़ वाले को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई इस तरह की कोई सरकारी किताबें बेचने आता है तो उसकी सूचना सरकारी नम्बर 9453005389 पर तत्काल दी जाए, अन्यथा आप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । समस्त किताबें कार्यालय में वापस मंगा ली गई हैं। उपरोक्त मामला दिनांक 17 जुलाई को संज्ञान में आया है, कि न्यूज टीवी चौनल व सोशल मीडिया और प्रिन्ट मीडिया पर चलायी गयी खबर जिसमें आरोप लगाया गया है कि अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार द्वारा किताबें बेची गयी हैं। अपर जिला सूचना अधिकारी का कहना है कि पूरे प्रकरण में मेरे अथवा किसी अन्य कर्मचारी द्वारा कोई भी किताब नहीं बेची गई है। खबर में लगाये गये आरोप असत्य व निराधार हैं।

जिले के लिए विकास पुरुष साबित होंगे जिला पंचायत अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रविकांत गौतम उरई। जिला पंचायत अध्यक्ष की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है इससे उनके प्रतिद्वंद्वियों के हौंसले पस्त हो रहे हैं।

सोमवार को अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले के प्रथम नागरिक को माला पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें जिले का विकास पुरुष बताया। जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी लगातार लोगों की लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। इससे उन्हें जिले के साथ ही अब दिल्ली में भी लोग सम्मानित करने से नहीं चूक रहे हैं। सोमवार को अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली कोली भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवरजी बावलिया, कैबिनेट मंत्री गुजरात सरकार तथा संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी से जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर माला पहनाकर सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जालौन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष विकास पुरुष साबित होंगे। वह जिस तेजी से लोगों के जनप्रिय नेता बन रहे हैं उसी तेजी के साथ वह जिले में विकास कार्यों को अंजाम देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह जिले के कोली समाज के लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे।

जिले में भी कई जगह हो चुका सम्मान : गौरतलब हो कि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी का दो दिन पहले रेंढ़र में कार्यकर्ता व लोगों ने तुलादान कर सम्मान किया था। जिसके बाद उन्हें अब दिल्ली में सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संवेदीकरण एवं जनजागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास खंड बैतालपुर एवं देसही देवरिया में किया गया आयोजित

- नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को मुख्यमंत्री का दिया गया संदेश पत्र
- गांवो में रखे साफ सफाई, जल जमाव से निजात के लिये प्रमुखता से करें कार्य : सीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया प्रवीण मिश्र

देवरिया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैतालपुर एवं देसही देवरिया विकास खंड में ग्राम प्रधानो के संवेदीकरण एवं जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने की। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानो को मा0 मुख्यमंत्री जी का संदेश पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गांवो के विकास एवं सभी को स्वस्थ रखने में ग्राम प्रधानो की अहम भूमिका है। वे अपने इस दायित्वों को समझे और अपनें गांव को स्वच्छ, स्वस्थ व विकास के विभिन्न आयामो से जोडने में अपने गुरुत्तर दायित्व का निर्वहन करें। उन्होने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपनी भागीदारी निभाये जाने एवं ग्राम वासियों के इसके प्रति जागरुक किए जाने हेतु ग्राम प्रधानो से अपेक्षा की। शौचालय प्रयोग, साफ सफाई, फागिंग, एन्टी लार्वा का छिडकाव आदि कार्यो को प्रमुखता से कराए जाने को कहा, जिससे यह बीमारी पूरी तरह नियंत्रित हो सके तथा हर व्यक्ति या बच्चा स्वस्थ रह सके। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, मनरेगा के कार्यो को प्रमुखता से कराये जाने को कहा। उन्होने सभी ग्राम प्रधानो से ''मेरा गांव कोरोना मुक्त गांव'' की दिशा में कार्य किये जाने की अपेक्षा के साथ कहा कि इसके लिए अपनी टीम व सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारियों का समन्वय रखते हुए इस मंशा को सफल बनाये। तालाबों में गॅम्बूजिया मछली डालने का भी कार्य सुनिश्चित कराएं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरी बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाएं।

लोगों को जागरूक करें तथा इसके सफलतापूर्वक संपादन में अपनी महत्ति भूमिका निभाएं जिससे कि वेक्टर जनित बीमारियां न फैले तथा जनपद का हर बच्चा स्वस्थ रहे। उन्होने कहा कि जेईध्एईएस सहित अन्य संचारी रोगो से बचाव के लिये ग्राम स्तर पर जन जागरुकता अत्यन्त आवश्यक है। इस अभियान के तहत 12 जुलाई से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित है। आयोजित इन कार्यक्रमों में बैतालपुर में प्रभारी खंड विकास अधिकारीधजिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, डिप्टी सीएमओ डा वी पी सिंह, डीसीपीएम राजेश कुमार गुप्ता, यूनिसेफ के गुलजार त्यागी, विचित्र मणि तथा देसही देवरिया में खण्ड विकास अधिकारी देसही देवरिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी गण एवं बाल विकास सहित जुडे अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित जुडे जन विकास खंडों में उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में सर्पदंश के इलाज के दावे अधूरे, गम्भीर हालत में बच्चे के परिजन ले गये प्राइवेट अस्पताल जहाँ इलाज के दौरान हुई 3 साल के मासूम की दुःखद मृत्यु

☒ जहाँ एक ओर सर्पदंश राज्य आपदा घोषित हो चुकी है वहीँ सर्पदंश रोगियों की समय से इलाज न मिलने पर हो रही मृत्यु

☒ स्नेक वाइट ट्रीटमेंट की अलग से एक ओपीडी व प्रशिक्षित चिकित्सक संग ही अन्य प्रशिक्षित स्टाफ की भी जिला अस्पताल में है बेहद आवश्यकता

☒ हमारी एक छोटी सी पहल से ये जनहानि अवश्य ही रुक सकती है

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

इटावा। ताजा मामला है जसवन्तनगर क्षेत्र के कटे खेड़ा के नगला करन का जहाँ से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात्रि सोते समय मात्र तीन साल के मासूम अपिश को किसी जहरीले सर्प ने दो से तीन बार काटा जिसके थोड़ी देर बाद वह नीला पड़ने लगा और उसे सांस लेने में भी जब परेशानी हुई, वह रोया और फिर उल्टियां करने लगा तब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल दौड़े वहाँ समय पर पहुंचने के वावजूद सर्पदंश की पहचान होने पर भी परिजनों के अनुसार बच्चे को साधारण उपचार देने के साथ कोई भी स्नेक एंटीवेनम इंजेक्शन नही लगाया गया। वहाँ लगभग एक घण्टा बर्बाद होने के बाद सैफई रिफर करने की बात कही गई तब परिजन बच्चे को लेकर नई मंडी रोड पर स्थित एक निजी बड़े अस्पताल में ले आये व एडमिट करा दिया। जहाँ पर उसे स्नेक बाइट का समुचित उपचार तो दिया गया लेकिन वहाँ के डॉ भी उस मासूम की जान नही बचा सके और शनिवार की रात लगभग 1 बजे उस सर्पदंश से पीड़ित बच्चे ने अंततः दम तोड़ दिया। अब इस घटना से एक बड़ा सवाल यह उठता है कि, योगी सरकार के सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित करने के वावजूद भी जनपद के बड़े सरकारी अस्पताल में इलाज की मौजूदा स्थिति बेहद चिंतनीय है कि, जब एक से बढ़कर एक हाइटेक उपकरणों सहित करोडो के बजट से लैस होने के वावजूद एक अदद सर्पदंश का सही इलाज आम लोगों को मयस्सर नही हो पा रहा है तब ऐसे में सर्पदंश से पीड़ित मरीज व उसके परिजन जनपद में कहाँ जायें यह एक बड़ा सवाल है। अब वजह दो है या तो अस्पताल में सर्पदंश के इलाज के लिये कोई चिकित्सक या स्टाफ प्रशिक्षित ही नही है या वहाँ सर्पदंश के इलाज की अलग से कोई ओपीडी की व्यवस्था ही नही है। मैं इस घटना के माध्यम से जिलाधिकारी महोदया से में डॉ आशीष त्रिपाठी एक प्रशिक्षित सर्पविशेषज्ञ व सर्पमित्र होने के नाते निवेदन के साथ जनहित में यह माँग करता हूँ कि, कृपया जनपद के जिला अस्पताल में किसी भी प्रशिक्षित डॉक्टर या विशेष ड्यूटी स्टाफ द्वारा 24×7 एंटीवेनम की उपलब्धता मरीज को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं इमरजेंसी में ऐसी कोई व्यवस्था केवल सर्पदंश के रोगियों के लिये ही अलग से लागू हो जिससे कि समय रहते ही उन्हें सही जगह पर उचित इलाज मिल सके। क्यों कि कोबरा या करैत के काटने के बाद इलाज के लिये मरीज का एक एक मिनट भी बेहद ही बेशकीमती होता है क्यों कि सर्प का रूातरनाक न्यूरोटॉक्सिक वेनम (जहर) पीड़ित की तांत्रिका कोशिकाएं 15 से 20 मिनट में ही तेजी से नष्ट करने लगता है और वह सांस रुकने पर अनिश्चित समय के लिये अचेत भी हो जाता है या फिर ठीक होने पर कुछ आंशिक विकलांग भी हो जाते है । मरीज पल पल मरता ही रहता है। विदित हो कि, पिछले मई माह में ही विगत 23 मई 2021 को सराय एसर की रहने वाली राजनश्री नाम की महिला की भी खतरनाक स्पेक्टिकल कोबरा सर्प के काटने से दर्दनाक मौत हो चुकी है जिसे तुरंत 5 मिनट में जिला अस्पताल तो लाया गया था लेकिन उसे भी यहाँ इलाज के लिये मना कर दिया गया और किसी चिकित्सक द्वारा उसके पर्चे पर सैफई रिफर लिख दिया गया। तब उसे उसके परिजन उसके बचने की आशा में आईटीआई चौराहे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गये जहाँ सर्प दंश का इलाज ही मौजूद नही था तब उनके भी मना करने के बाद सैफई पीजीआई ले जाते समय वैदपुरा से पहले उस महिला ने तड़पते हुये दम तोड़ दिया। इसी तरह एक लगभग 15 वर्षीय बच्ची प्रिंसी निवासी नेवलगंज अछल्दा रामपुर जो करैत के सर्पदंश से पीड़ित है व इटावा जनपद के ही एक प्राइवेट अस्पताल में जिन्दगी व मौत से लड़ भी रही है उसकी भी हालत बेहद गम्भीर है उसे भी परिजनों के अनुसार उसे भी करैत सर्प ने ही काटा है। अछल्दा में ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर समय से उन्हें कोई इलाज नही मिला जव वे वहाँ गये तो वहाँ ताला बन्द मिला । वहीं औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चपटा में भी मुन्नी देवी पत्नी राम शंकर प्रजापति की भी मौत सर्पदंश से शनिवार को हो गई, क्योंकि सरकारी अस्पताल में सर्पदंश का समुचित इलाज न होने के कारण दिबियापुर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन समय पर उपयुक्त इलाज न मिलने से उनकी मौत हो गई।

आदरणीय महोदयध महोदया जब बरसात के समय सर्पदंश की घटनाएं बढ़ रही हैं तब यदि ऐसे निश्चित बेहद कम समय मे समय से यदि किसी रोगी को सही इलाज ही नहीं मिलेगा तो सर्पदंश से होने वाली असमय मौतों में यूँ ही बढोत्तरी होती ही रहेगी व राज्य सरकार के राजकोष (आपदाकोश) पर आर्थिक व्यय का अतिरिक्त भार भी यूँ ही बढ़ता रहेगा।

कृपया जनहित में उचित से उचित कार्यवाही करने की कृपा करें, जिससे कि सर्पदंश से होने वाली मौतों को कम किया जा सके।

कामाख्या धाम परिसर में अतिथिगृह का हुआ लोकार्पण

भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने किया लोकार्पण

पवन कुमार संवाददाता अयोध्या

रूदौली,अयोध्या। सिद्धपीठ माँ कामाख्या धाम पर नवनिर्मित मंदिर परिसर में 130.83 लाख से बनकर तैयार भव्य अतिथि गृह का हुआ लोकार्पण।अतिथिगृह का विधि विधान से विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के बाद सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति विधानसभा उ.प्र.के सभापति व रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने लोकार्पण किया।विधायक रामचंद्र यादव ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा की यह अतिथिगृह सिद्धपीठ माँ कामाख्या धाम के नाम से जाना जायेगा।

यही नही यह अतिथि गृह मंदिर परिसर सुनबा ग्रामसभा में बनाया गया है।जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी की दूर अयोध्या सुल्तानपुर अमेठी बार्डर पर इस अतिथिगृह बन जाने से अब अतिथियों को विश्राम करने में समस्या नही होगी।और इस अतिथि गृह पर दूर से पधारे अतिथियो को प्रेम भाव से माता जी का दर्शन का करने का सौभाग्य मिलेगा।

साथ ही मंदिर से जुड़ी सभी सड़को के चौड़ीकरण होने पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के प्रति धन्यवाद व आभार प्रकट किया।विधायक श्री यादव ने क्षेत्रीय लोगो की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता निर्मल शर्मा,शीतला प्रसाद शुक्ल,लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता ए के तिवारी, अवर अभियंता,घनश्याम यादव,अनूप कुमार,मिथलेश कुमार,दीपक,प्रधान प्रतिनिधि भल्लू सोनकर,पंकज यादव,ललित विश्वकर्मा, त्रिभुवन यादव,राम बहादुर यादव, मयंक पाठक,रामकुमार पांडेय,माता बदल पांडेय,सुग्रीव दास महराज, जगप्रसाद रावत अश्वनी यादव, विपिन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

मवई थाना परिसर मुख्यालय में आयोजित की गई शांति कमेटी की बैठक

पवन कुमार संवाददाता अयोध्या

अयोध्या। प्रभारी निरीक्षक मवाई विश्वनाथ यादव ने शांति कमेटी की बैठक में चौकी प्रभारी बाबा बाजार धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचेत यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी व क्षेत्रवासी रहे मौजूद। प्रभारी निरीक्षक मवई विश्वनाथ यादव ने त्योहार मनाने के साथ– साथ सोशल डिस्टेंसिंग का विधिवत पालन करने एवं उचित दूरी बनाए रखने के लिए दिया दिशा निर्देश। धार्मिक पर्वो के आयोजनों से समाज मे शांति सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को बल मिलता है।सभी धर्मो ने सहिष्णुता तथा आपसी मेल मुहब्बत की शिक्षा दी है।उक्त विचार उप जिला धिकारी रुदौली विपिन सिंह ने आगामी बकरीद पर्व को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक मवई विश्वनाथ यादव द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि आगामी बकरीद पर्व पर सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के हिसाब से ही आप लोग इस पवित्र त्योहार को मनायें।उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व पर होने वाली कुर्बानी में सिर्फ बकरे और भेड़ की ही कुर्बानी करें बड़े जानवर की कुर्बानी इस बार नही होने दी जायेगी। सी ओ रूदौली रितेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए न तो इस बार कांवड़ यात्रा निकलेगी न ही ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा होगी।जिस प्रकार ईद के पर्व पर नमाज के लिये जो नियम लागू किये गये थे फिहलाल अभी तक वही नियम लागू रहेंगे।उन्होंने बताया कि मस्जिद में नमाज पढ़ते समय कम से कम दो गज की दूरी हर हाल में बनाये रखना है।एक साथ मे पांच लोग ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ नमाज अदा कर सकते हैं। प्रभारी निरीक्षक मवई विश्वनाथ यादव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्याग समर्पण और आस्था के पर्व बकरीद को शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी करते समय स्वच्छता का भी ध्यान रखें कुर्बानी करने के बाद मलबे को घर के अंदर गड्ढा खोद कर उसी में डाल कर मिट्टी से बन्द कर दें।उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे।प्रभारी निरीक्षक मवई ने कहा कि बकरीद त्योहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में यदि कोई व्यक्ति बाधा डालता है तो इसकी सूचना अविलम्ब मुझको दें ताकि समय से उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण का प्रकोप काफी हद तक कम तो जरूर हुआ है लेकिन उसके बाद भी एहतियात बरतने की जरूरत है। मास्क लगाकर निकले सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। बारिश होने के बाद भी शांति कमेटी में उपस्थित भारी भीड़ को देख कर गदगद प्रभारी निरीक्षक ने सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।बैठक में चौकी इंचार्ज बाबा बाजार धर्मेन्द्र सिंह,एस एस आई आर सी यादव,उप निरीक्षक अशोक कुमार,सुजीत कुमार मौर्या, ग्राम प्रधान रजनपुर हाफिज अजीमुददीन खाँ, ग्राम प्रधान मवई अब्बास अली, मौलाना रमजान,कारी मुश्ताक, मौलानासद्दाम,राहत अली खाँ ग्राम प्रधान बड़ेला हसमत अली,ग्राम प्रधान नेवरा विक्रमा यादव,ग्राम प्रधान संडवा गंगा राम,एहसाम अली खां,शेर मुहम्मद खाँ, राशिद अंसारी,संजय जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या'

☒ घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

रुदौली (अयोध्या)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध महिला का शव छत की कुंडी से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जनकारी के मुताबिक रुदौली कोतवाली की शुजागंज चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा देवकली का पुरवा मजरे रहीम गंज में सोमवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे सीतापति की बेटी ने अपने पड़ोसी को फोन कर मां से बात कराने को कहा। तभी उसके पडोसन ने मोबाइल फोन लेकर सीतापति से बात कराने उनके घर गई। बाहर से काफी आवाज देने पर भीअंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा खटखटाना चाहा तो दरवाजा खुला मिला।घर के अंदर दाखिल होकर देखा तो सीतापति पत्नी स्व. राम जबर दुबे (68) का शव छत के कुंडे से रस्सी से लटका था। जिसे देखकर महिला दंग रह गई। इसकी सूचना ग्रामीणों के साथ ही फोन पर उनकी बेटी को भी दी। थोड़ी ही देर में भारी संख्या में महिलाएं व पुरूष पहुंच गए। बेटी ने अपनी मां की मृत्यु की सूचना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी शुजागंज भी हमराहियों के साथ पहुंच गए। शव को नीचे उतराया। फॉरेंसिक टीम को घटना स्थल पर बुलाकर छानबीन के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने को भेजवाया। शुजागंज चौकी प्रभारी दर्वेश द्विवेदी ने बताया कि बुजुर्ग महिला सीतापती पत्नी स्वर्गीय राम जबर नाथ दुबे का शव उसके घर में छत के कुंडे से लटकता हुआ पाया गया। महिला के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। बताया कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर नही मिली है।

गहनाग मेले में नहीं रुक रही चेन स्नेचिंग की घटनाएं

मिल्कीपुर अयोध्या। जनपद मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध नागपीठ गृह नागदेव मंदिर पर श्रावण मास के सोमवार को लगने वाले मेले में चेन स्नेचिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं आज गौहनिया गांव से आए 3 महिला श्रद्धालुओं की झपट्टा मार लोगों ने चेन छीन ली जबकि एक साइकिल की चोरी हो गई मंदिर के पुजारी राम बिहारी तिवारी ने बताया कि पिछले सोमवार को 2 महिलाओं का चौन व पर्स छीन कर उचक्के फरार हो गए थे जबकि मंदिर परिसर पर आधा दर्जन पुलिस प्रशासन के लोग सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहते हैं

आपको बताते चलें कि गृह नाग मंदिर गहनागन राय पट्टी खंडासा थाना क्षेत्र में पडने वाली जिले की प्रसिद्ध नाग पीठ है जहां सावन माह के प्रत्येक सोमवार को विशाल मेला लगता है श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए खंडासा पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई है और मेला परिसर में एक सब इंस्पेक्टर के साथ चार सिपाहियों की ड्यूटी लगी रहती है महिला पुलिस गर्भ ग्रह के बगल तैनात रहती है उसके बावजूद परिक्रमा मार्ग से ही महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटनाएं आम बात है। मंदिर के पुजारी राम बिहारी तिवारी ने बताया कि वर्ष 2020 में जहां 1700 से अधिक लोग सर्पदंश से इस स्थान पर आने से ठीक हुए हैं वहीं इस वर्ष जनवरी से लेकर जुलाई तक 900 के करीब लोगों को सर्पदंश से लाभ पहुंचा है लोगों की ऐसी मान्यता है कि गृह नागदेव मंदिर पर आने के बाद सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति अपने घर पैदल चलकर जाता है इसी कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु सावन माह कै सोमवार को मंदिर पर आते हैं और अपना चढावा चढाकर मंदिर के गर्भ ग्रह की परिक्रमा करते हैं और उसी गर्भ ग्रह के परिक्रमा स्थल पर चेन स्नेचिंग की घटनाएं प्रशासन के मुंह पर एक तमाचा है देखना होगा कि आने वाले सोमवार को क्या इस तरह की घटना की पुनरावृति पुनः होती है या प्रशासन इस पर लगाम लगाने में सफल होता है पुजारी ने बताया कि आज के मेले में लगभग 20 हजार की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मनरेगा कर्मियों ने किया विकास भवन परिसर में प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। सोमवार को प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर जनपद के समस्त मनरेगा कार्मिकसंघ ने जनपद मुख्यालय के गांधी विकास भवन अयोध्या पर शासन द्वारा विगत 14 वर्षों से कार्य कार्य कर रहे मनरेगा कार्मिको को जेम पोर्टल (सेवा प्रदाता) में शामिल करने एवं ग्राम पंचायतों में महिला मेट की नियुक्ति करने का विरोध दर्ज कराते हुए मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव को 10 सूत्रीय मांग पत्र य मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा। धरने की अध्यक्षता एपीओ संघ के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने व संचालन ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामू निषाद ने किया। धरने को संबोधित करते हुए मनरेगा महासंघ एवं ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड ने कहा कि शासन का यह तुगलकी फरमान केवल मनरेगा कार्मिकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है एपीओ संघ के जिला अध्यक्ष एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप यादव ने कहां की समस्त मनरेगा कार्मिकों के विगत 14 वर्षों से अल्प मानदेय में कार्य कर रहे। तकनीकी सहायक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि मनरेगा कार्य के भविष्य को सुरक्षित रखने की बजाय उनके भविष्य को शासन द्वारा बर्बाद करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। यदि 25 जुलाई 2021 तक सरकार हमारी मांगे पूरा नहीं करेगी तो 26 जुलाई को लखनऊ में बड़ा आंदोलन करने के लिए बांध्य होगे। लेखा सहायक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा एंव सूरजपाल ने कहा कि यदि हमारी मांगे नहीं मानेंगी तो लखनऊ के सड़को पर उतरकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। धरने में सभी संवर्ग के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ज्योतिर्मयी गुप्ता ,नीरज सागर यदुवेंद्र विजय कुमार एवं तकनीकी सहायक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल यादव,रविशंकर त्रिपाठी,रमेश तिवारी, बरसाती,आलोक श्रीवास्तव कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संदीप यादव, जिला अध्यक्ष सूरजपाल,सत्यप्रकाश, अविनाश ,लेखा सहायक संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा,हेमंत कुमार, राजीव यादव, अजय मौर्या, ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला संयोजक रामू निषाद, महामंत्री सोनू आजाद, कोषाध्यक्ष अभय त्यागी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, महेश चतुर्वेदी, सुरेश कुमार कनौजिया ,अजहरुद्दीन, बबलू प्रसाद, मनोज सिंह, वीरेंद्र, दुर्गा प्रसाद ,आदित्य पाण्डेय, सुशील वर्मा, अनूप सिंह, पवन वर्मा, लालजी, जितेंद्र निषाद,पंकज मिश्रा,पवन यादव, राम मूरत,मुकेश यादव, आसाराम पाल,सुनील, प्रीति वर्मा,आराधना मौर्या, क्रांती बर्मा,श्रीमती वर्मा, बृजेश गौड, मौजूद रहे।

पुलिस ने किया सुनील कुमार हत्याकांड का खुलासा, हत्या में संलिप्त चार अभियुक्त गिरफ्तार

पवन कुमार संवाददाता अयोध्या

अयोध्या। कोतवाली रूदौली की पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर शुजागंज मार्ग बनगाँवा मोड़ से दो तथा दो अभियुक्तागन को कूढा सादात तिराहे से 100 मि0 आगे से गिरफ्तार कर लिया गया वही हत्या में प्रयुक्त फावड़ा खुरपा भी बरामद किया। प्राप्त जानकार के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अन्तर्गत बीते 14 जुलाई को चंपारण बिहार निवासी मृतक सुनील कुमार की फावड़े व खुरपा से निर्मम हत्या कर शव को गन्ने के खेत मे फेंक दिया था। मृतक के पिता पन्नालाल शाह की तहरीर पर स्थानीय थाना पर धारा 302ध्201पंजीकृत किया गया।मुकदमा पंजीकृत कर कोतवाली रूदौली व सर्विलांस टीम द्वारा लगातार दबिश देकर साक्ष्य एक्टर करने में जुट गई। जिसमें पाया गया कि मृतक सुनील कुमार की हत्या उसकी चाची गीता यादव के अवैध सम्बंध होने के कारण उसकी चाची गीता बड़ी बहन संगीत यादव अपने प्रेमी प्रदीप कुमार यादव व प्रेमी के भाई मित्रसेन यादव द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गन्ने के खेत लेजाकर फावड़ा व खुरपा से काटकर निर्मम हत्या कर दी थी।अभियुक्त गण की गिरफ्तारी के लिए मोबाइल लोकेशन व सीडीआर द्वारा भी निरंतर दबिश दी गई। वही हत्या में संलिप्त दो अभियुक्तों प्रदीप कुमार यादव एवम मित्रसेन यादव पुत्रगण मोलहे निवासी बनगाँवा रूदौली को शुजागंज मार्ग बनगाँवा मोड़ से तथा अभियुक्ता गीता यादव पत्नी पप्पू कुमार पुत्री रामदीन व संगीत यादव पत्नी हरीश कुमार पुत्री रामदीन निवासी बनगाँवा को कूढा सादात तिराहे से 100 मीटर आगे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रूदौली विनोदबाबू मिश्रा उपनिरीक्षक रणजीत सिंह यादव हेड कांस्टेबल आनन्द यादव का0 अंकित यादव मो0 ताहिर खान संदीप कुमार उमेश चन्द्र सरोज पिन्टू यादव महिला का0 संगीत यादव व ज्योति तिवारी मौजूद रहे।घटना के समय अनावरण में स्वाट प्रभारी रत्न शर्मा उपनिरीक्षक शिवानन्द है0 का0 जितेंद्र बहादुर सरोज व विश्वजीत तिवारी का भी योगदान रहा।

नगर विकास मंत्री ने किया 62 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। सूबे के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री आशुतोष टण्डन गोपाल ने आयुक्त सभागार में बटन दबाकर 62 करोड़ की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें से 24 करोड़ की कई परियोजनाओं का लोकार्पण व 38 करोड़ की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

शुभारम्भ के पूर्व मंत्री द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का विधवत शुभारम्भ करते हुये अपने उद्बोधन में कहा कि अयोध्या सप्तपुरियों में विशिष्ट स्थान रखती है। इस पवित्र भूमि को भगवान श्रीराम के जन्मस्थली के होने का गौरव प्राप्त है और इस धरती से विश्व में किसी भी स्थान पर रहने वाले हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री व उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को उसके नाम एवं गौरव के अनुरूप विश्व स्तर का आध्यात्मिक केन्द्र बिन्दु के रूप में विकसित करने हेतु अरबों खरबों की योजनाएं, परियोजनाएं स्वीकृत दी है निकट भविष्य में

अयोध्या पूरे विश्व के मानचित्र में पर्यटन एवं सस्कृति के रूप में अयोध्या का प्रथम स्थान होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या का पूरा मास्टर प्लान बनाया जा चुका है जिसमें नागरिकों के मूलभूत सुविधाओं सहित अयोध्या को जोड़ने वाले विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गो, राजमार्गो का चौड़ीकरण,

भविष्य में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या को देखते हुये सुगम यातायात, पेयजल, सिवरेज सहित अन्य सभी क्षेत्रों में योजनाएं केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत की जा रही है। इसी क्रम में अयोध्या नगर की नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुये नगर विकास विभाग द्वारा नगर निगम की कई परियोजनाओं पर स्वीकृत प्रदान की गयी है।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति से सम्बंधित लोकार्पित की गयी कुल 38.22 करोड़ की योजनाओं द्वारा लगभग 44.25 किमी0 पेयजल पाइप लाइन वितरण प्रणाली का विस्तार, 13 नग नलकूप रिबोर एवं अधिष्ठापन के साथ 2225 नग गृह पेयजल संयोजन द्वारा लगभग 1100 भवनों को जलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी एवं लगभग 55 हजार जन पेयजल आपूर्ति से सीधे लाभान्वित होंगे। 49.74 करोड़ की लागत से एन्टेलिजेन्ट ट्राफिक मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना हेतु की स्वीकृत शासन से प्राप्त हो गयी है, जिसे माह अक्टूबर 2021 से लाइव कर दिया जायेगा। इस परियोजना से यातायात की बेहतर व्यवस्था से जनमानस लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम अयोध्या के लिए आवारा पशुओं की जनसंख्या के नियंत्रण हेतु एनीमल बर्थ कन्ट्रोल निर्माण की परियोजना शासन द्वारा स्वीकृत की गयी है जिसकी लागत 3 करोड़ 60 लाख रूपये है। जिसमें से एक करोड़ 60 लाख की धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गयी

है। 31 जुलाई 2021 से इस योजना का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिससे आवारा पशुओं आदि की जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। 14.58 करोड़ की लागत से सिवरेज ट्रीटमेंट शोधन परियोजना की वृद्वि के साथ अयोध्या नगर के 5 हजार घरों में बने सैप्टी टैंक के अत्याधिक दूषित घरेलू मल के शोधन हेतु 32 केएलडी क्षमता के फीकल स्लट ट्रीटमेंट प्लांट का

निर्माण कार्य अगस्त 2021 में पूर्ण होने के पश्चात इस परियोजना से 25 हजार जन लाभान्वित होंगे। इसी के साथ नगर निगम अयोध्या मे आदर्श कान्हा गौशाला के निर्माण हेतु 8 करोड़ 52 लाख 35 हजार रूपये की धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गयी है। जिसका निर्माण कार्य माह अक्टूबर 2021 तक पूर्ण हो जायेंगी। इस कान्हा गौशाला में गौवंश को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। नगर निगम अयोध्या में अमृत योजना अन्तर्गत 2 करोड़ 88 लाख रूपये की

लागत से 6 पार्को के जीर्णोद्वार का कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम सीमा अन्तर्गत पार्किंग व्यवस्था के लिए स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत एक मल्टी लेबल पार्किंग लागत 38.02 करोड़ रूपये तथा 3 मल्टी लेबल पार्किंग एवं व्यवसायिक काम्प्लेक्स जिसकी लागत 1.29 करोड़ की डीपीआर शासन के धर्माथ कार्य विभाग को स्वीकृति हेतु भेजी गयी है तथा नगरीय विकास

अभिकरण के माध्यम से सर्किट हाउस के निकट व नये बस स्टेशन के पास आश्रय गृह निर्माण हेतु 27. 49 करोड़ की परियोजना स्वीकृति हेतु शासन को भेजी गयी है। अयोध्या में आधुनिक शवदाह गृह बैकुण्ठ धाम, मांझा बरेहटा में निर्माण हेतु जिसकी लागत 17.49 करोड़ की डीपीआर सीएनडीएस जलनिगम के माध्यम से तैयार कराकर शासन को भेजी गयी है। उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य बहुत सी योजनाएं शासन में स्वीकृति हेतु भेजी गयी है। नगर निगम के नवीन कार्यालय भवन हेतु 49.14 करोड़ की डीपीआर भी स्वीकृत हेतु शासन को प्रेषित किया जा

चुका है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव नगर विकास नेकहा कि अयोध्या के सर्वागीण विकास के लिए जो भी योजनाएं शासन को भेजी जायेंगी उन्हें विशेष रूचि देते हुये शीघ्र से शीघ्र स्वीकृत करते हुये तत्काल धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी। इस अवसर पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक अयोध्या वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, विधायक मिल्कीपुर गोरखनाथ बाबा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक

मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अपर मुख्य सचिव नगर विकास, अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द, सहायक नगर आयुक्त सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कई पार्षद आदि उपस्थित थे।

23 जुलाई को आयोजित होगा ब्राह्मण सम्मेलन, शामिल होगे सतीश चन्द्र मिश्रा

'दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या'

अयोध्या। उ.प्र. में 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में बसपा प्रदेश भर में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिसकी शुरुआत 23 जुलाई को को रामनगरी अयोध्या से की जाएगी। सम्मेलन में सतीश चंद्र मिश्रा अयोध्या से रामलला का दर्शन कर इसकी शुरुआत करेंगे। सोमवार को अयोध्या पहुचे बसपा नेता व पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने प्रेसवार्ता कर कहा कि वह जनपद में होने वाले 23 जुलाई के कार्यक्रम की समीक्षा करने पहुचे है। बहुजन समाज पार्टी प्रदेश की जनता पर साढ़े चार साल हुए अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़ रही है और उनकी आवाज उठा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जिस तरह ब्राह्मणों के ऊपर अत्याचार हुए है बसपा उसपर नजर रखे हुए है और अब जनता के सामने उन मुद्दों को रखेगी। बसपा पर जातिगत राजनीति के लग रहे आरोपो पर नकुल दुबे ने कहा कि हमारी पार्टी पर भले ही आरोप लग रहे हो लेकिन बसपा सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की बात करती है और उसी नीति पर कार्य करती है। प्रेस वार्ता के दौरान ब्राह्मण सम्मेलन के आयोजक करूणाकर पाण्डेय भी मौजूद रहे।

☒ '2007 की तर्ज पर होगा ब्राह्मण सम्मेलन'

–पहले चरण में बसपा के ब्राह्मण सम्मेलन का आगाज 23 जुलाई से अयोध्या से शुरू होकर 29 जुलाई तक प्रदेश के 18 मंडलों में चलेगा। इस अभियान की पूरी मॉनिटरिंग सतीश चंद्र मिश्रा खुद करेंगे। बीएसपी का ब्राह्मण सम्मेलन 2007 के चुनावी अभियान की तर्ज पर होगा स बीएसपी 2007 के फॉर्मूले पर वापस लौट रही है, जो दलित–ब्राह्मण और ओबीसी के गठजोड़ के सहारे 2022 में उत्तर प्रदेश में सत्ता पर दोबारा काबिज होने की कोशिश है।

संक्षिप्त समाचार

नवागत अपर मुख्य अधिकारी ने जिला पंचायत ने किया कार्यभार ग्रहण

सुल्तानपुर। नवागत अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के पद पर हरि ओम नारायण चंद्र ने कार्यभार ग्रहण किया। अध्यक्ष जिला पंचायत ऊषा सिंह के प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान अभियंता डॉ राकेश कुमार, कार्य अधिकारी विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय दीपू मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर पालिका परिषद सभागार में समीझा बैठक संपन्न

पवन कुमार संवाददाता अयोध्या

अयोध्या रुदौली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रुदौली इकाई के संयोजन में अयोध्या जिले की समीक्षा बैठक रुदौली नगर इकाई के तहसील संयोजक ऋषभ गुप्त के संयोजन में हुई जिसमें प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिला प्रमुख श्री मनीष सिंह , जिला सह प्रमुख डॉ० सोनू जयसवाल ,जिला संगठन मंत्री अंकुर गुप्ता , जिला संयोजक शिवम मिश्रा, जिला सह संयोजिका पूजा कौशल , नगर अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, नगर मंत्री नीलेश अग्रवाल ,मीडिया प्रभारी शिवम गुप्ता बंटू ,प्रशांत श्रीवास्तव, हर्षित गर्ग ,संदीप अंकित,अमन वर्मा अनिल यादव, राहुल साहू ,हिमांशु मिश्रा एवं जिले के समस्त कार्यकर्ता, विभिन्न नगरों के नगर मंत्री प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा कर योजना रचना बनाई गई।

सर्राफा व्यवसाई से हुई लूट की घटना पुलिस द्वारा किया गया खुलासा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर

☒ वादी मुकदमा ज्वेलर्स ही निकला लूट का मुख्य सूत्रधार

बीकापुर। कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट धर्मगंज मार्ग पर शुक्लहिया मोड़ के पास 15 जुलाई गुरुवार को दिनदहाड़े सर्राफा व्यवसाई से हुई कथित करीब 4 लाख रुपए कीमत के आभूषण की लूट की घटना का खुलासा हो गया है। पुलिस के अनुसार वादी मुकदमा ज्वेलर्स प्रद्युम्न सोनी निवासी खजुरहट द्वारा ही लूट की घटना का स्वांग रचा गया था। और बाद में दो आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर चोरी का मुकदमा भी दर्ज कराया था। लूट की घटना में गिरफ्तार किए गए 4 आरोपियों के पास से 4000 रुपए नगद, 315 बोर का दो अवैध तमंचा, एक मेड इन चाइना पिस्टल, तीन कारतूस, दो बाइक, दो मोबाइल सहित लूटे गए आभूषण की बरामदगी भी पुलिस द्वारा कर ली गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमे में लूट, बरामदगी, आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई है। एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को गठित की गई कोतवाली पुलिस टीम एवं स्वाट टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र के उसरी तिराहा के पास भीखीसराय मोड से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मोनू अंसारी उर्फ राशिद निवासी पटेला थाना खुटहन जनपद जौनपुर, प्रदुम्न सोनी निवासी खजुरहट थाना बीकापुर, हनजला उर्फ सादिक निवासी पटेला थाना खुटहन जनपद जौनपुर तथा चाँद अली उर्फ हजरत अली निवासी सीताराम का पुरवा साहबुद्दीनपुर थाना तारुन शामिल है। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोनू अंसारी अंतर्जनपदीय तथा हनजला उर्फ सादिक एवं चांद अली शातिर लुटेरे हैं। जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में लूट और चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या'

गोसाईगंज,अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर जेल भेज दिया। एसएचओ विद्याशंकर शुक्ल के मुताबिक कस्बा एसआई सुनील सिंह यादव सिपाही मोहित कुमार व अमित कुमार के साथ इलाके में गस्त कर रहे थे।वे जैसे ही महादेवा घाट स्थित बंधे के पास पहुंचे तो एक संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। शक के आधार पर जब पुलिस ने उसे टोका तो वह सकपका गया और भागना चाहा लेकिन पहले से ही मुस्तैद पुलिस ने उसे धरदबोचा। जामा तलासी में युवक के पास से एक देशी तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी युवक की पहचान हैप्पी पाल निवासी काजीपुर गाडर कोतवाली गोसाईगंज के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही कोतवाली में धारा392,394,411 के तहत केस दर्ज है और पुलिस ने उसपर गुंडा ऐक्ट भी लगा चुकी है।

रौजागांव चीनी मिल के पेराई सत्र 2020-21 के सम्पूर्ण गन्ना मूल्य से कृषकों मे खुशी की लहर

पवन कुमार संवाददाता अयोध्या'

अयोध्या। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट की रौजागांव इकाई ने पेराई सत्र 2020–21 में क्रय किये गये सम्पूर्ण गन्ना का गन्ना मूल्य दिनांक 19–07–2021 को कृषकों के बैंक खाते मे भेज दिया गया है। चीनी मिल के यूनिट हेड निष्काम गुप्ता ने बताया कि जिन कृषक भाइयो का बैंक खाता मिल मे फीड नहीं था उनका गन्ना मूल्य भुगतान संबंधित समितियों मे भेज दिया गया है। ऐसे कृषको से अनुरोध है की वह अपना बैंक खाता नंबर अपने संबन्धित समिति में देकर अपना भुगतान प्राप्त कर ले। इसी क्रम मे आगे बढ़ते हुए इकाई प्रमुख निष्काम गुप्ता ने किसानों को एक अहम जानकारी बलराम ऐप के बारे मे बताया कि बलराम ऐप उपयोग करने से कृषक भाइयों के गन्ने की खेती मे बढ़ते

संक्षिप्त समाचार

थाना नैनी में मस्जिद के धर्मगुरु की साथ बकरीद को लेकर हुई बैठक

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

प्रयागराज। नैनी थाना कोतवाली परिसर में नैनी क्षेत्र में पड़ने वाले मस्जिद के धर्मगुरुओं के साथ बकरीद के त्योहार को लेकर नैनी थाना प्रभारी सुजीत कुमार दुबे ने बैठक की बैठक में दिए निर्देश, कोविड ऋ19 को देखते हुए किसी भी जगह एक स्थान पर लोग एकत्रित नहीं होंगे। और गोवंश/ऊंट अन्य प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न हो। बकरीद पर अपने घर में नमाज अदा करें और घर पर ही रह कर कुर्बानी देप्रशासन के दिए निर्देश का पालन करें।

गांजे व बिक्री के रूपये के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज बीरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

नैनी प्रयागराज। अवैध मादक पदार्थ के विरद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस10.300 ग्राम गाँजा व बिक्री के रूपये तथा 01 बाइक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया।आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई। डीआईजीध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह पर अंकुश लगाने हेतु दिए गये बाबत निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक नैनी सुजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में उनकी पुलिस आज क्षेत्र में गश्त कर रही थी।इसी दौरान मुखबिर से पुराने यमुनपुल यीशु दरबार के पास एक गाँजा तस्कर की होने की सुचना मिली जिसके बाद एसआई विमलेश त्रिपाठी व उमेश यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे और घेराबन्दी कर गाँजा तस्कर को बाइक समेत हिरासत में लिया तलासी में उसके पास से गाँजा बिक्री के600रु. आदि बरामद हुए आरोपी की पहचान लालापुर के महेरा ग्राम नागनपुर नि. शिवम पुत्र संतोष के रूप में हुई।पुलिस ने बरामद सामानों के साथ आरोपी को थाने पर ले आयी जहा आगे की कार्यवाही किया गया।

पत्रकारों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स

नैनी। पत्रकारो के सम्मान सुरक्षा को लेकर आज सोमवार को भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकारों ने पुलिस महानिरिक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र कवींद्र प्रताप सिंह व पुलिस उपमहानिरिक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी से मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा, सशस्त्र लाइसेंस में सहयोग समेत अन्य विन्दुओं पर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्हें पत्रकारों की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर दोनों आधिकारियो ने हरस्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर राजीव वर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, हजारीलाल कुशवाहा, शिवमूरत केशरवान, गौरव केशरवानी,प्रवीण कुमार दुबे आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

घरेलू गैस सिलेंडर से लगी आग मचा हाहाकार

सिधौली (सीतापुर)। स्थानीय कस्बे के मो0 नरोत्तम नगर उत्तरी में के घरेलू सिलेंडर से खाना बनाते समय अचानक आग लग जाने से परिवार में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष दीक्षित पुत्र उमाशंकर दीक्षित नि0मो0नरोत्तम नगर उत्तरी के यहाँ खाना बनाते समय घरेलू सिलेण्डर सेबआग लग गई। घर के सदस्यों में चीख–पुकार मच गई। मोहल्ले वासी इकट्ठा हो गये।वही मोहल्ले के सभासद दिग्विजय शुक्ला ष्मुन्ननष व सत्येंद्र गुप्ता आदि पहुँच गये सभासद ने आनन फानन एक गद्दे को भिगोकर सिलेंडर के ऊपर डाल दिया और पाइप से पानी डालते रहे तब जाकर आग पर काबू पाया। जब सभासद दिग्विजय शुक्ला के द्वारा सिलेंडर से आग बुझाई गई,आग बुझ जाने के बाद मोहल्ले वालों ने राहत की सांस ली। सभासद दिग्विजय शुक्ला की सूझबूझ एक बड़ा हादसा होने से बच गया घरवालों की माने तो पीड़ितों ने फायर ब्रिगेड को फोन करके बुलाया किंतु फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही सभासद ने पहुंचकर आग बुझा दी। लोगों ने सभासद की सराहना की। वही मौके पर पहुंचने से पहले सरकारी अस्पताल के पास गली में खड़े आइसक्रीम के ठेले से फायर ब्रिगेड का शीशा टकरा कर टूट गया।

अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

सिधौली(सीतापुर)।कस्बे के मिश्रिख मार्ग पर एक अज्ञात बोलेरो वाहन चालक बाइक को टक्कर मार कर फरार हो गया।टक्कर से बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए।कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बाड़ी निवासी अजीत रावत 28 वर्ष व सूरज 25 वर्ष है दोनों बाइक से सिधौली कस्बे आ रहे थे। उसी दौरान आलू मंडी के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया।टक्कर से दोनों बाइक सवार घायल हो गए जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है।

हाईवे पर गिरा पेड़ सड़क खाली होने से टला बड़ा हादसा

बरई जलालपुर। लखनऊ सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर तुरंती नाथ मंदिर के निकट हो रही लगातार बारिश वा तेज हवा के चलते सिरसा का एक पुराना पेड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर गिर गया हालांकि उस समय सड़क खाली होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ आसपास के लोगों ने हाईवे कर्मियों को सूचना दी मौके पर पहुंचे हाईवे कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से पेड़ को सड़क से हटवाया इस दौरान लगभग 30 मिनट तक वाहन एक ही लाइन से निकले।

गडोला गॉव में हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरा, जिससे चिपक कर एक भैंस और पड़िया की हुई मौत

आपको बता दें हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव का गडोला में बारिश के चलते अचानक हाईटेंशन विद्युत लाइन 11 हजार का जर्जर तार टूट कर जानवरों के घेर में गिर पड़ा जहां पर बंधी हुई एक भैंस और उसकी पढ़िया की चिपक कर मौके पर ही मौत हो गई, तार टूटने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा विद्युत कर्मियों को दी गई लेकिन घंटों तक कोई भी विद्युत कर्मी मौके पर नहीं आया इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है वही भैंस और पड़िया की मौत से किसान का हजारों रुपए का नुकसान हो गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह महामंत्री डॉक्टर मोहम्मद इस्लाम के नेतृत्व में दिनांक 15 एवं 16 जुलाई को काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज किया गया

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। प्रयागराज उसी क्रम में दिनांक 17 जुलाई से जुलाई तक 2 घंटे का काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार किया जाएगा अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो 26 जुलाई को मिशन निदेशक कार्यालय उत्तर प्रदेश का पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारी लखनऊ में इकट्ठा होकर कार्यालय का भैरव करेंगे। हमारी मांगे

स्थानांतरण नीति को बहाल करें : वेतन विसंगति बहाल करें जबकि भारत सरकार इसके लिए 3ः का अतिरिक्त बजट पिछले 16 सालों से दे रही है।

आउटसोर्सिंग नीति खत्म करें : कई सालों से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को पी ई टी PET परीक्षा से मुक्त रखें।

5– 25 :परसेंट कोविड 19 प्रोत्साहन राशि परमानेंट की तरह संविदा कर्मचारियों को भी मिले जिस में उपस्थित क्षमा पांडेय प्रियंका पांडे नीलम भारती रजनी देवी रीना राय रेनू सुषमा रेखा सीमा प्रमिला रीना अनीता शुक्ला जी उपस्थित रहे।

कोविड-19 की तीसरी लहर को देखते हुए चौक घंटाघर पर चलाया गया अभियान

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी । प्रयागराज कोतवाली अंतर्गत घंटाघर चौकी के पास कि बाजारों में तेजतर्रार एसआई सुनील कुमार, एसआई राकेश राय, एसआई अनिरुद्ध यादव के साथ राजू कृष्णा सिंह, भीष्म शुक्ला पुलिस टीम ने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान कोविड–19 गाइडलाइन एवं तीसरी लहर की जानकारी देते हुए मार्क्स का चेकिंग अभियान चलाया और लोगों को समझाया कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए आप सभी लोगों को मार्क्स पहनना जरूरी है और आपस में 2 गज की दूरी बनाए रखना भी है।

जागरूक बनो जागरूकता फैलाओ वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ संदीप कुमार यादव

संवाददाता रणविजय सिंह यादव प्रतापगढ़। यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश संदीप कुमार यादव ने कहा कि धरती पर जीवन के लिए लालन–पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का उपहार है, पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है –चारों ओर से घेरे हुए परि जो हमारे चारों ओर है आवरण जो हमे चारों ओर से घेरे हुए है, वह प्रत्येक तत्व जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते है वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते है जैसे– हवा, पानी, प्रकाश, भूमि, पेड़, जंगल और अन्य प्राकृतिक तत्व! हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है!

पर्यावरण को स्वच्छ व हरा–भरा बनाने के लिए यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट समस्त प्रदेश और जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान शुरू कर रहा है हमे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनायेंगे धन्यवाद।

इनोवा व स्विफ्ट कार में आमने-सामने हुई भिड़ंत, खुशियां हुई गम में तब्दील, एक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता रूबी शर्मा पिनाहट । सोमवार को दोपहर करीब 4:00 बजे थाना बसई बसेला क्षेत्र के पास धर्म कांटे के पासइनोवा व स्विफ्ट कार आमने – सामने से टकरा गई । जिसमें करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए द्यचीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए । एकत्रित ग्रामीणों ने तत्काल इलाका पुलिस को दी सूचना दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत धर्म कांटे के पास इनोवा कार चालक रविंद्र पुत्र हरी सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी जंग जीत नगर का रहने वाला है । इनोवा कार से आगरा की तरफ आ रहा था । वही राहुल की गोद भराई रस्म के लिए आगरा से जैतपुर की ओर जा रहे थे । तभी थाना बसई अरेला क्षेत्र के पास स्थित धर्म कांटे के पास दोनों कार अनियंत्रित होकर एक दूसरे से टकरा गई जिसमें करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । इलाज के दौरान राहुल के पिता जितेंद्र की मौत हो गई । जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी बसेला शेर सिंह का कहना है गाड़ियों की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर टकरा गई थी । घायलों को उपचार के लिए आगरा भेजा गया है । जिसमें सूचना मिल रही है राहुल के पिता जितेंद्र की मौत हो गई जिनकी उम्र करीब 55 वर्ष है ।

पहली बरसात में ही दिखने लगा कागजो का विकास कार्य

कमलापुर सीतापुर। विकासखंड कसमंडा के ग्राम पंचायत बसईडीह का मजरा ठिठूरा में पहली बरसात में ही नालियों एवं रोड के ऊपर से कीचड़ बजबजाने लगा जिससे ग्रामीणों को रोड पर निकलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है परंतु मौजूदा प्रधान एवं प्रधान के कार्यकर्ता आंखें मूंद कर निकल रहे हैं जनता की तरफ ध्यान देने को वाजिब नहीं समझ रहे हैं देखा जाए तो यह कोई नई बात नहीं है प्रधान के कार्यकर्ता तो पंचायत भवन में पीला इटा लगवाने में व्यस्त हैं ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार प्रधान व सफाई कर्मचारी से कि किंतु किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती समस्या से जूझ रहे ग्राम वासियों ने कई बार नाली साफ करवा कर रास्ता दुरुस्त करवाये जानेकी आवाज उठाई किंतु परिणाम शून्य का शून्य ही रहा।

श्रमिक जनशक्तियूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया धरना प्रदर्शन

खैराबाद सीतापुर। उत्तर प्रदेश के किसानों का आक्रोश अभी शांत नहीं हो रहा है क्योंकि जिस प्रकार से भारत सरकार के द्वारा हो रहे उत्पीड़न तथा किसान विरोधी बिल को लेकर जो आक्रोश किसानों में आंदोलन के साथ दिख रहा है लगता है कि वह तब तक शांत नहीं होगा जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी इसी विषय को लेकर आज भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा फिर किसान यूनियन के जिला प्रभारी मनीष त्रिपाठी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर बरई जलालपुर से लेकर खैराबाद टोल प्लाजा पर तक आंदोलन किया जा रहा है जिसमें उन्होंने काफी मांगों को लेकर विरोध जताया है ।

भारत सरकार के विरुद्ध जो किसानों के विरोध में बिल बनाया गया उसको लेकर विरोध प्रदर्शन किया मीडिया के द्वारा पूछे गए सवालों पर बताया कि यह बिल किसानों के हित में नहीं है और बताया कि जिस प्रकार से गैस पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं उसी तरह अगर किसानों के अनाजों का दाम दोगुना किया जाए तो हर किसान संतुष्ट रहेगा किसी विषय को लेकर खैराबाद टोल प्लाजा पर सरकार के प्रति काफी आक्रोश दिखा और उन्होंने नारेबाजी भी की उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसानों के हित में सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हमारा आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा किसी विषय को लेकर के यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों के हित में 3 सूत्रीय ज्ञापन खैराबाद के थाना प्रभारी अमर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया जहां पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव सीतापुर से जिला प्रभारी मनीष तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा अभिषेक त्रिपाठी दिलीप कुमार त्रिपाठी रितेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष सचिन तिवारी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ब्लॉक संगठन मंत्री रानू शुक्ला रमेश चंद्र तिवारी ब्लॉक सचिव खैराबाद रोहित शुक्ला उमेश तिवारी कमलेश राठौर विनय त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत त्रिपाठी अन्य किसान मौजूद थे।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य के सीने पर तानी रिवाल्वर, जान से मारने की कोशिश, जिला पंचायत सदस्य भयभीत

पिनाहट। दिन रविवार को पिनाहट कस्बे में स्थित तिलक सिंह वर्मा गार्डन में शाम करीब 9 बजे शादी समारोह में गया था । दबंग लोगों ने जिला पंचायत सदस्य के सीने पर रिवाल्वर तानी , जान से मारने की नियत से जिला पंचायत सदस्य के सीने रिवाल्वर तान दी । भयभीत जिला पंचायत सदस्य ने थाने में दी तहरीर । पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट कस्बे में स्थिति तिलक सिंह वर्मा गार्डन में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शर्मा उर्फ लंबरदार निवासी गढ़िया थाना बासोनी रविवार रात को अपने मित्र की लड़की की शादी प्रोग्राम में गया था । जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शर्मा उर्फ लंबरदार का आरोप है की शादी समारोह में पहले से ही उमरेठ निवासी बबलू उपाध्याय अपने साथियों के साथ वहां मौजूद था। बबलू उपाध्याय ने अपने साथियों के साथ मिलकर देवेन्द्र शर्मा के सीने पर रिवाल्वर तान दी । मेरे साथ गाली गलौज मारपीट की शोर–शराबा सुनकर शादी समारोह में आए हुए लोग एकत्रित हो गए उन्होंने मेरी जान बचाई । बबलू उपाध्याय मौके से फरार हो गया । भयभीत जिला पंचायत सदस्य ने थाने में नाम दर्ज तहरीर दी है । पुलिस मामले को जांच कर रही है । बबलू उपाध्याय का कहना है जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शर्मा उर्फ लंबरदार सरकारी गनर लेने के लिए नौटंकी रच रहा है मेरा कोई विवाद नहीं हुआ था। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी का कहना है मामला मेरे संज्ञान में है जांच चल रही है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

मनरेगा कर्मियों ने विकास भवन पर धरना प्रदर्शन कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता रणविजय सिंह यादव प्रतापगढ़। उ०प्र० मनरेगा कर्मचारी महासंघ उ०प्र०के आह्वान पर आज दिनाँक–19 जुलाई 2021 को जनपद स्तर पर प्रतापगढ़ विकास भवन पर एकदिवसीय प्रदर्शन एवं अनशन किया गया। जिसमें मुख्य मांगे जेम पोर्टल प्रतिबंधित करने,महिला मेट की नियुक्ति को निरस्त करने,ग्राम पंचायत भवन को गाँव सचिवालय बनाने एवं गाँव सचिवालय में पंचायत सहायक के पद पर ग्राम रोजगार सेवकों को तैनात करने, वेतन वृद्धि, मनरेगाकर्मियों के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही करने,मानव संसाधन नीति को लागू करने सहित मनरेगाकर्मियों की विलम्बित समस्याओं का निस्तारण न किये जाने के कारण प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन प्रदेश में 58,194 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष लगभग 12,000 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी यानी ग्राम पंचायत सचिव है।ग्राम रोजगार सेवकों को ग्राम पंचायत कार्यालय सचिव (पंचायत सहायक)पद पर तैनात कर ग्राम सचिवालय का प्रभार देने की व्यवस्था की जाय। ग्राम पंचायत भवन को गाँव सचिवालय बनाने की शासन की मंशा पर काम शुरू हो गया है अगले तीन महीने में हर गाँव पँचायत में पंचायत सहायक(पंचायत मित्र)तैनात किए जाने है।ग्राम रोजगार सेवकों की नियुक्ति भी पंचायत मित्र के पद पर ही हुई थी । बाद में पंचायत मित्र का नाम बदलकर ग्राम रोजगार सेवक कर दिया गया । ग्राम रोजगार सेवकों को ही ग्राम सचिवालय में पंचायत सहायक के पद पर नियुक्त किया जाय। मनरेगाकर्मियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन ए डी यम प्रतापगढ़ को सौंपा यदि मनरेगाकर्मियों की मांगें पूरी नहीं की गई तो 26 जुलाई 2021 को राज्य स्तर पर लखनऊ में एक दिवसीय प्रदर्शन एवं अनशन किया जाएगा। इस अवसर पर एपीओ संघ के जिला अध्यक्ष अनीश जी तकनीकी सहायक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पीसी दुबे ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष रविसेन सिंह जी धर्मेंद्र चौधरी संतोष लवलेश ज्ञानेंद्र रणविजय शशि कला आरती देवी पूनम शैलजा श्रीवास्तव आदि जनपद के समस्त मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

मुठभेड़ में गोली से 2 बदमाश घायल : दीपेश भारद्वाज

हाथरस। हाथरस की सिकन्द्राराऊ व मुरसान पुलिस एवं एसओजी टीम की देर रात बदमाशो से हुई मुठभेड़ में 02 शातिर पशु चोर गिरफ्तार, जिनके कब्जे से नगदी,एक गाड़ी टाटा इंडिका व अवैध तमंचे कारतूस हुए बरामद। आपको बतादें की दिनांक 18/19 की देर रात्रि थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस व थाना मुरसान पुलिस एवं एसओजी टीम हाथरस की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम बरामाई –हाथरस रोड सिकन्दरा राऊ की पैठ के निकट पशु चोरी की फिराक में घूम रहे बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में 02 शातिर पशु चोर रहीस और संदीप घायल हो गये है, जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जबकि अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये है । जिनकी गिरफ्तारी हेतु सघन कॉम्बिंग की जा रही है । अभियुक्तगणों के कब्जे से 5000/– नगद व घटनाओं में प्रयुक्त एक गाड़ी टाटा इंडिका व 02 तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर व 09 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं । अभियुक्त गण पूर्व में भी हत्या व गौकशी जैसे संगीन अपराधों में जेल जा चुके है। वही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने खुलासा करते हुए बताया कि ये लोग अपने साथियों के साथ मिलकर पशु चोरी का एक संगठित गिरोह चलाते है । सभी लोग मिलकर जनपद हाथरस व आसपास के जनपदों में विभिन्न घटनाऐ भैस चोरी व अन्य पशु चोरी की करते है और पशुओ को गाडी में डाल कर ले जाते है और अलीगढ़ जाकर बेच देते है । इससे जो पैसा मिलता है आपस में बांट लेते है । अभियुक्त गण कल रात्रि भी आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत बकरे चोरी करने के उद्देश्य से इकट्ठे हुये थे और पशु चोरी की घटना कारित करने जा रहे थे जब पुलिस द्वारा इनको मुठभेड़ के उपरान्त गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तो एवं उनके साथियों द्वारा जनपद हाथरस के थाना सिकन्दरा राऊ , हाथरस जंक्शन तथा मुरसान क्षेत्र में पशु चोरीध्लूट की कुल तीन घटनाएं कारित करना बताया गया है । जिसके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ की जा रही।

श्री वामन माध्यमिक विद्यालय बौनाभारी में किया गया वृक्षारोपण

सीतापुर। सिधौली के श्री वामन माध्यमिक विद्यालय बौनाभारी में अध्यापकों व छात्र–छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया द्वारा विद्यालय प्रांगण में नीम , अमरूद , सागवन आदि के पेड़ लगाए गए और छात्र छात्राओं को वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य जी ने कहा की अगर हम एक पेड़ काटते हैं तो 10 पेड़ लगाना अनिवार्य है तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा चल रही इस वैश्विक महामारी में ऑक्सीजन की इतनी दिक्कत पड़ रही है सरकार को ऑक्सीजन के प्लांट लगाने पड़ रहे हैं अगर हम मानव प्रकृति के साथ इतना खिलवाड़ न किए होते तो आज ऑक्सीजन ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ती वृक्षारोपण के दौरान हमराह एक्स कैडेट सी सी सेवा संस्थान के सचिव ज्ञानेश पाल भी उपस्थिय रहे और ज्ञानेश पाल ने कहा

जो पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं : उनको लगाने के बजाय आज दुनिया ऑक्सीजन के सिलेंडर ढूंढने में लगी हुई है हर व्यक्ति एक पेड़ ही लगाएं तो ऑक्सीजन सिलेंडर ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और हर व्यक्ति को एक वृक्ष लगाने के लिए संकल्प दिलाया और कहा कि हम सब भारतीयो को पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हमे ज्यादा से ज्यादा पेड पौधे लगाने चाहिए पर्यावरण का मानवीय जीवन में बहुत महत्व है।चारों ओर के आवरण को ही पर्यावरण कहा जाता है। मनुष्य एक पल भी इसके बगैर नहीं रह सकता। ये हरे–भरे पेड़–पौधे,जीव जंतु,सूरज, चांद, सितारे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है इस दौरान सहायक अध्यापक राजाराम, स0आ0मनोज कुमार,विनोद यादव,राजेश भारतीय छात्रा खुशबू ,सोनी गौतम मोहिनी यादव अंकिता यादव महक बीनू गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

मथुरा जंक्शन से अन्तर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार

☒ चोरों द्वारा लूटा हुआ सामान पांच मोबाइल और चार्जर, हजारों की नकदी बरामद।

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

मथुरा। रेलवे स्टेशन जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर–दो से अरपीएफ और जीआरपी पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय गिरोह के शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बैग, कई मोबाइल और हजारों की नकदी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक रेलवे मोहम्मद मुस्तफा के निर्देश पर जक्शन और स्टेशनों पर रेलवे पुलिस द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी के चलते मथुरा जंक्शन पर भी आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नंबर 2 से अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए चोरों में कमलेश पुत्र राम अवतार निवासी थाना अटेर जिला भिंड मध्य प्रदेश, राकेश पुत्र किशनलाल निवासी लोहा मंडी थाना किला गेट जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश है।

पुलिस ने इनके कब्जे से पांच मोबाइल, तीन चार्जर, एक बैग और 30000 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसान पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दोनों चोरों ने जुर्म कबूल किया है और पूर्व में आपराधिक घटनाएं भी कबूल की है। दोनों शातिर चोरों को रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

अन्नपूर्णा शाखा द्वारा जरूरतमंद परिवार की बिटिया की शादी का भव्य आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। शास्त्रों में हिंदुओं के लिए सोलह संस्कार बताए गए हैं और विवाह सबसे महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक है।दहेज की बढ़ती मांग और शादी समारोह की दिखावटी शैली के साथ मध्यम परिवारों के माता–पिता के लिए बेटी की शादी एक भारी बोझ बन गई है। परिषद जरूरतमंद परिवारों के मामले में विवाह का आयोजन समय–समय पर करता है। आवश्यक घरेलू सामान, कपड़े आदि का दान किया जाता है । आगरा में ,माँ की रसोई,हाथी घाट ,में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ड्रग ऑफिसर अलीगढ़ श्री सर्वेश मिश्रा जी ,इनकम टैक्स ऑफिसर आगरा श्री अजय दुबे जी, ब्रज प्रांत अध्यक्ष श्री प्रमोद सिंघल जी , अन्नपूर्णा शाखा संरक्षक एवं मां की रसोई के संस्थापक श्री नेम कुमार जैन जी, प्रांतीय वित्त सचिव श्री सोमदेव सारस्वत, प्रांतीय संयुक्त सचिव श्री तपन अग्रवाल, जिला चेयरमैन एवं शाखा संरक्षक धर्मगोपाल मित्तल, आगरा के प्रमुख व्यवसाई श्री हेमंत सिंघल, प्रांतीय दायित्व धारी श्री संजय बंसल जी एवं मुकुल गोयल जी द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर वैवाहिक समारोह की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव श्री विनय गोयल जी द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन शाखा कोषाध्यक्ष श्री विकास जैन जी द्वारा किया गया। शाखा द्वारा बिटिया को कन्यादान में पलंग ,ड्रेसिंग के साथ लोहे की अलमारी ,वाशिंग मशीन ,एलईडी टीवी, मिक्सी, सूटकेस

,किचन के सभी बर्तन, साड़ियां एवं जेंट्स कपड़े, चादर ,सिलाई मशीन ,चार कुर्सी एवं टेबल, चौकी एवं वैवाहिक कार्यक्रम की पूरी दावत की व्यवस्था एवं विवाह के बाद होने वाली रस्मो के लिए एक सम्मानजनक राशि प्रदान की।

कार्यक्रम संयोजक रहे श्री नेम कुमार जैन ,हेमंत सिंघल,संजय बंसल जी, अंकित बंसल जी, अभिषेक सिंघल, सोनू बंसल, विक्की गोयल, जिग्नेश शाह, अनूप वाष्णैय, रीता मित्तल ,विष्णु अग्रवाल का कार्यक्रम में दुपट्टा पहना कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था महिला संयोजिका श्रीमती चमन वाष्णैय जी एवं श्रीमती रीता मित्तल ने संभाली। धर्मगोपाल मित्तल जिला चेयरमैन एवं संरक्षक (अन्नपूर्णा) की सराहनीय भूमिका रही।

तीसरी लहर आने से पूर्व व्यवस्था कर दी जाएगी दुरस्त : सचिव

☒ अप्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने एसएन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण।

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। तीसरी लहर के आने से पूर्व शासन द्वारा पूरी व्यवस्था है दुरस्त कर दी जाएंगी आगरा आए प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने एसएन मेडिकल कॉलेज की निरीक्षण के दौरान कहे आज सुबह 9:45 बजे प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे उन्होंने सबसे पहले इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर को बारीकी से चेक किया उसके बाद उन्होंने टीवी डीसी कोविड हॉस्पिटल बाल रोग विभाग आइसोलेशन डायलिसिस यूनिट आईसीसीयू काफी बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने कोविड वार्ड को निरीक्षण करने के बाद कहा तीसरी लहर के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज में बनाई गई वार्ड में अधूरे उपकरण के लिए शासन को लिखकर दे दिया गया है इन उपकरणों को जल्द से

जल्द मंगाया जाएगा और अधूरी पड़ी व्यवस्थाओं को भी जल्द पूरा किया जाएगा । वे काफी देर तक एसएन मेडिकल कॉलेज में रहे उन्होंने यह भी कहा एसएन मेडिकल कॉलेज में बिल्डिंग काफी पुरानी है मगर अंदर जो व्यवस्थाएं हैं वह काफी ठीक है निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी प्रभु नारायण मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय काला एस आई सी डॉक्टर नीरज यादव सीएमएस डॉक्टर बीवी पुष्कर सीएमओ डॉ एके श्रीवास्तव फार्मासिस्ट डॉक्टर रविंद्र सिंह राना के अलावा प्रशासनिक अधिकारी नोडल अधिकारी और एसएन मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

जिला अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट हुआ चालू

देहरादून और दिल्ली से आई टीम की देखरेख में हुआ कार्य

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। अब जिला अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी नहीं पड़ेगी शासन के आदेश पर जिला अस्पताल में बनाई गई ऑक्सीजन प्लांट आज से चालू कर दिया गया है उसकी पाइप लाइन बिछाने का कार्य आज शाम तक पूरा हो गया था चालू करने के लिए देहरादून और दिल्ली से टीम आई है उनकी देखरेख में ऑक्सीजन प्लांट हो चालू किया गया है सीएमएस का कहना है कि इसको चालू करके देखा गया है बाद में जिलाधिकारी द्वारा प्लांट का उद्घाटन कराया जाएगा बता दें कोरोना की दूसरी लहर में हुई महामारी और बढ़ते संक्रमण के कारण ऑक्सीजन के बिना कई मरीजों की मौत हो गई थी

पूरे शहर में ऑक्सीजन की किल्लत थी इसको देखते हुए शासन ने प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को कड़े आदेश दिए थे सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाई जाए इसको देखते हुए। जिलाधिकारी प्रभु नारायण ने जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के आदेश दिए थे इस आदेश के बाद करीब चार माह पूर्व से ही जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट बनना शुरू हो गया था इसको बनाने के लिए इनकी में लगाई गई थी एक टीम देहरादून एक दिल्ली और एक आगरा की टीम सभी ने अपने अलग–अलग काम किए जिला अस्पताल के एस आई सी डॉक्टर अशोक कुमार अग्रवाल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सीपी वर्मा ने बताया अब लगभग प्लांट पूरा हो गया है पाइपलाइन चुकी है आज ट्रायल की गई थी शाम को इसे चालू कर दिया गया जिला अस्पताल में 118 बेड है इस प्लांट से सभी को ऑक्सीजन मिलेगी गंभीर मरीजों के लिए भी तथा सांस रोगियों को भी आराम मिलेगा अभी प्लांट का उद्घाटन नहीं किया गया है दो दिन ट्रायल के बाद जिलाधिकारी इसका उद्घाटन करेंगे।

झमाझम बारिश से उमसभरी गर्मी से मिली राहत, जगह-जगह जलभराव

संवाददाता बांके शर्मा

मथुरा। मथुरा में रविवार शाम को शुरु हुई झमाझम बारिश का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी है। शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी जमकर बारिश हो रही है। बारिश से जहां एक तरफ लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी तरफ जगह–जगह जलभराव लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। मथुरा शहर ताल–तलैया में तब्दील हो गया है। नजर निगम के जलनिकासी के सभी दावे बारिश ने खोखले साबित कर दिए। बारिश से होलीगेट, भूतेश्वर रोड, रेलवे पुल के नीचे, आर्य समाज रोड, बस स्टेंड के सामने रोड, बीएसए रोड, गिरिराज परिक्रमा मार्ग सहित स्थानों पर जलभराव हो गया है।सोमवार को दिन निकलने के साथ ही तेज बारिश ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया। मथुरा के साथ वृन्दावन में भी सीएफसी चौराहा, बल्देव मंदिर तिराहा, गोपीनाथ बाजार में जलभराव के चलते लोगों के घरों में दूषित पानी घुस गया। मथुरा में यहां हुआ जलभारावा बारिश से मथुरा के कई क्षेत्रों ताल तलैया में तब्दील हो गए। इनमें होलीगेट, छत्ता बाजार, स्वामी घाट, चौक बाजार, आर्य समाज रोड, विश्राम घाट, मसानी, जयसिंहपुरा, घीया मंडी, महोली रोड, भूतेश्वर रोड, नए बस स्टेंड के के सामने जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दाऊजी मंदिर तिराहा, विद्यापीठ चौराहा, सीएफसी चौराहा, राधानिवास क्षेत्र, गोपीनाथ बाजार, मथुरा गेट में जलभराव हो गया है। जिससे लोगों के घरों और दुकानों में भी बारिश का दूषित पानी घुस गया। बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल हो गई। कई कभी फॉल्ट तो कभी बिजली की कटौती के चलते विद्युत गुल हो गई। बारिश के आते ही बिजली के चले जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम ने पम्प मशीन लगा कर जलभराव को किया कम बारिश से मथुरा शहर में हुए जलभराव को कम करने के लिए जलनिगम की टीम ने कई स्थानों पर पम्पमशीन लगाकर समस्या का कम करने का जतन किया। होली गेट, छत्ता बाजार और आर्य समाज रोड पर पम्प मशीन लगाककर पाइपों के माध्यम से जल निकासी के लिए नगर निगम की टीम प्रयास करती देखी गई।

लश्कडाउन ने निर्दोष की इच्छाओं का कर दिया था दमन

☒ वह चेन्नई में शू डिजाइनिंग का करने गया था कोर्स

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। एत्मादपुर में मुठभेड़ के दौरान मारे गए फिरोजाबाद के शातिर बदमाश की लॉकडाउन ने इच्छाओं का दबंन कर दिया था वह चेन्नई में सूट डिजाइनिंग का कोर्स करने के लिए गया था मगर लॉकडाउन के लगते ही वह घर लौट आया था वह नोएडा भी गया जांच की वहां मनीष पांडे से मुलाकात हो गई थी वह हाल ही में वारदात में उतरा था बता दें कमला नगर मैं मणप्पुरम लोन फाइनेंस कंपनी में फिरोजाबाद जैन नगर के शातिर बदमाश मनीष जैन और निर्दोष समय पांच लोगों ने दिनदहाड़े डाका डाला था बदमाश यहां से करीब 19 किलो सोना और छह लाख रुपए लूटकर ले गए थे जहां मनीष और निर्दोष की पुलिस से एत्मादपुर क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ में दोनों बदमाश मारे गए थे निर्दोष के परिजन बताते हैं कि वह पढ़ने में होशियार भी था वह एक अच्छा अफसर भी बनना चाहता था पढ़ाई में बहुत मेहनत करता था सीधे स्वभाव का भी था उसने अफसर बनने के लिए कई बार परीक्षाएं भी दी उसमें वह सफल नहीं हो सका था इसके बाद उसने सूट डिजाइनिंग इच्छा जताई परिवार के लोगों ने उसे शू डिजाइनिंग का कोर्स कराने के लिए चेन्नई में एक स्कूल में भी दाखिला दिलवाया था वह चेन्नई से शू डिजाइनिंग का कोर्स करके किसी अच्छी कंपनी में जॉब करना चाहता था मगर उसकी किस्मत ने साथ नहीं दिया लॉकडाउन लगने के बाद वह लौट आया उसका कोर्स भी पूरा नहीं हो सका वह नोएडा गया वहां उसकी मुलाकात मनीष से हो गई उसके साथ रहा परिवार के लोग कहते हैं अभी तक वह वारदातों से दूर था मगर यहां कैसे आया क्यों वारदात की यह अभी तक उनकी समझ से परे है पुलिस ने उस पर कोई बड़ी धारा के मुकदमे भी नहीं दिखाए हैं यह पहला बड़ी धारा का मुकदमा था।

हल्की बरसात ने अछनेरा नगर पालिका की खोली पोल

संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। रविवार शाम से रिमझिम बारिश के अछनेरा नगर पलिका के विकास कार्य की पोल खोल दी भाजपा नेता व ग्रामणों ने नगरपालिका से कई बार शिकायत कर कहा परन्तु इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है।

अरदाया रोड स्थित पथवारी मंदिर के पास जलभराव की इतनी बड़ी समस्या पैदा हो गयी है कि वहाँ से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को पैदल चलकर मंदिर जाने के लिए बड़ी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है इस रास्ते पर पथवारी का प्राचीन मंदिर भी है लेकिन कई बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ राजेन्द्र सिंह छोंकर ने बताया कि यहाँ पर मंदिर के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है और जब भी थोड़ी सी बरसात होती है यहाँ से पैदल चलने वाले लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कुछ लोग तो यहाँ फिसल कर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन अभी तक यहाँ किसी भी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने आकर

देखा तक नहीं है लगता है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को किसी बड़ी घटना होने का इंतजार है।

आगरा में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। में शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना हेतु, संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ देवी सिंह नरवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित एक ज्ञापन आगरा मण्डल, आगरा के मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल को उनके कार्यालय में सौंपा आगरा में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकता औचित्य एवम् किये गये प्रयासों के बारे में संयोजक डॉ देवी सिंह नरवार ने संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश अग्रवाल को विस्तार से बताया। डॉ० देवी सिंहनरवार ने बताया कि आगरा में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए पिछले 21 वर्षो से संघर्ष किया जा रहा है। ज्ञात हो यू०पी० बोर्ड में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षार्थियों की संख्या में उत्तरोत्तर काफी वृद्धि होने से वर्ष 1972 में शासन में उत्तर प्रदेश बोर्ड के कार्यालय का विकेन्द्रीकरण का निर्णय लिया। इसी दृष्टि से मेरठ, बनारस, बरेली, प्रयागराज तथा गोरखपुर में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गये हैं। वर्ष 2001 में आगरा में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए शासन ने प्रस्ताव माँगा, जिसके लिए तीन बार शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जा चुके हैं। पांच मार्च 1999 में पहली बार प्रस्ताव शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा शासन को भेजा गया। इसके बाद चार जून 2001 तथा 28 अगस्त 2017 को मण्डलीय संयुका शिक्षा निदेशक आगरा द्वारा सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजा गया। आगरा के प्रस्तावित यू०पी० बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़ हाथरस एटा कासगंज, फर्रुखाबाद, इटावा औरैया, कन्नौज, झांसी, जालौन (उरई), ललितपुर आदि 15 जनपदों को सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव है। इन 15 जनपदों में करीब 8 हजार माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के करीब11 लाख विद्यार्थी अध्यनरत हैं जो एक क्षेत्रीय कार्यालय के लिये पर्याप्त है। वार्ता के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ० मुकेश अग्रवाल ने बताया कि बोर्ड कार्यालय की स्थापना वर्ष 1921 में हुई थी। इस साल बोर्ड की स्थापना को 100 वर्ष पूरे हो गये हैं। इसलिए सरकार ष्मिशन गौरवष् के नाम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में अगर आगरा में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना होती है तो यह भी गौरव की बात होगी । सौंपे गये ज्ञापन को मा० मुख्यमंत्रीजी उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का आश्वा सन संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल ने दिया। ज्ञापन सौंपते समय समिति के महामंत्री डॉ योगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.भोजकुमार शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा, हरीश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

काव्य सृजन महिला मंच द्वारा काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन

काव्य सृजन महिला मंच के छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन गत संध्या किया गया।यह कार्यक्रम संस्था की प्रदेश अध्यक्षा सौ रश्मि लता मिश्रा जी द्वारा आयोजित की गई।मुख्य अतिथि सरिता सिंघई बालाघाट,विशिष्ट अथिति रचना सक्सेना प्रयागराज, भावना दीक्षित जबलपुर,वीणा वेदिनी बेंगलूर रहीं।संस्थापक पं. शिवप्रकाश जौनपुरी जी के मागदर्शन में यह आयोजन सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता डॉ प्रियंका त्रिपाठी जी ने की।वर्षा अवस्थी का संचालन बहुत सझक्त व सराहनीय रहा।इस प्रथम काव्यगोष्ठी को अपनी रचनाओं से सुगंधित करने वाले कवि कवयित्री पुष्प थे,––सौरभ दत्ता जयंत,मनिंदर सरकार,इंदू मिश्रा,डॉ वर्षा सिंह, सुमन तिवारी,डॉ भावना दिक्षित,रशिमलता मिश्रा,शोभा त्रिपाठी,रचना सक्सेना,वर्षा अवस्थी,सीमा निगम,मीनाक्षी राजपुरोहित, अनीता शरद झा, अंजना सिंह, पं.शिवप्रकाश जौनपुरी सहित उपस्थित मंचासीन जनों ने पटल को अनेक सुंदर रंगों से सराबोर कर दिया। इस प्रथम काव्यगोष्ठी की गरिमा तब और दोगुनी हो गई जब अपनी गरिमामय उपस्थिति से श्रोता के रूप में पटल आखिर तक उपस्थित रहकर जान डालने वाले कवि अरुण दूबे अविकल मुम्बई से,आशिमा दत्ता छ. ग.से,छत्तूलाल खुंटे,संतोष देवांग छ ग.से,मुम्बई से रंजना करकरे पालघर महाराष्ट्र से पवन कुमार मिश्र,प्रयाग से पूनम शर्मा,दिल्ली से गोपाल गुप्त दहली आदि रहे।अतिथियों द्वारा काव्यसृजन महिला मंच छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा इस सफल आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए छत्तीसगढ़ इकाई के नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामना दीया गया।अपने अध्यक्षीय भाषण में आदरणीया सौ.प्रियंका त्रिपाठी जी ने सभी की रचना की खूबसूरत अंदाज में समीक्षा की।और सबका उत्साहवर्धन भी किया।अंत में संस्था की उपाध्यक्षा सौ.शोभा त्रिपाठी जी ने सुंदर व सफल कार्यक्रम हेतु सबका आभार व्यक्त किया।और सबसे आगे भी सहयोग करते रहने की अपील भी।युवा कवि एवं लेखक राजीव नंदन मिश्र (बिहार) ने छतीसगढ़ इकाई को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं भविष्य में ऐसे ही आयोजन की बात कही।मिश्र ने बताया कि काव्य सृजन महिला मंच शतकीय गोष्ठी की ओर भी अग्रसर है।यह सभी के स्नेह एवं दुलार से संभव होने जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

चोर आभूषण की दुकान से अलमारी ले गए

☒ आभूषण की दुकान में हुई चोरी से दुकानदारों में दहशत

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। ताजगंज क्षेत्र के श्यामो गांव में चोर आभूषण की दुकान से अलमारी उठाकर ले गए उसमें से आभूषण नकदी निकालने के बाद उसे खेत से पटक कर भाग गए सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई पुनिया पाड़ा लोहा मंडी निवासी सुभाष वर्मा ने बताया उनकी श्यामो गांव में आभूषण की दुकान है रोजाना की भांति दुकान को सात बजे बंद करके घर आया था दूसरे दिन दुकान को खोलने पहुंचा तो दुकान के ताले टूटे हुए थे उसमें से अलमारी गायब थी चोर शटर के ताले तोड़कर अलमारी को उठा ले गए सूचना पर ताजगंज पुलिस पहुंची पुलिस को सुभाष चंद्र वर्मा ने बताया जो अलमारी में से करीब सवा लाख के आभूषण ले गए हैं और नकदी भी ले गए हैं थाना ताजगंज के प्रभारी ने बताया अलमारी को खेत से बरामद कर लिया है रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है चोरों की तलाश जारी है इस घटना से क्षेत्रीय दुकानदारों में दहशत का माहौल है उनका कहना है बाजार में पुलिस की गश्त नहीं लगाती है दुकानदारों ने पुलिस अधिकारियों से बाजार में रात को गश्त लगाने की मांग की है।

डॉ अशोक अग्रवाल को किया सम्मानित

संवाददाता बांके शर्मा मथुरा। जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ0 अशोक अग्रवाल के द्वारा कोविड–19 कोरोना काल के अंतर्गत कई नन्हीं जिंदगीओं को बचाने के लिए ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्बारा डा०अशोक अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर विशेष चिकित्सीय सेवा के लिए चिकित्सक सम्मान पत्र 2021 से सम्मानित किया गया स इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा डॉ अशोक अग्रवाल मथुरा जनपद

के जाने–मानेबाल रोग विशेषज्ञ है उनके द्वारा कोविड़ 19 संक्रमित महामारी कोरोना काल के अंतर्गत बहुत सारी नन्ही जिंदगीओं को बचाने में जनपद मथुरा में महत्वपूर्ण भूमिका रही है इसलिए कोरोना योद्धा सम्मान पत्र 2021 से सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ0 अशोक अग्रवाल ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पहले से अधिक ऊर्जा के साथ समाज की सेवा करने का वचन दिया स इस अवसर पर प्रदेशउपाध्यक्ष बृजेश शर्मा, मुकेश महासचिव मनीष दयाल, मीडिया प्रभारी हेमंत अग्रवाल रवि नेता रविंद्र नरवार, अंकित पचेरा, ठाकुर मुकेश सिसोदिया मंगल नरवार, राकेश चौधरी, अनीश सिंह जादौन, हरजीत सिंह अरोरा मुख्य रूप से शामिल रहे।

रिश्ते हुए शर्मसार, सगे मौसा ने नाबालिग से किया दुराचार

संवादाता बांके शर्मा वृंदावन। (मथुरा) धर्मनगरी वृंदावन में एक सगे मौसा ने रिश्तों को तार–तार करते हुए किशोरी से उसके ही घर में बलात्कार कर दिया। पीड़िता ने परिजनों के बताने पर घर में हंगामा हो गया। आरोपी मौसा घर से फरार हो गया। पीड़िता की नानी ने मौसा के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच शुरु कर दी है।मिली जानकारी के मुताबिक वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के पानीघाट क्षेत्र में मथुरा के महोली क्षेत्र निवासी महेन्द्र 17 की शाम को रिश्तेदारी में आया आया था। 18 की सुबह घर के लोग बाजार गए थे। घर पर 14 साल की किशोरी अकेली थी। तभी मौका पाकर उसके सगे मौसा महेन्द्र ने उसके साथ दुराचार कर दिया और फरार हो गया। जब कुछ समय बाद परिजन घर आए तो किशोरी ने आपबीती उन्हें सुनाई।

इस पर परिजन हैरान रह गए। रिश्ते में सगे मौसा ने ही नाबालिग के साथ दुराचार करने पर घर में हंगामा हुआ। पीड़िता की नानी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं नानी ने धेवती के साथ हुई घटना की कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट सगे मौसा महोली निवासी महेन्द्र के विरुद्ध दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी मौसा की तलाश में जुटी है।

जेल मे बना रक्षा सूत्र, बंदियों को बचाएगा अपराध की दुनिया से

(संवादाता–बाके शर्मा) मथुरा। जेल का रक्षा सूत्र ही बंदियों को अपराध की दुनिया से तौबा करने का संकल्प दिलाएगा। इसके लिए जेल प्रशासन महिला बंदियों से राखी बनवा रहा है।रक्षा बंधन पर जब बहन अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए आएंगी, तब जेल प्रशासन उनको जेल में बनाई गई राखियां खरीद कर भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए देगा। साथ ही बहनें ये रक्षासूत्र बांधने के साथ भाई से अपराध का रास्ता छोड़ने का संकल्प भी दिलाएंगी। जेल में इस समय 78 महिला बंदी और 1700 पुरुष बंदी निरुद्ध हैं। जेल में जो बहन अपने भाइयों को राखी बांधने आएंगी। उन्हें जेल प्रशासन जेल से राखियां खरीदने के लिए प्रेरित करेगा। जेल स्टाफ भी इन्हीं राखी का प्रयोग करेगा। बहन भी अपने भाइयों से रक्षा बंधन पर अपराध जगत से तौबा करके शराफत की जिंदगी जीने का संकल्प दिलाएंगी। बंदियों को सिर्फ मजदूरी मिलेगी। मजदूरी भी राखी की कीमत के अनुसार तय की जाएगी। जेल अधीक्षक बृजेश ने बताया, करीब तीन से चार हजार राखियां विभिन्न डिजाइन में तैयार कराई जाएंगी। उन्होंने बताया, जेल प्रशासन बाजार में भी राखी विक्रेताओं से संपर्क कर रहा है। विक्रेता अपना कच्चा माल जेल प्रशासन को उपलब्ध करा दें और राखी बनाने की मजदूरी पर जेल से तैयार राखी खरीद कर ले जाएं। कुछ बड़े प्रतिष्ठान और संस्थानों से भी संपर्क किया जा रहा है। वह भी जेल को कच्चा माल देकर राखी तैयार कर सकें। उन्होंने बताया, इससे महिला बंदियों की आय में बढ़ोतरी होगी।साथ ही वह राखी बनाने की कला में भी माहिर हो जाएंगी। जब वह जेल से रिहा होकर जाएंगी तो पर्व पर राखी बनाकर बेचने का भी काम कर सकती हैं।

गुरद्वारा साहिब शाहगंज पर आज कोरोना वेक्सीन 18 से 45 वर्ष

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट

आगरा। गुरद्वारा साहिब शाहगंज पर आज कोरोना वेक्सीन 18 से 45 वर्ष से ऊपर व दुसरी डोज लगवाई गई

केम्प का शुभारम्भ गुरु महाराज जी के आगे अरदास कर सिटी मजिस्ट्रेड अरूण कुमार यादव एवं प्रमुख समाजसेवी पूरन डाबर जी के करकमलो से सयुंक्त रूप से किया गया। करीब 200 लोगो के लिये केम्प लगाया गया ।

गुरद्वारा प्रधान द्वारा मुख्य अतिथियों का गुरु घर का सरोपा पहनाकर सम्मान किया स्वास्थ विभाग की टीम का भी सहयोग किया गया। मुख्य रूप से प्रधान बॉबी आनंद,डाकटर अरिज शेरवानी, बंटी ग्रोवर,श्याम भोजवानी,रोहित कत्याल,शंटी आनंद, मोहन , कवलजीत सिंह, गनवानी,सतेन्द्र राजपूत, गुरमीत सिंह,पिंकी गौतम ,इद्रपाल सिंह,भूमि गनवानी, मनीषा अरोड़ा, मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आकर युवक की हुई मौत,परिजनों में मचा कोहराम

रामनगर बाराबंकी (चौतन्य)दृतेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर ने मोटर साईकिल के पास खडे युवक को रौद दिया।सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को सी एच सी रामनगर भेजा जहा डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।प्राप्त विवरण के अनुसार तेज रफ्तार

टैंकर बाराबंकी की ओर से आ रहा था जिसे फतेहपुर की ओर जाना था।रामनगर फतेहपुर मोड पर तेज रफ्तार टैंकर के मुडते ही भूमि विकास बैंक के सामने यह हादसा हो गया।अनियन्त्रित वाहन ने बैक के सामने बाईक के पास खडे शिवम सिह पुत्र इंद्रेश सिह उम्र करीब 25वर्ष को रौद दिया।यह हादशा सोमवार को सुबह नौ बजे करीब हुआ।गनीमत यह रही कि उस समय भीड वाले चौराहे पर भीड कम थी।आनन फानन में लोगो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शिवम सिह को टैंकर के नीचे से निकलवाया और हॉस्पिटल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहा दो बाईक और एक साईकिल भी टैंकर की चपेट मे आ गयी।मृतक के घर खबर पहुचते ही कोहराम मच गया।घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।लोगो ने बताया की अभी एक वर्ष पूर्व मृतक की शादी हुई थी।

आज फतेहाबाद में दहाड़ेंगे भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम संवाददाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। दिन मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा जिले में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा द्य भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव श्रवण सिंह भदौरिया ने बताया की भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा 20 जुलाई को सारंगपुर रोड फतेहाबाद पर श्याम वाटिका में एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है द्य इस महापंचायत में किसानों की समस्या व अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह व प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह सहित अन्य भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे द्य श्रवण सिंह भदोरिया ने मीडिया के माध्यम से जिले के किसानों से अपील की है कि भानू के द्वारा आयोजित महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में किसान भाई श्याम वाटिका में पहुंचे ओर अपनी समस्या लिखित में लेकर आएं द्य राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान तत्काल किया जाएगा।

निबोहरा पुलिस ने आईटी एक्ट में वांछित युवक को किया गिरफ्तार

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद।थाना शमशाबाद पर पंजीकृत आईटी एक्ट से सम्बंधित एक मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को निबोहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ निबोहरा सूरज प्रसाद के मुताबिक अमित कुमार पुत्र भूरीसिह निवासी ग्राम नगला भिक्की थाना शमशाबाद जनपद आगरा को सोमवार समय करीब 10:40 गिरफ्तार किया गया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सूरजप्रसाद, पुलिस टीम मौजूद रही।

फतेहाबाद के पारोली सिकरवार में अवैध तमंचा तथा बंदूक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार मामला दर्ज

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान क्षेत्र के ग्राम पारोली सिकरवार के पास से एक युवक को अवैध तमंचा तथा बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए युवक के पास से जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद पुलिस रविवार रात चेकिंग कर रही थी। ग्राम पारोली सिकरवार मोड़ के पास अचानक से एक युवक आता दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास एक अवैध बंदूक एक तमंचा बरामद किया। पुलिस ने उसके पास से पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं ।पकड़े गए युवक ने अपना नाम शैलेंद्र उर्फ शीलू पुत्र रणवीर निवासी पारोली सिकरवार बताया। पकड़े गए युवक पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की है।

खन्ना पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित युवक

महोबा। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये वांछितो को पकड़ कर सलाखो के पीछे भेजा जा रहा है। पुलिस की इस कार्यशैली के प्रति वांछितो के मध्य दहशत का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस टीम द्वारा वांछितध्वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना खन्नाैभ्व् शिवआसरे के निकट पर्यवेक्षण में गठित उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 32ध्21 धारा 147, 323, 336, 504, 506, 325, 308 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण क्रमशः रामकेश यादव उर्फ बोगी उम्र 21 वर्ष, नन्दू उर्फ नन्दकिशोर यादव उम्र 27 वर्ष, रितिक यादव उर्फ कोटा उम्र 20 वर्ष, रमाकान्त यादव उर्फ बऊवा, बल्लू उर्फ बलराम यादव उम्र 39 वर्ष को ग्राम तमौरा के पास से गिरफ्तार किया गया व बाद आवश्यक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 राजेश कुमार, कां अमन यादव, कां0 अरुण कुमार, रि0कां0 नवीन दूबे, कां राहुल यादव शामिल रहे।

चोरी के 03 अदद मोटर साइकिल व 950 रुपये के साथ एक अभियुक्तको कुमारगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

मिल्कीपुर। अयोध्या पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के कुशल निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी

थानाध्यक्ष कुमारगंज दिनेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिकुमार पुत्र लहुरी प्रसाद नि0ग्राम बलारमऊ थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या को इंटौजा मोड़ से 200 मी0 दूर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास व निशानदेही पर 03 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई तथा पुलिस की पूछताछ के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 195ध्21 धारा 379 प्ब्व की घटना करना स्वीकार किया गया जामा तलाशी पर 950 रुपये अभि0 के पास से बरामद हुआ।थाना प्रभारी कुमारगंज दिनेश सिंह ने बताया कि अभियुक्त के पास से

1.हीरो पैशन प्रो काले रंग की विना नम्बर प्लेट की
2.हीरो होण्डा पैशन प्लस लाल रंग की बिना नम्बर प्लेट
3.बजाज पल्सर मोटर साइकिल काले रंग की बिना नम्बर प्लेट की
4. 950 रुपये

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1.उ0नि0 श्री उ0नि0 संतोष कुमार मौर्या चौकी प्रभारी एनडीए थाना कुमारगंज अयोध्या
2. उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह चौकी प्रभारी चिलबिली थाना कुमारगंज अयोध्या 3.का0 फिरोज आलम थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या
4.का0 मनोज कुमार यादव थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या।

दरियाबाद विधानसभा की युवजन सभा कार्यकारिणी का हुआ गठन

अनुपम सिंह ब्यूरो बाराबंकी। दरियाबाद विधानसभा में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के संगठन विस्तार की बैठक रवि धर्म कांटे पर सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता सपा नेता रितेश कुमार सिंह रिंकू भैया ने की युवजनसभा दरियाबाद के संगठन विस्तार को लेकर जिला प्रभारी सुशीला गौतम तथा जिले के तेजतर्रार यशश्वी जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी सभी को आने वाले 2022 के चुनाव में अभी से गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया इस मौके पर अंकुर सिंह को विधानसभा उपाध्यक्ष तथा शिवराज सिंह बड़े को विधानसभा सचिव युवजन सभा की जिम्मेदारी सौंपी गयी पद ग्रहण करने के बाद शिवराज सिंह ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उसके लिये जिलाध्यक्ष जी तथा प्रदेश नेतृत्व का ह्रदय से धन्यवाद उनके भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह जी दिनेश सिंह बच्चा जिला पंचायत सदस्य चक्खन यादव अशीर किदवाई जिला सचिव अनुराग सिंह शैलेंद्र सिंह अवधेश चौधरी संस्कार जैन मोनू पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रिंसू वर्मा अशोक वर्मा अमित शाह आकाश यादव आशीष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

भारतीय समाज पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया

महोबा ब्यूरो मोहम्मद सरफराज। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी झांसी जोन के कोऑर्डिनेटर कालूराम प्रजापति ने बताया कि केंद्र और राज्य की सरकारों के द्वारा मनमाना टैक्स वसूल किए जाने और गैस पेट्रोल डीजल के दामों में भारी वृद्धि किए जाने को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि मौजूदा समय में बढ़ रही महंगाई के चलते मजदूरी युवा छात्र महिलाएं एवं आम आदमी जीवन यापन कर पाने में सक्षम नहीं है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। जगह–जगह हत्या और बलात्कार जैसी घटनाएं दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही हैं। उक्त मुद्दों को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के भागीदारी संकल्प मोर्चा के घटक दल ने बढ़े हुए मूल्यों को सरकार से कम कराने के साथ–साथ कानून व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए ज्ञापन के माध्यम से अपील की है।

आधे घंटे की बारिश में खुली महाकाल कंट्रक्शन की पोल

ब्यूरो इमरान कुरेशी दैनिक अयोध्या टाइम्स

- ठेकेदार की लापरवाही से थोड़ी से वारिश से सड़क बदली टापू में
- जनता के घरो में घुसने लगा पानी, लोगो को हो रही अनेको परेशानी

महोबा। बड़े–बड़े दावे करने वाले ठेकेदार की पोल मात्र आधे घण्टे की बारिश में ही खुल गई। कुलपहाड़ से महोबा तक सड़क चौड़करण का कार्य तो तेजी से तो किया गया लेकिन इस कार्य में बरती गई लापरवाही का नजीता यह हुआ कि स्थानीय निवासियो को बारिश के मौसम में चलने के लिए सड़क के साथ तैरने के लिए तालाब भी मिल गया। बात की जा रही है कुलपहाड़ से महोबा के बीच बड़े बजट से सम्पन्न किया गया चौड़ीकरण के कार्य की। जिसका कार्य महामाल कन्स्ट्रक्शन को दिया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा दूरगामी सोच को न अपनाते हुये वारिश के दौरान जल निकासी के प्रबन्धो पर जोर नहीं दिया गया जिसका साफ नजारा सोमवार को देखने को मिला। मात्र आधे घण्टे की वारिश के दौरान लोगो का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। सड़क का हाल इस कदर बद से बदत्तर हो गया कि आप चाहे तो आसानी से घुटनो तक भरे पानी में छोटी वोट चला सकते है।

नगर वासियो ने ठेकेदार द्वारा बजट को मात्र ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है उन्होने कहा कि लापरवाही के कारण जब मात्र आधा घण्टे की वारिश में पानी हमारे घरो में घुसने लगा है तो जब वारिश ज्यादा होगी तो हमारा रहना तो मुश्किल हो जायेगा। चौड़ीकरण के दौरान की गई बड़ी लापरवाही के प्रति जनता का हाल बेहाल है और वह आक्रोशित नजर आ रही है।

सचिव ने फर्जीवाड़ा कर ग्राम प्रधान के डोंगल से निकाले लाखों रुपए

- बिलों पर आपत्ति जताने पर महिला ग्राम प्रधान से की अभद्रता

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। कुरारा विकासखंड क्षेत्र के लहरा ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा ग्राम प्रधान की बिना सहमति के एक लाख बारह हजार रुपए का गलत तरीके से भुगतान किए जाने के मामले को लेकर आज ग्राम प्रधान नीतू सिंह ने मुख्यालय के गोल तबूतरे पर बैठ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है वो पहले प्रमुख सचिव पंचायत राज्य लखनऊ, चित्रकूट मंडल धाम के आयुक्त बांदा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई न होने से धरने पर बैठ गई हैं। वही लहरा प्रधान नीतू सिंह का कहना है कि जब फर्जी मामले के भुगतान की जानकारी होने पर सचिव मनीष कौशिक और पंचायत मित्र से इस मामले पर जानकारी की तो उन्होंने अपमानित करते हुए जानकारी देने से मना कर दिया। और कहा पेमेंट करना मेरा काम है इसमें दखलअंदाजी ना करें। ग्राम प्रधान ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा मेरी सहमति के बगैर कोई भुगतान न किया जाए जिस पर सचिव मनीष कौशिक वह शिक्षा मित्र ने अपमानित कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर विकास खंड कार्यालय कुरारा से भगा दिया है। सचिव और शिक्षा मित्र ने कहा तुम मेरा कुछ भी नहीं कर सकती हो ऐसे प्रधानों को हम जूते की नोक पर रखते हैं ग्राम प्रधान नीतू देवी का कहना है कि सचिव ने एक लाख बारह हजार रुपए का और भी फर्जी पेमेंट बढ़ाकर अपने डोंगल में रखा हुआ है। जो किसी टाइम भी भुगतान कर सकता है इस भुगतान में हमारी कोई लिखित सहमति का प्रस्ताव नहीं है।फर्जी तरीके से भुगतान सचिव और पंचायत मित्र द्वारा किया जा रहा है। ग्राम प्रधान का यह भी सचिव पर आरोप है कि ग्राम पंचायत के कार्यों के बारे में किसी भी प्रकार के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं कराए जा रहे और न ही गांव के विकास के बारे में कोई राय ली जा रही है। प्रधान ने मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट सचिव को हटाते हुए किसी दूसरे सचिव की नियुक्ति की जाए मैं ऐसे भ्रष्ट सचिव के साथ काम करने में पूरी तरीके से असमर्थ हूं जो मुझे अपमानित व बेइज्जत करता हो प्रधान ने इस मामले की जांच करा कर आरोपी सचिव व पंचायत मित्र के खिलाफ विधिक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

विधायक की मौजूदगी में हुआ सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान समारोह

अनुपम सिंह ब्यूरो बाराबंकी

आर्यावर्त नागरिक सेवा ट्रस्ट एवं जन सूचना अधिकार जागरण संघ के संयुक्त तत्वावधान में सेवानिवृत्ति शिक्षक सम्मान समारोह, यातायात जागरूकता एवं जन सूचना अधिकार जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम कोटवाधाम स्थित श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कालेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति शिक्षक शेषनारायण तिवारी व संचालन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष लवकुश शरण आनंद ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री बैजनाथ रावत ने सरस्वती माँ एवं समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कवि एवं सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम वर्मा ने स्वरचित सरस्वती वंदना का पाठ किया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर, मुख्य अतिथि विधायक बैजनाथ रावत ने कहा कि, शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। वह अंतिम सांस तक राष्ट्र के सशस्त्र प्रहरी का निर्माण करता रहता है। आज बड़े सौभाग्य का विषय है की राजकीय सेवा से निवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि, अधिकतर विद्यालयों में जो प्रार्थना करवाई जाती है, की वह शक्ति हमें दो दयानिधे की संपूर्ण पंक्तियों को जीवन में अक्षरशः उतारने वाले छात्र कभी भी किसी भी क्षेत्र में असफल नहीं हो सकते। विशिष्ट अतिथि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन पंकज सिंह ने यातायात जागरूकता के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि, दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद अधिकतर मनुष्यों में थकावट आ जाती है, इसलिए यथासंभव तीसरे पहर वाहन चलाने में काफी सावधानी रखनी चाहिए। यदि आवश्यक ना हो तो लंबी दूरी कर रहे लोगों को रात्रि विश्राम कर सुबह यात्रा करनी चाहिए। श्री सिंह ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वह ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कार्यालय दिवस के दौरान प्रशिक्षण उपरांत निसंकोच बेझिझक उनसे संपर्क कर सकते हैं। जन सूचना अधिकार जागरण संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुमंगल दीप त्रिवेदी ने कहा कि श्गुरुश शब्द का महत्व उसी राष्ट्र में समझा जा सकता है, जहाँ गुरु को गोविंद से ऊपर रखा जाता है। गुरु से एक अच्छे चरित्र को संजोए शिष्य की चाहत रखने वाले समाज का भी यह दायित्व है कि वह गुरु को सम्मान दे। सेवानिवृत्त होने के बाद गुरुजनों को आने वाली समस्याओं से भी राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोगों को अवगत कराया। साथ ही, जन सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में भी मौजूद लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर सत्यनाम सम्प्रदाय प्रथम पावा कमोली धाम के साहब कमलेश दास, प्रबंध ट्रस्टी डा.सत्यनाम शरण दास, जिला उपाध्यक्ष रामू मौर्य, दुर्गेश सिंह, धर्मेन्द्रपाल, शिवम मिश्रा, लल्लन पाण्डेय, अरियामऊ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप यादव, ट्रस्टी छोटेलाल वर्मा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह, उज्जवल पाण्डेय,

संजीव कुमार, रामविजय यादव समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

☒ 'सेवानिवृत शिक्षकों को किया गया सम्मानित'

आर्यावर्त नागरिक सेवा ट्रस्ट एवं जन सूचना अधिकार जागरण संघ द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति शिक्षक शिवदयाल वर्मा, राम नारायण गुप्ता, राममिलन पांडे, रमाशंकर तिवारी, मखदूम चौहान, प्रेम वर्मा, सनत कुमार दीक्षित, रामप्रकाश रावत, गिरजाशंकर दीक्षित, हरिलाल यादव, देव नारायण यादव, लालता सिंह, जगन्नाथ प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, चंद्रेश वर्मा, राम कुमार पांडेय समेत अनेक सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान पत्र व आध्यात्मिक पुस्तकें प्रदान करके सम्मानित किया गया।

एसपी द्वारा थाना कोतवाली व महिला थाना महोबा का किया निरीक्षण,दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के द्वारा थाना कोतवाली महोबा व महिला थाना महोबा का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति के तहत संचालित महिला हेल्पडेस्क का जायजा लिया और ड्यूटी में तैनात महिला आरक्षी से आये हुये फरियादियों की समस्या तथा उनके निस्तारण व प्राप्त फीडबैक का निरीक्षण किया, इसी क्रम में थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना का प्रमुख रुप से निरीक्षण किया साथ ही आपराध रजिस्टर सहित त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुये प्रभारी निरीक्षक को व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के देते हुये कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा थाने पर आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करें तथा महिला सम्बन्धी मामलों को गम्भीरता से लेकर पीडित महिला को न्याय दिलाने के निर्देश दिये ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचना ओं/IGRS के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिये गये, वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली एवं महिला थाना को परिसर की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये साथ ही

वैश्विक महामारी कोविड–19 को ध्यान में रख सचेत करते हुये कडे शब्दों में कहा गया कि सभी अधिकारीध्कर्मचारीगण मास्क का शत–प्रतिशत प्रयोग करें व सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें ।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, प्र0नि0 थाना कोत0 बलराम सिंह, प्र0नि0 महिला थाना अनिल सिंह, व0उ0नि0 आनन्द कुमार, म0उ0नि0 शिल्पी शुक्ला व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी स्वच्छता के मददेनजर आवश्यक बैठक

ब्यूरो इमरान कुरेशी दैनिक अयोध्या टाइम्स

महोबा। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयों का कुशलता पूर्वक संचालन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जिस स्वयं सहायता समूह द्वारा सामुदायिक शैचालयों का संचालन किया जा रहा है। समूह द्वारा ही सामुदायिक शैचालय में रहने वाले सफाईकर्मी को प्रतिमाह 5000ध्– रूपये मानदेय देना होगा। यदि समूह के व्यक्तियों द्वारा किसी इच्छुक महिला द्वारा यह कार्य किया

जाता है अथवा समूह के किसी सदस्य द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है तो ग्राम प्रधान उस सामुदाय शैचालय पर सफाईकर्मी किसी इच्छुक महिला या पुरूष को 5000 रूपये प्रतिमाह के मानदेय पर रखा जायेगा। जिसका मानदेय का भुगतान समूह द्वारा किया जायेगा। समूह द्वारा ऐसा न किये जाने पर उसका अधिपत्र समाप्त करते हुये किसी दूसरे समूह को यह अधिकार दिया जायेगा। जो प्रतिमाह सफाईकर्मी का भुगतान करेगा। इसीक्रम में उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये गये निर्देशों में कहा की ग्राम पंचायतों में लगे सफाईकर्मी सुबह 07 बजे से 09 बजे तक सरकारी भवन जैसे पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल आदि की सफाई नियमित रूप से करेगे और इसके पश्चात गांव में सफाई का कार्य करेगे और इनकी पेरोल हाजरी ऑनलाइन सेकेटरी और प्रधान के द्वारा उपलब्ध होने पर ही वेतन आहरित की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा की अलग–अलग विभागों एवं कार्यालयों में लगे सफाईकर्मियों को तत्काल उनके गांवों में नियुक्त कर भेजा जाये। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने यह कहा की जनपद की समस्त प्राथमिक स्कूलों में टाइल्स लगाने का काम ग्राम सभा द्वारा 15 दिनों के अन्दर कराये और जिन पंचायत घरों पर शैचालय नहीं बने है उन पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत शैचालय बनवाने का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उपस्थिति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और भान सिंह ग्राम प्रधान लुहाड़ी, मेवालाल ग्राम प्रधान वीला दक्षिण एंव सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय प्रथम आगमन पर एके शर्मा का जोरदार स्वागत

- तीर्थराज प्रयाग के कार्यकर्ताओ की संस्कृति विश्व विख्यात है,जो जब ठाना करके दिखाया–ऐके शर्मा

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिविल लाइन्स मे सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी एके शर्मा का प्रथम आगमन हुआ। जिला कार्यालय के मुख्य गेट पर यमुनापार के जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती एवं कार्यकर्ताओं के हूजूम ने बुके भेंटकर माल्यार्पण करते हुए फूलमालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। उसके उपरांत यमुनापार अध्यक्ष विभव नाथ भारती संग यमुनापार के कक्ष मे पहुंचें ऐके शर्मा का कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला अंगवस्त्रम् के साथ श्री सीताराम दरबार की छाया चित्र भेंटकर अभिनंदन किया। तदोपरांतर एक–एक जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त करते हुए ऐके शर्मा ने कहा तीर्थराज प्रयाग की नगरी विश्व भर मे अपने धर्म आस्था संस्कृति के लिए विख्यात है। यहां के कार्यकर्ताओं ने आज भी वह कायम करके रखा है। जो जब ठाना वह करके दिखाया। कार्यकर्ताओं का जोश व उत्साह 2022 के विधानसभा में इतिहास रचने को अभी से उत्सुक दिख रहा हैं। यमुनापार अध्यक्ष विभव नाथ भारती ने स्वागत सम्बोधन करते हुए कहां हम आपके आगमन से उत्साहित हैं। आपके अनुभव का लाभ विकास के रूप मे प्रयागवासियो को मिले यही आशा व विश्वास है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शोभ नारायण द्विवेदी, अजीत प्रताप सिंह, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, राजेश शुक्ला, इं.जगदीश सिंह यादव, जय सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, मृत्यूजंय तिवारी,जिला मीडिया दिलीप कुमार चतुर्वेदी, महामंत्री विक्रमाजीत मौर्य, मंत्री हरिदेव धुरिया, विनोद कुमार

प्रजापति, कमलेश त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला प्रचंड, ओम प्रकाश निषाद, संतोष त्रिपाठी,शिवराम सिंह परिहार, कृष्ण दास गुप्ता, आरती कोल, कोषाध्यक्ष, अनूप केसरवानी, कार्यालय मंत्री मनोज कुमार गुप्ता, सुरेश शुक्ला, सुधाकर पाण्डेय, अरूण सिंह, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सुभाष सिंह पटेल, प्रदीप कुमार मिश्र आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहा है दुरुपयोग नगर पंचायत अध्यक्ष संजय गुप्ता अधिशासी अधिकारी प्रमोद गुप्ता डोडा कर्मचारी बलवंत सिंह ने प्रधानमंत्री आवास का दुरुपयोग किया पात्रों को नहीं आ पात्रों को दिया गया ज्यादा प्रधानमंत्री आवास

दैनिक अयोध्या टाइम तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी में प्रधानमंत्री योजना आवास का पूर्ण रूप से दुरुपयोग किया गया है जिसमें मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष डोडा कर्मचारी ने मिलकर बिना जांच किए आवास अपने निजी स्वार्थ के लिए जिसमें एक आवास में पास करने के बाद 30 से 40000 की पात्रों से लिया गया है पात्रों ने भी उनको पैसा दिया है कुछ पात्र भाटपार रानी में जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा खा लिया है और अपनी पुरानी दीवाल को मरम्मत करा कर उसको दिखाया जा रहा है कि आवास का पैसे से हमने घर बनवाया है जांच अधिकारियों ने बिना जांच किए रिपोर्ट लगा दी है की वास्तविक में आवास बना है लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना दुरुपयोग पूर्ण रूप से नगर पंचायत भाटपार रानी में हो रहा है जिन लोगों के पास करोड़ों की हैसियत है उन लोगों में ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है जो कि पूर्ण रूप से गलत है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लाभार्थी को कम अपने निजी स्वार्थ के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ने उन लोगों को आवास दिलाया है जोकि नियम के अनुरूप नहीं है हमारे अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता ने नगर में कई स्थानों पर आवास उन लोगों को मिला है जो बिल्कुल भी पात्र नहीं है परंतु उन लोगों का आवास कैसे पास हो गया समस्त जिम्मेदारी नगर पंचायत अध्यक्ष की है।

शराब माफियाओ के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी

कुंदन मिश्रा का रिपोर्ट। सुगौली पु. च. सुगौली पुलिस शराब कारोबारियो के उपर लगातर नकेल कश रही है। अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर 40 लीटर शराब के साथ तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विवेक जयसवाल को गुप्त सूचना मिली कि मेहवां निवासी मुक्ति सहनी और रवि कुमार शराब का खेप लेकर बिक्री करने आ रहा है। उसी समय छपवां चौक से 15–15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, और माली निवासी बली सहनी को डुमरी चौक से 10 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा गया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि शराब के तीनों अवैध कारोबारियों पर शराब अधिनियम के तहत केश दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

भारतीय न्यूज एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेस क्लब आफ इंडिया से दानिश सिद्दीकी को श्रद्धांजलि दिया

नई दिल्ली– आज भारतीय न्यूज एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर चौधरी अफजल नदीम एवं कई पत्रकार (प्रेस क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली)

से जाने माने फोटो जॉर्नलिस्ट दानिश सिद्दीकी जिन्होंने पूरे विश्व में हो रही कई बड़ी घटनाओं की तसवीरें आईने की तरह लोगों तक पहुंचाई और कई सरकार की नींद उड़ाई, और आखिरी समय में भी अपने काम के लिए युद्ध स्थल पर बने रहे श्रंद्धाजलि दिया।

भारतीय न्यूज एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर चौधरी अफजल नदीम ने कहा कि मैं उनके जज्बे को सलाम पेश करता हूँ एवं मीडिया जगत में दानिश सिद्दीकी ने एक लम्बा लकीर खींच दिया है।मैं भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उनके परिवार के लिये इस दुख की घड़ी में हर तरीके से सम्मान राशि के रूप में सहायता प्रदान किया जाये एवं भारतीय न्यूज एजेंसी परिवार आपके साथ है।

राज्यमंत्री माननीय श्री चौधरी के शुभकामना संदेश के साथ जनपद कानपुर नगर के प्रधानों का प्रशिक्षण संपन्न

कानपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत राज्य स्तर से निर्धारित कार्यक्रमानुसार नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में आज 19 जुलाई 2021 को कानपुर मण्डल के अंतर्गत कानपुर नगर के ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण का शुभारंभ उपनिदेशक पँचायत अभय कुमार शाही के द्वारा मा0 पंचायती राज मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी द्वारा ग्राम प्रधानों के लिए दिए गए शुभकामना सन्देश के साथ किया गया। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का एकदिवसीय ऑनलाइन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण मंडलीय उपनिदेशक पंचायत कार्यालय से विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन दिया गया। आज जनपद कानपुर नगर के सरसौल, चौबेपुर, ककवन, शिवराजपुर, कल्यानपुर, बिधनू, पतारा, घाटमपुर, भीतर गांव, बिल्हौर सहित सभी विकास खंडों के कई केंद्रों पर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों ने कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऑनलाइन प्रशिक्षण का शुभारंभ मंडलीय उपनिदेशक पंचायत अभय कुमार शाही ने नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को बधाई और स्वागत करते हुए किया। प्रशिक्षण के दौरान श्री शाही द्वारा ग्राम प्रधान की भूमिका और कर्तव्य आदि पर चर्चा कर प्रशिक्षण के उद्देश्य को बताया। एनआईआरडी से मास्टर ट्रेनर अमित कुमार सिंह तोमर, अनीता गुप्ता, अभिषेक सिंह चौहान, गंगाराम यादव द्वारा अपने अपने विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर श्री अमित कुमार सिंह तोमर द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना की वीडियो का प्रदर्शन करते हुए चर्चा कर सतत विकास लक्ष्य 2020 के 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ग्राम प्रधानों को चल चित्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान यूनिसेफ की विषय विशेषज्ञ पीयूष एंथोनी की वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। ऑनलाइन प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों के सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पंचायत राज व्यवस्था, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत बैठक के आयोजन की प्रक्रिया, ग्राम पंचायत समितियां और उनकी भूमिका, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, बाल संरक्षण, आपदा एकीकृत ग्राम पंचायत विकास योजना, विभागीय योजनाओं एवं राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन सहित तकनीकी सत्र ई ग्राम स्वराज आदि पर चर्चा कर पंचायत राज एवं यूनिसेफ एबीसी विशेषज्ञों द्वारा निर्मित वीडियो के प्रदर्शन के द्वारा प्रधानों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान जनपद कानपुर नगर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानो ने ऑनलाइन प्रतिभाग कर विशेष योगदान दिया। इस दौरान वरिष्ठ फैकल्टी एवं सह प्रबंधक डॉ निर्दोष कुमार श्रीवास्तव तथा मंडलीय प्रोजेक्ट मैनेजर अवनीश का विशेष सहयोग रहा। समापन करते हुए कानपुर नगर के डीपीआरओ कमल किशोर ने एनआईआरडीपीआर के मास्टर ट्रेनर, बीडियो, एडीओ पंचायत सहित सभी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जीत के लिए साधु-संतों का आशीर्वाद लेगी बीजेपी, पूरी है तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं. बसपा ब्राम्हणों को अपने पाले में लाने की कोशिश में सम्मेलन आयोजित करने जा रही है तो वहीं बीजेपी नेता और जनप्रतिनिधि मठों और मंदिरों में दस्तक देंगे. बीजेपी नेता और जनप्रतिनिधि साधु–संतों को सम्मानित करके आगामी चुनाव में जीत का आशीर्वाद लेंगे।

साधु–संतों का लेंगे आशीर्वाद

बीजेपी के गोरक्ष प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि 24 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मौके पर बीजेपी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मंत्री और निगमों के पदस्थ लोग गोरक्ष प्रांत से जुड़े सभी मठों और मंदिरों में जाएंगे. उन्होंने बताया कि इस दौरान मठों और मंदिरों में साधु–संतों को अंग वस्त्र और नारियल भेंट कर सम्मानित करने के साथ ही प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए उनका आशीर्वाद भी लिया जाएगा।

शुरू कर दी गई है तैयारी

धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गोरक्ष प्रांत के सभी जिलों में इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई हैं. उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों को इस बारे में दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं।

ब्राह्मणों को जोड़ने की कोशिश में है बसपा

गौरतलब है कि, बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ब्राह्मणों को पार्टी से जोड़ने के लिए जगह–जगह ब्राह्मण सम्मेलन कराने का एलान किया है. इसी क्रम में बीजेपी ने मठों और मंदिरों में जाकर साधु–संतों का आशीर्वाद लेने का फैसला किया है.।

मासूमों के लिए परफेक्शन ब्यूटी की रचनात्मक पहल

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रदेश प्रभारी संजय द्विवेदी। कानपुर।परफेक्शन ब्यूटी सैलून द्वारा लाजपत नगर स्थित अपने निजी प्रतिष्ठान में बिजनेस प्रचार संस्थान के साथ संयुक्त समन्वय से सुभाष चिल्ड्रन होम अनाथालय में रहने वाले बच्चों का मेकअप कर एक नवीन और रचनात्मक पहल का आयोजन किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन विजेता रहीं नैना सिंह चौहान व मिसेज इंडिया क्लासिक विजेता रहीं अंजली श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।संयुक्त पहल को सराहते हुए परफेक्शन ब्यूटी सैलून की निदेशक प्रिया गुप्ता ने कहा की सौंदर्य ईश्वर ने सब में एक समान दिया है बस प्रयास है उस सौंदर्य को निखार इन मासूमों के चेहरे पर खुशी लाने का। प्रिया गुप्ता ने यह भी बताया की उनका प्रतिष्ठान परफेक्शन ब्यूटी सैलून पूर्व में भी इस प्रकार के कई रचनात्मक कार करता रहा वह भविष्य में इसी प्रकार सौंदर्य के माध्यम से अभाव से जूझ रहे इन बच्चों के चेहरों पर हंसी लाने का प्रयास करता रहेगा।निदेशक संकल्प दीक्षित ने बताया की आज दिवस के कार्यक्रम में बच्चों एवं अतिथियों के अतिरिक्त संस्था सदस्यों को भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभागिता का आमंत्रण दिया गया था। सुभाष चिल्ड्रन होम के निदेशक कमल कांत तिवारी द्वारा परफेक्शन ब्यूटी सैलून व बिजनेस प्रचार की संयुक्त पहल को बहुत सराहा गया वहीं रोटरी क्लब कानपुर एलीट के संस्थापक सचिव अश्वनी दीक्षित ने भविष्य में भी दोनों प्रतिष्ठानों को इस प्रकार के समाजसेवी और रचनात्मक

कार्यक्रमों के आयोजन में रोटरी द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। इस मौके पर निदेशक सूरज सिंह सह निदेशक प्रियंका नेगी प्रिया सिंह नेगी सिद्धार्थ प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

एनजीओ प्रकोष्ठ एवं प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजको का हुआ स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव पत्रकार भटनी

देवरिया । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार की देर रात विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों तथा सह संयोजकों का घोषणा किया।जिसमें देवरिया जनपद के डा. अभय मणि त्रिपाठी को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक,संदीप शाही को एन. जी. ओ.प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक तथा डॉ. जितेन्द्र प्रताप राव को प्रवासी सम्पर्क प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाया गया है। रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने राघव नगर स्थित कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के आवास पर नवनियुक्त प्रदेश सह संयोजक प्रवासी सम्पर्क प्रकोष्ठ डॉ. जितेन्द्र प्रताप राव का माला पहना और बुके दे स्वागत किया।इसके बाद जितेन्द्र प्रताप राव ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने दी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा।

इस दौरान भाजपा जिलामहामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी,पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह,मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख तरकुलवा रामाशीष गुप्ता,प्रमुख प्रतिनिधि देसही संजय तिवारी,प्रमुख प्रतिनिधि बैतालपुर प्रभाकर राय,मंडल अध्यक्ष जीवनपति त्रिपाठी,पूर्व जिलामंत्री सीपी सिंह,ध्रुवनाथ पाण्डेय, अखिलेश्वर राय,अंकुर राय,हरिशंकर पाण्डेय आदि रहे। वही इन सभी के मनोनयन पर सांसद रमापतिराम त्रिपाठी,सांसद रविन्द्र कुशवाहा,कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही,राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह,सदर विधायक डॉ. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, विधायक काली प्रसाद,विधायक कमलेश शुक्ला, विधायक सुरेश तिवारी,पूर्व एमएलसी महेन्द्र यादव,पूर्व विधायक प्रमोद सिंह,पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल,पूर्वजिलाध्यक्ष विजय

कुमार दूबे,पूर्वजिलाध्यक्ष मारकंडेय शाही,पूर्वजिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा समेत भाजपा के सभी जिलापदाधिकारियो,मंडल अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये खुशी जाहिर किया है तथा विश्वास व्यक्त किया है कि इन सभी के नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होगी।

पहली पत्नी के रहते सेना के जवान ने की दूसरी शादी, खुलासा होने पर घर बना अखाड़ा

छपराः पहली पत्नी के रहते सेना के एक जवान ने दूसरी शादी कर ली. दो शादियों के खुलासे के बाद अब गांव में बवाल मच गया है. यह पूरा मामला छपरा के तरैया का है, जहां सेना के एक जवान ने पहली पत्नी के रहते 2019 में कानपुर में दूसरी शादी कर ली. दूसरी पत्नी से जवान को एक बेटी भी हुई, लेकिन इसके बाद जवान अपनी दूसरी बीवी को छोड़कर फरार हो गया है. अब इस मामले में दोनों पत्नियों के बीच कहासुनी जारी है।बताया जाता है कि आर्मी में तैनात शादीशुदा जवान सुनील कुमार महतो को उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाली एक लड़की से प्यार हो गया. देखते ही देखते यह प्यार इतना गहरा होता चला गया कि दोनों ने शादी कर ली. शादी के दो साल तक सब कुछ सही चलता रहा. इस दौरान जवान एक बेटी का पिता भी बन गया. वहीं, दूसरी तरफ जवान की पहली बीवी को इस बात की भनक तक नहीं लगी।

दवा लेने गई महिला पर स्वास्थ्य कर्मी ने की हमले की कोशिश

जिला अस्पताल में मौजूद लोगों ने बचाई महिला को, पीड़ित महिला ने सीएमओ से की शिकायत

बांदा। सोमवार को जिला अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब काउंटर से दवा ले रही महिला से स्वास्थ्य कर्मी ने दुर्व्यवहार करते हुए कैंची से हमला करने की कोशिश की,लेकिन लाइन में लगी अन्य महिलाओं के विरोध के चलते वह अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो सका।

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक जिला अस्पताल से की है। पीड़िता पद्माकर चौराहा निवासी श्रीमती प्रमिला शर्मा ने बताया कि आज वह अपनी मां को दिखाने जिला अस्पताल में गई थी। डाक्टर को दिखाने के बाद डाक्टर ने मां के इलाज के लिए दवाएं लिखी और एक्स–रे कराने को कहा। तभी मैं दवा लेने के लिए लाइन पर लग गई।जब मेरा नंबर आया तब मैंने देखा कि काउंटर पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी ने मुझे दवा फेंकते हुए दी। इसका मैंने विरोध किया और कहा कि कम से कम यह बताओ यह दवा कैसे खानी है।इस पर वह आग बबूला हो गया और कहने लगा कि जाकर डॉक्टर से पूछो, मैं नहीं बताऊंगा। इस पर फिर मैंने उससे आग्रह किया की पर्चे में लिखी दवाई डॉक्टर द्वारा लिखी गई है कैसे खाना है बता दो। इस पर वह और नाराज हो गया और अभद्रता करते हुए गाली–गलौच करने लगा और हमला करने की नियत से उसने हाथ में कैंची उठा ली तब मैंने भी कहा कि कैंची मार कर दिखाओ तब मैं बताऊंगी। इतना कहने पर लाइन में लगी अन्य महिलाओं ने मेरा समर्थन किया और उसका डटकर विरोध किया। पीडिता ने बताया कि अगर लाइन में लगी महिलाओं ने मेरा साथ न दिया होता तो वह हमला भी कर सकता था।महिला ने इस मामले की शिकायत सीएमएस और जिला अधिकारी बांदा से की है, और दोषी स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

10 साल का बच्चा रचा रहा था अपनी उम्र की बालिका से शादी, हिरासत में लिए गए परिजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया । देवरिया जनपद के लार थाना क्षेत्र के एक गांव की दस वर्षीय बालिका की शादी उसके ही उम्र के दूल्हे से बिहार के एक मंदिर में परिजन शादी करा रहे थे। बाल

विवाह की शिकायत पर एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने टीम गठित शादी रोकने का निर्देश दिया।

महिला कल्याण, बाल संरक्षण व एचटीयू टीम ने करीब दस घंटे की रेस्क्यू के बाद बिहार के मैरवां स्थित चंदनियां माता मंदिर से बालिका व बालक को बरामद कर लिया। बाल विवाह में शामिल एक दर्जन के करीब घराती व बरातियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने चली आई, जहां सभी से पूछताछ करने में जुटी हुई थी।

सुबह करीब 11 बजे किसी ने एसपी को फोन कर सूचना दिया कि लार थाना क्षेत्र के एक गांव की दस वर्षीय बालिका और बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के एक गांव के दस साल के बालक से शादी मैरवां के एक मंदिर में कराई जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने महिला कल्याण, बाल संरक्षण, एचटीयू टीम, लार थाने को सूचना देकर बाल विवाह रुकवाने का निर्देश दिया।

सूचना पर हरकत में आई, सभी टीमें लोकेशन के आधार पर मैरवां के चंदनियां माता मंदिर पहुंची। यहां फोन कर लड़की के परिजनों से टीम ने शादी कहां रचाई जा रही है इसकी जानकारी लेकर हदहदवा भवानी मंदिर में शादी होने की बात कही। टीम बताए हुए लोकेशन पर पहुंची। यहां पहुंचने के बाद टीम ने मंदिर परिसर की तलाशी ली। जहां कोई नहीं मिला। इसके बाद परिजनों का मोबाइल भी बंद मिला। इसको लेकर टीम दस घंटे तक हलकान रही। दोबारा पहुंची टीम ने चंदनियां माता मंदिर से बालिका और बालक को शादी के मंडप से उठा लिया। यह देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

एसपी के निर्देश पर बालिका और बालक सहित बरात में शामिल एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। यहां सभी से पूछताछ की जा रही है। वहीं बालिका और नाबालिग बालक मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल के द्वारा काउंसिलिंग कराई जा रही है। टीम ने बालिका को सोमवार को बाल कल्याण विभाग के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

धान पौध निगरानी एवं रोपाई में सावधानियां

- अचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, पांती, अंबेडकर नगर।

दिनांक 19 जुलाई, 2021। जनपद अंबेडकरनगर में धान उत्पादन प्रमुख कृषि व्यवसाय है और अधिक उत्पादन व उत्पादकता हेतु प्रसिद्ध है। वर्तमान में वर्षा ना होने की स्थिति में उत्पादकता प्रभावित ना हो इसके लिए धान पौध निगरानी एवं रोपाई में सावधानी एक आवश्यक प्रक्रिया है। ऐसी स्थिति में अनेक समस्याएं पौध में परिलक्षित होती है जैसे पौधा का पीला होना, खैरा रोग का वर्चस्व तथा सफेदा रोग की संभावना आदि। कभी–कभी पौधा का पीलापन अधिक सिंचाई जल प्रयोग के कारण होता है। जो साधारणतरू जिंक सल्फेट/5 ग्राम प्रति लीटर पानी तथा यूरिया के 2: घोल को एक साथ मिलाकर प्रयोग करने पर सुधार हो जाता है। यदि पीलापन निचली पत्तियों में होकर कत्थई रंग में बदलता है तो भी खैरा रोग से बचाव के लिए उपरोक्त पोषक तत्व छिड़काव कारगर है। यदि किसी पौधशाला में धान–पौध सफेद हो जाए तो सफेदा रोग बचाव हेतु फेरस सल्फेट/5 ग्राम प्रति लीटर पानी तथा यूरिया के 2: घोल को एक साथ मिलाकर छिड़काव प्रभाव कारी होता है। यह विचार कृषि विशेषज्ञ पादप सुरक्षा डॉ प्रदीप कुमार ने व्यक्त किए।

रोपाई में सावधानियों के बारे में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ राम जीत ने बताया कि सामान्यतरू 21 दिन की पौध तैयार होने पर रोपण करना चाहिए जबकि उसर खेतों में 30 दिन अवधि की पौध का रोपण सुनिश्चित करना चाहिए। वैज्ञानिक शोधध्अनुभव में निर्धारित हुआ है की 25 – 25 सेमी मीटर के एस आर आई मारकर की सहायता से 16 पौधे प्रति वर्ग मीटर रोपण करना सर्वोचित है परंतु संकर धान कंपनी 32 से 33 पौधे प्रति वर्गमीटर रोपण की सलाह देते हैं जबकि वैज्ञानिकों द्वारा 45 से 50 पौध प्रति वर्गमीटर रोपण की सलाह है। सघन रोपाई के दुष्परिणाम अनेक हैं जैसे खेत की अधिक उर्वरता का हास, पौध संख्या अधिक लगाने में बीज मात्रा ज्यादा प्रयोग, रोग कीट प्रकोप बढ़ना, कल्लों की संख्या प्रति पुंज कम रह जाना तथा वजन में हल्के दाने वह उत्पाद गुणवत्ता में कमी शामिल है। अधिकांश कृषक जल्दी रोपाई के मद्देनजर ठेका पर रोपाई कर आते हैं और प्रति वर्गमीटर पौधों की संख्या का ध्यान नहीं रखा जाता ।

पादप सुरक्षा विशेषज्ञ ने एस आर आई मार्कर से रोपण के पश्चात कोनो वीडर क्रमशरू 10 दिन, 20 दिन, 30 दिन तथा 40 दिन पर 4 बार में यांत्रिक विधि से खरपतवार प्रबंधन संभव है जब की समस्या से बचाव हेतु ब्यूटा क्लोर 2.5 अथवा प्रीटेलाक्लोर/ 1.25 लीटर प्रति हेक्टेयर प्रयोग भी कारगर होता है जो अंकुरण पूर्व ही खरपतवारों को मार देता है जबकि 40 दिन अवधि तक विस्पायरीवैक सोडियम/250 मिली लीटर का प्रयोग करना चाहिए। धान का तना छेदक एक प्रमुख कीट है। साथ ही पत्ती लपेट, टिड्डा, बुरा फुदका एवं दाना बनते समय गंधी कीट से बचाओ हेतु नीम की खली/100 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के प्रयोग से संपूर्ण कीट समाधान होता है रोग व कीट से बचाव हेतु कृषि रक्षा इकाई विकासखंड में पादप सुरक्षा वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र में तथा कृषि विभाग के ।

अमित सिंह भीटी तहसील रिपोर्टर हिन्दी दैनिक अयोध्या टाइम्स

राज्यपाल के आदेश को नजरअंदाज कर बना दिया पशुपालन महाविद्यालय का अधिष्ठाता

वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए दागी प्राध्यापक को किया गया महिमामंडित

- विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ने पशु पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता की गोड़ी थी सेवा पुस्तिका

मिल्कीपुर ।अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में अनियमितताओं का जमकर बोलबाला है। यहां कुलाधिपति के आदेश निर्देश को भी हवा में उड़ाते हुए विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण पदों को रेवड़ियों की तरह चेहतों को बांट दिए गए हैं। हालांकि मामले को लेकर विश्वविद्यालय में चर्चाओं के साथ–साथ शिकायतों का दौर भी शुरू हो गया है।

बताते चलें कि कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय सहित अन्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार वरिष्ठता क्रम में संबंधित प्राध्यापकों को प्रदान किया जाता था किंतु पशु चिकित्सा और पशु पालन महाविद्यालय में अधिष्ठाता पद को लेकर विवाद छिड़ गया था। महाविद्यालय के अधिष्ठाता रहे डॉ हरनाम सिंह के सेवानिवृत्ति होने के

पूर्व 13 फरवरी 2020 को राजभवन से जारी आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पी के सिंह ने बीते 24 जून 2020 को एक आदेश पारित किया कि डॉ हरनाम सिंह अधिष्ठाता पद का प्रभार विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण को हस्तांतरित कर दें। इस बीच अधिष्ठाता पद दिए जाने में वरिष्ठता को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से प्रभार दिए जाने की शिकायत पशुपालन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ वी के सिंह ने कुलाधिपति तक से कर डाली थी। मामले में पेंच फंसता देख विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह द्वारा एक महिमामंडित आदेश जारी किया गया। जिसमें डॉ आरके जोशी प्राध्यापक एवं अध्यक्ष वेटरनरी माइक्रोबायोलॉजी पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय स्वच्छ एवं कुशल प्रशासन की प्रतिभा के दृष्टिगत विश्वविद्यालय हित में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय (वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सहित) नामित कर दिया गया। जिसके बाद अधिष्ठाता सहित विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण का प्रभाव डॉ आर के जोशी के पास रहा। मामले में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य तो यह है कि विश्वविद्यालय के कुलपति रहे प्रो अख्तर हसीब ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय ने डॉक्टर आर के जोशी के कार्यों से नाराज होकर उनकी सेवा पुस्तिका को लाल लाल करते हुए उन्हें कई दंड भी दे दिए थे। जिसका परिणाम रहा कि बीते 7 अगस्त को उन्हें पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार दिए जाने संबंधी आदेश में खूब महिमामंडित करते हुए स्वच्छ छवि एवं कुशल प्रशासक की प्रतिभा से अलंकृत किया गया है। अभी बीते 29 जून 2021 को कुलपति के निजी सचिव डॉ जसवंत द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश के क्रम में चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर आर के जोशी से विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण का प्रभार छीने जाने संबंधी आदेश जारी किया गया था। उनसे विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण पद छीने जाने के बाद विश्वविद्यालय कर्मियों में खुशी की लहर भी दौड़ गई थी। यही नहीं इसके अलावा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में भी अधिष्ठाता के महत्वपूर्ण पद पर अनियमितताओं की कृपा बरकरार है। जिसके चलते विश्वविद्यालय के कुलपति की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए हैं।

श्रम विभाग व बाल श्रम योजनाओं का लाभ उठावें - श्री मनोज तिवारी

ओंकार नाथ चौधरी। नया सवेरा योजना अन्तर्गत अच्छादित हाट स्पाट ग्राम पंचायत सलवरिया जनपद श्रावस्ती मे बैठक कर बाल श्रमिक परिवारों और मजदूरों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओ और बाल श्रम की जानकारी दी गई। टी आर पी नया सवेरा श्री मनोज तिवारी ने बाल श्रमिक विद्या योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की 8–18 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनके माता पिता नही है गंभीर बीमारी से ग्रसित है या दिव्यांग है और वह बच्चे कही बाल श्रमिक के रूप मे कार्य कर रहे हो को इस योजना के अन्तर्गत रु 1000 –1200 तक हर माह पांच वर्षो तक दिया जाएगा शर्त ये होगी की बच्चे का नामांकन किसी सरकारी या मान्यता विद्यालय मे होनी चाहिए औ उसकी उपस्थित 70 प्रतिशत से कम नही होनी चाहिए। इसी प्रकार

सामजिक सुरक्षा योजना के विषय मे जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने बताया की असंगठित वर्ग के 40 तरह के मजदूरों को इस योजना के अन्तर्गत रु 200000 का बीमा और हर वर्ष रु 500000 तक का मुफ्त मे ईलाज कराने के लिए प्रदान किये जाने की सुविधा होगी। बैठक में दिलीप मिश्रा और लवकुश भी शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या-पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी गंगोह

रिपोर्ट अवनीश कुमार सहारनपुर। गंगोह कोतवाली अंतर्गत रामबाग कालोनी में किराए का कमरा लेकर रह रही विवाहिता स्वाति की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली–पति सुशील कुमार के अनुसार कोर्ट में चल रहे तलाक के मामले के बाद से मृतका अलग ही रह रही थी–स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है–आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर एट हवासपुर का निरीक्षण

एट।आज दिनांक 19.7. 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर एट हवासपुर का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्रीय नोडल अधिकारी द्वारा किया गया जहां अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ का उक्त दिवस का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है साथ ही चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर का ट्रांसफर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्वाखुर्द मैं करते हुए डॉ महेश नाथ विश्वकर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदलपुर का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है।

घरेलु कलह के चलते आंगनबाड़ी का पति फांसी पर झूला, मौत, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

अतर्रा/बांदा। संदिग्ध परिस्थितियों में आंगनबाड़ी के पति ने घर पर फांसी पर झूल गया। घर वालों ने दखते ही अचेत अवस्था पर सीएचसी ले गए। डाक्टरों ने इलाज के पूर्व ही मृत घोषित कर दिया। कस्बे के बिसंडा रोड नहर के नजदीक रहने वाले शिव पूजन 45 पुत्र रामसजीवन ने सोमवार की सुबह अपने कमरे पर टीन के छल्ले में रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया स कुछ देर बाद जानकारी होने पर परिजनों के द्वारा उसे सीएचसी में अचेत अवस्था पर लाये, जहां डाक्टरों ने इलाज के पूर्व ही मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी कंचन आंगनबाड़ी कार्यकर्ती है। मृतक अपने पीछे पत्नी कंचन सहित एक पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है।मृतक के रिश्तेदारों ने घरेलू कलह के चलते खुदकुशी करना बताया है।

कार्य पूरा होने से खुशी

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव पत्रकार भटनी।

देवरिया। भटनी के प्लेटफार्म नंबर 2 पर जो अनवरत पानी बह रहा था ।उन सभी में टोटी लग गई आपका बहुत–बहुत आभारी हूं कि जल बचाने की मुहिम में आपने हमारा सहयोग किया पर एक और निवेदन है श्रीमान जी से कि रेलवे कालोनियों की जो पानी गिरने की स्थिति है वह काफी भयावह है इस पानी को व्यर्थ गिरने से रोकना हमारा एवं राष्ट्र के हर व्यक्ति का प्रथम कर्तव्य है किसी तरह से भी पानी को गिरने से रोका जाए ।मान्यवर उसमें यानी प्रत्येक टंकी में थ्सनजम ॅसस लगाया जाना चाहिए था स ताकि टंकी का पानी व्यर्थ ना गिर सके स श्रीमान जी इसे बंद कराने और थ्सनजम ॅसस लगवाने की कृपा करेंस मात्र 125 का एक सिनजम ूसस है जिसको लगा दे देने से व्यर्थ पानी गिरना बंद हो जाएगा स जनहित को ध्यान में रखते हुए जैसे भी हो इस कार्य को करने की कृपा करेंगे।

सिकंदराराऊ विधायक ने प्रदेश महामंत्री (संगठन) पंजाब व युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

हाथरस।आपको बतादें की सिकंदराराऊ के भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पंजाब व चंडीगढ़ आदरणीय दिनेश जी भाईसाहब से दिल्ली में भेंट कर उनके साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल जी को नवीन दायित्व की बधाई व शुभकामनाएँ दीं है ।

ब

संक्षिप्त समाचार

नदी किनारे मिला खून से लथपथ अज्ञात युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी, हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका

कानपुर। बर्रा थाना अंतर्गत मदनपुर चौकी क्षेत्र के फत्तेपुर इलाके में स्थित पांडु नदी के बगल में मिला अर्धनग्न अवस्था में लगभग 38 वर्षीय अज्ञात युवक का शव। जिसे देख वहां से गुजर रहे !राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना : सूचना पाकर घटनास्थल में पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर मृतक की करवाई पहचान लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद नहीं हो सकी अज्ञात की कोई पहचान। जिसके बाद पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए अगर किसी भी व्यक्ति को मृतक के बारे में कोई भी पहचान या जानकारी मिले तो कृपया कर इन नंबरों में कॉल कर सूचना दें। मोवनव– 9454403714, 9140586163।

जलभराव से तलैया बनी बस्ती, भारी परेशानी

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत रुक–रुक कर हुई बारिश से कई ग्रामों में बस्तियां तलैया बन गई ,ग्रामीण घरों में ही कैद होने को मजबूर हो गए। जल भराव से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा क्षेत्र में हुई बारिश से ग्राम दुलहरा की मलिन बस्ती में दो से ढाई फीट तक पानी भर गया , ग्रामीण कुमार सेन ने बताया कि पशु वह ग्रामीण घरों में कैद हो गए । ग्राम सिकरौदा ,गुर्जर पुरा ,खेडाजाट समेत कई ग्रामो की बस्तियों में पानी भर गया ।

स्वतंत्रता सेनानी मंगल पाडे की मनाई जयंती

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत गाँव दूरा में अखण्ड भारत परशुराम सेना के बैनर तले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सैनानी मंगल पांडे की जयन्ती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने मंगल पांडे के चित्र पर दीपक जला पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी मगंल पांडे के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गौरव गर्ग ने बताया कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था ,1857 कि क्रान्ति की शुरुआत पांडे जी ने की थी । 29 मार्च 1857 को अंग्रेज अफसर ह्यूसेन को अपनी बंदूक से मौत की नींद सुला दिया। उनकी देशभक्ति से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए । कार्यक्रम में गौरव गर्ग ,विवेक झा ,गोपाल झा ,रविकांत शर्मा ,अल्पेश कहरावर ,विजय गोयल , इंद्रजीत , छोटूशर्मा, गिरीश गोयल, पिंकू ठाकुर, पुरुषोत्तम वशिष्ठ, ब्रजेश शुक्ला, विपिन अग्रवाल, शिशुपाल कटारा, प्रमोद मुड़सेनिया आदि लोग उपस्थित रहे।

थाना खंदौली पुलिस ने पकड़ा शराब से भरा कैंटर

दैनिक अयोध्या टाइम ब्यूरो रिपोर्ट आगरा। जनपद आगरा में लगातार बढ़ रही लूट, डकैती, चोरी,सट्टा, जुआ, और अवैध शराब की तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के प्रयास जनपद आगरा की पुलिस कर रही है लेकिन शराब माफियाओं की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी ने सभी थाना प्रभारियों को बेरियर लगाकर चेकिंग अभियान चलाने के सख्त आदेश जारी कर दिए हैं। इसी क्रम में थाना खंदौली पुलिस ने मुखविर की सूचना पर यमुना एक्सप्रेस वे से आगे इंटर चेंज के पास से एक खड़े केन्टर के अंदर से फोम के गद्दों के नीचे छिपे अवैध शराब की150 पेटियां बरामद की है लेकिन ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर भाग गया पुलिस ने केन्टर को कब्जे में लेकर भागे हुए ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। इस दौरान– ललित कुमार, राहुल कटियार, पंकज तालान, अनिल यादव और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

फरह थाने में की गई पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता बांके शर्मा फरह, मथुरा। आगमी त्योहार ईद एवं रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए फरह थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता फरह थानाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा की गई इस दौरान फरह ब्लॉक के सम्मानित व्यक्ति तथा

अलग–अलग समुदाय के धर्मगुरु उपस्थित रहे मुख्य रूप से यह पीस कमेटी की बैठक आगमी होने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए की गई इस बैठक में मुख्य रूप इस बात पर ध्यान दिया गया कि त्योहारों में किसी तरह से कोई अराजक तत्व व्यवधान उत्पन्न ना करें तथा त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं कोविड–19 का पालन करते हुए मनाया जाए इस दौरान थाना अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, एसएसआई सत्यवीर सिंह,कस्बा इंचार्ज दिगंबर सिंह तथा थाने के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे साथ ही बैठक में आए हुए सभी सम्मानित व्यक्तियों से उनके क्षेत्र की समस्या तथा सुझाव भी लिए गए थानाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि कावड़ की यात्रा को शासन के द्वारा मंजूरी नहीं दी गई है तथा बकरी ईद के लिए गाइडलाइंस के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है इस दौरान मुकीम कुरेशी,लाला मेंबर,अख्तर,लल्लोराइन,कौशल कुरैशी, हाजी मुन्ना,हाजी मंजूर,शंकर सिंह सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

इब्राहिम की कुर्बानी को हर धर्म व समाज करता है सम्मान : महमूद मकरानी

नूरपुर अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा।अल्लाह की राह में अपना सब कुछ कुर्बान करना बकरीद है। बकरीद को बलिदान का त्योहार कहा जाता है। । बकरीद को इस्लाम में बहुत ही पवित्र त्योहार माना गया है। यह अपने कर्तव्य के लिए जागरूक रहने का सबक सिखाता है।समाजसेवी महमूद हसन मकरानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि समाज के हित के लिए खुद या खुद की सबसे प्यारी चीज को कुर्बानी करने का संदेश देता है बकरीद।उन्होंने कहा कि पैगम्बर हजरत इब्राहीम को अल्लाह की तरफ से हुक्म हुआ कि आप अपनी सबसे प्यारी चीज को मेरे लिए कुर्बान कर दो। अल्लाह के हुक्म के अनुसार उन्होंने अपने प्रिय पुत्र इस्माइल को कुर्बान करने का मन बना लिया। इस बात से इस्माइल भी खुश थे कि वह अल्लाह की राह में कुर्बान होंगे। जब बकरीद के दिन कुर्बानी का समय आया तब हजरत इब्राहीम ने अपने पुत्र इस्माइल की गर्दन पर छुरी चला दी थी।लेकिन उसके जगह एक दुम्बा कुर्बान हो गया। अल्लाह ने इस्माइल को बचा लिया और पैगंबर साहब की कुर्बानी कबूल कर ली। तभी से हर साल पैगंबर साहब द्वारा दी गई कुर्बानी की याद में बकरीद मनाई जाने लगी। यह दुनिया में इंसानियत की भलाई के लिए कुर्बानी देने का सबक देता है।

थाना अंतर्गत ग्राम माड़ी के जंगल में गुलदार ने गोवंश को निवाला बना

चान्दपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी ।चांदपुर , हीमपुर दीपा थाना अंतर्गत ग्राम माड़ी के जंगल में गुलदार ने गोवंश को निवाला बना लिया। जंगल में काफी समय से देखे जा रहे गुलदार से ग्रामीण भयभीत हो गए हैं। गांव माड़ी के ग्रामीणों ने आज जंगल जाते वक्त किसान वेद प्रकाश के खेत में गोवंश को मृत हालत में पड़े देखा। जिसे देखकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया की गुलदार किसान मंगू सिंह के गाय के बछड़े को उठाकर जंगल ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने वेद प्रकाश के खेत में गुलदार के पंजों के निशान भी देखें। इससे पूर्व भी उक्त जंगल में गुलदार कई जंगली जानवरों को अपना निवाला बना चुका है। गांव के वेद प्रकाश राजपाल सिंह मंगू सिंह चंद्रकला आशीष देशवाल कुलदीप चिकारा आदि ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जंगल में पिंजरा लगाकर गुलदार पकड़वाने की पुरजोर मांग की है। बता दें कि इसके अलावा क्षेत्र के गांव रतनपुर खुर्द हीमपुर दीपा रावटी सिसौना पिलाना उलेढ़ा झाल फतेहपुर कला चक गढ़ी के जंगल में काफी समय से गुलदार अलग–अलग देखे जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने आशंका जताई है यदि इस और जिला प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो कभी भी गंभीर घटना हो सकती है।

पत्रकारों ने दानिश सिद्दीकी की मौत पर घोर निंदा करते हुए कैन्डल मार्च निकाला

• इंसाफ दिलाने के लिए महामहिम के नाम सोंपा ज्ञापन

नूरपुर अयोध्या टाइम संवाददाता हैदर रजा। नगर के पत्रकारगढ़ ने भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या की निंदा करते हुए कैन्डल मार्च निकाल कर दानिश सिद्दीकी को इंसाफ दिलाने के लिए थाना प्रभारी को महामहिम नाम ज्ञापन सौंपा।बता दें कि समाचार एजेंसी रॉयटर के लिए काम करने वाले पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की मौत अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में पाकिस्तान से लगे एक बॉर्डर क्रॉसिंग के पास अफगान सैनिकों और तालिबान आतंकवादियों के बीच भीषण लड़ाई की कवरेज करने के दौरान हुई मोत पर घोर निंदा करते नूरपुर पत्रकारगढ़ ने कैंडल मार्च निकाला ओर महामहिम के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा कि दिवंगत पत्रकार दानिश सिद्दीकी के परिवार की सुरक्षा व आर्थिक सहायता की जाए।परिवार में शिक्षित उनकी पत्नी व बच्चों को नोकरी दी जाए।देश मे पत्रकारों की शुरक्षा के साथ साथ इन्हें पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाए।पत्रकारों से संबंधित शिकायतों व विचारों को समाधान के तहत हल करवाए जाने हेतु आदेश किए जाए।पत्रकारगढ़ ने थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगो को अमल में लाने की बात कही।इस दोरान जयदेव सिंह याद,व सरदार नूर जी,मुजाहिद फारूकी,विजेन्द्र शर्मा, मनोज बंसल,गुलफाम राजा,संजीव जोशी, हैदर राजा, सचिन त्यागी,संदीप जोशी,इश्तकार अहमद।असरारुल हक, विकास सिंह, नबील मिकरानी युवा शायर , डॉक्टर शकील, आदि पत्रकारगढ मोजूद रहे।

सभासद प्रत्याशी व मोहल्लेवासियों ने ब्रेकर बनवाने की उठायी मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स सब ब्यूरो चीफ हरीश दिक्षित लहरपुर सीतापुर

लहरपुर सीतापुर। तहसील लहरपुर के मोहल्ला बागवानी टोला में तहसील मुख्यालय,डाखाने,और बैंकों को जोड़ने वाला मार्ग शहर बाजार से खत्रियाना जाने पर पप्पू पर्स वाले के मकान नफीस अंसारी के मकान के सामने एक चौराहा है जहां आए दिन मार्गों पर निकलने वाले तेज गति के वाहनों से दुर्घटना होती रहती है जहां पर एक भी गतिरोधक (स्पीड ब्रेकर) नही है। जिसको लेकर सभासद प्रत्याशी इब्राहिम खान ने मोहल्ले वासियों के साथ अधिशासी अधिकारी हृदयानंद उपाध्याय को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि जिस तरह लगातार नगर में तेज रफ्तार वाहनों की ठोकर से आये दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे है। अपनी जान गंवा रहे हैं। उसी को लेकर नगर के मोहल्ला बागवानी टोला के चौराहे पर स्पीड ब्रेकर सहित उचित गतिरोधक की व्यवस्था करने की मांग की है। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सभी ने जन समस्या को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला बागवानी टोला में पप्पू पर्स वाले के मकान के सामने दिनेश किराना स्टोर के सामने तथा नफीस अंसारी के मकान एवं महेश चौरसिया नेकी पान वाले के मकान के पास चार गतिरोध स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है जिससे कि मोहल्ले वासियों को दुर्घटना से बचाया जा सके । अधिशासी अधिकारी हृदयानंद उपाध्याय ने लोगों की जन समस्याओं को सुना वह जल्द ही ब्रेकर बनवाए जाने की बात कही ,ज्ञापन सौंपने में सभासद प्रत्याशी इब्राहिम खान सुनील, दिनेश कुमार, राज कुमार, मोहम्मद आरिफ, महेश, सचिन, सत्यम, बृजेश कुमार नाग ,दारा, सोहेल ,सौरभ नाग, मनीष नाग, आकाश नाग, सोनू नाग, राजन नाग,मोहित नाग राजकुमार नाग, राजू चौरसिया, संतोष चौरसिया, रजनीश चौरसिया, सहित आदि लोग शामिल थे ।

बेतिया हॉस्पीटल रोड मे जाम के कारन लोग है परेशान मोटरसाइकिल चोर उठा रहे हैं मजबूरी का फायदा

• मोटरसाईकिल चोरो के कारन लोगों मे है दहशत का महावल–आफताब रौशन

बेतिया के हॉस्पीटल रोड मे आये दिन जाम से मरीज लोगों को बहुत ही परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी आफताब रौशन सेवा केन्द्र (ट्रस्ट) के राष्ट्रीय सचिव मो साहेब एस एस खान उर्फ आफताब रौशन कहा कि ये जाम का विषय कोई नई बात नहीं है। कितने मरीज तो जाम मे फसे फंसे अपना दम तोड़ दिये। करोना जैसे महामारी मे भी लोग बिना मास्क और बिना दूरी बनाये करोना जैसे बिमारी को चुनौती दे रहे हैं। ईस जाम से निजात पाने के लिए लोग जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं। लेकिन ईस जाम के कारन मरीजों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मे दूर दराज से आये हुए मरीजो की मोटरसाइकिल भी चोरी हो रही है। वही बेतिया हॉस्पीटल रोड मे आये दिन जाम से निजात पाने के लिए लोग समाजसेवी और डॉक्टर लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा ट्रैफिक पुलिस बहाल किया जाये ताकि लोगों को हॉस्पीटल आने जाने मे दिक्कत नहीं हो और साथ ही सभी को सहूलियत हो।

देवरिया में खतरे के निशान से दस सेंटीमीटर ऊपर बह रही सरयू नदी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट देवरिया। गोरखपुर,सरयू नदी देवरिया के जिले के बरहज में खतरे के निशान से अभी दस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। लगातार चार दिन तक जलस्तर बढ़ने के बाद कम हुई है। अभी लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं।

भदिला प्रथम गांव के लोगों की बढ़ी दुश्वारियां : सरयू एवं राप्ती नदी का जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन बरहज क्षेत्र के भदिला प्रथम गांव के लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। यह गांव बाढ़ के पानी से चारों तरफ से घिरा है। नागरिकों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम छह बजे के बाद गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। यदि कोई बीमार हो तो उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाना आसान नहीं है। भदिला प्रथम गांव की दो हजार आबादी है। दो सौ पचास घर हैं। यहां के लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या आवागमन की है। एसडीएम संजीव कुमार यादव ने कहा कि भदिला प्रथम गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। वहां के लोगों के आवागमन के लिए दो नाव पूर्व से लगाई गई है। आवश्यकता अनुसार जो भी जरूरत होगी। उसे उपलब्ध कराया जाएगा। घट रहा सरयू का जलस्तर : बरहज में सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 66.60 मीटर पर बह रही है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर है। एक दिन पूर्व नदी का जलस्तर 66.65 मीटर था। ऐसे में पांच सेंटीमीटर की कमी आई है। कपरवार में राप्ती नदी का जलस्तर घट रहा है। बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति रही बाधित : बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति घंटों प्रभावित रही। कर्मचारियों के प्रयास से बिजली आपूर्ति बहाल की गई। बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान रहे। सुबह अचानक मौसम बदल गया और आसमान में बादल छा गए। इसके साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते शहर में आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। दोपहर तक बारिश हुई। इसके बाद फाल्ट की समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी निकले और काफी प्रयास के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बहाल हुई।

फर्जीवाड़े में तीन व्यक्तिको पुलिस ने किया गिराफ्तर

कुंदन मिश्रा का रिपोर्ट। सुगौली पु. च.। सुगौली बैंक में लोन दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। जानकारी के अनुसार एस बी पी माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट के नाम पर लोन देने कब नाम पर स्वयं सहायता सहायता समूह में प्रति सदस्य सोलह सौ रुपया लेकर सदस्य बना रहा था और लोन देने की बात कही ।ऐसे में महिलाओं ने इसकी सदस्यता ग्रहण की।जब समय अवधि पूरा हो गया तो भी लोन नही मिला।थाना क्षेत्र के इसी बीच सोमवार को चार कर्मचारी कार्यालय में पहुंचे। महिला व पुरुष भी मामले को लेकर पहुंच गए। एक व्यक्ति बोला कि मैं पैसा देने के लिए बैंक से आ रहा हूँ। मौका को देख वह भागने लगा और और अपने सहयोगियों को निकल जाने का इशारा किया। छपवा चौक से हरसिद्धि जाने वाली पथ में बाइक से सभी जाने लगें। इनलोगों की गति विधि की देख ग्रामीणों ने पीछा किया और कोबेया चौक के समीप दो बाइक पर सवार तीन लोगों को धर दबोचा। जिसके बाद छपवा चौक पर लेकर पहुंचे,जहां लोगो ने जमकर धुलाई की और प्रशासन को खबर दी।खबर मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक जयसवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की जानकारी ली। लोगों को काफी समझाने के बाद बड़ी मुश्किल से थाना लेकर चले गए।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सिवान जिला के कुढ़नी थाना के बकुलाही निवासी धनिष कुमार दुबे,पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना के जगा पाकड़ के रत्नेश गिरी व अरेराज के रवि शंकर के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले को लेकर फर्जी करने का मामला तीनो पर केस दर्ज कर आवश्यक करवाई की जा रही है।

प्रान्तीय अध्यक्ष महेश जलान का पं चम्पारण के पावन धरती पर उनके आगमन के दौरान मारवाड़ी समाज के लोगों ने फूल माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया

करोना जैसे महामारी मे बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा के द्वारा लोगों को सूखा अनाज दावा ऑक्सीजन भी उपलब्ध कराया गया बेतिया। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा बेतिया के तरफ से हजारीमल धर्मशाला में महेश जलान प्रान्तीय अध्यक्ष का पं चम्पारण के पावन धरती पर उनके आगमन के दौरान सभी मारवाड़ी मंच के लोगों ने भव्य स्वागत किया। ईस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश जलान के द्वारा अग्रशेन महाराजा के तस्वीर पे माल्यार्पण एवं दिप प्रज्वलित किया गया। ईस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राणतिय अध्यक्ष महेश जलान बेतिया पं चम्पारण के मारवाड़ी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि चम्पारण के धरती पे मै आकर आज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हू। मारवाड़ी समाज के एक जुटता और मारवाड़ी भाषा पर जोड़ देते हुए कहा कि मै पूरे बिहार का दौरा कर रहा हू। ताकि अपने बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के लोगों को उजागर कर सकू। वही मुख्य अतिथि महेश जलान ने समाजसेवी पूर्व सभापति एवं वार्ड पार्षद गरीमा देवी शिकारीया को बेतिया पं चम्पारण के पावन धरती पर समाज सेवा मे सबसे नेक पहल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दिया कहा कि करोना जैसे महामारी मे भी बेसहारा लचार लोगों को भूखे सोने नहीं दिया पूर्व सभापति एवं वार्ड पार्षद गरीमा देवी शिकारीया ने एक मिसाल कायम किया है। और मारवाड़ी समाज का मान सम्मान और भी उंचा किया है। वही ईस कार्यक्रम का मंच संचालन संजय कुमार जैन के द्वारा किया गया। ईस कार्यक्रम का उपाध्यक्ष सूरेश सिघानिया एवं रवि गोयनका थे। वही ईस कार्यक्रम मे समाजसेवी एवं शाखा अध्यक्ष एवं चम्पारण प्रमंडल उपाध्यक्ष विश्वनाथ झुनझुनवाला ने ईस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश जलान को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज करोना जैसे महामारी मे उत्कृष्ट कार्य किया है। मास्क साबुन सैनेटाइजर हर गरीबों को उपलब्ध कराया है। और साथ ही करोना पीड़ित लोगों को ऑक्सीजन भारी मात्रा में उपलब्ध कराया है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। और मै समाज सेवा के लिए हर वक्त समर्पित हू। पं चम्पारण मे करोना से जितने भी लोगो का मृत्यु हूआ है उन सभी लोगों के आत्मा के शांति हेतू एक मिनट का मौन व्रत भी रखा गया। साथ ही पटना से आये हुए मुख्य अतिथि महेश जलान को फूल का बूके देकर रोहित शिकारीया के द्वारा सम्मानित किया गया। पटना से आये हुए प्रानतिय उपाध्यक्ष सर्वन कुमार सर्राफ,बेतिया से रवि गोयनका,सुभाष रोगटा,प्रेम सोमानी,अनिल केशान,सूरेश सिघानिया,टिनू सर्राफ,प्रानतिय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मीणा तोदी,चनपटीया शाखा अध्यक्ष सत्य नारायण रूंगटा,बेतिया मारवाड़ी युवा मंच के सचिव अर्पित केशान ,सम्बोधित मे प्रदीप केशान,अशोक कानोडीया,विनोद सर्राफ और साथ ही आज मंच के 05 सदस्यों ने सदस्या ग्रहण की ईन पांच सदस्यों को ईस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश जलान के द्वारा सदस्यता दिलाई गई।

भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून की कार्यसमिति की मीटिंग संपन्न हुई

देहरादून (आसिफ हसन)। भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून की कार्यसमिति हरबर्टपुर की एक मीटिंग में संपन्न हुई कार्य समिति का प्रारंभ मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री अजय कुमार प्रभारी मंत्री बंशीधर भगत व प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार व जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल आदि ने किया इस अवसर पर संगठन महामंत्री अजय कुमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित करती है जिससे साधारण कार्यकर्ता को का व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाता है और वह आगे चलकर नेतृत्व करता है अजय कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के नाम पर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के आधार पर 2022 में साक्षी के भाजपा पुन सत्तासीन होगी और एक बार फिर भाजपा दूसरी बार कांग्रेस के मिथक को तोड़ देगी संगठन महामंत्री ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और भाजपा जिला देहरादून द्वारा किए गए सेवा कार्यो की सराहना की शहरी विकास एवं खाद्य मंत्री बंशीधर भगत ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की और सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर ने भाजपा जिला देहरादून द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की कार्य समिति के जिला उपाध्यक्ष राज रावत ने राजनीतिक प्रस्ताव व मीडिया प्रभारी संपूर्ण सिंह रावत ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर व संचालन महामंत्री अरुण कुमार मित्तल व सुरेश कंडवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल विधायक मुन्ना सिंह चौहान सहदेव पुंडीर कुसुम कंडवाल जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान,अनीता मंगाई, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, राजाराम शर्मा, नीरज चौहान, विनोद कश्यप, दिनेश कौशिक, अनुज गुलेरिया, विनय कंडवाल, विक्रम नेगी,पंकज शर्मा व प्रदीप नेगी आदि उपस्थित रहे।

झालू बहुजन समाज पार्टी के झालू मे एक कैंडर कैंप का आयोजन

झालू दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता शुभम कुमार। झालू बहुजन समाज पार्टी के झालू मे एक कैंडर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा बिजनौर के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सागर रहे तथा कई लोगो ने भाजपा छोड़ बसपा की सदस्यता ग्रहण की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को झालू मे बहुजन समाज पार्टी का एक कैंडर कैंप का आयोजन किया गया। कैंडर कैंप मे मुख्य अतिथि बसपा पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सागर रहे। कैडर कैंप का संचालन बसपा पार्टी बिजनौर के जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी तथा कैंप की अध्यक्षता संतराम सैनी के नेतृत्व मे हुई। कैंडर कैंप का उद्देश्य विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारियों को लेकर किया गया। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों ने बीजेपी छोड़ बसपा पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता दिन रात मिलकर एक साथ मेहनत करें जिससे 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव मे बसपा की उत्तर प्रदेश मे पूर्ण बहुमत से सरकार बन सके। इस अवसर पर मुरादाबाद मंडल सेक्टर प्रभारी दीपक राज,जिला सचिव ब्रह्मपाल,वसीम अकरम नगर अध्यक्ष,शादाब सेक्टर अध्यक्ष,मोहित,हंस्वरूप, सागर वाल्मीकि,ऋषि बाल्मीकि ऋषि पाल बाल्मीकि,शिवम बाल्मीकि,गोलू बाल्मीकि,मुन्ना आदि लोग कैंडर कैंप में उपस्थित रहे। जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी ने बताया कि 2022 में हमें बहन कुमारी मायावती जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है और इसके लिए हमें दिन रात मेहनत करनी होगी और उन्होंने यह भी बताया है कि मायावती की सरकार में सभी को एक सामान देखा जाता है और किसी भी तरह का कोई पक्षपात नहीं किया जाता है और उन्होंने यह भी बताया है।

पत्रकार पर हमला करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

स्योहारा दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी साजिद मलिक ।स्योहारा क्षेत्र में बदमाशों व खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं इसी कड़ी में रविवार की शाम सहसपुर क्षेत्र में उस समय सनसनी मच गई जब पत्रकार चांद चोधरी पर असमाजिक तत्व जो कि बड़ा खनन माफिया भी हैं,ने अपने कई साथियो के साथ मिलकर हमला कर दिया व जान से मारने की धमकी देते हुए घायल कर फरार हो गया ,घटना में पत्रकार का कीमती मोबाइल भी गुम हो गया है।

घटना के बाद स्थानीय पत्रकारो में रोष पनप गया और धर्मेंद्र भुइयार,प्रिंस जमाल,अमीन अहमद,इकबाल अंसारी,संजय शर्मा,अजहर,व एड.जफर आदि ने थानाध्यक्ष को तहरीर सौंप कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है।

बताते चलें कि आरोपी इरफान एक

बदमाश किस्म का व्यक्ति है जो क्षेत्र में बड़े स्तर का खनन चलाता हैं ,पुलिस ने तहरीर के आधार पर इरफान पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसको हिरासत में ले लिया तथा सम्बंधित धाराओं में न्यालय भेज दिया।

सुगौली थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन

कुंदन मिश्रा का रिपोर्ट। सुगौली पु.च आज बकरीद के पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर अभय कुमार ने की।जहां

पुलिस इंस्पेक्टर अभय कुमार ने बताया कि शांतिपूर्वक पर्व मनाना है।बिहार सरकार के द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए पर्व मनाना है। सामूहिक रूप से किसी भी ईदगाह में नमाज नही पढ़ी जाएगी। अगर कोरोना नियमों का पालन नही किया गया तो कड़ी कार्रवाई तय है। सभी लोग अपने घरों में नमाज पढ़ कर अपने घरों में पर्व मनाएंगे। थाना क्षेत्र से आये लोगों ने सामूहिक रूप से शांतिपूर्वक से पर्व मनाने की अपील की।बैठक में बीडीओ सरोज बैठा,थानाध्यक्ष विवेक कुमार,मुखिया इम्तेयाजुल हक,प्रभाकर मिश्र,विकास शर्मा,रमेश राम,राजा सिंह,ऐनुल हक,सरपंच राजेन्द्र प्रसाद,हरि नारायण तिवारी,संजय पांडेय,रेयाजुल हक मुन्ना,बिनोद ठाकुर, पवन चौरासिया,योगेन्द्र पूरी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

'ग्रामीणों ने भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव का किया स्वागत'

'पवन कुमार संवाददाता अयोध्या'।
'रुदौली / अयोध्या।'

रुदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत दशरथ मऊ गांव में भाजपा नेता विनय वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रुदौली

विधायक रामचंद्र यादव को माल्यार्पण कर स्वागत किया क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को गांव बुलाकर सम्मानित किया और विधायक जी के द्वारा कराए गए कार्यों की लोगों ने सराहना की विधायक ने सभी सम्मानित जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर विश्वास करती है एवं प्रत्येक गांव का विकास करने के लिए वचन बद्ध है।प्रत्येक गांव के सम्पर्क मार्ग को लिंक रोड से जोड़ने का काम भाजपा सरकार कर रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता शिव कुमार पाठक पूर्व प्रधान अरविंद कुमार, प्रधान पस्ता राकेश वर्मा भाजपा नेता विनय वर्मा, अनिल वर्मा,आनंद गुप्ता,संजय गुप्ता,बलराम गुप्ता,पिंटू गुप्ता,नरेंद्र गुप्ता,अजीज प्रधान,इकबाल अहमद, मो अहमद कोटेदार, करुणा शंकर वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

जयानककड गांव के राजीव डोगरा और अमित डोगरा को मिला स्मृतिशेष डॉ अन्नपूर्णा भदोरिया साहित्य सम्मान 2020

कांगड़ा,हिमाचल प्रदेश

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका आदित्य संस्कृति ने श्रेष्ठ साहित्य सृजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों के 100 साहित्यकारों को सम्मानित किया।उनमें से हिमाचल के कांगड़ा जिले के जयानककड गांव के राजीव डोगरा श्विमलश(युवा कवि लेखक तथा भाषा अध्यापक) और अमित डोगरा (पीएचडी शोधकर्ता) को

स्मृतिशेष डॉ अन्नपूर्णा भदोरिया साहित्य सम्मान 2020 के सम्मान देकर सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान संपादक भानु शर्मा तथा संरक्षक जगत शर्मा और अंशु शर्मा ने प्रदान किया। सम्मान मिलने पर राजीव और अमित के माता–पिता हंसराज कथा सरोज कुमारी ने अत्यंत खुशी व्यक्त की तथा गांव के प्रधान चंदूलाल ने दोनों बच्चों तथा उनके माता पिता को हार्दिक बधाई और ऐसे ही अपने गांव अपने प्रदेश का नाम आगे लेकर जाने के लिए उत्साहित किया।

इंसानियत की भलाई मे कुर्बानी का सबक है-नबील मकरानी

नूरपर अयोध्या टाइम्स संवादाता हैदर राजा शहर के उभरते युवा शायर नबील मकरानी ने जारी विज्ञप्ति में बताया बकरीद इंसानियत की भलाई मे कुर्बानी का सबक है।उन्होंने कहा की बकरे की कुर्बानी तो प्रतीक मात्र है। बकरीद हमें यह बताता है कि जब भी राष्ट्र, समाज और गरीबों के हित की बात आए तो खुद को भी कुर्बान करने से नहीं हिचकना चाहिए। यही इस त्योहार का असली मकसद है।उन्होंने कहा की कुर्बानी हजरत इब्राहीम की सुन्नत है। कुर्बानी करें तो ये जज्बा रखें कि अल्लाह की रजा के लिए कर रहे हैं। दूसरे को दिखाने के लिए नहीं। इंसान को अपने अंदर हर समय कुर्बानी देने का जज्बा रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि इस्लाम में गरीबों और मजलूमों का खास ध्यान रखने की रिवायत रही है। इसी वजह से ईद–उल–अजहा के मौके पर भी गरीबों का अहम ख्याल रखा गया है। इस दिन कुर्बानी के गोश्त को

तीन हिस्सों में बांटा जाता है। दो हिस्सा खुद के लिए और शेष हिस्से समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों में बांटा दिया जाता है।

यदि विकास करना है तो अन्ध विश्वास,पाखंडवाद को त्यागना होगा

ओंकार नाथ चौधरी बलरामपुर। जनपद बलरामपुर सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया श्रावस्ती, बलरामपुर, लखनऊ, सीतापुर, आदि जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने बिचारो को प्रकट किया। मूल चन्द्र भार्गव ने कहा यदि समाज का विकास करना है तो पाखंड वाद, अन्ध विश्वास को त्यागना होगा।प्रमोद कुमार ने कहा कि हमें नशा मुक्त समाज बनाना है इसके लिए गांव –गांव नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया जाएगा इसके साथ गरीबों,श्रमिकों विधवाओं, किसानों को सरकारी गैर सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा समाज समाज के बच्चे बाल श्रम करने के लिए भी विवस है।कार्यक्रम में रामहित भारती ने कहा कि हम सबको मेहनत पर भरोसा करना है तभी आगे बढ़ सकतें है ।,बी०बी० रावत, विजय पाल, ओंमप्रकाश बलरामपुर,विश्राम पासवान श्रावस्ती, प्रमोद कुमार पासवान, सुरेश पासवान, अमर कुमार बाबा दीन आदि लोगों ने प्रतिभाग किया ।एवं अपने विचारों को प्रकट किया। इसी के साथ ओंकार नाथ चौधरी द्वारा मीटिंग का समापन किया गया ।



'आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाली बहुजन मोटर साइकिल यात्रा'

रामसनेहीघाट बाराबंकी –सोमवार को गांव सनौली से आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिनंदन सिंह गौतम के नेतृत्व में बहुजन यात्रा आरंभ हुई। जिसमें सरकार की नाकामियों का प्रचार प्रसार किया गया। श्री गौतम ने बताया कि आज देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार की तानाशाही चल रही है देश की एकता को खत्म कर हिंदू–मुस्लिम व दलितों को आपस में लड़ाने का काम किया जा रहा है। आजाद समाज पार्टी की बहुजन मोटर साइकिल यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों कस्बा का भ्रमण कर आजाद समाज पार्टी की नीतियों का प्रचार किया और बढ़ती महंगाई पर रोष प्रकट किया।

बहुजन संकल्प यात्रा भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करेगी। यात्रा गांव सनौली कस्बा कोटवा सड़क, मोहम्मदपुर, रामसनेहीघाट ,देवीगंज, असंद्रा सहित कस्बे व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया और सभी से आजाद समाज पार्टी से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर दरियाबाद विधानसभा अध्यक्ष विपिन कुमार गौतम, सतगुरु दयाल मुकेश कुमार ,वीरेंद्र कुमार, हंसराज कुमार राकेश कुमार धर्मेंद्र कुमार, रामबरन , जिला संगठन मंत्री राहुल कुमार, ब्लाक महासचिव इंद्रमणि सिंह, विधानसभा संगठन मंत्री संदीप कुमार देशराज गौतम ब्लॉक अध्यक्ष बनी कोडर आदि सैकड़ों आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के

तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाईक सवार को टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर,मौत

बाराबंकी –रामनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ बहराइच नेपाल राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर बैंक की बिल्डिंग में घुस गया।इस हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रण में करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के

लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह थाना रामनगर क्षेत्र के बहराइच नेपाल राजमार्ग पर स्थित फतेहपुर मोड पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर भूमि विकास बैंक की बिल्डिंग में घुस गया जिससे बाइक सवार शिवम सिंह पुत्र इंद्रेश सिंह निवासी देवसानी थाना रामनगर क्षेत्र की गाड़ी उसी के नीचे आ गई और वह नीचे दबकर घायल हो गया पीड़ित की चीख–पुकार सुन आसपास के दुकानदार दौड़े स्थानीय पुलिस को सूचना दी स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबे हुए व्यक्ति को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नाले में डूबे व्यक्तिकी लाश दूसरे दिन गोताखोरों ने की बरामद

रामनगर बाराबंकी –तहसील रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लहडरा के लवकुश यादव पुत्र रामसनेही यादव उम्र 40 वर्ष जो दिनांक 17ध्07ध्2021 को धान की रोपाई करवाने के लिए मल्लाहन पुरवा मजदूरों के लिए गया था वापस आते समय लवकुश की नाले में डूब कर मौत हो गई।इसकी सूचना थाना प्रभारी रामनगर को दी गई थी और वह अपने सहयोगी एस आई संजय कुमार, ज्यूत यादव हल्का सिपाही,प्रदीप सिंह, के साथ मौके पर गोताखोरों की टीम को लेकर पहुंचे और कड़ी मशक्कत करने के बाद भी लाश बरामद नहीं हुई,आज दिनांक 18/07/2021 को सुबह कोतवाल श्री राम चन्द्र सरोज अपने स्टॉफ के साथ गोताखोरों की टीम एवम् प्रधान श्री

बलदेव यादव के सहयोग से ग्रामीणों ने भी काफी मशक्कत की काफी कोशिश के बाद गोता खोरों ने करीब पांच बजे लाश को ढूंढ निकाला,थाना स्टॉफ के अलावा राजस्व कर्मी क्षेत्रीय लेखपाल श्री अभिषेक कुमार एवम् प्रधान बलदेव यादव एवम् ग्रामीणों की उपस्थिति में लाश को पंच नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

रामसनेहीघाट– बाराबंकी असन्द्रा कोतवाली क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर में एस आई बी बी सिंह व दीपेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई।

उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ नव निर्वचित सभी जन प्रतिनिधियों से शासन की गाइडलाइंस के मुताबिक माश्क की अनिवार्यता पर जोर दिया।कोविड–19 के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए क्षेत्र से आए ग्राम प्रधान ,जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की कि आप सभी लोग मास्क का प्रयोग अवश्य करें ।बाहर निकले तो खाने पीने वाली चीजों से विशेष सावधान रहें। हाथों को कई बार धुले और दूरी बनाए रखें।

आगामी त्योहारों में नमाज घर पर पढ़ें। ज्यादा भीड़ न करें ,इस अवसर पर नवनिर्वाचित व पूर्व जनप्रतिनिधि समेत तमाम संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

सड़क किनारे मिला महिला का शव

नौतनवा(सुधीर मिश्रा)। कोल्हुई क्षेत्र के कोल्हुई–बृजमनगंज मार्ग पर महादेवा गांव के सामने सड़क किनारे एक महिला का शव मिला है। लोगों के अनुसार यह महिला कुछ दिन से कहीं से आकर सड़क किनारे एक मकान के सामने रहती

थी। रविवार की शाम महिला की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे एसआई संदीप यादव ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी जुटाई जा रही है।

रिजर्व पुलिस लाइंस बाराबंकी में दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ की गई बलवा ड्रिल

बाराबंकी – आगामी त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में बाराबंकी पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने पुलिस बल द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ

बलवा ड्रिल किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं भी दंगा नियंत्रण उपकरण का अभ्यास किया गया तथा पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण करने के उपाय भी बताए गए इस दौरान एंटी राइट उपकरण टियर गैस, मिर्ची बम, स्टन सेल व ग्रेनेड आदि के प्रयोग का अभ्यास किया गया। सभी थानाध्यक्ष, सीओ व एएसपी ने एसपी यमुना प्रसाद के नेतृत्व में अभ्यास किया। साथ ही पूरे जिले की पुलिस फोर्स ने एक साथ बलवा नियंत्रण करने का अभ्यास किया।

MAHARISHI UNIVERSITY
Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001
D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M
100% गारंटी : सभी सुविधाएं
• स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
• फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
• प्लेसमेंट की सुविधा।
कुछ सीट शेष जल्दी करें
श्री साई एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251

संक्षिप्त समाचार

रेलवे क्रासिंग पर प्रसूता ने जन्मा बच्चा

लक्ष्मीपुर,नौतनवा (श्यामसुंदर पासवान)। लक्ष्मीपुर दक्षिणी रेलवे क्रासिंग गेट बन्द था, ट्रेन आने वाली थी। इसी बीच पैसिया ललाइन की तरफ से एक प्रसूता महिला अपने परिजन के साथ बाइक पर बैठकर लक्ष्मीपुर सीएचसी जा रही थी। गेट पर ही प्रसूता ने बच्चे को जन्म दे दिया।

रेल क्रासिंग गेट बन्द होने के कारण कुछ देर ट्रेन जाने व गेट खुलने का इंतजार करना पड़ा। इसी बीच प्रसूता को प्रसव पीड़ा होने लगी। सोंधी निवासी शिवमूरत गौड़ मौके की नजाकत भांप कुछ महिलाओं को एकत्र कर मदद करने के लिए कहा। कुछ महिलाओं ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर साड़ी का घेरा बनाया। उसी बीच महिला ने एक पुत्री को जन्मा। ग्रामीणों ने जच्चा–बच्चा को लक्ष्मीपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां दोनों स्वस्थ हैं। यह महिला ग्राम पंचायत अचलगढ़ की निवासी है।

आपसी ग्रह कलेश के कारण एक युवक ने नहर में डूब कर अपनी जीवन लीला समाप्त की

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी लियाकत मलिक ।नगीना आज नगीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरैनी पति–पत्नी के आपसी ग्रह कलेश के कारण एक युवक ने नहर में डूब कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया नगीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरैनी निवासी अभय नाथ आयु 36 वर्ष व्यक्ति की अपने परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिस कारण वे अपनी पत्नी से नाराज था इस मनमुटाव के चलते उसने शनिवार को निकट के ग्राम लोधी पूर्व स्थित नहर में डूब कर आत्महत्या कर ली पुलिस ने अबे नाथ के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया चौकी प्रभारी अजय कुमार ने मृतक के चाचा की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

युवक ने ग्रह क्लेश के चलते जहर खाकर दी जान

नूरपुर अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा।ग्रह क्लेश के चलते एक नवविवाहित युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी।जिससे परिवार मे कोहराम मच गया।मृतक युवक के पिता ने थाने में दी तहरीर।पुलिस मामले की छानबीन करने मे जुटी।प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी 22 वर्षीय युवक का अपनी पत्नी से कई दिन से क्लैश चल रहा था।जिससे तंग आकर युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।परिजनों को पता चलने पर युवक को सीएचसी ले गए।जहाँ चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।युवक की मृत्यु से परिजनों मे कोहराम मच गया।मृतक युवक के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मोके पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार वर्मा ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की है।

शहरकाजी ने की आमजन से अपील

शिवपुरी, 19 जुलाई 2021। अभी 21 जुलाई बुधवार को ईद–उल–अज्हा का त्यौहार मनाया जाएगा। शहरकाजी वलीउद्दीन सिद्दीकी ने सभी आमजन से अपील की है कि ईद–उल–अज्हा की नमाज घरों में ही अदा करें। शहर की सभी मस्जिदों में 6 से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे। कोविड को देखते हुए सभी से अपने घरों पर नमाज अदा करने की अपील की गई है। साथ ही उन्होंने अपील में कहा है कि आमजन अपने–अपने घरों पर चार दीवारी के अंदर कुर्बानी करें। जानवरों की नुमाइस और जिवाह के फोटो सोशल मीडिया पर प्रचारित न करें और कोविड–19 गाइड लाइन का पूरी तरह पालन करें। नमाज, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग के साथ अदा करें।

सुगौली प्रखण्ड सभागार वैक्सीनेशन को लेकर हुई बैठक

कुंदन मिश्रा का रिपोर्ट। सुगौली पु.च.। आज कोरोना वैक्सीन लेने से

कोई छूट ना जाए इसको लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में नगर के मुख्य पार्षद गोदावरी देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सरोज बैठा ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया कि सभी लोग अपने–अपने वार्डों में शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने में अपना सहयोग करें।कोरोना की तीसरी लहर आने से पहले सभी लोगों को वैक्सीनेशन करा कर कोरोना से मुक्त कराएं। मौके पर पीएचसी प्रभारी नितेश ध्वज सिंह,अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, उप मुख्य पार्षद श्याम शर्मा ,पार्षद जितेंद्र सिंह, विकास शर्मा,योगेंद्र पूरी,शैलेश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा के अध्यक्ष मनोनीत किये गए सूरज यादव

महराजगंज(जिला संवाददाता)। सपा ने सूरज यादव को महराजगंज समाजवादी पार्टी छात्र सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ,समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह 'देव' की संस्तुति पर एवं सपा जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन के सहयोग से सूरज यादव को जनपद महाराजगंज समाजवादी पार्टी छात्र सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण को रोके जाने एवं आवास निरस्त करने की मांग

भीटी अंबेडकरनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दुल्लापुर निवासी पांचूराम पुत्र अगनू व घिसई पुत्र डेबई ने उप जिलाधिकारी भीटी को शिकायती पत्र देकर अपने जमीन पर हो रहे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण को रोके जाने एवं आवास निरस्त करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 489 क प्रार्थीगण का संक्रमणीय भूमिधर है। जिसके संबंध में सिविल जज जूनियर डिविजन में मूल वाद संख्या 385/21 घिसई आदि बनाम जोरई आदि विचाराधीन है। तथा उप जिलाधिकारी के न्यायालय में भी बंटवारा का मुकदमा विचाराधीन है। इसके बाद भी विपक्षी जोरई पुत्र अगनू एवं दुर्गा पुत्र जोरई अपने अंश से अधिक भूमि पर जबरन अपने सर्कसी के बल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त आवास का निर्माण करा रहे हैं। प्रार्थीगणो का कहना है कि जब तक जमीन के संबंध में मुकदमे का निस्तारण नहीं हो जाता है तब तक निर्माण रोके जाने एवं आवास निरस्त किया जाना न्याय संगत हैं। वहीं उप जिलाधिकारी भीटी भूमिका यादव ने पूरे मामले की जांच नायब तहसीलदार अनुराग तिवारी को सौंप दिया है। अमित सिंह भीटी तहसील रिपोर्टर हिन्दी दैनिक अयोध्या टाइम्स अम्बेडकरनगर

संक्षिप्त समाचार

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मडावरा मैं वैक्सीन के लिए उमड़ी भीड़ एवं सोशल डिस्टेंस गाइडलाइन की उड़ी धज्जियां

मडावरा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कोविड–19,

गाइडलाइन पालन का पालन नहीं होता दिख रहा है कोरोनावायरस जैसी बीमारियों से आज पूरा देश हैरान एवं परेशान है वहीं दूसरी ओर सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र मडावरा, मैं कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए उमड़ी भीड़, एवं सोशल डिस्टेंस गाइडलाइन का कर रहे है उल्लंघन , स्वास्थ्य केंद्र मडावरा मैं वैक्सीन लगवाने आये मडावरा क्षेत्र से महिला एवं , पुरुषों को रजिस्टर करवाने के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ता है एवं इस भीषण गर्मी में पुरुष एवं महिला घंटों, लाइन मै खड़े रहते है जहां , धूप बचाव हेतु किसी भी प्रकार इंतजाम नहीं किए गए है ग्रामीणों के लिए पानी कोई उत्तम व्यवस्था नहीं है जिसके चलते तेज धूप में लोगों को घंटों लंबी लाइन में लगना पड़ता है वैक्सीन लगवाने आये, पुरुष एवं महिला बगैर ही मार्क्स के खड़े नजर आए कोरोनावायरस संक्रमण फैलने का डर है

करंट लगने से 35 वर्षीय महिला की मौत

इटियाथोक (गोंडा) 19 जुलाई। करंट लगने से महिला की मौत हो गई। खबर है,इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सिसई बहलोलपुर निवासिनी सुनीता(35) पत्नी प्रहलाद सोमवार की सुबह अपने घर में पंखे का तार लगा रही थी। इसी दौरान उसे

जोरदार करंट लग गया, जिससे वह बेहोश हो गई। पड़ोसियों की मदद से परिजनों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला चार बच्चों की मां बताई जा रही है। इस घटना से परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बकरीद त्योहार के मद्देनजर करनैलगंज कोतवाली में शान्ति कमेटी की बैठक आयोजित की गई

करनैलगंज(गोंडा) । बकरीद त्योहार के मद्देनजर करनैलगंज कोतवाली में शान्ति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सरकार की गाइडलाइंस के मुताविक त्योहार मनाने की अपील की गई। सोमवार को

कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी हीरालाल ने किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी बकरीद त्योहार पर मस्जिदों में पचास लोगो से ज्यादा लोग इकठ्ठा नहीं हो सकते हैं और न ही सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी की जा सकती है। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सभी को कोविड 19 के नियमो का भी पालन करना होगा। बैठक में मौजूद समुदाय से प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाये रखें तथा सरकार द्वारा जारी निर्देशो का अवश्य पालन करें। नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शमीम अच्छन, सपा नेता फहीम अहमद उर्फ पप्पू, यावर हुसैन उर्फ मुन्ना, राहुल सिंह, अन्नू बाबा, मो. अहमद, नजीर इंडियन, बरखण्डीनाथ महंत बाबा सुनील पुरी, फरियाद अहमद, बृजेश कुमार गोस्वामी, दुखहरण सिंह, शिवपूजन गोस्वामी समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम लोग मौजूद रहे।

डी पी आर ओ का जनपद रामपुर मे हुआ स्थानांतरण बिदाई कार्यक्रम में सामिल हुए जिलाध्यक्ष शिवकुमार मौर्य

अम्बेडकरनगर। जिला पंचायत राज अधिकारी आ०दुर्गा प्रसाद तिवारी जी का जनपद रामपुर मे स्थानांतरण होने के पश्चात आज दिनांक 19–07–2021को जिला मुख्यालय पर विदाई कार्यक्रम मे उ०प्र०पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार मौर्य ने पदधिकारियो के साथ सामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा

कि दुर्गा प्रसाद तिवारी जी हमेशा कर्मचारियों का साथ देते थे इसलिए आज रामपुर जनपद में स्थानांतरण होने पर संगठन के पदधिकारियो को बहुत कष्ट है ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम संगठन की तरफ से आ०जिला पंचायत राज अधिकारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि डी पी आर ओ के पद पर महज तीन महीने में ही सर ने कर्मचारियों के दिल मे ही जगह बना लिया था उनका रामपुर जनपद में स्थानांतरण होना कष्ट दायी है । विदाई कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवकुमार मौर्य प्रदेश संयुक्त मंत्री रामकिशोर मौर्य, रामजीत, मंगल कुमार, जिला मंत्री राम अजोर पंकज आदि रहे ।
अमित सिंह भीटी तहसील रिपोर्टर हिन्दी दैनिक अयोध्या टाइम्स अम्बेडकरनगर

खुला विकास का पोल ढाई करोड की सडक नदारद

संवाददाता बस्ती अर्पित सिंह। बस्ती विशेषरगंज बाजार स्थित रामजानकी मार्ग से भकरही,दांवरिपारा होते हुए निदूरी स्कूल तक जाने वाली सडक जिसका शिलान्यास 21 नवम्बर 2019 को हुआ भले ही वो सडक कागज में 254.57लाख रूपये से 4.5किमी.बना दिया गया हो पर वो सडक जमीनी हकीकत में आधी बनी ही नहीं जहां महूघाट विशेषरगंज मार्ग से निदूरी स्कूल से दांवरिपारा जाने वाली पूर्व में निर्मित मार्ग का महज पैचिंग व आंशिक लेपन कार्य हुआ वहीं विशेषरगंज से

भकरही होते हुए दांवरिपारा जाने वाले मार्ग पर कोई काम हुआ ही नहीं महज दांवरिपारा गांव में थोडी सी सडक बना करके बजट का बंदरबांट कर लिया गया फलतः बरसात में सडक पर जलजमाव होने से सडक नाले में तब्दील हो जाती है जिसकी शिकायत गांव पहुंचे समाजसेवी से ग्रामीणों ने की तो उन्होंने ग्रामीणों संग सडक पर धान की रोपाई कर सडक की दुर्दशा दिखाते हुए कहा कि एक पखवाड़े के अन्दर शासन प्रशासन सडक को सही कराये वरन हम ग्रामीणों संग जिलाप्रशासन को घेरने व धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे ।इस मौके पर जगदीशुर सिंह,जितेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उमानाथ द्विवेदी, रामसजीवन तिवारी, आदित्य द्विवेदी,संदीप द्विवेदी,चिंतामणि मिश्र, अनूप शुक्ल,अतुल शुक्ल, मुन्नू सिंह, राजकुमार गुप्ता, रामप्रकाश चौरसिया, रामधीरज दूबे, अभिषेक दूबे, दुर्गेश गुप्ता, शिवकुमार चौरसिया, गिरजा प्रसाद, दानबहादुर सिंह,राम कुमार बर्मा, रामलाल,उमेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बुजुर्ग विधवा महिला की जमीन पर भू माफिया ने किया कब्जा

कानपुर देहात थाना गजनेर चौकी पामा तहसील अकबरपुर के अंतर्गत ग्राम नारायणपुर में रामदेवी पत्नी स्वर्गी रामलाल ने 7 बीघा जमीन खरीदी थी नारायणपुर के निवासी सुंदर रामखेलावन नरेश को जमीन बटाई पर दी गई थी जिससे कि हर साल रामदेवी को अनाज दिया जाता रहा है बीते लगभग 5 वर्षों से सुंदर एवं उनके परिजनों की नियत जमीन पर खराब हो गई उन्होंने प्रार्थना को दिए जाने वाला अनाज देना बंद कर दिया था उन्होंने जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया था। रामदेवी के कहने पर वह रामदेवी को द डरा धमका कर भगा देते थे कहते थे हमने एक मर्डर किया है और भी कर देंगे हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता है सुंदर के परिजन अपराधी प्रवति के है रामदेवी को काफी भय था उसके बच्चे पढ़े लिखे हैं कोई अप्रिय घटना ना हो जाए प्रार्थिनी ने जिले के उच्च अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई जिले के उच्च अधिकारियों ने थाने गजनेर की फोर्थ और लेखपाल को आदेश करके राम जमीन पर उन्हें उनका कब्जा कराया जिले के उच्च अधिकारियों ने रामदेवी के साथ न्याय किया। और उनकी जमीन वापस उनको दिलाई को न्याय दिलाया। पाली जिले के सभी उच्च अधिकारियों को धन्यवाद देती है।

ग्राम पंचायत मऊ में बही विकास की नैय्या ग्राम प्रधान सरिता देवी के द्वारा किया जा रहा है अति सराहनीय विकास कार्य

बाराबंकी । तहसील रामसनेहीघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान सरिता देवी पत्नी अजीत कुमार वर्मा के द्वारा कई अहम विकास कार्य करवाए गए मेन चौराहे से लेकर बाबा भैरवनाथ के मंदिर तक जाने आने के लिए बरसात के मौसम में बहुत दिक्कत होती थी मेन मार्केट में पानी भर जाने के कारण राहगीरों को पानी में पील कर जाना पड़ता था उस पानी निकासी का कोई निजात नहीं मिल पा रहा था पिछले 10 वर्षों से लोगों के दुकानों में पानी भर जाता था लोग उस पानी से बहुत परेशान थी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान सरिता देवी ने इस पानी को निकालने के लिए रोड के किनारे पड़े नाले को खुदवा कर साफ कराने का कार्य प्रारंभ कर दिया और जल्द ही यह नाला बन कर तैयार हो जाएगा जिससे बाबा भैरवनाथ के मंदिर तक जाने के

लिए सुविधाजनक हो जाएगा इस नाले के बनने से मार्केट के लोगों में और आस पड़ोस के लोगों को बहुत खुशी महसूस हो रहा है बरसों से जूझ रहे समस्या का हल किया जा रहा है ग्राम पंचायत मऊ में और भी विकास कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है।

संविदा कर्मचारियों ने चौथे दिन भी काला फीता बांधकर जताया विरोध

बाराबंकी। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह महामंत्री डॉक्टर मोहम्मद इस्लाम के नेतृत्व मैं चौथे दिन भी काला फीता बांधकर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया अगर मांगे नहीं मानी गई तो 26 जुलाई को मिशन निदेशक कार्यालय उत्तर प्रदेश का पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारी लखनऊ में एकत्र होकर कार्यालय का घेराव करेंगे।
'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मांगे निम्नवत है–
1– स्थानांतरण नीति को बहाल करें
2– वेतन विसंगति बहाल करें जबकि भारत सरकार इसके लिए 3: का अतिरिक्त बजट पिछले 16 सालों से दे रही है।
3– आउटसोर्सिंग नीति खत्म करें
4– कई सालों से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को पी ई टी (PET)परीक्षा से मुक्त रखें।
5– 25 :परसेंट कोविड–19 प्रोत्साहन राशि परमानेंट की तरह संविदा कर्मचारियों को भी मिले,बाराबंकी जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह और जिला महामंत्री डॉ रईस खान ने पूरी तैयारी का जायजा लेते हुए हर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों को 26 जुलाई के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए तैयार रहने को कहा और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ पहुंचने का आवाहन किया है।

जनपद से प्रशिक्षकों चयनित होने वाले 5 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व 1 व्यायाम प्रशिक्षक को जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र देकर किया सम्मानित

☒ नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल खिलाए
संभल। जनपद संभल माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए तत्पर है प्रदेश में सरकार द्वारा मिशन रोजगार अभियान चलाया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है इन के माध्यम से पीआरडी जवानों युवा एवं महिला मंगल दल एवं ग्रामीण युवाओं को खेलकूद के क्षेत्र में विशेष प्रोत्साहन मिलेगा जनपद सम्भल में जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन के निर्देशन मे जनपद के प्रत्येक गांव में खेल के मैदान स्थापित किए जा रहे हैं इस अभियान को प्रशिक्षक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मिलने से अभियान में अधिक तीव्रता आएगी जिस के क्रम युवाओं व युवतियों के लिए रोजगार के आयाम खुल रहे हैं और निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा रही हैं इसी क्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों व 26 व्यायाम प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदेश के हर जनपद में वितरण किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता

माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कालिदास मार्ग लखनऊ से एनआईसी के माध्यम से की जा रही थी इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार जनपद संभल बहजोई में जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन जी के द्वारा जनपद के होनहार युवाओं को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पद पर प्रशिक्षकों चयनित होने 5 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी 1 व्यायम प्रशिक्षक को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया और जिलाधिकारी ने कार्य के प्रति समर्पित रहने उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन करने कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से करने के लिए संदेश दिया जिलाधिकारी ने प्रशिक्षकों क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उमेश कुमार त्यागी ,युवा कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह, एवं नवनियुक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रंजीत सिंह, हिम्मत सिंह, विशाल पाल, मनोज कुमार,नवनियुक्त व्यायाम प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, सहित चयनितों के अभिभावक उपस्थित रहे।

एनएचएम संघ ने किया सीएमओ का स्वागत

बाराबंकी । नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी का स्वागत करते हुए

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष डॉक्टर ज्ञानेंद्र भारती जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह जिला महामंत्री डॉ. रईस खान ,और मीडिया प्रभारी गौरी शंकर त्रिपाठी,जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, विनोद शर्मा आलोक कुमार , कुमार ,अभिषेश कुमार मौजूद रहे।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आज की राजनीति

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ (ललितपुर)। जिनके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता हो अर्थात जो समाज का नेतृत्व कर सके जो समाज को सही दिशा में ले जा सके जिस रास्ते से वह जाए सभी लोग उस रास्ते का अनुसरण करें ऐसा नेतृत्व करने वाला व्यक्ति नेता कहलाता है। सिर्फ खादी वस्त्र धारण करने से नेता नहीं बन सकता नेता बनने के लिए समाज की काफी जिम्मेदारीओं को उठाना पड़ता है कभी नेतागिरी के द्वारा राजनीति करना परोपकार का साधन हुआ करती थी लोग राजनीति में परोपकार की भावना से आते थे परोपकार की भावना से काम करते थे लेकिन आज के परिदृश्य में यह सब बातें किताबों तक सीमित रह गई हैं कोई भी ऐसा नेता किसी भी विचारधारा को मानने के लिए तैयार नहीं है आज के समय में राजनीति एक व्यापार बन कर रह गई जितना पैसा लगाओ उससे कई गुना निकालो राजनीति धंधा हुई टूटे सभी उसूल जीते अगर चुनाव तो होगी रकम वसूल आज का व्यक्ति राजनीति में सेवा भाव से नहीं बल्कि व्यापार भाव से राजनीति में आ रहा है आज के व्यक्ति को किसी भी विचारधारा में विश्वास नहीं रहा है बल्कि विश्वास झंडा बदलने में रह गया है जिस पार्टी की सत्ता आती है उसी पार्टी का झंडा गाड़ियों पर लग जाता है ना ही किसी को लोकतंत्र में विश्वास है ना ही किसी विचारधारा में बल्कि विश्वास है तो पैसा किस तरीके से आए

जिस समानता और स्वतंत्रता के लिए हमारे वीरों और वीरांगनाओं ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी आज वह बेमानी साबित हो रही है गरीब और अमीर की खाई बढ़ती जा रही है लोकतंत्र लोकतंत्र ना रहकर धन तंत्र बनता जा रहा है किसी भी चुनाव में गरीब आदमी को जगह नहीं रही आम आदमी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है

1947 के बाद से अधिकतर योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो संसद पर पूंजी पतियों का शासन होगा । लोहिया के वचनों को हमें याद रखना होगा सड़कों पर आंदोलन करने वालों की भीड़ कम हो जाती है तब लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है । लोहिया जी की आज वही बात सही साबित होती नजर आ रही है कहीं लोग जीवन स्तर के लिए कालीन और कुर्सियों के गुलाम ना बन जाए

जिस तरीके से पिछले कुछ दशकों से किसान की आमदनी कम खर्चे बड़े हैं ऐसे में कृषि प्रधान देश में खेती किसानों के लिए घाटे का धंधा हो गई है देश में जिस तेजी से

अरबपतियों की संख्या बढ़ी है उतनी तेजी से गरीबों की संख्या कम नहीं हुई यह एक ऐसा कुलीन लोकतंत्र है जिसमें वंचित वर्गों के बोटो का उपयोग संपन्न लोगों का प्रभुत्व बनाए रखने के लिए किया जाता है । जब भ्रष्टाचार सारी हदें तोड़ का गरीब की रोटी से अपना हिस्सा निकाले लगता है देश के विकास में ठोकर मार कर अपना हिस्सा निकाले लगता है तब यह नैतिक समस्या नहीं रहती इसका स्वरूप समाज द्रोही हो जाता है फिर इसका मुकाबला जन आंदोलन से ही किया जा सकता है

अखलेश्वर श्री वास्तव अंशु

विकास कार्यो की बैठक में दिए निर्देश लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करना सुनिश्चित करें जिला स्तरीय अधिकारी : जिलाधिकारी

सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन कार्य को गुणवत्ता पूर्वक समयबद्ध पूर्ण करें : जिलाधिकारी
संभ्ल। आज कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी महोदय श्री संजीव रंजन की अध्यक्षता में विकास कार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने लाभार्थी परक योजना के अंतर्गत विस्तार पूर्वक चर्चा की जिसमें स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिशा निर्देश दिए एवं वैक्सीनेशन के कार्य में गति लायी जाए। जिससे अधिक से अधिक वैक्सीनेशन हो सके। कोविड–19 के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग में कार्य किया जाए एवं दवाई की उपलब्धता ठीक रहे गोल्डन कार्ड की प्रगति में गति लाई जाए जिससे लोगों के कार्ड अधिक से अधिक बन सके। एंबुलेंस सेवा कार्य समय से संचालित कराना सुनिश्चित करें। जिसमें उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, एंबुलेंस सेवा, दवाई की उपलब्धता, इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाए। और निर्देशित करते हुए कहा कि जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत लाभार्थियों का भुगतान समय से कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित

करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बिजली कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें एवं ट्रांसफार्मर खराब है उन्हें यथाशीघ्र सही कराएं जनपद में किसी भी दशा में बिजली बाधित नहीं होनी चाहिए। जहां जर्जर तार हैं वहां तत्काल तार बदलवाये जाए। कृषि विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए उप कृषि निदेशक हीरा सिंह जीना ने बताया की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित किया जाए किसान सम्मान निधि को लेकर कोई भी किसान अनावश्यक रूप से परेशान ना रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कि पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, ऑपरेशन कायाकल्प, हेडपंप रिवर, इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसमें जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं जलभराव गांव में किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। संचारी रोग अभियान के तहत गांव में साफ सफाई अभियान चलाकर गांव की विशेष साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। कोई भी गोवंश भूखी या बीमारी नहीं रहनी चाहिए और उन्होंने कहा कि पशु एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त किया जाए।
जहां पशु एंबुलेंस सेवा नहीं है यथाशीघ्र पशु एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। और उन्होंने कहा कि पशुओं को ईयर टैगिंग भी किया जाए और उन्होंने सभी विभाग बार समीक्षा बैठक की जैसे की आंगनवाड़ी, वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांगजन पेंशन, खाद की उपलब्धता, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, गन्ना भुगतान, कृषि संबंधित लाभार्थी परक योजना, एन आर एल एम,प्रधानमंत्री सड़क योजना, मनरेगा कार्य, इत्यादि के विषय में कड़े निर्देश दिए एवं उन्होंने कहा की लक्ष्य के सापेक्ष कार्य कराना सुनिश्चित करें।
सभी करदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा की मनरेगा समन्वय से परियोजना में कार्य करें जॉब कार्ड धारकों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य को लक्ष्य के सापेक्ष कराना सुनिश्चित करें एवं सभी विभाग मनरेगा के समन्वय से कार्य करें मुख्य विकास अधिकारी उमेश कुमार त्यागी ने कहा कि विकास कार्य को प्राथमिकता दे जिससे जनपद में लाभार्थी परख योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उमेश कुमार त्यागी,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार सक्सेना, परियोजना निदेशक डीआरडीए रमेश चंद्र, डीसी मनरेगा बलवंत सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार आर्य,सभी खंड विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास कार्यो की गति को और तेज करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री

☒ समाज कल्याण अधिकारी रहे भ्रमण कार्यक्रम से अनुपस्थित, मांगा स्पष्टीकरण
दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
ललितपुर। प्रभारी मंत्री गिरीशचन्द्र यादव ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक भवन विकास खण्ड जखौरा में जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभधवितरण, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक, वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य केन्द्र जखौरा का औचक निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री सहित सभी मंचासीन अतिथियों ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव हेतु स्वयं सहायता समूहों को डेमो चाभी, स्वयं सहायता समूहों को सी. सी.एल. पासबुक, रिवॉल्विंग फण्ड, मनरेगा मेट, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने समस्त सम्बंधित विभागों के विकासपरक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मनरेगा योजनान्तर्गत बताया गया कि इस विकासखण्ड में कुल 42210 जॉबकार्डधारक परिवार हैं, जिनमें से 28699 जॉबकार्ड सक्रिय हैं, इनमें से 10431 को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। माह में 423835 के लक्ष्य के सापेक्ष 230727 मानव दिसव सृजित किये गए हैं। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि मनरेगा के जॉबकार्ड केवल जॉबकार्डधारक के पास ही होने चाहिए, किसी भी जॉबकार्डधारक का कार्ड ग्राम प्रधान या ग्राम पंचायत अधिकारी के पास नहीं होना चाहिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि इस ब्लॉक में जो भी जॉबकार्ड बने हैं, उनका सत्यापन 15 दिवस के भीतर करायें। प्रधान के सम्पर्क के लोगों एवं अपात्र व्यक्तियों के जॉबकार्ड बने नहीं होने चाहिए। साथ ही ब्लॉक के प्रत्येग ग्राम के जॉबकार्डधारकों की सूची भी चस्पा करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 939 लक्ष्य के सापेक्ष 484 आवासों का आवंटन कर दिया गया है, जिसके सापेक्ष 202 लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दी गई है, जिसके सापेक्ष 369 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस पर प्रभारी मंत्री ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रत्येक आवास में शौचालय भी बने होने चाहिए, 2017 से 2021 तक जो भी आवास बने हैं उनमें शौचालय निर्माण और मनरेगा के लाभार्थियों को जो कार्य दिया गया है, उनकी सत्यापन सूची उपलब्ध करायें। इस कार्य की निगरानी जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जापएगी। प्रभारी मंत्री ने मौके पर मुख्य विकास अधिकारी को भी निर्देश दिये कि ग्राम निधि की धनराशि से ग्राम प्रधान द्वारा जो भी कार्य कराये गए हैं उनकी जांच करायी जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 138 लक्ष्य के सापेक्ष 125 लाभार्थियों को प्रथम किश्त किश्त अवमुक्त कर दी गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में बताया गया कि 228 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 70 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर लिया गया है। इनमें से 69 का बचत खाता, 72 को रिवॉल्विंग फण्ड, 43 को सी.आई.एफ., 110 को बैंक क्रेडिट लिंकेज तथा 06 ग्राम संगठन का गठन कर लिया गया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि समूह की महिलाओं के बैंक खाते सम्बंधी आवेदन एवं रिवॉल्विंग फण्ड के लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारण करायें, इसके साथ ही जनपद के लीड बैंक मैनेजर सरकार की योजनाओं में सहयोग करें। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की समीक्षा में बताया गया कि विकासखण्ड के अंतर्गत 3376 हैण्डपंप हैं, जिनमें से 3327 चालू हैं तथा समस्त हैण्डपंपों के प्लेटफार्म निर्मित हैं। इस पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खराब हैण्डपंपों की शीघ्र मरम्मत कराकर उन्हें सुचारु करायें। पाइप पेयजल योजना के तहत बताया गया कि ग्राम मिर्चवारा में पाइप पेयजल की सुविधा चालू है एवं लालौन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। इस योजना से 02 घण्टे सुबह व 02 घण्टे सायंकाल में आपूर्ति की जाती है। इस पर निर्देश दिये गए कि पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए सरकारी योजनाओं के आच्छादन हेतु शासन को भेजे जाने वाले प्रस्तावों में सांसद एवं विधायकगणों का सुझाव अवश्य लें। पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि विकासखण्ड में 15 पंचायत भवनों के सापेक्ष 06 पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पर जिला

पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित कियाग गया कि ग्राम पंचायत को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करें। कृषि विभाग के तहत किसान सम्मान निधि की समीक्षा में बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 50726 कृषकों को प्रथम किश्त, 50028 को द्वितीय किश्त, 48488 को तृतीय किश्त, 46378 को चतुर्थ किश्त, 42689 को पंचम किश्त, 34818 को षष्ठम किश्त, 34755 को सप्तम किश्त तथा 23954 को अष्ठम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। इस पर निर्देश दिये गए कि किसान सम्मान निधि के शेष लाभार्थियों को भी योजना का लाभ दिलायें। शिक्षा विभाग की समीक्षा में बताया गया कि इस विकासखण्ड में कुल 265 विद्यालय हैं, जिनमें 112 प्र0अ0, 695 स0अ0 तथा 429 अनुदेशक तैनात हैं। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा निर्देश दिये गए कि वृक्षारोपण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करें, साथ ही कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि को लाभार्थी के खातें में ही भेजें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की समीक्षा में बताया गया कि विकासखण्ड में कुल 87 उचित दर की दुकानें आवंटित हैं, जिनमें से 01 दुकान निलंबित तथा 07 दुकाने रिक्त हैं। इन दुकानों पर कुल 48669 कार्डधारक हैं, जिनमें 172307 यूनिट अंकित हैं। इस पर निर्देश दिये गए कि वितरित खाद्यान्न में यूनिट की कटौती की शिकायतों की जांच करायें, साथ ही जांच में दोषी पाये जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा घटतौली की शिकायतों पर भी निष्पक्ष रुप से कार्यवाही करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विकासखण्ड में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 61460 लाभार्थियों में से 7952 तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 25590 में से 9940 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके अलावा विकासखण्ड में कुल 31363 लोगों का वैक्सीनेशन कराया गया है। विकासखण्ड की जनसंख्या के आधार पर कम टीकाकरण होने पर मा0 प्रभारी मंत्री जी ने नाराजगी

संक्षिप्त समाचार

महिला ने ससुर व ज्येष्ठ पर लगाया छेड़खानी का आरोप

ठूठीबारी(विनोद कुमार यादव)। थाना कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भरवलिया में एक कलयुगी ससुर और ज्येष्ठ ने एक महिला के साथ मिलकर छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बताते चलें कि ग्राम सभा भरवलिया की शीला पत्नी अमेरिका ने अपने ससुर कालीचरण पुत्र बौहद, व ज्येष्ठ छोटेलाल पुत्र चतुरी पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली ठूठीबारी में एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कार्रवाई की मांग की गई है। शीला ने बताया कि कुछ दिन पहले भी बुरी नियत से इन्हीं दोनों ने छेड़खानी के प्रयास किया था। जिसमें कोतवाली ठूठीबारी में प्रार्थना पत्र दी थी लेकिन गांव के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा समझाने बुझाने पर सुलह समझौता हो गया था। उसका परिणाम यह निकला कि इन लोगों का हौसला और बढ़ गया और मुझे अकेली पाकर मेरे घर में घुसकर मुझे जमीन पर पटक दिया लेकिन शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्रित होने लगे जिससे मेरी आबरू बच सकी। महिला ने बताया कि मेरे पति विदेश में रहते हैं जिससे हम लोगों की रोजी–रोटी चलती है। उसने बताया कि मेरे ससुर भद्दा भद्दा मजाक करते हैं लोकलाज के भय से मैं किसी से कह नहीं रही थी। इसीलिए इनका मनोबल बढ़ता गया लेकिन अब यह लोग कहते कि मेरी बात नहीं मानोगी तो जान से मार देंगे इसलिए मैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाना चाहती हूं। जिससे मेरी जान वह इज्जत बच सके।

उमस भरी गर्मी से राहत,दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश

महराजगंज(जिला संवाददाता)। जिले मे दिनभर रुक–रुक कर बारिश होती रही। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। बारिश की वजह से जगह–जगह जलभराव हो गया। सड़कें कीचड़ से सन गईं। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

राजीव नगर मोहल्ले में इफ्को किसान सेवा केंद्र के पीछे की सड़क कीचड़युक्त होने से आने–जाने में परेशानी हो रही है। मोहल्ले की कुछ सड़कों पर बने गड्ढों में जलभराव हो गया है। विस्मिल नगर, जय प्रकाश नगर, शास्त्री नगर समेत अन्य मोहल्लों में जलभराव हो गया है। मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय ने बताया कि आने वाले दो दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार हं।

हल्की बारिश के साथ उमस बढ़ सकती है। पनियरा में बारिश से देवीपुर, रामपुर, बैजूडेहरा, बैदा, सुचितपुर, बड़हरा लाला, खैंचा सहित तमाम गांवों की सड़कों पर जलभराव हो गया है। जिससे लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। इतना ही नहीं मुजुरी नहर के पास शिव प्रकाश अग्रहरि के दुकान के पास सड़क पर जलभराव है। मुजुरी संवाद के अनुसार विकास खंड कार्यालय पनियरा परिसर में जलभराव से कर्मचारियों एवं नागरिकों जाने–जाने में परेशानी हुई।

वैक्सीन की कमी से नहीं लग पा रहे कैंप

महराजगंज(क्राइम ब्यूरो)। जिले में वैक्सीन की कमी से गांवों में टीकाकरण कैंप नहीं लग पा रहे हैं। उधर, शनिवार को जिला अस्पताल में टीका लगवाने के लिए लोगों की लंबी कतार लगी रही। सुबह 9 बजे से लोग पहुंच गए थे। सीएचसी एवं पीएचसी पर भी टीका लगवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

जिला अस्पताल में टीका लगवाने आए जितेंद्र तिवारी, वीरेंद्र ने बताया कि जल्दी आने पर भी काफी पीछे खड़ा होना पड़ा। करीब घंटे भर इंतजार के बाद टीका लगा। रजिस्टर में नाम दर्ज कराने में भी परेशानी हुई। बनकटी, निचलौल, रतनपुर, सिसवा, घुघली, पनियरा, लक्ष्मीपुर समेत अन्य सीएचसी पर लोगों की भीड़ लगी रही। खराब मौसम के बावजूद लोग उत्साह के साथ टीका लगवाने पहुंचे। सीएमओ डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को जिले में 3891 लोगों को टीका लगाया गया। वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर टीका अधिक से अधिक लोगों को लगाने का प्रयास जारी है।

आगामी पर्व को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

चौक (जिला संवाददाता)। चौक थाना परिसर में बकरीद को लेकर आज पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसओ वृजेश कुमार सिंह ने की। बुधवार को आगामी ईद उल अजहा त्योहार को देखते हुए वे की ओर से थाना परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, बीडीसी व सम्मानित व्यक्तियों की बैठक बुलाई गई। उन्होंने लोगों को बताया कि ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए। कहीं कोई भी व्यक्ति अराजकता न फैलाएं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो तथा आपसी भाईचारा पर असर पड़े। यदि किसी की ओर से कोई गलत कार्य व बिना वजह का अफवाह फैलाया तो खैर नहीं होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार उप निरीक्षक पंकज कुमार पाल, भारत भूषण ,रामसबद, हेड कॉन्स्टेबल पंकज चौहान, ललित कुमार,कृष्ण कुमार,ग्राम प्रधान अनिल कुमार जोशी प्रिंसिपल मौलाना तजम्मुल हुसैन मो जियाउलहक तमाम आदि लोग मौजूद रहे।

पदोन्नति समेत 21 सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों ने ट्वीटर पर चलाया अभियान

महराजगंज(ब्यूरो रिपोर्ट)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर आज जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी, जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने 21 सूत्रीय मांग को हैशटैग ष्जस्टिस फार ऑवर डिमांडष के साथ ट्वीटर पर अभियान चलाया। दिन में 11 बजे से 2 बजे के बीच प्रदेश के शिक्षकों ने दस लाख ट्वीट व रीट्विट किया। इससे शिक्षकों की मांग ट्वीटर के टॉप ट्रेंड में नम्बर वन स्थान पर रहा। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने दावा किया हैशटैग के साथ जिले के दो हजार शिक्षकों ने करीब पैंसठ हजार ट्वीट किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षकों की पुरानी पेंशन,पदोन्नति,कैशलैस चिकित्सा सुविधा, मूल वेतन का लाभ,मृत शिक्षकों के परिजनों को एक करोड रूपए की सहायता राशि,शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को स्थाई नौकरी, विद्यालय में समस्त मूलभूत सुविधाएं,आकांक्षी जनपदों में स्थानान्तरण,सभी प्रकार के भत्तों की बहाली,रसोईया मानदेय 10 हजार करने,ग्रेच्युटी का लाभ देने,गोपनीय रिपोर्ट का आदेश खत्म करने समेत 21 मांग है। रविवार को जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी, सत्येंद्र कुमार मिश्र, बैजनाथ सिंह, अखिलेश पाठक, राघवेंद्र पांडेय, राकेश सिंह, धनप्रकश त्रिपाठी, दयानंद त्रिपाठी, चन्द्रभान, पी के सिंह, सीताराम, धन्नू चौहान, अखिलेश मिश्र, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र शर्मा, नागेंद्र चौधरी, आनंद पाल, गोपाल पासवान, अभय दुबे, गिरींद्र नाथ मिश्र, साकेत जैन, कृष्ण कुमार मद्धेशिया, संजय वर्मा, राकेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, अंकिता सिंह, यास्मीन अंजुम, शशिकला, निधि, अंशिका समेत सैकड़ों शिक्षकों ने ट्वीटर अभियान में हिस्सा लिया।

सोनौली कोतवाली में बकरीद एवं सावन पर्व को लेकर हुई मीटिंग

सोनौली(श्यामसुंदर पासवान)। आज सोनौली कोतवाली में बकरीद व सावन पर्व का हुई मीटिंग प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने दोनों धर्मगुरुओं को बुलाकर कहा मुस्लिम सब लोग अपने अपने घर बकरीद का त्योहार मनाएंगे और सब लोग दो गज दूरी बना के रखेंगे और नमाज अदा अपने घर करेंगे यही एसडीएम ने कहा कि आने वाला तीसरे बीमारी से बचने के लिये सब लोग भीड़ नही लगाएंगे और मास्क जरूर पहने क्योंकि की आने वाली बीमारी से बचें यही हिन्दू धर्मगुरुओं को कहा कि आप सभी से सावन में मन्दिर में ज्यादा भीड़ नही लगाएंगे और बल्कि अपने घर पर पूजा पाठ करेंगे क्योंकि आने वाली तीसरी बीमारी आप सब बचे रहेंगे जिसमे सीओ ने कहा कि आप सब मास्क के बिना बाहर नही निकलेंगे और अभी बीमारी से खतरा टला नही है अभी आप सब लोग सतर्क रहें ।

क्योंकि कि हम लोग चाहते हैं कि आप सब सुरक्षित रहे बिना मास्क के ना निकले जिसमें मुख्य बबलू सिंह असगर मौलाना अमीर आलम प्रेम नेता धर्मेंद्र जैसवाल प्रदीप नायक प्रताप अग्रहरि साबिर खान और अन्य लोग मौजूद रहे।

मानव तस्करी पर नियंत्रण को लेकर की गई चर्चा

निचलौल (अम्बरीष शर्मा)। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति निचलौल द्वारा संचालित स्वरक्षा मानव तस्करी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। यह आयोजन मसीह सेवाश्रम इंटर कॉलेज में पुलिस कर्मियों के साथ किया गया।

प्रशिक्षक के रूप में रेलवे चाइल्ड लाइन गोरखपुर से मैथ्यू एवं शालिनी रहे। शुभारंभ संस्था के सहायक निदेशक मैथ्यू एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी वीरेन्द्र द्वारा किया गया। निदेशक ने कहा कि इस क्षेत्र से मानव तस्करी रोकने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन जरुरी था। इसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण)2015 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 कानून पर बातचीत करते हुए काउंसलिंग पर जोर दिया गया। श्रवण कुमार ने कहा कि मानव तस्करी के कार्य में बिचौलिए अति पिछड़े इलाकों के गरीब परिवार से बच्चों को बहला–फुसलाकर नौकरी के नाम पर ले जाते हैं। शालिनी एवं मैथ्यू ने कहा कि काउंसलिंग करते समय काउंसलर को एक सहज कर्ता के रूप में पीड़ितध्पीड़िता के साथ व्यवहार करना चाहिए। मानव तस्करी के केस मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना महाराजगंज को सूचित करना चाहिए। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मदन मोहन मिश्र ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम आयोजन समय समय पर होने से सभी को जानकारी मिलती है। विरेंद्र कुमार सिंह बाल कल्याण पुलिस अधिकारी ने कहा कि बॉर्डर क्षेत्र में अगर कहीं भी इस तरह का शिकायत आती हो है तो पुलिस को फौरन सूचना देनी चाहिए। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी प्रज्ञा सिंह,प्रतिमा सिंह, सायरा बानो,मनीषा प्रजापति,ज्योति राय,स्नेहा सिंह,नीतू वर्मा , खुशबू पांडे,चंदा पाल एवं पुलिस कांस्टेबल रोहित गुप्ता,अंकित, पिंटू, परशुराम,अभिलाष आदि मौजूद रहे।

प्रमुखों का शपथ ग्रहण कल, तैयारियां जोरों पर

महराजगंज (ब्यूरो रिपोर्ट)। नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुखों को 20 जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी। इसके लिए ब्लाकों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। डीएम ने शपथ दिलाने के लिए अधिकारियों को नामित कर दिया है। शपथ ग्रहण के बाद ब्लाकों में क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक भी होगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया ब्लाक प्रमुखों के शपथ के बाद पूरी हो जाएगी। जिले के 12 ब्लाकों के 12 ब्लाक प्रमुखों के साथ 1154 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को 20 जुलाई को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। शपथ लेने के तत्काल बाद नई क्षेत्र पंचायत कमेटियां पहली बैठक कर विकास की रूपरेखा तैयार करेंगी। डीपीआरओ केबी वर्मा ने बताया कि 20 जुलाई को 11 बजे से शपथ ग्रहण समारोह होगा। शपथ दिलाने के लिए अधिकारी नामित डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने सभी ब्लाकों में शपथ दिलाने के लिए अधिकारियों को नामित कर दिया है। सदर, फरेंदा, निचलौल व नौतनवा ब्लाक में संबंधित एसडीएम शपथ दिलाएंगे। परतावल में परियोजना निदेशक डीआरडीए, पनियरा में सदर तहसीलदार, घुघली में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सिसवा में तहसीलदार निचलौल, मिठौरा में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, लक्ष्मीपुर में तहसीलदार नौतनवा, बृजमनगंज में तहसीलदार फरेंदा और धानी में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार शपथ दिलाएंगे।

दो पक्षों में मारपीट, प्रधान को पुलिस ने बिठाया

कोल्हुई,फरेंदा (शत्रुध्न प्रजापति)। कोल्हुई क्षेत्र के लब्दहा गांव में बाइक साइड को लेकर उपजे विवाद में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर ले गई। लालचंद की तहरीर पर 17 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इस मामले को लेकर रविवार को उस समय हंगामा शुरू हो गया जब लब्दहा के ग्राम प्रधान अश्फाक अपने को निर्दोष बताते हुए ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों के साथ कोल्हुई थाना पर पहुंचे। ग्राम प्रधान का कहना था कि वह घटना के समय गांव में मौजूद नहीं थे। गांव में पहुंचे पुलिस कर्मियों ने फोन कर उनको बुलाया था। बातचीत के दौरान पुलिस कर्मियों ने ग्राम प्रधान को बिठा लिया।

इस पर प्रधान संघ ने कड़ा ऐजराज जताया। लेकिन उनकी बात को थाने में अनसुनी कर दी गई। एकतरफा कार्रवाई के सवाल पर एसओ देवेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपित पीड़ित पक्ष के घर में घुस कर मारपीट किए। दूसरा पक्ष घायल नहीं है। वह दूसरे के दरवाजे पर चढ़ कर मारपीट किए हैं। इसलिए उनकी तरफ से केस दर्ज नहीं किया गया है। लब्दहा गांव निवासी अब्दुल सलाम बाइक से घर जा रहा था। इसी बीच गांव के तीन युवक बाइक से साइड लेते हुए गुजरे। आरोप है कि इसी बात की शिकायत लेकर सब्दुल सलाम अपने कुछ साथियों को साथ लेकर तीनों युवकों के घर पहुंचा। उसी दौरान विवाद हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे कोल्हुई एक पक्ष के 8 लोगों को थाने ले गई। दूसरे पक्ष के फूलचंद की तहरीर पर 17 नामजद व 40 से 50 अज्ञात के खिलाफ 147, 148, 149, 323, 324, 452, 506आईपीसी के तहत केस दर्ज कर दिया। रविवार को ग्राम प्रधान अश्फाक को भी मारपीट में आरोपित बनाने की सूचना मिली। इस पर वह प्रधान संगठन के पदाधिकारी व 20 सदस्यों को लेकर थाने पर पहुंचे। इस पर मौके पर मौजूद एसआई व सिपाहियो ने आरोपित प्रधान को पकड़ कर बैठा लिया। यह देख सभी प्रधानों ने इसका विरोध किया लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। एकतरफा कार्रवाई के चलते विवाद बढ़ा। इस मामले में एसओ देवेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है।दूसरे पक्ष से भी तहरीर मिलेगी तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ ने लेफ्टिनेंट श्रीकांत प्रसाद गौंड़ एवं साजिद खान बाल वैज्ञानिक को ब्लॉक संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी

☒ महाराजगंज वन महोत्सव के अंतर्गत 300 से अधिक वृक्षारोपण किया गया।

महराजगंज (जिला संवाददाता)। जौनपुर की संस्था वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ आंदोलन के संस्थापक महेश गुप्ता जौनपुरी के मार्गदर्शन से गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान संचालक "रोहित कुमार गुप्ता जी" के नेतृत्व में जिला महाराजगंज में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत कुल 300 से अधिक वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सागवान,अमरूद, नीम,जामुन, लिप्टस, बरगद, पीपल, कटहल, नींबू, अर्जुन,और आम का वृक्ष शामिल हैं। वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ आंदोलन को गति प्रदान करने हेतु सदर ब्लॉक महाराजगंज से ब्लाक संयोजक पद पर साजिद खान बाल वैज्ञानिक एवं फरेंदा ब्लॉक से संयोजक पद पर लेफ्टिनेंट श्रीकांत प्रसाद गौंड़ को नियुक्त किया गया। साजिद खान बाल वैज्ञानिक ने नियुक्ति के उपरांत 15 वृक्षारोपण किये और लेफ्टिनेंट श्रीकांत प्रसाद गौंड़ जी ने कुल 20 वृक्षारोपण करके संस्था में शामिल हुए। उन्होंने वृक्षारोपण के साथ–साथ यह शपथ भी लिया कि निरन्तर वृक्षारोपण करते रहेंगे और वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक भी करते रहेंगे। सभी ने वृक्षारोपण के बाद यह संकल्प लिया है कि वृक्षों का समय–समय पर देख–रेख करते रहेंगे। बड़े होने तक वृक्षों को खाद पानी नियमित रूप से देते रहेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहें इंजीनियर शिवप्रसाद मद्धेशिया, संगम कनौजिया, रंजीत प्रजापति, मनीषा यादव, आकृति पटेल व अन्य मित्रगण। सभी ने भरपूर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग किया।

गौ आधारित पंच गव्य उत्पाद निर्मित करने पर महिलाओं का प्रशिक्षण संपन्न

महाराजगंज (सुनिल कुमार)। गौ पालन आवश्यक है गाय का दूध अमृत समान होता है। जिनके पंच गव्य से निर्मित उत्पादो के सेवन करने से हमे स्वाथ्य लाभ के साथ–साथ तमाम बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। चाहे तो इनको अपनाकर एक अच्छा व्यवसाय भी किया जा सकता है। यह बात शुक्रवार को छपिया के सहायक विकास अधिकारी, उद्योग सेवा एवं व्यवसाय श्री इंदल प्रसाद ने पटखौली के गजरहवां गांव में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। यह प्रशिक्षण आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा की गृह वैज्ञानिक डॉ अर्चना सिंह द्वारा महिलाओं के उत्थान को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित किया गया। आगंतुकों का स्वागत करते हुए देशी गौ माता पर प्रकाश डाला और किसानों को बताया कि अब बछड़े की समस्या का समाधान हो गया है। हमारे वैज्ञानिकों ने नया सीमेन तैयार कर लिया है। जिसको डालने पर 100 प्रतिशत बछिया ही पैदा होगी। डॉ. सिंह ने सभी महिला बहनों से गौशाला से एक–एक गाय लेकर अपने घरों में बांधे और उनकी सेवा करें व उनके मूत्र व गोबर से अनेको प्रकार के उत्पाद बनाकर बाजार में आर्थिक उन्नयन हेतु विपणन किया जा सकता है। जिससे अपने भारतीय संस्कृति की धरोहर, स्वास्थ्य व सुख शांति का संचय हो। इस प्रशिक्षण का तकनीकी सत्र सीतापुर के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रशिक्षक राधेश्याम सोनी जी द्वारा गौ प्रार्थनाकर कार्यक्रम की शुरुवात की। उन्होने प्रशिक्षण के दौरान देसी गाय का कृषि में महत्व समझाते हुए बताया कि दस ग्राम देसी गाय के गोबर में करोडोण् सूक्ष्म जीवाणु पाये जाते है। जिसमे गुड़, बेसन डालकर खमीरीकरण करके जीवाणुओं की संख्या बढ़ाई जा सकती है। प्रशिक्षण में गौमाता के गोबर व मूत्र से जीवामृत, धनजीवामृत, बीजामृत, ब्रम्हास्त्र कीट नियंत्रक, दसपर्णी अर्क आदि बनाने का फार्मूला भी बताया गया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती करने से केचुआ व अन्य जीवांश मिट्टी में खुद ही पनप जाते हैं। इस खेती से हमारी मृदा, पर्यावरण, स्वास्थ्य पर अनुकूल असर पड़ता है। प्राकृतिक खेती में अधिक लाभ पाने के लिए सभी किसानों को प्रेरित किया कि सड़क पर घूम रहे छुट्टा जानवरों को अपने घर पर लाकर बांधे। जिससे इनके गोबर व मूत्र से विभिन्न प्रकार की औषधि बनाकर अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं। इस प्रशिक्षण में पंच गव्य उत्पाद निर्माण के अंर्तगत गौ माता के गोबर से दिया बनाना, कामधेनु मंजन, धूपबत्ती, अमृत धारा, साबुन, गोनाइल, शैम्पू आदि बनाने का प्रशिक्षण खुद देखकर, बनाकर सीखो के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसको सीखकर स्वयं सहायता समूह की महिला बहनें गौ रक्षाकर घर पर सामग्रियॉ तैयार समूह को सुदृह बनाया जा सके। एक गाय से 15 एकड़ खेती करें। हमें आवश्यकता है ऐसी कृषि पद्धति जिससे उत्पादन न घटे। खेत उपजाऊ बने रहें। मानव रोगी न बने। वह है गौ आधारित आध्यात्मिक प्राकृतिक कृषि, जिसमें खेत के लिए कुछ भी बाजार से नहीं खरीदना है, सिर्फ एक देशी गाय पालना है। यह प्रशिक्षण पं. सूर्य प्रकाश दूबे जी के निवास प्रांगण में, ग्राम पटखौली गजरहवां, विकास खण्ड छपिया में उनके अनुरोध पर आयोजित किया गया। उनके अनुरोध पर गौ अर्क निकालने का यंत्र भी लगवाया गया, जिससे अर्क हमेशा निकलता रहे। गौमूत्र अर्क मानव स्वास्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। अर्क से ही गोनाइल व अन्य दवाइयों को बनाया जाता हैं।

इस प्रशिक्षण में ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियॉ, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने प्रतिभाग किया व रूचि लेकर सामानों को लिखा व सीखा। प्रशिक्षण में निदेशक प्रसार डा. ए. पी. राव, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, उद्योग सेवा एवं व्यवसाय, पटखौली के युवा प्रधान अंकुर सिंह, मुख्य सेविका इंद्रावती वर्मा आदि का प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस प्रशिक्षण में बाबादीन तिवारी, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, श्रुतिकीर्ति, निर्मला, रेनु, सीमा, सरिता समेत 80 लोगो ने प्रतिभाग किया। डा. सिंह ने संचालन व सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रभारी मंत्री ने एडीओ आईएसबी को फरेंदा से हटाने का निर्देश दिया,फरेंदा सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक को चेतावनी

महाराजगंज(जिला संवाददाता)। खेल, युवा कल्याण एवं पंचायती राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उपेंद्र तिवारी द्वारा जनपद में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मंत्री द्वारा पीएम आवास, विधवा, दिव्यांग व वृद्धावस्था पेंशन, वैक्सीनेशन और शौचालय योजना में हुई प्रगति के बारे में जानकारी ली।

वैक्सिनेशन कार्यक्रम के संदर्भ में सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया जनपद में मेरा गावँ कोरोना मुक्त गांव अभियान चलाया गया। जिसका उत्साहवर्द्धक परिणाम देखने को मिला। मंत्री जी ने कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए प्रशासन की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने उन्हें सूचित किया कि इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा 3 ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा चुके हैं और 2 निर्माणाधीन हैं, जो शीघ्र पूरे हो जाएंगे। इसी प्रकार बेड और ऑक्सीजन कंसेन्ट्रेटर भी पर्याप्त मात्रा में है। मंत्री जी द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गावों में विकास योजनाओं को पहुंचाने में उनकी प्राथमिक भूमिका है। इसलिए वो सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायत भवन पर सभी संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों के नम्बर अंकित किये जायें ताकि जवाबदेही तय की जा सके। फरेंदा ब्लॉक में ट्रांसफार्मर जलने व लोकल फाल्ट की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि विकास कार्यों के औचक निरीक्षण हेतु टीम का गठन किया जाए। मंत्री ने मिल रही शिकायतों के कारण एडीओ आईएसबी धनेश यादव को फरेंदा से हटाने का निर्देश दिया और प्रभारी अधीक्षक फरेंदा सीएचसी अंग्रेज सिंह को चेतावनी दी। सदर ब्लॉक की बैठक मंत्री ने सभी ग्राम विकास अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सबको निर्देश दिया कि पारदर्शिता हेतु सभी लोग अपनी कार्य योजना में प्राप्त वित्त और किये गए कार्यों का पूरा विवरण दें। यह भी सुनिश्चित करें कि सभी जनसेवा केंद्र संबंधित गावँ में ही स्थापित हों। शौचालय योजना के संदर्भ में मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी शौचालयों का शीघ्र निर्माण कर जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनका लोकार्पण कराया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया और आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचे। संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि बैठक में आये सभी मामलों का त्वरित निस्तारण कराया जाए और यह भी सुनिश्चित करें कि सभी योजनाओं को समय.सीमा के भीतर पूरा किया जाए। ग्राम पंचायत से जुड़े अधिकारियों और प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पंचायतीराज व्यवस्था के तहत मिले अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करना है, बल्कि उनके द्वारा इस व्यवस्था को और मजबूत बनाना चाहिए ताकि वास्तविक अर्थों में लोकतंत्र स्थापित हो सके। बैठक में फरेंदा विधायक बजरंग बहादुर सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता, डीपीआरओ, उपजिलाधिकारी फरेंदा अभय कुमार गुप्ता समेत सभी संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पनियरा को तहसील बनाने की मांग लेकर आम आदमी पार्टी ने किया जन आंदोलन

पनियरा (क्राइम ब्यूरो)। महराजगंज दिनांक 18/7/2021 दिन रविवार को आम आदमी पार्टी पनियरा ने तहसील बनाओ संघर्ष समिति का निर्माण कर उसके बैनर तले शांति पूर्वक पैदल यात्रा निकाला गया। जो पनियरा ब्लाक से चलकर भौराबारी पुल तक जाएगा ।इस संघर्ष समिति का माग पनियरा को तहसील बनाने को लेकर के हैं जो सन 1987 से चलता चला आ रहा है कि पनियरा तहसील बनेगा, पनियरा तहसील बनेगा किंतु आज तक पनियरा तहसील नहीं बना। पनियरा तहसील बनाने की मांग को लेकर रविवार को पैदल यात्रा निकालकर के लोगों में जन जागरण का संदेश देते हुए सरकार से मांग कर रहे है कि शीघ्र ही पनियरा को तहसील बना करके आम जनता की समस्याओं को दूर करें इसके लिए आम आदमी पार्टी के पनियरा विधानसभा अध्यक्ष श्री अवधेश सिंह के नेतृत्व में, ई०आकाश जायसवाल के मार्गदर्शन में, जिलाध्यक्ष श्री पशुपतिनाथ गुप्ता जी के संरक्षण में जिला महासचिव केएम अग्रवाल जी, महाराजगंज विधानसभा अध्यक्ष सदर छोटेलाल खरवार जी, विधानसभा महासचिव संतोष सिंह, माइनॉरिटी प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष अमजद भाई , उप महासचिव जोगिंदर सिंह , विधानसभा माइनॉरिटी संगठन मंत्री संगठन मंत्रीअतहर खान जी श्री रामकेवल यादव जी प्रधानाचार्य, श्री रामनिवास सिंह जी ,श्री सद्दीक अली जी जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शंभू शरण सप्तकुंज जी,

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला सचिव मोहम्मद दीन जी ,कमला प्रसाद राव जी हौशिल प्रसाद जी एवं सैकड़ों सम्मानित जनता जनार्दन की उपस्थिति में पद यात्रा जन जागरण किया गया।

पनियरा तहसील बनाओ संघर्ष समिति का कहना है कि यह आंदोलन की लड़ाई तब तक चलता रहेगा जब तक पनियरा में तहसील के निर्माण कार्य सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

जिस प्रकार सड़क आंदोलन कर पनियरा विधानसभा के लोगो ने अपनी भागीदारी निभाई थी उसी प्रकार हमें इस आन्दोलन को सफल बनाने कि अपील किया।इस आंदोलन में पनियरा विधान सभा क्षेत्र के लोगों ने जमकर भागीदारी निभाई।

दो साल के बच्चें को ससुराल से पिता लेकर फरार

☒ श्यामदेउरवा पुलिस ने 12 घंटे में सकुशल बरामद कर बच्चे को परिजनों को सौंपा

परतावल (अरविंद कुमार पटेल)। महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा खुर्द निवासी अंगद तिवारी की पुत्री शालू उम्र 23 वर्ष की शादी ग्राम सभा चौरियां खुर्द थाना गगहा जनपद गोरखपुर के साथ 3 वर्ष पहले हुई थी।जिससे उनका एक दो वर्षीय बच्चा भी है। शादी के बाद से सच्चिदानंद पाण्डेय शराब पीकर आता था और अपनी पत्नी को मारता पीटता था।वही माह जनवरी में शालू के ससुराल वालों ने शालू को कमरे में बंद करके खुब पिटाई की शालू ने फोन करके इसकी जानकारी अपने परिजनों को दिया। परिजनों ने तत्काल इसकी जानकारी तत्कालीन थानाध्यक्ष गगहा राज प्रकाश सिंह को दिया जिस पर गगहा पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुँचकर शालू को घर से बाहर निकलवाया और उसे उसके मायके परसा खुर्द भेजवा दिया तभी से पति पत्नी में अनबन चल रहा था जिसके बाद से शालू पाण्डेय अपने पिता के घर पर रहती थी । इसी बीच शालू की मां की तबीयत खराब हो गई और 27 जून को उनकी मौत हो गई।

मौत हुई अभी एक माह भी नही बीता था कि इसी बहाने सच्चिदानंद पाण्डेय 15 जुलाई 2021 को रात में अपने ससुराल परसा खुर्द आया और हमदर्दी दिखाते हुए माफी मांगने लगा।

शालू के परिजन समझ नहीं सके और रात्रि निवास के बाद 16 जुलाई की सुबह 8 बजे के करीब मौका पाकर सच्चिदानंद पाण्डेय अपने 2 साल के दुधमुंहे बच्चे को लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चल सका तो परिजन 17 जुलाई श्यामदेउरवा थाने में तहरीर दी है जिस पर श्यामदेउरवा पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय की अगुआई में एस आई जेपी यादव , कास्टेबल सुजीत,संजय यादव ,तबरेज और महिला कांस्टेबल तथा सर्विलांस की मदद से उसका लोकेशन ट्रेस किया तो पता चला कि वह अपने बहन के घर फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगावां में रुका है।

जहां से रात में ही पुलिस ने 2 वर्ष बच्चे कृष्णा पाण्डेय और उसके पिता को पकड़कर थाने ले आये और बच्चे को

संक्षिप्त समाचार

ठेकेदार की लापरवाही से अमांपुर में घंटाघर का निर्माण कार्य रुका

☒ अमांपुर में घंटाघर के निर्माण कार्य पर लगा बेक्र

☒ तीन माह में पूरा करना है निर्माण। अमांपुर बारहद्वारी पर 25 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। दो माह में 10 प्रतिशत भी नही हुआ काम। कस्बे के लोगों ने जल्द निर्माण कार्य कराने की मांग की।

☒ घंटाघर निर्माण में ठेकेदार कर रहे मनमानी।

अमांपुर,कासगंज। कस्बे के बारहद्वारी पर हो रहे घंटाघर का निर्माण कार्य आठ दिनों से बंद पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही की वजह से नगर पंचायत के घंटाघर का निर्माण कार्य रुक गया है। जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को सड़क पर लगे सड़क पर लगे मिट्टी के ढेर से धूल–मिट्टी का उड़ना और मार्ग पर जाम लगने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के विमल अग्रवाल, ने कहा कि बारिश के दिनों में यहा के हालात और बदतर हो जाएगे। गड्ढा खुला होने की वजह से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। व्यापारी मनोज गुप्ता ने कहा कि घंटाघर का निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है। जिसमें उच्च गुणवत्ता का ध्यान नही दिया जा रहा है। ठेकेदार मनमानी कर रहे है। सड़क पर निर्माण कार्य साम्रगी मिट्टी, चंबल, गिट्टी, पड़ी होने से दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है घंटाघर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है।

वांछित अभियुक्तको पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

पनियरा (क्राइम ब्यूरो)। महराजगंज जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा पुलिस अधीक्षक के कुशन नेतृत्व तथा पनियरा थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना स्थानीय के वांछित अभियुक्त अक्षय निषाद पुत्र राजेन्द्र निषाद सा0 कल्याणपुर थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर संबंधित मु0 अ0 स0 123/21 थाना 363 भा0द0वि0 व 16ध्17 पोस्को एक्ट थाना पनियरा को गांगी बाजार तिराहे से रविवार को सुबह 9रू30 बजे गिरफ्तार कर माननीय उच्चतम न्यायालय भेज दिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाले टीम में थाना प्रभारी पनियरा हरेंद्र कुमार मिश्रा उ0 नि0 विजय शंकर यादव हेड कांस्टेबल संतोष कुमार पाण्डेय, हे0 का0 राजेश भारती, हे0 का0 जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

बेलभार रेहरा क्षेत्र के महुलानी चकरोड पर दिखा अजगर,दहशत

परसामलिक(चंद्रकेश)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलभार रेहरा टोला महुलानी चकरोड पर रविवार को अजगर दिखने पर लोगों में दहशत हो गई। सूचना पर वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। रविवार को महुलानी गांव निवासी रामनाथ के खेत के बगल में सड़क पर अजगर दिखाई दिया। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गांव के लोगों ने वन विभाग को फोन पर सूचना दी। लेकिन कोई कर्मचारी पहुंचा नहीं। इसे लेकर ग्रामीणों में भय है। इस संबंध में उत्तरी चौक रेंज घोड़हवा बीट के फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गौड़ का कहना कि अजगर निकलने की जानकारी नहीं है। यदि अजगर निकला है तो उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

वन विभाग की टीम ने स्टीमर से अवैध कटान को रोकने के लिए किया गस्त

फरेंदा(शत्रुध्न प्रजापति)। फरेंदा वन विभाग की टीम ने आज परगापुर ताल में स्टीमर से गश्त किया। वन विभाग की गश्त देख कारोबारियों में हड़कंप मच गई। फरेंदा रेंज के परगापुर ताल के रास्ते लकड़ी की तस्करी रोकने के लिए वन विभाग के गोरखपुर डिविजन द्वारा फरेंदा रेंज में स्टीमर भेजी गई थी। जिसके सहारे बरसात के दिनो में भी लकड़ी तस्करो पर अंकुश लगाया जा सके। रेंजर विजय श्रीवास्तव ने बताया कि वन कटान पर अंकुश लगाने के सभी इंतजाम किए गए हैं। बरसात के दिनो में परगापुर ताल भरने से आस पास के क्षेत्र में जलभराव हो जाता है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर धंधेबाज ताल के रास्ते नाव पर लकड़ी लादकर तस्करी करते थे। पीछा करने पर नांव के सहारे फरार हो जाते थे। स्टीमर के आ जाने से निगरानी में आसानी हो गई है। पुल के नीचे भी बैरिकेटिंग कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फरेंदा रेंज को स्टीमर मिलना बड़ी उपलब्धि है स्टीमर मिलने से वनकर्मी भी बेहद उत्साहित है। वनों की कटान को हरहाल में रोकना प्राथमिकता है।

जनपद के अधूरे पड़े विकास के कार्यो को पूरा करने का दिया निर्देश : प्रभारी मंत्री

फरेन्दा(शत्रुध्न प्रजापति)। विकास कार्यों को लेकर आज जनपद के प्रभारी मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने फरेन्दा विकास खंड के सभागार में जनपद के प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनपद के विकास कार्यों की प्रगति जानी और अधूरे पड़े विकास कार्यों को अबिलम्ब पूरा करने का दिया दिशा निर्देश। उसके पश्चात विकास खंड परिवार में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। अपने समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने फरेन्दा थाने का क्लास लिया और फटकार लगाई। पत्रकारों के पूछे एक सवाल के जवाब में कहा कि अब तक 34000वैक्शीन के टीके लोगों को लगाये जा चुके हैं साथ ही साथ यह भी बताया कि गांवो मैं अधूरे पड़े शौचालय विधवा विकलांग पेशन आदि का भी हाल जाना और पूरा करने के लिए कहा। इसके पूर्व स्थानीय डाकबगले में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता को बताने का दिशा निर्देश दिया। आयोजित समीक्षा बैठक में भाजपा विधायक बजरंग बहादुर सिंह जिलाधिकारी महराजगंज डाक्टर उज्जवल कुमार मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिह सेगरवाल एसपी महराजगंज प्रदीप गुप्ता एसडीएम फरेन्दा अभय कुमार गुप्ता तहसीलदार मजिस्ट्रेट वाचस्पति सिंह सीएमओ महराजगंज अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी डीसी मनरेगा खंड विकास अधिकारी वशिश्ठ नारायण सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण

शुक्ल जिलाध्यक्ष भाजपा नगरपंचायत अध्यक्ष राजेश जयसवाल अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र यादव परमात्मा अग्रहरी डब्बू सिंह आशीष जयसवाल योगेन्द्र तिवारी योगेन्द्र यादव व कमलेश शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एक बात देखा गया कि तथाकथित अधिकारियों ने अपनी शाबाशी कायम करने के लिए मंत्री के अर्दली को सुकराना भी दिया।

रोटरी क्लब निचलौल द्वारा रोट्रेक्ट क्लब महराजगंज का किया गया गठन

निचलौल (अम्बरीष शर्मा)। रोटरी क्लब निचलौल द्वारा आरपीआईसी स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम मे रोट्रेक्ट क्लब महराजगंज का गठन किया गया है। रोट्रेक्ट क्लब युवाओं का एक क्लब होता है जो रोटरी का पार्टनर क्लब होता है। इसका स्पांसर रोटरी क्लब निचलौल करेगा। रोटेरियन पंकज तिवारी द्वारा आयोजन का संचालन करते हुए रोटरी क्लब के परिचय देने के साथ साथ रोट्रेक्ट की कार्यप्रणाली को समझाया गया। आयोजन में 20 रोट्रक्टर के अलावा रोटरी निचलौल अध्यक्ष रोटेरियन मानवेन्द्र सिंह,रोटरी क्लब महराजगंज के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ भरत लाल श्रीवास्तव,सचिव देवेश पांडेय तथा रोटेरियन शंभू नाथ मद्धेशिया,रोटेरियन आेए जोसफ,रोटेरियन विवेक चौरसिया तथा रोटेरियन कृष्ण मुरारी सिंह उपस्थित रहें। यह संस्था जनपद के हर क्षेत्र मे सामाजिक कार्यो को करेगी। मूलतः शिक्षा,आपदा बचाव,नारी सशक्तिकरण,पर्यावरण एवं गरीबों के उत्थान हेतु कार्यो को करेगी। कार्यक्रम में रोट्रक्टर धीरज तिवारी द्वारा रोटरी के सदस्यों का स्वागत तथा अंत मे अच्छे कार्यो को करने हेतु आस्वस्त भी किया गया। क्लब द्वारा 50 वृक्षों का वृक्षारोपण कार्य सार्वजनिक स्थानों एवं स्कूलों मे करते हुए प्रथम कार्य का प्रारंभ हुआ है। जनपद के दोनों रोटरी क्लब द्वारा भरोसा दिलाया गया कि रोट्रेक्ट क्लब महराजगंज को मार्गदर्शन एवं सहयोग देने का कार्य उनके द्वारा हमेसा किया जायेगा।

सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल ने विकास मुद्दों पर किया चर्चा

चिउटहां (गोवर्धन गुप्ता)। सिसवा विधान सभा का विकास आजादी के बाद जितना हमने किया है किसी ने नही किया और अन्तिम सांस तक विकास कार्य करता रहुंगा।उक्त बाते सिसवा विधान सभा के विधायक प्रेमसागर पटेल ने कहा। विधायक प्रेम सागर पटेल ने कहा कि साढ़े चार साल मे हमने जितना विकास कार्य सिसवा विधान सभा में किया है उतना आजादी के बाद किसी विधायक ने नही किया और हम अपने अंतिम सांस तक विकास कार्य करेंगे, हमने सिसवा को नगर पंचायत से नगर पालिका परिषद बन वाया, सांसद पंकज चौधरी केन्द्रीय राज्य वित्त मंत्री बनाये गये है जिनका हम स्वागत करते है और उनसे मांग करेंगे कि सिसवा बाजार से महराजगंज होते हुए फरेंदा तक रेल लाइन से जोड़ा जाए क्यों कि सिसवा पहुंत पुराना बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। उन्होने कहा कि सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के लिए अलग से बिजली सप्लाई के लिए व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे है जिससे सिसवा नगर पालिका क्षेत्र में बिजली समस्या दूर हो जाए। वही सड़कों के सवाल पर उन्होने कहा कि ब्लाक रोड़ व बेलवा घाट रोड़ पर गिट्टी गिरना शुरू हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा जिससे लोगों को होने वाली परेशानिया खत्म हो, वही खड्डा व सिन्दुरिया सड़क पर कहा कि यह दोनों सड़के पहले प्रधानमंत्री योजना के तहत थी, 31 मार्च को समय खत्म हुआ है, यह सड़क भी जल्द ही बनेगी। उन्होने सिसवा के तहसील बनाये जाने के सवाल पर कहा कि हमारा प्रयास है और हम समय समय पर सरकार मे ंआवाज भी उठाते है कि सिसवा तहसील बन जाए, हमे आशा है जल्द सिसवा को तहसील का दर्जा भी मिल जाएगा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स टीम ने मुहिम छेड़ कार्यवाही की मांग जिसका हुआ सीधा असर मानवता को शर्मशार करने वाले एसएसबी जवान को भेजा गया जेल

महराजगंज (जिला संवाददाता)। विगत शनिवार शाम आपसी विवाद में गर्भवती महिला के पेट पैर से वार करने, एवं पैर से वार करने की वजह से हुए 5 माह के बच्चे मौत के आरोपी शिवपुर अदरौना निवासी एसएसबी जवान रामा साहनी को बृजमनगंज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

संवाददाता द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार शिवपुर अदरौना ग्राम सभा में हुए आपसी विवाद में आरोपी रामा साहनी द्वारा पीड़ित रमाशंकर की 5 माह से गर्भवती बहन के पेट पर पैर से वार किया गया। जिसकी वजह से महिला के गर्भ से बच्चा बाहर आ गया था एवं बच्चे की मृत्यु हो गयी थी। दैनिक अयोध्या टाइम्स के खबर पर हड़बाहट में पुलिस टीम ने उक्त प्रकरण में दुसरे दिन तक आश्वासन देते रहने के साथ आरोपी के प्रभाव में आ कर कार्यवाही न करने वाली बृजमनगंज थाना पुलिस ने तीसरे दिन सोमवार दिनांक 19 जुलाई 2021 को आरोपी रामा साहनी को विजय सलहिया तिराहे से सुबह लगभग 9 बजाकर 30 मिनट के आस पास गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के उपरांत बृजमनगंज थाना पुलिस ने उक्त प्रकरण में आरोपी रामा साहनी पर मु०अ०सं० 175/21 धारा 323, 504, 506, 316 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना कर दिया। अभियुक्त रामा साहनी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरीकिशोर मिश्र चौकी प्रभारी लेहड़ा मंदिर, कांस्टेबल सुजीत कुमार, कांस्टेबल अवधेश कुमार थाना बृजमनगंज शामिल रहें।

ईद और श्रावण मास के पर्व पर पीस कमेटी की हुई बैठक

घुघली (अरविंद कुमार पटेल)। घुघली थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने की। रविवार को आगामी ईद उल अजहा त्योहार को देखते हुए थानाध्यक्ष की ओर से थाना परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय मज्जिदो के मौलवी,मौलाना,ग्राम प्रधान, बीडीसी व सम्राट व्यक्तियो की बैठक बुलाई गई। उन्होंने लोगों को बताया कि ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए। कहीं कोई भी व्यक्ति अराजकता न फैलाएं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो तथा आपसी भाईचारा पर असर पड़े। यदि किसी की ओर से कोई गलत कार्य व बिना वजह का अफवाह फैलाया कर त्यौहार में खलल डाले तो होगी कार्वाही। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राकेश पांडेय, इस्तेखार उर्फ टुनटुन, दिनेश जायसवाल, ब्रह्मानन्द, व मौलाना व मौलवी, सहित ग्राम प्रधान, व सम्मानित, पुलिस बल के लोग मौजूद रहे।

थाना प्रांगण में कावड़ एवं ईद के त्योहारों के संबंध में शेरकोट थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मीटिंग का आयोजन

शेरकोट दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता मेघराज सिंह।

सरकार की नए गाइडलाइंस को लेकर कल शेरकोट थाना प्रांगण में कावड़ एवं ईद के त्योहारों के संबंध में शेरकोट थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मीटिंग का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शेरकोट थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गाइडलाइन को लेकर। सावन के पावन महा मे कावड़ यात्रा प्रारंभ होती है। जो शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लाते हैं और अपने घर तक पैदल यात्रा करते हैं। 19 करोना महामारी बीमारी के चलते कावड़ यात्रा रद्द कर दी गई है। और मुसलमानों के ईद के त्योहारों को लेकर शेरकोट थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने सरकार की गाइडलाइंस के चलते लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि। जो पहले से परंपरा आप लोगों की चलती आ रही है। उसी के क्रम से कुर्बानी करें। तथा खुले में कुर्बानी ना करें। तथा मस्जिद में ईद के समय पर 5 लोगों से अधिक नवाज ना पड़े। जो लोग ईद के समय पर मस्जिद में नवाज अदा करें। और शांति पूर्वक से अपना ईद का त्यौहार मनाएं। मीटिंग में उपस्थित रहे। शेरकोट भाजपा वरिष्ठ नेता कामेश्वर राजपूत ने कहा कि हमारी शेरकोट की जनता एवं आसपास के ग्राम वासियों में एक दूसरे में प्रेम मोहब्बत से अपना जीवन व्यास करते हैं। और एक दूसरों के त्यौहार एवं दुःख सुख में भी कंधे से कंधा मिलाकर सदा तैयार खड़े रहते हैं। शेरकोट के समाजसेवी काजी शमीम ने कहा कि हमारी शेरकोट की जनता हिंदू मुस्लिम भाई एक दूसरों के त्योहारों को सुख और चौन से मनाने में साथ देते हैं। और हम लोग ईद के त्यौहार को सरकार की जो गाइडलाइन है उसका पालन करेंगे और अपने ईद के त्यौहार को सुख एवं अमन से मनाने का कार्य करेंगे ऐसा हम आप लोगों को विश्वास दिलाते हैं। मीटिंग में उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान, शेरकोट

सरकार की गाइड लाइन के अनुसार बनाए ईद उल अजहा पर्व : एमआर पाशा

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी ।बिजनौर! वैश्विक महामारी कोरोना कॉल में ईद उल अजहा का पर्व सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन पर अमल करते हुए मनाएं! राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहां कि त्यौहार हमें आपस में प्यार मोहब्बत के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए! ईद उल अजहा का त्यौहार आपसी सौंहार्द और प्रेम भाईचारे के प्रति ही मनाया जाए! तथा उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील कि कोरोना सक्रमण को देखते हुए सामूहिक रुप से कुर्बानी भी नहीं की जाए! कुर्बानी खुले में ना करें! कुर्बानी के अवशेष नालियों के सड़कों पर ना डालें! तथा उन्होंने कहा कि चारदीवारी के अंदर ही रहकर कुर्बानी करें! जिन जानवरों पर कानूनी तौर पर पाबंदी है! उनकी कुर्बानी करने से परहेज करें! कुर्बानी का खून नालियों में ना बहाएं! बल्कि उसे दफन करें! यदि हम ऐसा नहीं करेंगे! तो उससे हमारे दूसरे भाइयों को पीड़ा होती है! हमें कोई ऐसा काम नहीं करना है जिससे हमारे किसी दूसरे भाई को परेशानी हो! इस्लाम धर्म भी यह नहीं सिखाता कि किसी दूसरे भाई को कोई नुकसान नहीं पहुंचे! साफ–सफाई का ख्याल रखें! जिससे किसी को परेशानी ना हो सके! कुर्बानी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर ना करें! हिंदू भाइयों के लोगों की भावनाओं का सम्मान करने, छोटी मोटी बातों को नजरअंदाज करने, त्यौहार को पुरखुलुस महौल में शांति के साथ मनाने, प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए उनका सहयोग करने, गैर मुस्लिम भाइयों से ईद उल अजहा त्यौहार के दिन अपने घरों में रहकर सहयोग बनाए रखने की अपील की! उन्होंने कहा कि कोरोना काल में चलते भूख से परेशान, बेरोजगार, गरीब–मजदूरों आदि लोगों की माली मदद करें! उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखें और कानून का उल्लंघन न करें।

जिले में समाजवादी छात्र सभा को मजबूत करने का कार्य करेंगे विशाल यादव तथा : इमरान नवाज

शेरकोट दैनिक अयौध्या टाइम्स सवाददाता मेघराज सिंह शेरकाट। प्राप्त जानकारी के अनुसारशेरकोट समाजवादी पार्टी छात्र सभा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विशाल यादव, सपा युवजन सभा जिला अध्यक्ष जावेद अख्तर व सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुहैल अंसारी का यहा ग्राम रामसहायवाला मे सपा नेता इमरान नवाज के नेतृत्व में फूल मालाओ के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विशाल यादव ने सभी का धन्यवाद किया। और कहा कि समाजवादी पार्टी छात्रों गरीबो व मजदूरों की पार्टी हैं। युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जावेद अख्तर ने मौजूदा सरकार पर धर्म के नाम पर बांटने व विनाशकारी सरकार बताया उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी अमीरो ओर पूंजीपति लोगो की पार्टी हैं।

आम आदमी का हित केवल समाजवादी पार्टी मे हैं आने वाले समय मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी, आप लोग मेरी बात का विश्वास करना। स्वागत समारोह के दौरान सपा नेता इमरान नवाज ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से निवेदन करते हुए कहा कि वह अपनी टीम मे जुझारु ओर कर्मठ लोगो को जोड कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे तथा बाईस मे बाईसाईकिल मिशन पूरा करने मे सहयोग करेंगे कार्यक्रम मे इनाम अंसारी नाजिम, मालिक, अदनान राईन,तालिब,आमिर शादाब,फारिस पठान,गुफरान राजा,जीशान मंसूरी,मुल्तान अहमद,दानिश, नोमान,शोबि,आदि समाजवादी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी छात्र सभा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जीएसबीएम अस्पताल में वेंटिलेटर के अचानक बंद होने से बच्चे की मौत, पीएम केयर्स से मिले थे हॉस्पिटल को वेंटिलेटर

नई दिल्ली। कोरोना की पहली लहर के बाद कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को पीएम केयर्स से मिले 26 वेंटिलेटर घटिया क्वॉलिटी के थे. मेडिकल कॉलेज इन वेंटिलेटर्स को वापस लेने के लिए शासन को पत्र लिखा जा चुका है. वहीं वेंटिलेटर के अचानक बंद होने से बच्चे की मौत का मामला सामने आने से हड़कम्प मच गया. हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष ने इस सम्बंध में मेडिकल कॉलेज प्रिन्सिपल को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने शिशु रोगियों के हित को ध्यान में रखते हुए इन वेंटिलेटर्स को हटाने की मांग की है. पिछले साल कोविड की पहली लहर के बाद केन्द्र सरकार की तरफ से यूपी के कई मेडिकल कॉलेज को वेंटिलेटर्स दिए गए थे. कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को भी 26 वेंटिलेटर्स मिले थे. कोरोना की दूसरी लहर के दौरान भी इन वेंटिलेटर्स को इंस्टॉल नहीं किया गया तो हाय तौबा मच गयी. इसी दौरान कोरोना की तीसरी वेब की आशंका के चलते बाल रोग में वेंटिलेटर्स की संख्या

दबंगों ने महिला को पीटा, घायल

लखीमपुर–खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर में रविवार को सायं नाबदान में बरसाती पानी निकलने से नाराज दबंगों ने घर में घुसकर अकेली महिला पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर में रविवार को सायं करीब सात बजे सहाय के घर पड़ोस में बने नाबदान में बरसाती पानी निकलने से नाराज गांव के ही बंसी, हरीश पुत्र बंसी, उमेश पुत्र बंसी ने सहाय के घर में मौजूद उसकी पत्नी गीता (25) को घर मे घुसकर पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान गीता का पति सहाय खेतों में गया हुआ था।

बढ़ायी जाने लगी. जिसके चलते जीएफबीएम में एक्वा कम्पनी के दो वेंटिलेटर स्थापित किए गए. यह वेंटिलेटर्स चलते चलते रुक जाते हैं. जिसकी शिकायत के बाद इनकी मरम्मत भी करायी गई जिसके बाद भी यह ठीक नहीं हुए. इसी दौरान वेंटिलेटर के रुक जाने से एक शिशु रोगी की मौत हो गई जिसके बाद 7 जुलाई को बाल रोग विभागाध्यक्ष ने मेडिकल कॉलेज प्रिन्सिपल को पत्र लिख इन वेंटिलेटर को हटाने की मांग की. हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रिन्सिपल वेंटिलेटर बंद होने से बच्चे की मौत की जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं. जबकि बाल रोग विभागाध्यक्ष का लिखा हुआ पत्र हमारे पास है.

26 वेंटिलेटर्स को तमाम प्रयासों के बाद भी इंस्टॉल नहीं किया जा सका इससे पहले 25 मई को मैटरनिटी विंग और न्यूरो साइस भवन के आईसीयू इंचार्ज ने भी मेडिकल कॉलेज प्रिन्सिपल को पत्र लिख कर इन वेंटिलेटर्स को अनुपयोगी बताया था. इस पत्र में साफ लिखा गया है कि एग्वा कम्पनी के 26 वेंटिलेटर्स को तमाम प्रयासों के बाद भी इंस्टॉल नहीं किया जा सका है. वहीं उन्होंने पत्र में लिखा कि हैलट एल–3 लेवल का कोविड अस्पताल है. जहां ऐसे मरीज आते हैं जिनके फेफड़ो में गम्भीर संक्रमण होता है.

पीएम केयर फंड से इन वेंटिलेटर्स की खरीददारी हुई थी

यह वेंटिलेटर यहां भर्ती होने वाले मरीजों को आवश्यक्ता के अनुसार ऑक्सीजन उपलब्ध कराने में सक्षम नही हैं. इस पत्र के बाद भी दो वेंटिलेटर बाल रोग में इंस्टॉल कराए गए और एक बच्चे की जान चली गयी. हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रिन्सिपल का कहना है कि उन्होंने शासन को इस बात से अवगत करा दिया है कि यह वेंटिलेटर हैलट अस्पताल के लिए उपयुक्त नही हैं. इन्हें एल–1 और एल–2 स्तर के अस्पतालों में लगवा दिया जाए. कोरोना की पहली वेब के बाद मिले वेंटिलेटर का उपयोग दूसरी वेब में नहीं हो सका. पीएम केयर फंड से इन वेंटिलेटर्स की खरीददारी हुई थी. घटिया क्वॉलिटी के वेंटिलेटर्स की खरीद में करोड़ो रुपए खर्च कर दिए गए. यदि उस समय सही वेंटिलेटर्स उपलब्ध कराए गए होते तो कुछ और लोगों की जान बचायी जा सकती थी।

संक्षिप्त समाचार

छपवा में अजय खाद बीज भंडार में धान बीज का किया गया वितरण

अवनीश श्रीवास्तव मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण (बिहार)। पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली प्रखंड के अंतर्गत छपवा में प्रखंड कृषि पदाधिकारी

सुगौली सिद्धनाथ राय के देखरेख में आकस्मिक धान बीज का वितरण छपवा स्थित अजय खाद–बीज भंडार में बीज का किया गया वितरण स वहीं बीज वितरण के समय एफ पी ओ सुगौली के अध्यक्ष प्रदीप सर्राफ, सुगौली विधायक प्रतिनिधि अखिलेश झा, कॉर्डिनेटर जीतेन्द्र प्रताप सिंह, अरविन्द कुमार, नॉडल कृषि समन्वयक इम्तियाज अहमद, सुधीर पाण्डेय भी वितरण के समय किसानों को बीज वितरण करवाने में किया सहयोग स और किसान अशोक चौरसिया,मनु पाण्डेय, राजेंद्र सहनी, नागेंद्र प्रसाद यादव, रमेश, नगीना राम, सोना लाल साहनी साथ हीं बहुत सारे किसान मौके पर उपस्थित रहे।

लच्छीवाला टोल टैक्स का एक और वीडियो वायरल पार्षद के साथ की धक्का-मुक्की, कोतवाली पहुंच कर कर्मचारियों ने मांगी माफी

डोईवाला (आसिफ हसन) लच्छीवाला टोल प्लाजा की गुंडागर्दी का एक ओर वीडियो वायरल, कुछ दिन पहले ही एक ओर वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें ऑक्सिजन सिलेंडर ट्रक ड्राइवर से बत्तमिजी की गई थी

और अब,नगर पालिका के सभासद बलविंदर सिंह को वीडियो बनाने पर की धक्का मुक्की, सभासद बलविंदर सिंह ने बताया कि नेटवर्क की वजह से टोल नहीं कट पाया तो प्लाजा कर्मचारियों ने ड्राइवर का फोन छीन लिया, जब मालिक के साथ में वह पहुंचा और वीडियो बनाने लगा तो मेरे साथ धका मुक्की की गई,जिसका वीडियो मैने वायरल किया है। आखिर बात यह है कि रोज आना ऐसे मामले इस टोल प्लाजा पर हो रहे इसके पीछे का क्या राज है सकता है। कुछ लोगो ने बताया कि फास्ट टैग लगा होने के बाद ओर उसमे पैसे होने के बाद भी ये बोलते है कि ये ब्लॉक हो गया और कैश पेमेंट करो जो कि डबल होती है, आखिर ऐसी गुंडागर्दी क्यों हो रही है इस टोल प्लाजा पर, आखिर अब टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा माफी मांग ली गई है मगर जनप्रतिधियों का कहना है कि अगर अब किसी भी लोकल व्यक्ति के साथ बदतमीजी होगी तो वो बरदाश नहीं कि जाएगी।

मंगलवार को CM पुष्कर धामी का केदारनाथ दौरा पुनर्निर्माण के काम का करेंगे निरीक्षण

देहरादून (विजय नेगी) उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार 20 जुलाई को प्रातः 8 बजे केदारनाथ धाम जाएंगे। वे केदारनाथ पुर्ननिर्माण कार्यों व यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11:40 बजे जीएमवीएन विश्राम गृह तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग मे विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पणधशिलान्यास करेंगे।

साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से लाभ वितरण किया जाएगा। दोपहर 2 बजे लाटा बाबा गैस्ट हाउस, तिलवाड़ा में पार्टी कार्य समिति की बैठकध्कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। अपराह्न 4 बजे जीएमवीएन विश्राम गृह में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ बैठक और अपराह्न 4:30 बजे जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बुधवार 21 जुलाई को मुख्यमंत्री गोपेश्वर, चमोली जाएंगे। प्रातः 10:20 बजे गोपीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। जिला संघ कार्यालय गोपेश्वर, चमोली में प्रातः 10:35 बजे विविध संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जबकि 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय कोठियालसँण, चमोली में जिला कार्य समिति में प्रतिभाग करेंगे। दोपहर 1:50 बजे साइंस पार्क का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 2 बजे शगुन वैडिंग पाइन्ट में व्यापार संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2:25 पर जिला पंचायत सभागार, चमोली में विभिन्न मोचों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट परिसर, गोपेश्वर, चमोली में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। अपराह्न 4 बजे जिला सभागार में जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

कावड़ यात्रियों की रोकथाम के लिए दो राज्यों के पुलिस अधिकारीयो ने की बैठक?

☒ चोर रास्ते पर रहेगा पुलिस का पहरा ?

देहरादून (विजय नेगी) कावड़ मेला स्थगित होने पर 2 राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने कावड़ यात्रियों की रोकथाम के लिए एक गोष्टी की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मंगलौर व रुड़की क्षेत्राधिकारी ने आगामी कावड़ मेला स्थगित होने पर कांवड यात्रिओ की रोकथाम के लिए उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर सटे थाना प्रभारी की एक गोष्ठी ली गयी सीमाओं पर ड्यूटी पॉइंट चिन्हित किये गये तथा सभी थाना प्रभारियों को अपना तालमेल बनाकर सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बाहर से आने–जाने वाले रास्तों एवं चोर रास्तों को चिन्हित कर उन सब पर पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया।

बॉर्डर गोष्टी में क्षेत्राधिकारी मंगलोर पंकज गैरोला, क्षेत्राधिकारी रुड़की बीएस चौहान, क्षेत्राधिकारी देवबंद रजनीश उपाध्याय, थाना प्रभारी देवबंद अशोक सोलंकी, थाना प्रभारी निरीक्षक नागल देव सिंह रावत,प्रभारी निरीक्षक मंगलोर यशपाल सिंह बीस्ट रविंद्र कुमार थाना अध्यक्ष झबरेड़ा, मोहन कठैत चौकी इंचार्ज इकबालपुर, संजय नेगी चौकी इंचार्ज लखनोता लोकपाल परमार चौकी इंचार्ज नारसन उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग में अधिकारियों के बंपर तबादले

देहरादून (विजय नेगी) सरकार ने उत्तराखंड में शिक्षा विभाग के टॉप अफसरों को इधर से उधर कर दिया है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी सीमा जौनसारी था प्रभारी निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा रामकृष्ण उनियाल को बनाया गया है। लम्बे समय से निदेशक रहे आरके कुंवर को निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई।

शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी की तरफ से आज जारी हुए आदेश में कुल 9 शिक्षा अधिकारियों को बदल दिया है। देहरादून की सीईओ आशारानी पैन्यूली को सयुंक्त निदेशक एससीईआरटी, देहरादून में सीइओ की जिम्मेदारी मुकुल कुमार सती को दी गई। इसके अलावा वीरेंद्र सिंह रावत को एडी पौड़ी, एसपी खाली को एडी माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बनाया गया है। विनोद सेमल्टी को प्रभारी सीईओ और डीईओ बेसिक उत्तरकाशी तथा जितेंद्र सक्सेना को प्राचार्य डायट उत्तरकाशी बनाया गया है।

शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नशा के प्रति लोगों को जागरूक करने का लिया प्रण

☒ प्रयास संस्था द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। प्रयास संस्था द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदासपुरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या बलजिंद्र कौर और शिक्षिका सरोज बाला आदि की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रयास संस्था शाखा कुरुक्षेत्र प्रधान एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणाम पर उदाहरण सहित विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि व्यक्ति पहले तो नशे का सेवन मनोरंजन के लिए करता है किन्तु थोड़े समय में ही वह उसका आदि हो जाता है। नशा अपराधों की जड़ है।

उन्होंने विद्यार्थियों जागरूक करते हुए कहा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव साहब ने नशा मुक्त हरियाणा अभियान को सफल करने के लिए एक टोल फ्री नंबर 9050891508 दिया है जिस पर कोई भी व्यक्ति नशे के कारोबार के बारे में सुचना दे सकता है. सुचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाता है. नशा छोड़ने वाले व्यक्ति भी इस पर ही बात कर सकते हैं. उनके नशे को छुड़वाने के लिए भी प्रबंध किया जा रहा है।

प्रयास संस्था द्वारा अनेक लोगों का नशा छुड़वाया गया है जो अब सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं. इस अवसर पर प्रयास संस्था के उप प्रधान एवं सेवानिवृत उप निरीक्षक कर्म चंद के साथ अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

बारिश के साथ धुले नगर निगम के दावे लोगों के घरों में घुसा पानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो देहरादून बॉबी मलिक

देहरादून उत्तराखंड बारिश ने नगर निगम के दावों की पोल खोल दी है कई इलाकों में पानी लोगों के घरों में घुस गया है।

राजधानी देहरादून में लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है । कई इलाकों में पानी लोगों के घरों में घुस गया है ।देहरादून में नगर निगम के दावों की पोल खुल गई है ।बरसात से पहले भले ही नगर निगम द्वारा चाक–चौबंद तैयारियों की बात कही गई थी, लेकिन जैसे ही बारिश का सिलसिला बढ़ा दावों की पोल खुल गई। वसंत विहार, कुंज विहार और चंद्रबनी में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। उधर नगर निगम में आपदा कंट्रोल रूम में भी दो दिनों में 35 से अधिक शिकायतें जलभराव की आ चुकी हैं ।आपदा कंट्रोल रूम प्रभारी का कहना है । की स्टाफ की उपलब्धता के हिसाब से जहां भी जलभराव हुआ है । वहां लोगों को मदद पहुंचाई जा रही है । खटीमा में भी बारिश से परेशान लोग उधर, कल रात से सीमांत क्षेत्र खटीमा में लगातार हो रही । बरसात से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार हो रही बरसात की वजह से जहां खटीमा में नदी नाले उफान पर हैं ।वहीं, खटीमा नगर व कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। खटीमा नगर में जहां मुख्य सड़क पर भारी बरसात से जलभराव हो गया है ।वहीं मुख्य चौक, डिग्री कॉलेज रोड, सरकारी अस्पताल परिसर, पुराने सरकारी अस्पताल के सामने, पकड़िया, राजीव नगर, इस्लाम नगर आदि कई इलाकों में जलभराव की स्थिति से आम जनता परेशान हैं ।

स्थानीय लोगों का कहना है । कि हर साल जल भराव की स्थिति सामने आने के बावजूद शासन प्रशासन बरसात से होने वाले जलभराव का स्थाई समाधान नही कर रहा है। जिसके चलते आमजन को बरसात से होने वाले जलभराव से परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है ।

उत्तरकाशी आपदा में भाजपा ने भेजा राहत दलकौशिक ने दिये जिलाध्यक्ष को क्षेत्र में पहुंचने के निर्देश

देहरादून (विजय नेगी) उत्तरकाशी जिले के देवीय आपदा से प्रभावित गावं कंकराड़ी,मांडों,निराकोट, तिलोथ में पीड़ितों को राहत पहुचाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के निर्देश पर राहत दल रवाना हो गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान को भी आपदा स्थल में प्रभावित लोगों की समस्याओं को देखने और राहत कार्यों की तत्काल स्तिथि के अवलोकन के लिए उत्तरकाशी रवाना किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने जिलाध्यक्ष श्री रमेश चौहान तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर राहत कार्यों में जुटने के निर्देश दिये। श्री कौशिक कहा कि प्रशासन के सहयोग से लोगों को जरुरी सहायता मुहैया कराने के लिए कार्यकर्ता जुट जाए। उन्होंने जिलाध्यक्ष भाजपा से वार्ता कर कार्यकर्ताओ से अलर्ट रहने को कहा।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल की तरह आपदा में भी पीड़ितों को हर तरह से सहायता मुहैया कराई जायेगी। भाजपा अध्यक्ष कौशिक ने प्रदेश भर के अन्य जिला अध्ययक्षों से वार्ता की और अलर्ट रहने को कहा और लोगों की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने घटना को पीड़ादायक बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ओर घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री कौशिक ने कहा कि पीड़ितों की मदद में सरकार और भाजपा संगठन कोई कसर नहीं छोड़ेगा। घटना स्थल पर पहुँचे मीडिया प्रभारी सिंह चौहान ने कहा कि मांडों में 3 मृत्यु हुई है जबकि कंकराड़ी गावं में 1 लापता है और 3 लोग घायल है। प्रशासन से लगातार सम्पर्क बना है और घायलों को चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है। वहीं गावं में लापता व्यक्ति को ढूढ़ने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

सावन एवं ईद को लेकर प्रशासन ने ली बैठक

डोईवाला (आसिफ हसन) सावन एवं ईद को लेकर उप जिलाधिकारी डोईवाला लक्ष्मीराज चौहान व सीओ डोईवाला ने ब्लॉक सभागार में मंदिर के पुजारियों एवं मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की व आगामी त्यौहारों में कोविड़ गाइडलाइन का शत–प्रतिशत पालन करने की अपील की है। उप जिलाधिकारी लक्ष्मी राज चौहान ने कहा कि मंदिरों में सावन के त्योहार में अधिक भीड़ ना लगाते हुए कोविड–19 का पालन करें साथ ही ईद के दिन नमाज अपने घर में ही पढ़े मस्जिद में सिर्फ 5 लोगों को ही ईद की नमाज पढ़ने की अनुमति होगी इसके अलावा कुर्बानी भी सामुहिक रूप से नही की जाएगी उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई भी कार्य ना करें कि जिससे किसी को परेशानी हो उन्होंने कहा कि कोविड–19 का शत–प्रतिशत पालन अनिवार्य है और प्रशासन इस पर लगातार नजर रखेगा । सीओ डोईवाला प्रमोद घिल्डियाल ने कहा कि सभी लोग त्योहारों में नियमों का पालन कर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाए यदि कहीं पर नियमों की अनदेखी पाई जाती है तो उन पर विधिक कार्यवाही करने में पुलिस पीछे नहीं हटेगी इसीलिए उन्होंने अपील की कि सभी लोग शांति पूर्वक गाइडलाइन का पालन करते हुए ही त्यौहार मनाए। बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूर्य भूषण सिंह नेगी उप निरीक्षक विक्रम सिंह नेगी उप निरीक्षक अजय रावत उप निरीक्षक विनोद कुमार देवेंद्र नेगी सभासद अब्दुल कादिर राम विष्णु पांडे देवेंद्र नौटियाल अशरफ अली रईस अहमद सहित तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

गाली दी तो चाकू से कर दिया मर्डर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो देहरादून बॉबी मालिक

देहरादून उत्तराखंड कैंट थाना इलाके के मित्रलोक कालोनी में राजमिस्त्री अनिल सिंह के मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा

आरोपी शिबू कुमार पुलिस ने को डाकरा बाजार से किया अरेस्ट, कहा गाली देने को किया था मना नहीं माना देहरादून कैंट थाना इलाके के मित्रलोक कालोनी में राजमिस्त्री अनिल सिंह के मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी शिबू कुमार को सैटरडे देर रात अरेस्ट किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने गाली–गलौज करने पर अनिल का मर्डर किया था. पुलिस ने मर्डर में प्रयुक्त चाकू भी कॉलोनी के पास स्थित एक प्लाट से बरामद कर लिया है।

16 जुलाई की रात की है घटना

संडे को एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि 16 जुलाई की रात मित्रलोक कालोनी में रहने वाली पिंकी मूल निवासी ग्राम फुलवरिया जिला बेगूसराय, बिहार ने पुलिस से कंप्लेन की । बताया कि उसके पति अनिल की किसी ने गले पर धारदार हथियार से वार कर मर्डर कर दिया पुलिस पूछताछ में पता चला कि अनिल के साथ पड़ोस में रहने वाला शिबू कुमार सुबह से शराब पी रहा था और घटना के बाद से वह फरार है ।सीओ मसूरी नरेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस ने शहरभर के 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. इसके बाद सैटरडे रात शिबू कुमार मूल निवासी भदास, खगडिया, बिहार को डाकरा बाजार से अरेस्ट किया है । गले पर किए वार और हो गया फरार

एसपी सिटी के अनुसार पूछताछ में आरोपी शिबू ने बताया कि 16 जुलाई को वह अनिल के साथ घूम रहा था सदोनों ने साथ में शराब पी । इसके बाद वह अनिल के साथ उसके कमरे पर गया । वहां अनिल ने शिबू के साथ गाली–गलौज की इससे शिबू को गुस्सा आ गया और उसने चाकू से अनिल के गले पर कई वार कर दिए. इसके बाद शिबू वहां से भाग गया स रात को वह पैदल ही डाकरा में रहने वाले पुराने ठेकेदार के घर पहुंचा लेकिन उससे घटना का जिक्र नहीं किया.

सुबह काम मांगने पर उक्त ठेकेदार ने दूसरे ठेकेदार से बात कर उसे डाकरा में एक मकान के निर्माण कार्य के लिए भेज दिया ।

पलटन बाजार से खरीदा चाकू

पूछताछ में शिबू ने बताया कि अनिल उसके साथ अक्सर गाली–गलौज करता था उसने कई बार अनिल को समझाया कि गाली मत दिया कर, लेकिन वह नहीं माना ऐसे में शिबू ने अनिल को मारने की योजना बना डाली. इसके लिए उसने घटना वाले दिन से पहले रोज गुरुवार को पलटन बाजार से चाकू खरीदा । राजमिस्त्री अनिल का मर्डर करने वाले आरोपी शिबू ने कहा कि वह अनिल को बोलता रहता था कि वह चाहे उसे थप्पड़ मार दे लेकिन गाली मत दे उसने बताया कि अनिल की गालियां उसके दिल में चुभती थीं।

मारते वक्त नशे में धुत अनिल चिल्ला न सके इसके लिए उसने उसका मुंह एक हाथ से बंद कर दिया था। अनिल को चाकू मारने के बाद वह कमरे से बाहर निकला और कुंडी लगा दी।

समस्त दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तराखंड परिवार की ओर से सभी देशवासियों को ईद अल अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं

☒ दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रभारी देहरादून बॉबी मलिक मोहम्मद आदिल कैमरामैन देहरादून अरमान जेदी क्राइ रिपोर्टर देहरादून हमराज अली क्राइम रिपोर्टर देहरादून 78145 25116 समस्त दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तराखंड परिवार की ओर से सभी देशवासियों को ईद अल अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं ईद अल अजहा क्यों मनाई जाती है ईद अल अजहा (जिसका मतलब कुर्बानी की ईद) इस्लाम धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए यह एक खास त्यौहार है । यह त्योहार पाक (पवित्र) महीने रमजान के 70 दिन बाद मनाया जाता है । इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत इब्राहिम के बेटे हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे ।तो अल्लाह ने उनके बेटे की कुर्बानी ना देने का हुक्म भेजा इसका दूसरा नाम –ईद ए– कुर्बा भी है जिसका मतलब बलिदान की भावना कुर्बा– का मतलब नजदीक या बहुत पास रहने वाले को कहते हैं मतलब इस मौके पर अल्लाह इंसान के बहुत करीब हो जाता है । मुसलमानों की पाक (पवित्र) किताब

कुरान में भी लिखा है। हमने तुम्हें होज–ए– कौसा दिया है जिसमें अपने अल्लाह के रास्ते के लिए नमाज पढ़ो और कुर्बानी करो ।ईद अल अजहा का त्योहार हिजरी के आखिरी महीने जु– अल– हजजा मैं मनाया जाता है । पूरी दुनिया के मुसलमान इस महीने में मक्का (सऊदी अरब) इकट्ठे होकर हज मनाते हैं ईद अल अजहा भी इसी दिन मनाई जाती है ईद अल अजहा मुस्लिम पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम को अल्लाह की तरफ से हुकम आया कि वे अपने बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें यह इब्राहिम अलेह सलाम के लिए इम्तिहान था जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मोहब्बत और दूसरी तरफ अल्लाह का हुक्म लेकिन अल्लाह का हुक्म ठुकराना अपने धर्म की तोहीन करने के समान था जो इब्राहीम अलैहिस्सलाम को कभी भी कबूल नहीं था इसलिए हजरत इब्राहिम अलेह सलाम ने अल्लाह का हुक्म पूरा करने का फैसला लिया और अपने बेटे की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए जैसे ही इब्राहिम अलेह सलाम छूरी लेकर अपने बेटे को कुर्बानी करने लगे वैसे ही अल्लाह का हुक्म हुआ फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने बिजली की तेजी की तरह आकर बच्चे की जगह दुंबा (भेड़ का बच्चा) रख दिया जिससे बच्चे की जान बच गई और इस त्यौहार की शुरुआत हुई है।

उपनल को भर्ती प्रक्रिया हेतु विज्ञापन समाचार पत्रों में विज्ञापित कराने की व्यवस्था कराए सरकार : मोर्चा

☒ सिफारिश के आधार पर बांटी जाती हैं उपनल के माध्यम से नौकरियां !

☒ सरकार के आरक्षण संबंधी शासनादेश का नहीं हो रहा पालन

☒ सिफारिश विहीन युवा दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर !

देहरादून (विजय नेगी) विकासनगर– जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार की अदूरदर्शिता के चलते मानकानुसार प्रायोजन न होने के कारण युवाओं का भविष्य अधर में ! उपनल के माध्यम से प्रायोजित होने वाले पदों पर भर्ती हेतु कोई विज्ञापन समाचार पत्रों में विज्ञापित नहीं कराए जाते, जिस कारण सिफारिश विहीन युवाओं को इन रिक्तियों के बारे में कुछ मालूम नहीं पड़ता द्य सरकार को चाहिए कि विज्ञापित पदों पर भर्ती हेतु उपनल में पंजीकृत युवाओं को ही आवेदन करने हेतु योग्य माना जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। वर्तमान व्यवस्था के तहत उपनल अपने विभाग में पंजीकृत सिफारिशी युवाओं को छांटकर/चिन्हित कर प्रायोजित करने की व्यवस्था करता है, जिसका खामियाजा युवाओं को आगे चलकर नियमित होने में कई अड़चनों के रूप में भुगतना पड़ता है नेगी ने कहा कि आलम यह है कि सरकार द्वारा आरक्षित वर्ग के युवाओं हेतु जारी शासनादेश वर्ष 2012 का भी उपनल द्वारा पालन नहीं किया जाता, जिसकी सबसे बड़ी वजह है कि मूल विभाग द्वारा अधियाचन भेजने के समय पदों को नियमानुसार आरक्षित नहीं किया जाता है और न ही उपनल द्वारा कोई ठोस प्रस्ताव मूल विभाग से मांगा जाता है, जबकि व्याख्यान बड़ी–बड़ी बातों का किया जाता हैद्यइन सब अव्यवस्थाओं के चलते उपनल अपनी मनमानी कर नौकरियां बांट देता है द्य मोर्चा सरकार से मांग करता है कि उपनल द्वारा प्रायोजित की जाने वाली नौकरियों को समाचार पत्रों में विज्ञापित करने की व्यवस्था कराए एवं आरक्षित वर्ग हेतु जारी शासनादेश का पालन कराने के निर्देश दे । पत्रकार वार्ता में– मोर्चा महासचिव आकाश पंवार व सुशील

कांग्रेस पंचायत संगठन द्वारा नथुवावाला में बैठक कर खस्ताहाल मार्ग व एमडीडीए द्वारा नक्शा पास न किये जाने के विरोध में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया

डोईवाला (आसिफ हसन) राजीव गांधी पंचायती राज संगठन नथनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सचिन उनियाल एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील थपलियाल के नेतृत्व में डोईवाला के नथुवावाला में ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई व खस्ताहाल मार्ग व एमडीडीए द्वारा नक्शा पास न किये जाने के विरोध में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहित उनियाल ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री की विधानसभा में जन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है । उन्होंने कहा की आजादी के बाद पहली बार कोरोना से बचाव के लिए आमजन को लाइनों में धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है परंतु टीकाकरण नहीं हो पा रहा है । उन्होंने उपस्थित लोगों से टीकाकरण अवश्य करने के लिए जागरूक करने का काम किया तथा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया । विशिष्ट अतिथि पंचायत संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कपरुवाण शास्त्री ने कहा कि 4रू30 बर्ष व्यतीत होने के बावजूद भी डोईवाला विधानसभा के नथूवावाला में सड़क निर्माण ना हो पाना,बिजली की समस्या, क्षेत्र में एमडीडीए के आतंक से स्थानीय जनता परेशान है ,जबकि पूर्व मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी 10 वर्षों तक क्षेत्र में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण व नगर निगम के द्वारा दखलंदाजी नहीं की जाएगी । परंतु लगातार मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण लोगों के निर्माण का चालान कर रहा है और जब क्षेत्र के लोग नक्शा पास कराने के लिए आवेदन करते हैं तो कृषि भूमि बोलकर नक्शा पास नहीं किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं । दोनाली से गुलरघाटी तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है । राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि शीघ्र जिलाधिकारी कार्यालय में इन मुद्दों के संबंध में प्रदर्शन किया जाएगा ।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश संयोजक मोहित उनियाल,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कपरुवाण शास्त्री,पंचायत संगठन जिला उपाध्यक्ष सुनील थपलियाल,पंचायत संगठन नत्थनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सचिन उनियाल,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नीरज भंडारी, युवा कांग्रेस डोईवाला विधानसभा अध्यक्ष राहुल सैनी, एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष आरिफ, नत्थनपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव सेमवाल,रवि डबराल,गोविंद सिंह अधिकारी,जीत राम जोशी,सुखदेव उनियाल,सूंदर लाल डबराल,मोनिका उनियाल,मीना डोभाल, मालती मलियाल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।